CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भावकुतूहलम्

भाषा टीका

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Shrestha Bhishamma Bhusan
(63985) 6th Gorkha Rifles
११११९ BARRACKS
ALDER SHOT HANTS
G10 13 ORT ENGLAND
(UK)

जयन्द मलाम ३५६३ /०८३/८/१२
हिसाब नं. ४८३
आक्का MUSIC स.मोल
३८९९२

अनुमतिपत्र नं. 066213

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ज्यौं स्व [illegible] जयकुम्र मल्लं
ज्यूको स [illegible] [illegible]
पुस्तकहरु [illegible] [illegible] [illegible]का
लागि [illegible] [illegible] छ।
श्रीमती [illegible] मल्ल

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ज्यौ ९९२

श्रीः

विद्वद्वरश्रीशम्भुनाथात्मज

गणकचक्रचूडामणि श्रीजीवनाथशर्मा

मकरशास्त्री

कृत

भावकुतूहलम्

बलियामण्डलान्तर्गत केवराग्रामनिवासिना सरयूपारीण-विप्रवंशावतंस विद्वद्वर श्रीरामाज्ञारमिश्र तनूजन्मना ज्यौतिषाचार्यादिविविधोपाधिना काशीस्थ-उत्साहवर्द्धिनी पाठ-शालाध्यापकेन

सम्पादक

श्रीरामोत्साहमिश्र शर्मणा

सान्वय-उत्साहवर्द्धिनीभाषया समलङ्कृतम्।

प्रकाशकः—

ठाकुर प्रसाद एण्ड सन्स बुक्सेलर

राजादरवाजा, वाराणसी।

सर्वस्वाधिकाराः प्रकाशकेन स्वायत्तीकृताः।

मूल्य १२) बारह रुपया

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्रीः १००८ रामचन्द्राय नमः

भूमिका

सिद्धान्ते गणितप्रकाशनविधौ यस्सूर्यरूपः क्षितौ
नानाशास्त्रविचारचारुसुमतिर्मत्पूज्यपादो गुरुः।
"गेनालाल" बुधः सदा विजयते सन्मैथिलः कर्मठः।
तत्पादाम्बुजरेणसत्कणिकया ज्ञानस्य लब्धिः पराः॥ १॥
यो नन्दनादि बहुदेशभवैस्सुपूज्यैर्विद्वद्वरैः सुमहितः प्रथितप्रभावः।
"पद्माकरो" गुरुवरोऽस्ति तदीय सेवाऽऽचार्यस्ययोग्य पदवी महती
सुलब्धा॥ २॥

अस्त्ययं विद्वद्वराणां पुरतोऽतिविदितस्य श्रीजीवनाथस्य विशेष पाण्डित्यप्रकाशन विशेषतः ज्योतिः फलिताभिलाषुकाणामानन्दसन्दोह-सम्पादकश्चमत्कारपरिपूर्णो भावकुतूहलाख्यो ग्रन्थः।

एतस्य काठिन्येन दुराधिगमतया क्लेशमनुभवतामध्ययनाध्यापन-पराणां जनानां सुखेनावबोधाय सान्वयं सरलहिन्दीभाषालंकृतं मया निरमायि।

विदुषामनुचरः-
श्रीरामोत्साहमिश्रः
काशी।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

॥ श्रीः ॥

अथ भावकुतूहलविषयानुक्रमणिका ।

विषयः	पृष्ठः
प्रथमोऽध्यायः ।	
मङ्गलाचरणम्	१
अथ द्वादशभावाः	२
अथ राशिपाः	,,
अथ मित्रसमरिपवः	३
अथ ग्रहोच्चनीचस्थानाः	४
अथ षडवर्गसाधनम्	५
अथ गृह-उच्चादिचक्रम्	७
अथ ग्रहदृष्टिकथनम्	८
अथ चरादिसंज्ञाकथनम्	,,
अथ द्वितीयोऽध्यायः	
पितामातादिकष्टज्ञानम्	९
अथ भ्रातारिष्टयोगः	१०
मातुलकष्टयोगः	,,
अथ सन्तानहानियोगः	११
अथ दाराकष्टयोगः	,,
अथ तृतीयोऽध्यायः	
अथ जातकचिन्हज्ञानम्	१२
भ्रातृ-मातृनाशयोगः	१४
सहजसुखविचारः	१५
अथारिष्टाऽध्यायः	
अथारिष्टविचारः	१५
अथ पञ्चमोऽध्यायः	
अरिष्टभङ्गयोगः	२१

विषयः	पृष्ठः
अथ षष्ठोऽध्यायः	
अथ संतानभावविचारः	२५
संतानसंख्याविचारः	२६
पुत्रहानियोगः	,,
संतानप्राप्त्यप्राप्तिविचारः	२७
क्लीबयोगः	,,
पुत्रसुखहानियोगः	२८
षष्ठिमितेऽब्दे पुत्रप्राप्तियोगः	,,
त्रिशद्वर्षात्परं पुत्रप्राप्तियोगः	२९
पुत्राभावयोगः	,,
अथ सप्तमोऽध्यायः	
सार्वभौमराजयोगः	३२
अथ महाराजाधिराजयोगः	३७
अथ सिंहासनयोगः	३८
अथ चतुश्चक्रयोगः	३९
एकावलीयोगः	,,
शत्रुजीतयोगः	४०
नृवालयोगः	,,
साधारणयोगः	४१
शत्रुनाशकयोगः	,,
प्रतापाधिकयोगः	४२
सुखसम्पत्तियोगः	,,
कुबेरतुल्यराजयोगः	४४
कुलोचितराजयोगविचारः	,,
अथ द्रविड़केरलदेशे राजयोगः	४७

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विषयः	पृष्ठ
श्रीछत्रयोगः	४७
अथ चंद्रकृद्राजयोगः	४९
अनफादियोगः	५०
अनफायोगफलम्	,,
दुरुधरायोगफलम्	५१
केमद्रुमयोगः	,,
केमद्रुमभङ्गयोगः	५२
हृदयोगः	५३
फणियोगः	,,
काकयोगः	,,
दरिद्रयोगः	५४
हुताशनयोगः	,,
राजयोगभंगविचारः	५५
अथ सामुद्रिकाष्टमोऽध्यायः	
राजयोगलक्षणम्	५६
जवचिन्हफलम्	५७
अथ नवमोऽध्यायः	
स्त्रीजातकम्	६०
सौभाग्यादिस्थानसंज्ञा	६१
सुभगा-दुर्भगायोगः	६२
वैधव्यादियोगः	,,
पतिव्रतायोगः	६३
अथ नारीराजयोगाः	६४
अथ सप्तमे प्रत्येकग्रहफलानि	६५
अथान्ययोगाः	६८
वैधव्ययोगाः	७०
बालविधवायोगः	७१
मातासहव्यभिचारिणीयोगः	,,
अथ राशिवशेनप्रत्येकत्रिंशांशफलानि	
तत्रादौ भौमराशौ	७४
शुक्रराशौ	,,

विषयः	पृष्ठः
बुधराशौ	७५
चंद्रराशौ	,,
सूर्यराशौ	,,
गुरुराशौ	७६
शनिराशौ	,,
अथान्ययोगाः	७७
अष्टमभावविचारः	,,
अथ पञ्चमभावविचारः	७८
विषाख्या लक्षणम्	८०
विषाख्योगभगः	,,
वैधव्यभंगोपायः	८१
कन्यायाः शुभाशुभलक्षणानि	८१
अथ दशमोऽध्यायः	
पादतलक्षणम्	८२
अथ गमनलक्षणम्	८३
शिलष्टाङ्गुलीलक्षणम्	,,
नखलक्षणम्	८४
पादतललक्षणम्	८५
गुल्फलक्षणम्	,,
अथ पार्ष्णिलक्षणम्	८६
अथ जंघालक्षणम्	,,
रोमकूपलक्षणम्	,,
अथ जानुलक्षणम्	,,
अथ कटिलक्षणम्	८७
अथ नितम्बलक्षणम्	,,
अथ योनिलक्षणम्	८८
वस्तिलक्षणम्	९०
नाभिलक्षणम्	९१
उदरलक्षणम्	,,
उरो लक्षणम्	९३
स्तनलक्षणम्	९४

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०--अब राशियों के स्वामी बतलाते हैं—मंगल, शुक्र, बुध, चंद्रमा, सूर्य, बुध, शुक्र, मंगल, बृहस्पति, शनि, शनि और गुरु ये क्रमशः मेष आदि बारहों राशियों के स्वामी हैं । उदाहरणार्थ जैसे—मेष राशि का स्वामी मंगल वृष राशि का स्वामी शुक्र, मिथुन राशि का स्वामी बुध आदि ॥ ५ ॥

अथ मित्रसमरिपवः-

अङ्गारकेन्दुगुरवो रविचन्द्रपुत्रा-
वादित्यचन्द्रगुरवः कविचण्डभानू ।
भौमार्करात्रिपतयो बुधसूर्यपुत्रौ-
शुक्रेन्दुजौ दिनकरात्सुहृदो भवन्ति ॥६॥

अन्वयः—अङ्गारकेन्दुगुरवः, रविचन्द्रपुत्रौ, आदित्यचन्द्रगुरवः, कविचण्डभानू, भौमार्करात्रिपतयः, बुधसूर्यपुत्रौ, शुक्रेन्दुजौ, दिनकरात् सुहृदः भवन्ति ॥ ६ ॥

भा०--अब ग्रहों की मित्रता और शत्रुता का निरूपण करते हैं--मंगल, चंद्रमा और गुरु (बृहस्पति) सूर्य के मित्र हैं । सूर्य तथा बुध चंद्रमा के मित्र हैं । सूर्य, चंद्र और बृहस्पति मङ्गल के मित्र हैं । शुक्र और सूर्य बुध के मित्र हैं । मंगल, सूर्य और चंद्रमा बृहस्पति के मित्र हैं । बुध तथा शनि ये दोनों शुक्र के मित्र हैं । शुक्र तथा बुध ये दोनों शनि के मित्र हैं ॥ ६ ॥

सौम्यः समा हि सकलाः कविभानुपुत्रौ
मन्देज्यभूमितनया रविजः क्रमेण ।
भौमेज्यकौ सुरगुरू रिपवोऽत्रशिष्टा-
स्तात्कालिका व्ययधनायदशत्रिबन्धौ ॥७॥

अन्वयः—सौम्यः सकलाः, कविभानुपुत्रौ, मन्देज्यभूमितनयाः, भौमेज्यकौ, सुरगुरू रविजः, क्रमेण हि समाः भवन्ति, अवशिष्टाः रिपवः भवन्ति । तथा स्थितग्रहात् व्यय, धन, आय, दश, त्रि, बन्धु भावस्थितग्रहाः तात्कालिकमित्राणि भवन्ति तथा, पञ्च, षट्, सप्ताष्ट, भाग्यैकस्थानस्थिताः ग्रहास्तात्कालिकशत्रवो भवन्तीतिशेषः ॥ ७ ॥

भा०— अब यह बतलाते हैं कि कौन ग्रह किस ग्रह के साथ समभाव रखता

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

है—सूर्य का बुध से, चंद्रमा का मंगल, बृहस्पति, शुक्र तथा शनि से मंगल का शुक्र तथा शनि से, बुध का शनि, बृहस्पति तथा मंगल से, बृहस्पति का शनि से, शुक्र का मंगल तथा बृहस्पति से और शनि का बृहस्पति के साथ समभाव रहता है। इनके अतिरिक्त बाकी सब ग्रह सबके शत्रु होते हैं अर्थात् सूर्य के शनि शुक्र चन्द्रमा के कोई नहीं, मङ्गल के बुध, बुध के चन्द्रमा, गुरु के बुध, शुक्र, शुक्र के सूर्य चंद्र और शनि के सूर्य, चंद्र मंगल शत्रु होते हैं। जो ग्रह जिस भाव में हो उससे द्वादश, द्वितीय, एकादश, दशम, तृतीय और चतुर्थ भाव में बैठे ग्रह तात्कालिक मित्र हो जाते हैं। इसी तरह पंचम, षष्ठ, सप्तम, अष्टम, नवम और एक स्थान में स्थित ग्रह तात्कालिक शत्रु भी हो जाते हैं ॥ ७ ॥

अथ ग्रहोच्चनीचस्थानाः।

परमोच्चमजे दशभिर्वृषभे शिखिभिर्मकरे गजयुग्मलवैः।
तिथिभिर्युवतीभवने त्रिधुभे किल पंचभिरेवझषे त्रिघनैः ॥८॥
कृतभिश्च तुलाभवने रवितः कथितं मदने खलु नीचमतः।
मिथुने तमसः शिखिनो धनुषि प्रथमे बुधभे गुरुभे भवनम् ॥९॥

अन्वयः—अजे दशभिः, वृषभे शिखिभिः, मकरे गजयुग्मलवैः, युवतीभवने तिथिभिः विधुभे किल पञ्चभिः, झषे त्रिघनैः तुलाभवने कृतिभिः रवितः परमोच्चं खलु कथितम्। अतो मदने-उक्तांशैर्नीच कथितम् ॥८॥

अन्वयः—मिथुने तमसः धनुषि शिखिनः स्थानं, तथा बुधभे गुरुभे क्रमेण राहु शिखिन प्रथमे उच्चस्थानं कथितम् ॥ ९ ॥

भा०—अब ग्रहों की उच्चता और नीचता का विचार करते हैं—सूर्य मेष राशि के दश अंश पर, चंद्रमा वृषराशि के तीन अंश पर, मंगल मकरराशि के अट्ठाईस अंश पर, बुध कन्याराशि के पंद्रह अंश पर बृहस्पति कर्कराशि के पाँच अंश पर शुक्र मीनराशि के सत्ताईस अंश पर, शनि तुलाराशि के बीस अंश पर, परम उच्च कहा गया है और इसी उच्च से प्रत्येक सातवीं राशि के उक्त अंश के अनुसार सभी ग्रह परम नीच भी हो जाते हैं। जैसे कि सूर्य तुलाराशि के दश अंश में, चंद्रमा वृश्चिक राशि के तीन अंश में और मंगल कर्कराशि के अट्ठाईस अंश में परम नीच कहा गया है। यही क्रम औरों का भी परमनीच स्थान का समझना चाहिए। मिथुन के १ अंश पर राहु और धन के १ अंश पर केतु परमोच्च होते हैं। कन्या का राहु और मीन का केतु भी स्वामी होता है ॥८-९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ षड्वर्गसाधनम्—

होरा राशिदलं समे प्रथमतश्चन्द्रस्य भानोरतो
व्यत्यासा दशमे दृक्काणपतयः स्वाक्षाङ्कभावाधिपाः।
मेषादादिमभे वृषे तु मकराद्युग्मे घटादिन्दुभे
कर्कादेव नवांशकानि गतिदाः स्युर्द्वादशांशाः स्वभात् ॥१०॥

अन्वयः—राशिदलं होरा, समे प्रथमतश्चंद्रस्य ततः भानोः, असमे अतो व्यत्यासा, अर्थाद्विषमराशौ प्रथमतः सूर्यस्य ततश्चन्द्रस्य होरा भवति, स्वाक्षाङ्कभावाधिपाः दृक्काणपतयः भवंति आदिमभे मेषात्, वृषे मकरात्, युग्मे घटात्, तु इन्दुभे कर्कात्-इत्यादेव नवांशकानि आदिताः। स्वभाद्द्वादशांशाः स्युः ॥१०॥

भा०—प्रत्येक राशि के दो भाग किये जाते हैं और उन दोनों भागों को ही होरा कहते हैं। उसका विचार इस तरह है कि हर,एक सम राशि का प्रथम होरा चन्द्रमा का और विषम राशि का प्रथम होरा सूर्य का होता है। प्रत्येक राशि तीस-तीस अंश की होती है। तो पन्द्रह-पन्द्रह अंश के दो दल करने पर समराशि अर्थात् वृष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, मकर और मीन के प्रथम दल अर्थात् आदि के १५ अंश का होरेश चन्द्रमा होगा और अगले पन्द्रह अंश का होरेश सूर्य होगा। इसी प्रकार विषम राशि यानि मेष, मिथुन, सिंह, तुला, धन और कुम्भ, इनके आदि के दल अर्थात् प्रथम पन्द्रह अंश का होरेश सूर्य होगा द्वितीयदल का होरेश चन्द्रमा होगा। अब द्रेष्काण का क्रम बतलाते हैं-ऊपर यह तो बतला ही आये हैं कि प्रत्येक राशि में तीस अंश होते हैं। उन्हीं तीस अंशों में से दस दस अंश का एक-एक द्रेष्काण माना जाता है। इसका मतलब यह हुआ हर एक राशि में तीन द्रेष्काण होते हैं। उन तीनों द्रेष्काण के क्रमशः अपना पञ्चम भाव और नवम भाव का स्वामी, स्वामी होता है। जैसे कि राशि के प्रथम द्रेष्काण का स्वामी वह होगा जो कि उस राशि का स्वामी होगा। दूसरे द्रेष्काण का स्वामी वह होगा जो उस राशि से पंचम भाव का स्वामी हो? और तृतीय द्रेष्काण का स्वामी वह होगा जो नवमभाव का स्वामी होगा। अब नवमांश का विचार करते हुए कहते हैं कि प्रत्येक राशि के तीन अंश बीस कला बीतने तक पहला, छ अंश चालीस कला बीतने तक दूसरा, पूरे दश अंश बीतने तक तीसरा, तेरह अंश बीस कला बीतने तक चौथा, सोलह अंश चालीस कला बीतने तक पांचवां, पूरे बीस अंश बीतने तक छठां, तेइस अंश बीस कला बीतने तक सातवां, छब्बीस अंश चालीस

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कला बीतने तक आठवाँ और पूरे तीस अंश बीतने तक नवम नवांश होता है। मेष, सिंह, धन का नवांश मेष से वृष, कन्या मकर का नवांश मकर से मिथुन, तुला, कुम्भ का नवांश तुला से और कर्क, वृश्चिक, मीन का नवांश कर्क से चलता है। मेष राशि के प्रथम नवांश का स्वामी मंगल, द्वितीय नवांश का स्वामी वृषराशि का स्वामी शुक्र होगा। इसी क्रम से शेष को भी समझ लीजिए। वृष राशि का प्रथम नवांश मकर राशि का होगा, उसका स्वामी शनि होगा। दूसरा नवांश कुम्भ का होगा उसका भी स्वामी शनी ही होगा। मिथुन राशि का प्रथम नवांश तुला का होगा और उसका स्वामी शुक्र होगा। इसी के दूसरे नवांश का स्वामी वृश्चिक राशि का मंगल होगा। कर्क राशि का प्रथम नवांश कर्क ही का, दूसरे सिंह का, तीसरा कन्या का होगा और उन राशियों के स्वामी ही इसके भी स्वामी होंगे। अब द्वादशांश को समझाते हुए कहते हैं कि प्रत्येक राशि के बारहवें भाग (दो अंश तीस कला) को द्वादशांश कहते हैं। मेष राशि का प्रथम द्वादशांश मेष का, द्वितीय द्वादशांश वृष का और तृतीय द्वादशांश मिथुन राशि का होगा। वृष राशि में दो अंश तीस कला के स्वामी शुक्र, पाँच अंश तक के स्वामी बुध, सात अंश ३० कला तक के स्वामी चन्द्रमा इत्यादि जानना ॥१०॥

पञ्चपञ्चाष्टशैलाक्षास्त्रिंशांशा विषमे क्रमात् ।
भौमभानुजजीवज्ञशुक्राणामुत्क्रमात्समे ॥११॥

अन्वयः—विषमे (विषमराशौ) पञ्च पञ्च अष्ट शैल अक्षाः क्रमात् भौम भानुज जीवज्ञ शुक्राणां त्रिंशांशाः स्युः, समे (समराशौ) अतः उत्क्रमात् भवति ॥११॥

भा०—अब सम विषमराशियों के त्रिशांशा का क्रम बतलाते हैं। मेष, मिथुन, सिंह और तुला आदि विषम राशियों में पाँच, पाँच, आठ, सात, और पाँच अंशों के क्रमशः मंगल, शनि बृहस्पति, बुध और शुक त्रिशांश पति होते हैं जैसे कि विषम राशि मेष के प्रथम पाँच अंश तक मंगल का, बाद के दस अंश तक शनि का बाद के अठारह अंश तक बृहस्पति का, फिर पचीस अंश तक बुध का, और बाद के तीस अंश तक शुक्र का त्रिशांश होगा। ठीक इसके विपरीत क्रम से समसंख्यक राशियों का त्रिशांश समझना चाहिए। जैसे समराशि के पाँच अंश तक शुक्रका और बारह अंश तक बुध का बीस अंश तक बृहस्पति का पचीस अंश तक शनि का और तीस अंश तक भौम का त्रिशांश होता है ॥११॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

अथ गृह उच्चादिचक्रम्

ग्रह	सूर्य	चन्द्र	भौम	बुध	बृह.	शुक्र.	शनि	राहु.	केतु
गृह	५	४	१ ८	३ ६	९ १२	२ ७	१० ११	६	१२
उच्च अंश	० १०	१ ३	९ २८	५ १५	३ ५	११ २७	६ २०	२ १	८ १
नीच अंश	६ १०	७ ३	३ २८	११ १५	९ ५	५ २७	० २०	८ १	२ १
मूल त्रि०	५	२	१	६	९	७	११	६	१२
रंग	रक्त श्या०	गौर	रक्त गौर	दूर्वा श्याम	पीत	चित्र	कृष्ण	कृष्ण	धूम्र
देवता	अग्नि	जल	अ.कु	विष्णु	चन्द्र	इन्द्राणी	ब्रह्मा	राक्षस	राक्षस
दिशा पति०	पू०	वा०	द.	उ.	ई०	आ.	प.	नै०	नै०
शुभादि	क्रूर	शुभ क्षी.पा.	अशुभ	शुभ पायुपा	शुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	अशुभ
पुरुषादि	पुरुष	स्त्री	पुरुष	नपुं.	पुरुष	स्त्री	न.	पुरुष	न.
तत्व	अग्नि	जल	अ.	भूमि	आका.	वायु	आका.	आका.	आका.
वर्णाधी०	राजा	वैश्य	राजा	वैश्य	ब्राह्मण	ब्रा.	अन्त्य.	अं.रा.	अं.रा.
स्थान	देवालय	जलाश	अग्नि	की. स्था.	कोष	शयन	स्त्रा.	छि.	छि,
वस्त्र	स्थूल	नूतन	दग्ध	दग्ध	जीर्ण	दृढ़	सछिद्र	मलिन	मलिन
धातु	ताम्र	मणि	स्वर्ण	स्वर्ण	सुवर्ण	मोती	लोह	शीशा	शीशा
ऋतु	ग्रीष्म	वर्षा	ग्रीष्म	ग्रीष्म	हेमन्त	वसन्त	शिशिर	ग्रीष्म	ग्रीष्म

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ ग्रहदृष्टिकथनम्।

चरणविवृद्ध्याखेटादशमसहोत्थे १०।३ त्रिकोणभे ५।६ जनने
चतुरस्रेऽथ कलत्रे प्रयताः पश्यन्ति तत्फलं क्रमतः ॥१२॥

अन्वयः—जनने दशमसहोत्थे त्रिकोणभे चतुरस्र कलत्रे चरणविवृद्ध्या खेटाः प्रयतः (क्रमेण) पश्यन्ति अथ तत्फलं च क्रमात्, (दास्यन्ति) ॥

भा०—अब ग्रहों की दृष्टि का विचार करते हैं। सूर्य चन्द्रमा आदि सभी ग्रह जिस घर में बैठे रहते वहाँ से तीसरे और दसवें घर को एक चरण की दृष्टि से देखते हैं, नवम तथा पंचम भवन को दो चरण से, अष्टम तथा चतुर्थ भवन को तीन चरण की दृष्टि से देखते हैं। सभी ग्रह अपने भवन में बैठे हुए अपने से सातवें घर को पूर्ण दृष्टि से देखते हैं। कोई ग्रह यदि एक चरण की दृष्टि से देखता तो चतुर्थांश, दो चरण की दृष्टि से देखता तो आधा, तीन चरण की दृष्टि से देखता तो तीन चौथाई और पूर्ण दृष्टि से देखता तो पूर्ण फल प्राप्त होता है ॥१२॥

अथ चरादिसंज्ञाकथनम्।

चरस्थिरद्विस्वभावाः क्रूराक्रूरावजादितः।
नरनारी क्रमादेव विषमाख्यसमावपि ॥१३॥

अन्वयः—चर स्थिर द्विःस्वभावाः, क्रूराक्रूरौ, नरनारी विषमाख्य समावपि अजादितः क्रमादेव भवति ॥१३॥

भा०—अब मेष आदि बारहों राशियों की चर, स्थिर आदि संज्ञा का निरूपण करते हैं। मेष आदि बारहों राशि क्रमशः चर स्थिर और द्विःस्वभाव संज्ञक होते हैं। जैसे मेष चर, वृष स्थिर, मिथुन, द्विस्वभाव, कर्क चर, सिंह स्थिर, कन्या द्विःस्वभाव. तुला चर, वृश्चिक स्थिर, धन द्विस्वभाव, मकर चर कुम्भ स्थिर और मीन द्विःस्वभाव संज्ञक राशि है। इसी क्रम से सभी राशियें क्रूर, अक्रूर, पुरुष और स्त्री संज्ञक भी होती है। जैसे—मेष, क्रूर, वृष अक्रूर मिथुन क्रूर, कर्क अक्रूर आदि। इसी प्रकार मेष पुरुष, वृष स्त्री, मिथुन पुरुष, कर्क राशि स्त्री संज्ञक होती हैं। इसी क्रमसे और राशियों को भी समझ लीजिए ॥१३॥

मिथुनं धन्विपूर्वार्द्धं तुलाकन्याघटा नराः।
चतुष्पदा धनुः सिंहवृषमेषा मृगादिमः ॥१४॥

अन्वयः—मिथुन, धन्विपूर्वार्द्धं, तुला, कन्या कुम्भ नराः तथा धन,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सिंह, वृष, मेष, मृगादिमश्चतुष्पदा भवन्ति (मकरस्योत्तरार्द्धं, मीनौ चलचरौ कर्क, वृश्चिकौ, कीटौ इति शेषः) ॥ १४ ॥

भा०—अब मेषादि राशियों के द्विपद चतुष्पद आदि संज्ञा बताते हैं। मिथुन और धन राशि का पूर्वार्ध, तुला कुम्भ और कन्या, ये राशियें द्विपद अर्थात् नर संज्ञक कही जाती हैं। धनराशि का उत्तरार्ध, सिंह, वृष मेष और मकर का पूर्वार्ध ये राशियें चतुष्पद कही जाती हैं। इनके अतिरिक्त मकर का उत्तरार्ध तथा मीन ये जलचरराशि हैं और कर्क तथा वृश्चिकराशि कीट-संज्ञक हैं ॥ १४ ॥

मूलत्रिकोणमर्कादेः सिंहो वृषभ आदिमः ।
कन्याधनुस्तुलाकुंभः प्रवदन्ति पुरातनाः ॥ १५ ॥

अन्वयः—सिंह वृषभ आदिमः कन्या धनु तुला कुम्भः अर्कादेर्मूलत्रिकोणं पुरातनाः प्रवदन्ति ॥ १५ ॥

भा०— सूर्य आदि ग्रहों के क्रम से सिंह, वृष, मेष, कन्या, धन, तुला और कुम्भ ये राशियें मूलत्रिकोणसंज्ञक होती हैं। जैसे सिंह का सूर्य, वृष का चन्द्रमा मेष का मंगल, कन्या का बुध, धन का वृहस्पति, तुला राशि का शुक्र और कुम्भ राशि का शनि मूलत्रिकोणी होता है ॥ १५ ॥

इति भावकुतूहले उत्साहवर्धिनी भाषाटीकायां संज्ञाऽध्यायः प्रथमः ॥ १ ॥

—०—

अथ द्वितीयोऽध्यायः

पिता मातादिकष्टज्ञानम् ।

आदित्याद्दशमे पापः पीड़ितो दशमाधिपः ।
तदा पितुर्महाकाष्टं निधनं वेति कीर्त्तितम् ॥ १ ॥

अन्वयः—आदित्याद्दशमेपापः दशमाधिपः पीड़ितः तदा पितुर्महत्कष्टं निधनं वेति कीर्त्तितम् ।

भा०-जिस बालककी कुंडली में सूर्य से दसवें घर में कोई पापग्रह हो और उस दसम घर का स्वामी निर्बल हो तो उस बालक का पिता किसी महान् कष्ट में पड़ता या मृत्यु को प्राप्त होता है। ऐसा मुनियोंने कहा है ॥१॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भवति यदि शशाङ्कः पापयोरन्तराले
जनुषि सुखनगस्थैः पापखेटैः शशांकात् ।
विधुरपि बलहीनो नष्टकान्तिर्जनन्या
निधनमपि विशेषादाहुराचार्यवर्य्याः ॥ २ ॥

अन्वयः—जनुषि यदि पापयोरन्तराले शशाङ्कः भवति, शशाङ्कात् सुखनगस्थैः पापखेटैः, विधुरपि बलहीनः नष्टकान्तिश्च [तदा] जनन्याः विशेषात् निधनं आचार्यवर्य्याः आहुः ॥ २ ॥

भा०—जिसकी जन्मकुण्डली में चन्द्रमा पापग्रहोंके साथ बैठा हो और चंद्रमा से चौथे तथा सातवें घर में पापग्रह बैठे हों और चंद्रमा बलहीन तथा कांतिहीन (क्षीण) होकर बैठा हो तो उस बालक की माता मर जाती है और 'अपि' शब्द से वह बालक स्वयं भी मर जाता है ऐसा प्राचीन आचार्यों ने कहा है ।।२॥

अथ भ्रातारिष्टयोगः

यदा पापखेचारिणो जन्मकाले
धरानन्दनाक्रान्तभावात्सहोत्थे ।
तदैवाशु नाशं सहोत्थस्य धीरा
मणित्थादयः प्राहुराचार्यमुख्याः ॥३॥

अन्वयः—यदा जन्मकाले धरानन्दनाक्रान्तभावात् पापखेचारिणः सहोत्थे भवति तदैव सहोत्थस्य आशु नाशं धीराः मणित्थादयः आचार्यमुख्याः प्राहुः ॥३॥

भा०— जिसके जन्म समय में मंगल जिस घर में बैठा है उससे तृतीय स्थान में पापग्रह बैठे हों तो उस बालक का भाई अवश्य मर जाता है, यह मणित्थ आदि आचार्यों का मत है ॥ ३ ॥

मातुल कष्टयोगः ।

बुधारातिभावे तु पापा भवन्ति-
र्युत्तो ज्ञोपि नीचाश्रितो नष्टवीर्य्यः ।
तदा मातुलानां विनाशो विशेषा-
दिति प्राहुराचार्यवर्य्या नराणाम् ॥४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वय—यदा बुधारातिभावे पापा भवन्ति तु नीचाश्रितो नष्टवीर्यः वृत्तज्ञोऽपि स्यात्तदा नराणां मातुलानां विशेषात् विनाशः इति आचार्यचर्या प्राहुः ॥४॥

भा०—जिसके जन्म समय में बुध जिस घर में बैठा है, उस घर से छठें घर में पापग्रह हों और बुध पापग्रहों के साथ नीच के आश्रित तथा निर्बल होकर बैठा हो तो उस बालक के मामा मर जाते हैं, ऐसा बड़े-बड़े आचार्य कह गये हैं ॥ ४ ॥

अथ सन्तानहानियोगः ।

बृहस्पतेः पंचमभावसंस्था महीजमन्दागुदिवाकराश्चेत् ।
गुरोरपत्याधिपतिः सपापस्तदात्मजानां विरतिं वदन्ति ॥५॥

अन्वयः— यदि चेत् बृहस्पतेः पञ्चमभावे महीजमन्दागुदिवाकराः संस्था, गुरोरपत्याधिपतिः सपापस्तदा आत्मजानां विरतिं वदन्ति ॥५॥

भा०—बृहस्पति जिस घर में है, उससे पांचवें स्थान में शनि, राहु तथा सूर्य, इनमें से कोई भी ग्रह बैठा हो और बृहस्पति से पाँचवें घर का स्वामी पापग्रहों से युक्त हों तो उस मनुष्य के पुत्र हो होकर मर जाते हैं। ऐसा ज्योतिर्विदाचार्यों का कथन है ॥५॥

अथ दाराकष्टयोगः ।

चेत्कवेरंगनागारगामीदिनेशो
विनाशोऽङ्गनाया सपापो निरुक्तः ।
नैधने मन्दतः पापखेटा बलिष्ठा
नृणां नैधनं सत्वरं सन्दिशन्ति ॥६॥

अन्वयः—चेत् स पापः दिनेशः कवेः अङ्गनागारगामी अङ्गनायाः विनाशः, मन्दतः नैधने बलिष्ठाः पापखेटाः (भवन्ति) नृणां सत्वरं नैधनं सन्दिशन्ति निरुक्तः ॥६॥

भा०-शुक्र जिस घर में बैठा हो उस घर से सातवें घर में किसी पापग्रह के साथ-साथ सूर्य बैठा हो तो उस पुरुष की स्त्री मर जाती है। यदि शनिसे अष्टम स्थान में बलवान् पापग्रह बैठे हों तो उस पुरुष की ही मृत्यु शीघ्र हो जाती है ॥६॥

इति भावकुतूहले उत्साहवर्द्धिनी भाषाटीकायां द्वितीयोऽध्यायः ॥२॥

—०—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ तृतीयोऽध्यायः ।

अथ जातकचिन्हज्ञानम्—

जनुषि लग्नगतो वसुधासुतो
मदनगोऽपि गुरुः कविरेव वा ।
भवति तस्य शिरो व्रणमण्डितं
निगदितं यवनेन महात्मना ॥१॥

अन्वयः—यस्य जनुषि लग्नगतः वसुधासुतः मदनगोऽपि गुरुः कविः एव वा तस्य शिरः व्रणलांछितं यवनेन महात्मना निगदितम् ॥१॥

भा०—महात्मा यवनाचार्य का मत है कि जिस जातक के जन्मलग्न में मंगल, सप्तम स्थान में बृहस्पति या शुक्र बैठे हों तो उस बालक के सिर में घाव का निशान रहता है ॥१॥

भवति लग्नगते वसुधासुते भृगु-
सुतेऽपि विधाविह जन्मिनाम् ।
शिरसि चिन्हमुदाहृतमादिभिर्मुनि-
वरैर्द्विरसाब्दसमासतः ॥२॥

अन्वयः—यदा जन्मिनां लग्नगते वसुधासुते भृगुसुते विधौ अपि इह भवति तदा द्विरसाब्दसमासतः शिरसि चिन्हं मुनिवरैः उदाहृतम् ॥२॥

भा०—जिस बालक के जन्मलग्न में मंगल, शुक्र अथवा चन्द्रमा बैठे हों तो उसके माथे में दूसरे या छठें वर्ष में किसी प्रकार का चिन्ह हो जाता है ॥२॥

भार्गवे जनुरंगस्थे चाष्टमे सिंहिकासुते ।
मस्तके वामकर्णे वा चिन्हदर्शनमादिशेत् ॥३॥

अन्वयः—जनुरङ्गस्थे भार्गवे च अष्टमे सिंहिकासुते मस्तके वामकर्णे वा चिन्हदर्शनं आदिशेत् ॥३॥

भा०—जिसके जन्मलग्न में शुक्र और अष्टम भवन में राहु बैठा हो तो उसके मस्तक तथा बायें कान में चिन्ह हैं, ऐसा कहना चाहिए ॥३॥

मदनसदनमध्ये सिंहिकानन्दने वा
सुरपतिगुरुणा चेदङ्गराशौ युते नुः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रकथितमिह चिन्हं चाष्टमे पापखेटे-
कविरपि गुरुरङ्गे वामबाहौ मुनीन्द्रः ॥४॥

अन्वयः—यदा मननसदनमध्ये सिंहिकानन्दने, वा सुरपतिगुरुणा युते चेत् अङ्गराशौ च अष्टमे पापखेटे कविरपि गुरुरङ्गे युते तदा नुः वामबाहौ चिन्हं मुनीन्द्रैः प्रकथितम् ॥ ४ ॥

भा०—जिस बालक के सप्तम भवन में राहु, जन्मकाल में बृहस्पति, अष्टम भवन में पापग्रह युक्त शुक्र और लग्न में बृहस्पति बैठा हो तो मुनियों का कहना है कि उस बालक की बायीं भुजा में कोई चिन्ह रहता है ॥४॥

लाभारिसहजे भौमे व्यये वा शुक्रसंयुते।
वामपार्श्वे गतं चिन्हं विज्ञेयं व्रणजं बुधैः ॥५॥

अन्वयः—लाभारिसहजे व्यये वा भौमे शुक्रसंयुते वामपार्श्वे व्रणजं चिन्हं गतं बुधैः विज्ञेयम् ॥५॥

भा०—जिस मनुष्य के ग्यारहवें, छठें या तीसरे घर में मङ्गल हो और बारहवें घर में शुक्र के साथ साथ मंगल बैठा हो तो पण्डितों को चाहिये कि उस मनुष्य के बायें बगल में घाव का चिन्ह समझें ॥५॥

लग्ने क्षिति सुते मन्दे शुक्रदृष्टे त्रिकोणभे।
लिङ्गे गुदसमीपे वा तिलकं मन्दिशेद् बुधः ॥६॥

अन्वयः—लग्ने क्षितिसुते, त्रिकोणभे मन्दे शुक्रदृष्टे, लिङ्गे गुदसमीपे वा तिलकं बुधः संदिशेत् ॥ ६ ॥

भा०—जिस पुरुष के जन्मलग्न में मंगल और शुक्र से दीखता हुआ शनि त्रिकोण अर्थात् नवें या पाँचवें घर में बैठा हो तो उस पुरुष के लिंग अथवा गुदा में तिल है, ऐसा कहना चाहिए ॥६॥

सुतालये भाग्यनिकेतने वा कविर्यदा चाष्टमगौ ज्ञजीवौ।
शनौ चतुर्थे तनुभावगे वा तदा स चिन्हं जठरं नरस्य ॥७॥

अन्वयः—यदा सुतालये भाग्यनिकेतने कविः, च अष्टमगौ ज्ञजीवौ, चतुर्थे तनुभावगे वा शनौ, तदा नरस्य जठरं सचिन्हं भवति ॥ ७ ॥

भा०—जिस पुरुष के पाँचवें, अथवा नवें घर में शुक्र और आठवें घर में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बुध तथा वृहस्पति, चौथे घर में अथवा लगन में शनि बैठा हो तो उस पुरुष के पेट में चिन्ह है, ऐसा कहना चाहिए ॥७॥

धने कवावष्टम लग्नगे वा दिवाकरे मन्दकुजौ तृतीये ।
कटिप्रदेशे प्रवदेन्नराणां चिन्हं विशेषादिह जातकज्ञः ॥८॥

अन्वयः—धने कवौ, अष्टमलग्नगे वा दिवाकरे, तृतीये मन्दकुजौ, नराणां कटि प्रदेशे विशेषात् चिन्हं जातकज्ञः प्रवदेत् ॥ ८ ॥

भा०--जिस पुरुष के द्वितीय शुक्र, अष्टम घर तथा लग्न में सूर्य, तीसरे घर में शनि तथा मंगल बैठा हो तो उस पुरुष की कमर में चिन्ह है ऐसा कहना चाहिए ॥ ८ ॥

पातालस्थौ राहुशुक्रौ लग्ने मन्दः कुजोऽपि वा ।
पादमूलेऽथवा पादे वामे चिन्हं विनिर्द्दिशेत् ॥९॥

अन्वयः—पातालस्थौ राहुशुक्रौ, लग्ने मन्दः कुजोऽपि वा पादमूले अथवा वामे पादे चिन्हं विनिर्दिशेत् ॥ ९ ॥

भा०--जिस मनुष्य के चतुर्थ स्थान में राहु और शुक्र, लग्न में शनि वा मंगल बैठे हों तो उस पुरुष के पाँव के तलवे अथवा बायें पैर मे चिन्ह है, ऐसा कहे ॥९॥

व्यये गुरौ विधौ भाग्ये लाभारिसहजे बुधे ।
गोलकं गुदमध्यस्थं व्रणं वा प्रवदेद्बुधः ॥१०॥

अन्वयः—व्यये गुरौ, विधौ भाग्ये, लाभारिसहजे बुधे, गुदमध्यस्थं व्रणं गोलकं वा बुधः प्रवदेत् ॥ १० ॥

भा०--जिस मनुष्य के बारहवें घर में वृहस्पति, नवें घर में चन्द्रमा ग्यारवें, छठें वा तीसरे घर में बुध बैठा हो तो उस मनुष्य की गुदा में कोई गोलाकार चिन्ह हो या घाव रहे ॥१०॥

भ्रातृ-मातृनाश योग ।

दिनपतौ नवमे हरिभे यदा सहज-हानिरवश्यमिहाङ्गिनाम् ।
धनगते रविजे तनुगे गुराव्गुरुगे जननी नहि जीवति ॥११॥

अन्वयः—यदा हरिभे दिनपतौ नवमे तदा अङ्गिनां सहज हानि अवश्यं, यदा धन गते रविजे, तनुगे ऽगुरुगे गुरौ, तदा जननी नहिं जीवति ॥११॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०--जिस मनुष्य के नवें घर में सिंह राशि का सूर्य बैठा हो, तो उसका भाई अवश्य मर जायगा। जिसके दूसरे घर में शनि और निर्बल बृहस्पति जन्म लग्न में बैठा हो तो उस मनुष्य की माता मर जाती है ॥११॥

सहजसुखविचारः

सुरगुरौ धनभावगते यदा
कुजयुते शनिनापि च जन्मिनाम् ।
अगुयुते सहजे सहजासुखं
निगदितं यवनैः प्रथमोदितम् ॥१२॥

अन्वयः—यदा शनिनाकुजयुतेऽपि सुरगुरौ धनभावगते, तथा अगुयुते सहजे, तथा जन्मिनां सहजासुखं यवनैः प्रथमोदितं निगदितम् ॥१२॥

भा०--जिस मनुष्य के दूसरे घर में मंगल और शनि से युक्त बृहस्पति बैठा हो और तीसरे घर में राहु बैठा हो तो उस मनुष्य को भाई का सुख नहीं होता ऐसा यवनाचार्य कह चुके हैं ॥१२॥

अरिनिकेतनगेऽवनिनन्दने
भवति राहुयुते निधने शनौ ।
निगदितं सहजो जनिमात्रतो
यमपुरं व्रजतीति पुरातनैः ॥१३॥

अन्वयः—यदा अरिनिकेतनगे अवनिनन्दने, तथा राहुयुतेशनौ निधने भवति तदा सहजः जनिमात्रतः यमपुरं व्रजतोतिपुरातनैः निगदितम् ॥१३॥

भा०--जिस मनुष्य के छठें भाव में मंगल और अष्टम घर में राहु युक्त शनि बैठा हो तो उसका भाई जन्म लेते ही मर जाता है, ऐसा पुरातन आचार्यों ने कह रखा है ॥१३॥

इति भावकुतूहले उत्साहवर्द्धिनी भाषाटीकायां तृतीयोऽध्यायः ॥३॥

--०--

अथारिष्टाऽध्यायः ॥ ४ ॥

अथारिष्टविचारः—

तुहिनकिरणहोरिका च सन्ध्या
भचरमगाः खलखेचरा जनौ चेत् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मृतिरथ रजनीशपापखेटै-
रखिलचतुष्टयगैर्विनाशमेति ॥१॥

अन्वयः—चेत् जनौ तुहिनकिरणहोरिका च संध्या भचरमगाः खलखेचराःसदामृतिः अथ रजनीशपापखेटैः अखिलचतुष्टयगैः तदा-बालः विनाशं एति ॥ १ ॥

भा०--पण्डितों को चाहिये कि जन्म से पाँच या १२ वर्ष तक बालकों की आयु का विचार नहीं करें, (यथा आपञ्चाब्दं तु जन्तुनामायुर्दाय न चिन्तयेत्) इसके अन्दर बालकों को अनेक प्रकार (पुतनाकृत, यमकृत, पूर्व जन्मार्जित स्व पापकृत, मातृ-पितृ पापकृत्, ग्रहकृत इत्यादि) अरिष्ट हो जाते हैं, अतः माता पिता को चाहिये कि पाँच वर्ष तक भौम प्रदोष व्रत, शिवार्चन, चिकित्सा, अन्न वस्त्र, तुला दानादि, वेदोक्त विधि से करें। अब अरिष्ट ज्ञान कहते हैं।

जिस मनुष्य के जन्म समय में चन्द्रमा की होरा हो, अथवा संध्या का समय हो तथा राशि के अन्त्यनवांश में चार ग्रह बैठे हों तो वह बालक जीवित नहीं रहता। इसके अतिरिक्त चन्द्रमा पाप ग्रहों के साथ केन्द्र में बैठा हो अथवा ये (१, ४, ७, १०) केन्द्र के स्थानों में पापग्रह बैठे हों तो भी उस बालक की मृत्यु हो जाती है ॥१॥

अशुभेषु शुभेषु चक्रपूर्वापरभागेषु गतेषु कीटलग्ने ।
निरतिं समुपैति बालकोऽयं खलखेटैरपि कामिनीतनुस्थैः ॥२॥

अन्वयः—यदा कीटलग्ने चक्रपूर्वापरभागेषु अशुभेषु शुभेषु गतेषु (अथवा) कामिनीतनुस्थैः खलखेटैः अपि तदा अयं बालकः निरतिं समुपैति ॥ २ ॥

भा०--जिस जातक की जन्मकुण्डली के पूर्व भाग अर्थात् लग्न से लेकर छठें घर तक सब शुभ ग्रह या सब पापग्रह बैठे हों और कर्क तथा वृश्चिक लग्न हो तो उस बालक की मृत्यु हो जाती है, इसी तरह सप्तम घर से लेकर बारहों घर तक शुभ ग्रह या पापग्रह बैठें हों और कर्क तथा वृश्चिक लग्न हो तो भी बालक की मृत्यु हो जाती है। इसके सिवाय यदि लग्न में तथा सप्तम घर में ही सब पापग्रह बैठे हों तो भी वह बालक मर जाता है ॥ २ ॥

खललग्नसहितो निशाकरोऽयं
तनुमृतिमारगतो हि जन्मकाले ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मृतिपदमुपयाति देवबालोऽपि च
सकलैरवलोकितो न सौम्यैः ॥ ३ ॥

अन्वयः--जन्मकाले खलखगसहितः निशाकरः तनुमृतिमारगतः । न सकलै सौम्यै अविलोकित (तदा) देवबालोऽपि मृतिपदमुपयाति ॥३॥

भा०--जिस बालक की जन्म कुण्डली के जन्मलग्न, अष्टम तथा सप्तम घर में पापग्रहों सहित चंद्रमा बैठा हो और शुभ ग्रह न देखते हों तो वह बालक चाहे देवता का ही पुत्र क्यों न हो, फिर भी मर जाता है ॥ ३ ॥

अशुभावगोदयतौ शुभैर-
वलोकितो न खलु युक्तविधुः ।
मृतिरन्त्यगे कृशविधौ कुगजाग-
भगैः खलैरपि विकेन्द्रशुभैः ॥ ४ ॥

अन्वयः—यदा अशुभौ अगोदयगतौ शुभैः अवलोकित न खलु-युक्तविधुः अथवा कृशविधौ अन्त्यगे, कुगजागभगै खलैरपि विकेन्द्र-शुभैः तदा मृति स्यात् ॥ ४ ॥

भा०—जिस बालक की जन्मकुण्डली में दो पापग्रह सप्तम घर या लग्न में बैठे हों, उन दोनों को कोई शुभ ग्रह न देखता हो और न चंद्रमा पर किसी शुभ ग्रह की दृष्टि हो न उसके साथ ही कोई शुभग्रह बैठा हो तो वह बालक मर जाता है अथवा जिसके लग्न से बारहवें घर में क्षीण चंद्रमा बैठा हो और पाप ग्रह लग्न में तथा आठवें घर में स्थिर राशि पर बैठे हों और केंद्र (१, ४, ७, १०) में कोई शुभग्रह न हो उस बालक की मृत्यु हो जाती है ॥ ४ ॥

शीतांशावरिविरतिस्थिते विनाशः
पापैः स्यात्सपदि युतेक्षितेपि जन्तोः ।
अष्टाब्दैः शुभखचरैश्च मिश्रखेटै-
र्वेदाब्दैरपि मुनिभिर्निरुक्तमेतत् ॥ ५ ॥

अन्वय-- पापैः युतेक्षितेऽपि शीतांशौ अरिविरतिस्थिते जन्तोः सपदिविनाशः, शुभखचरैः युतेक्षिते अष्टाब्दैः मिश्रखेटैरपि (युतेक्षिते) वेदाब्दैः जन्तोः विनाश स्यात् एतत् मुनिभिः निरुक्तम् ॥५॥

भा०-- जिस जातक की कुण्डली में पापग्रहों से दृश्यमान तथा युक्त चंद्रमा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

छठें या आठवें घर में बैठा हो तो जन्म लेते ही वह बालक मर जाता है और यदि चन्द्रमा शुभग्रहों से देखा जाता हुआ या उनके साथ-साथ छठें या आठवें घर में बैठा हो तो उस बालक की आठवें वर्ष में मृत्यु हो जाती है और यदि अशुभ तथा शुभ दोनों प्रकार के ग्रहों से युक्त तथा उनसे दृश्यमान होकर चंद्रमा छठें या आठवें घर में बैठा हो तो चौथे ही वर्ष उस बालक की मृत्यु हो जाती है, ऐसा प्राचीन मुनियों का कथन है ॥ ५ ॥

अरिविरतिगते शुभे च दृष्टे
बलसहितेन खलेन मासमायुः ।
मदनसदनगेऽपि लग्ननाथे
खलविजिते ध्रुवमस्य मासमायुः ॥ ६ ॥

अन्वयः -अरिविरतिगते शुभे, बलसहितेन खलेन दृष्टे मासमायु, खलविजिते लग्ननाथे मदनसदनगेऽपि ध्रुवं अस्य मासमायु ॥ ६ ॥

भा०-जिसके शुभग्रह छठें या आठवें घर में बैठे हों और पापग्रह बली होकर उसे देख रहा हो तो उस बालक की आयु केवल एक महीने की होती है। अथवा जिसका लग्नपति किसी पापग्रह से विजित होकर सप्तम स्थान में बैठा हो तो भी उस बालक की केवल एक मास की आयु होती है, यह बात निश्चित है ॥६॥

कृशशशिनि तनौ खलोऽष्टकेन्द्रे
मृतिरथ शीतरुचौ खलान्तराले ।
मुनिहिबुकलयस्थितेऽपि लग्ने
मुनिलयगैश्च सहाम्बया खलैः स्यात् ॥ ७ ॥

अन्वयः -कृशशशिनि तनौ, खल अष्टकेन्द्रे मृति, अथ खलान्तराले शीतरुचौ मुनिहिबकलयस्थिते अपि लग्ने मुनि लयगैः खलैः अम्बयासह मृति स्यात् ॥ ७ ॥

भा०--जिसके लग्न में क्षीण चन्द्रमा बैठा हो और अष्टम स्थान तथा केन्द्र (१, ४, ७, १०) में कोई पापग्रह हो तो उस बालक की मृत्यु हो जाती है और यदि चंद्रमा पाप ग्रहों के साथ सातवें, चौथे या आठवें घर में बैठे हों और लग्न सप्तम तथा अष्ठम स्थान में पापग्रह बैठे हों तो माता के साथ-साथ उस बालक की मृत्यु हो जाती है ॥ ७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भविरतिगतशोभनैरदृष्टे शशि-
नि नवेषुगतैः खलैर्मृतिः स्यात्।
तनुगतहिमगौ खले नगस्थे मृति-
रुदिता मुनिभिः शिशोरवश्यम् ॥ ८ ॥

अन्वयः—भविरतिगत शशिनि, शोभनैः अदृष्टे नवेषु गतैः खलैः मृतिः स्यात, तनुगतहिमगौ खले नगस्थे शिशोः अवश्यं मृतिः (इति) मुनिभिः उदिताः ॥८॥

भा० —जिसके लग्न तथा अष्टम स्थान में चन्द्रमा बैठा हो, कोई शुभग्रह उसे न देखता हो और नवें तथा पाँचवें स्थान में पापग्रह बैठे हों तो बालक की मृत्यु हो जाती है। अथवा लग्न में चन्द्रमा और सप्तम घर में पापग्रह बैठे हों तो बालक की अवश्य मृत्यु हो जाती है ऐसा मुनियों ने कहा है ॥ ८ ॥

असुरमुखगते खलेन युक्ते
तनुगविधौ सममम्बया लयारे।
मृतिरथ तनुगे रवौ सशस्त्रं
ग्रहणगते खलसंयुतेऽपि मृत्युः ॥९॥

अन्वयः—असुरमुखगते खलेन युक्ते विधौ तनुगे अम्बया समं मृतिः, लयारे तनुगे रवौ सशस्त्रं मृतिः, ग्रहणगते खलसंयुते विधौ अपिमृतिः (स्यात्) ॥ ९ ॥

भा०—जिसकी कुण्डली में चन्द्रमा पापग्रह तथा राहु के साथ लग्न में बैठा हो तो माता के साथ-साथ उस बालक की मृत्यु हो जाती है। और यदि पूर्वोक्त योग होता हुआ सूर्य, मङ्गल के साथ अष्टम या लग्न में बैठा हो तो उस बालक की मृत्यु किसी शस्त्र से होती है। यदि ग्रहण के योग से युक्त होकर सूर्य तथा चन्द्रमा पापग्रह के साथ लग्न में बैठा हो तो भी उस बालक की मृत्यु हो जाती है ॥९॥

सबलशुभखगैर्युतेन दृष्टे तुहिन-
करे दिनपेऽथवा तनौ चेत्।
निधननवसुताश्रिताः खलाः
स्युर्निधनमिहाशु वदन्ति वै मुनीन्द्राः ॥१०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—चेत् सबलशुभखगैः न युते (न) दृष्टे तुहिनकरे अथवा दिनपे तनौ, निधननवसुताश्रिताः खला स्युः (तदा) वै इह आशु निधनं इति मुनीन्द्राः वदन्ति ॥१०॥

भा०—जिसे कोई बलवान् शुभग्रह न देखता हो और न उसके साथ ही बैठा हो ऐसा सूर्य तथा चन्द्रमा लग्न में बैठा हो और आठवें पाँचवें तथा नवें घर में पापग्रह बैठे हो तो उस बालक की शीघ्र मृत्यु हो जाती है ऐसा श्रेष्ठ मुनियों का कथन है ॥१०॥

शनिरविविधुभूमिजैः क्रमेण
व्ययनवलग्नलयाश्रितैर्मृतिः स्यात् ।
सबलसुरपुरोहितेन दृष्टैर्नहिमरणं
गदितं तदा मुनीन्द्रैः ॥११॥

अन्वयः—शनि रवि विधु भूमिजैः क्रमेण व्यय नव लग्न लयाश्रितैः तदा (मृतिः स्यात् (यदि) सबलसुरपुरोहितेन दृष्टैः तदा नहि मरणं मुनीन्द्रैः गदितम् ॥११॥

भा०—जिसकी कुण्डली में शनि, रवि, चन्द्रमा और मंगल ये क्रमशः बारहवें, नवें लग्न तथा अष्टम में बैठे हों तो वह बालक मर जाता है। और यदि पूर्वोक्त ग्रह उपर्युक्तस्थान में बैठे हों किन्तु उनको बलवान् शुभग्रह देखते हों तो वह बालक अत्यन्त कष्ट पाकर अच्छा हो जाता है ऐसा मुनियों का कहना है ॥११॥

लयमारलग्ननवधीव्ययगः
खलखेचरेण सहितः सितगुः ।
अवलोकितो नहि युतश्च-
शुभैर्नियतं भवेत्स मरणायतदा ॥ १२ ॥

अन्वयः—लय मार लग्न नव धी व्ययगः सितगुः खलखेचरेण सहितः शुभैः नहि अवलोकितः युतश्च तदा स (बालः) मरणाय भवेत् ॥१२॥

भा०—जिसके अष्टम, सप्तम, लग्न, नवम, पञ्चम और द्वादश इनमें से किसी भी घर में पापग्रह युक्त चन्द्रमा बैठा हो और उसे कोई भी शुभग्रह न तो देखता हो न उसके साथ ही बैठा हो तो अवश्य उस बालक की मृत्यु हो जाती है ॥१२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बालयोगकारकखगाश्रित भे
जनिभे तनावपियदास्ति विधुः।
बलसंयुतः खलजदृक्सहितः
शरदन्त एव मृतिदः स तदा ॥ १३ ॥

अन्वयः—बालयोगकारकखगाश्रितभे जनिभेतनौ अपि यदा विधुः अस्ति (तथा) बल संयुतःखलजदृक् सहितः तदा स शरदन्त एव मृतिदः ॥१३॥

भा०—जिन बलवान अरिष्ट कारक योगों का समय निश्चित नहीं किया है वह अरिष्ट कारक ग्रह लग्न से जिस राशि पर बैठा हो उस राशि या लग्न पर गोचर से जब बलवान पापग्रह दृष्ट युक्त बलवान् चन्द्रमा आता है तो उस बालक की मृत्यु करता है, यह योग एक वर्ष पर्यन्त ही है ॥१३॥

इति भावकुतूहले उत्साहवर्द्धिनी भाषाटीकायां चतुर्थोऽध्यायः ॥४॥

अथ पञ्चमोऽध्यायः

अरिष्टभंगयोगाः—

भवतीन्दुरथो शुभान्तराले
परिपूर्णः किरणेन जन्मकाले।
विनिहन्ति तदाशु दोषसंघा
निभसङ्घानिव केसरी बलिष्ठः ॥ १ ॥

अन्वयः—अथ (यदा) जन्मकाल इन्दुः परिपूर्णः किरणेन शुभान्तराले भवति (तदा) दोषसङ्घानाशु विनिहन्ति, इभसङ्घान् बलिष्ठः ॥१॥

भा०—जिस मनुष्य के जन्मकुण्डली में चन्द्रमा बलवान् और पूर्णिमा आसन्न काल का होकर शुभ ग्रहों के साथ-साथ बैठा हो तो यह समस्त दोष समूह को उसी तरह नष्ट कर देता है जैसे सिंह, हाथियों के झुण्ड को नष्ट कर डालता है ॥१॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि जनुषि निशाकरोऽरिभावे
गुरुकविचन्द्रजवर्गगो विशेषात् ।
शमयति बहुकष्टजालमद्धा
मुरहरनाम यथाऽघसङ्घतापम् ॥ २ ॥

अन्वयः--यदि जनुषि निशाकरः गुरुरविचन्द्रजवर्गगः अरिभावे (तदा) विशेषाद् बहु कष्टजालमद्धा शमयति यथा अघसंघतापं मुरहर नाम (स्मरणं) शमयति ॥२॥

भा०—जिसकी जन्मकुण्डली में चन्द्रमा बृहस्पति, शुक्र तथा बुध के षड्वर्ग का होकर छठे घर में बैठा हो तो वह सब अरिष्टों को उसी तरह नष्ट कर देता है जैसे मुरारि का नाम कीर्तन करने से सब पाप नष्ट हो जाते हैं ।।२।।

यदि सकलनभोगवीक्ष्यमाणो
लसिततनुर्ज्जनुरिन्दुरेव सद्यः ।
दिविचरजनितं निहन्ति दोषं
खगपतिराशु यथा भुजङ्गजालम् ।।३।।

अन्वयः--यदि (जन्मकाले) सकलनभोगवीक्षयमाणः लसिततनुर्जनुः इन्दुः एव दिविचरजनितं दोषः सद्यः निहन्ति यथा भुजङ्गजालं खगपतिः आशु (निहन्ति) ॥३॥

भा०—जिसकी जन्मकुण्डली में सभी शुभग्रहों से दृश्य होता हुआ चन्द्रमा जन्मलग्न में बैठा हो वह सब अरिष्टों को नष्ट कर डालता है जैसे गरुड़ सर्पों के यूथ को नष्ट कर डालता है ।।३।।

भवति यदि तनोः क्षपाकरोऽयं
मृति भवने शुभखेटवर्गगश्चेत् ।
गदविकलतनु पितेव बालं किल
परितः परिरक्षति प्रसन्नः ॥ ४ ॥

अन्वयः--यदि चेत् शुभखेटवर्गगः क्षपाकरः तनोः मृतिभवने भवति (तदा) अयं (योगः) बाल किल परितः प्रसन्नः परिरक्षति (यथा) गद विकलतनु बालं (तत्) पिता परितः प्रसन्न इव परिरक्षति ।।४।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०--यदि चन्द्रमा शुभग्रह के षड्वर्ग का होकर लग्न से अष्टम घर में बैठा हो तो वह सभी अरिष्टों को उसी तरह नष्ट कर डालता है जैसे पिता प्रसन्न चित्त से अपने पुत्र की रक्षा करता है ॥ ४ ॥

शुभभवनगतस्तदीयभागे
जनिसमये कविनावलोकितश्चेत् ।
शमयति सकलं शशी त्वरिष्टं
जलमिव पावकमङ्गिनामतीव ॥ ५॥

अन्वयः—(यदा) जनिसमये शशी शुभभगवनगतः (वा) तदीय भागे कविना अवलोकितः चेत् (तदा) अङ्गिनामतीव सकलं अरिष्टं शमयति पावकं जलमिव ॥ ५ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में चन्द्रमा शुक्र के षड्वर्ग का होकर शुभ ग्रह की राशि में शुक्र से दीखता हुआ कहीं बैठा हो तो वह सभी अरिष्टों को नष्ट कर देता है जैसे कि जल अग्नि को बुझा देता है ॥ ५ ॥

बलवानपि केन्द्रगो विशेषादिह
सौम्यो यदि लाभगो दिनेशः ।
शमयत्यखिलामरिष्टमालामपि
गाङ्गं हि जलं यथाघजालम् ॥ ६॥

अन्वयः—यदि बलवान् सौम्यः (बुधः) अपि (कश्चिद् शुभग्रहः) केन्द्रगः (तथा) दिनेशः लाभः (भवन) गः तदा, विशेषात् इह अखिलां अरिष्ठमालां शमयात, यथा अघजालं गङ्गाजलं हि (शमयति) ॥ ६ ॥

भा०--यदि सौम्य (शुभग्रह) बलवान् होकर केन्द्र (१, ४, ७, १०) स्थान में बैठे हों और सूर्य ग्यारहवें घर में बैठा हो तो वह समस्त अरिष्ट को नष्ट कर देता है, जैसे गङ्गाजल सब पापों को नष्ट कर डालता है ॥ ६ ॥

भवति हि जनुरङ्गपो बलिष्ठः
सकलशुभैरवलोकितो न पापैः ।
इह मृतिमपहाय दीर्घमयुर्वित-
रति वित्तसमुन्नतिं विशेषात् ॥ ७॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—जनुः अङ्गपः बलिष्टः भवति सकल शुभैरवलोकितः, न पापैः (अवलोकितो युतश्च) इह मृति अपहाय हि दीर्घमायुः विशेषात् वित्त समुन्नतिं वितरतिं ॥ ७ ॥

भा०—जिस मनुष्य की कुण्डली में लग्नेश बलवान् (स्वगृह, स्वमूल त्रिकोण, उच्चादि स्थान गत) हो, उसे शुभ ग्रह देख रहे हों, और कोई भी पापग्रह न देखता हो तो मनुष्य दीर्घायु और धनाढ्य होता है ॥ ७ ॥

सुरपति गुरुरङ्गधामगामी
निजपदगोपि च तुङ्गतामुपेतः।
बहुतरखगजं निहन्ति दोषं
हरिरिभयूथमुपागतं हि यद्वत् ॥ ८॥

अन्वयः—यत् निजपदगः अपि च तुङ्गतां उपेतः सुरपतिगुरुः अङ्गधामगामी, बहुतर खगजं दोषं (निहन्ति) (यथा) हरिः इभयूथं उपागतं निहन्ति ॥ ८ ॥

भा०—यदि वृहस्पति स्वक्षेत्री अथवा उच्च का होकर लग्न में बैठा हो तो वह बहुत से ग्रहों के अरिष्टों को दूर कर देता है जैसे कि सिंह अपने सामने आये हुए हाथियों के झुण्ड को मार भगाता है ॥ ८ ॥

गुरुसितबुधवर्गगा हि पापाः
सकलशुभैरवलोकिता यदि स्युः।
खगकृतमपिवारयन्ति रिष्टं
तृणराशीनिव वन्हिविन्दुरेकः ॥ ९ ॥

अन्वयः—यदि गुरुसित बुधवर्गगाः हि पापाः (तथा) सकलशुभैः अवलोकिताः स्युः (तदा) खगकृतं अरिष्टमपि वारयन्ति (यथा) वह्निविन्दुरेकस्तृणराशीनिव ॥ ९ ॥

भा०—यदि वृहस्पति, शुक्र तथा बुध के षड्वर्ग में पापग्रह बैठे हों और सभी शुभग्रह उसे देखते हों तो वे अरिष्टों को उसी तरह नष्ट कर देते हैं कि जैसे आग की एक चिनगारी तृण राशि को भस्म कर डालती है ॥ ९ ॥

सहजरिपुगतोऽथलाभगो वा
सकलशुभैरवलोकितो युतो वा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अगुरिहविनिहन्ति रिष्टजालं
नगजाधीश इवाधितापराशिम् ॥ १० ॥

अन्वयः—सकलशुभैः अवलोकितः युतः वा अगुः 'राहुः' सहज रिपु लाभगः 'तदा' रिष्टजालं विनिहन्ति नगजाधीश 'स्मरणात्' अधितापराशिमिव ॥ १० ॥

भा०—यदि शुभ ग्रहों से युक्त वा दृष्ट राहु तीसरे, छठें अथवा ग्यारहवें घर में बैठा हो तो वह बहुतेरे अरिष्टों को उसी तरह नष्ट कर डालता है कि जैसे शिवजी का नाम मानसिक सन्ताप को दूर कर देता है ॥१०॥

अधिकबलयुता जनुर्नभोगा
यदि सकला नरराशिगा भवन्ति ।
हितभवननिजोच्चगेहगा वा
बहुतरमाशु लयं प्रयाति रिष्टम् ॥ ११ ॥

अन्वयः—जनुः यदि सकला अधिकबलयुता नभोगाः नरराशिगाः, हित भवन निजोच्च गेहगा वा भवन्ति 'तदा' बहुतरं अरिष्टं आशु लयं प्रयाति ॥ ११ ॥

भा०—जन्म समय में यदि सभी शुभ ग्रह पुरुष (विषम) राशि में बलवान् होकर बैठे हों या मित्र गृह अथवा उच्च स्थान में बैठे हों तो शीघ्र बहुत से अरिष्टों को नष्ट कर डालते हैं ॥११॥

इति श्री भावकुतूहले—उत्साहवर्द्धिनी भाषाटीकायां पञ्चमोऽध्यायः ॥५॥

❀❀❀

अथ षष्ठोऽध्यायः

अथ सन्तान भाव विचारः

नन्दनाधिपतिना युतेक्षितं नन्दनं शुभनभोगसंयुतम् ।
नन्दनागमनमेव सत्वरं व्यत्ययेन नहि नन्दनागमः ॥ १ ॥

अन्वयः—नन्दनाधिपतिनायुतेक्षितं नन्दनं 'तथा' शुभनभोग संयुतम्, 'तदा' नंदनागमनं सत्वरमेव व्यत्ययेन नन्दनागमः नहि 'भवति' ॥१॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—जिस पुरुष की जन्मकुण्डली में पञ्चमेश पञ्चम भाव को पूर्ण दृष्टि से देखता हो या पञ्चम भाव में बैठा हो अथवा पञ्चम भाव में शुभग्रह बैठे हों तो वे उस पुरुष को शीघ्र ही पुत्र प्राप्त कराते हैं यदि ऐसा न बैठकर उलटा (पञ्चमभाव पाप ग्रह दृष्ट युक्त अथवा पञ्चमेश पाप दृष्ट युक्त) हो तो इसके विपरीत फल अर्थात् पुत्र नहीं होता ॥१॥

अङ्गाधिपे लग्नगते तृतीये धनालये वा प्रथमं सुतः स्यात् ।
सुखे यदा लग्नपतौ नरस्य कन्या सुतो वेति सुतश्च कन्या ॥२॥

अन्वयः-अङ्गाधिपे लग्नगते तृतीये धनालये वा प्रथमं सुतः स्यात्, यदा लग्नपतौ सुखे 'तदा' नरस्य कन्या सुतः वा इति सुतश्च कन्या ॥२॥

भा०—यदि लग्नपति लग्न, तृतीय भाव, अथवा दूसरे भाव में बैठा हो तो उसको पहले पुत्र होता है। और यदि लग्नेश चौथे भाव में बैठा हो तो उस पुरुष को पहले कन्या होती है बाद में पुत्र होता है, कभी-कभी कन्या और पुत्र दोनों एक साथ भी हो जाते हैं ॥ २ ॥

सन्तान संख्या विचारः—

यावन्मितानामिह पुत्रभावे
नरग्रहाणामिह दृष्टयः स्युः ।
तावन्त एवास्य भवन्ति पुत्राः
कन्यामितिः स्त्रीग्रहदृष्टितुल्या ॥ ३ ॥

अन्वयः-पुत्रभावे यावन्मितानां नरग्रहाणां इह दृष्टयः स्यु तावन्तः एव अस्य पुत्राः भवन्ति, स्त्रीग्रहदृष्टितुल्या कन्या मितिः (स्यात्) ॥ ३ ॥

भा०—पञ्चम भाव को जितने पुरुष ग्रह देख रहे हो उतने ही पुत्र उस पुरुष को होते हैं और जितने स्त्री ग्रह पञ्चम भाव को देखते हैं उतनी ही कन्यायें उस पुरुष को होती हैं ॥ ३ ॥

पुत्रहानियोगः ।

सहजभावपतिः सहजे यदा
तनुगतो धनगो व्ययगोऽपि वा ।
सुतगतः सुतहानिकरो नृणां
बुधवरैरुदितो मिहिरादिभिः ॥४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः--यदा सहजभावपतिःसहजे अनुगतो धनगो व्ययगः सुतगतः अपि वा । तदा नृणां सुतहानिकरः, मिहिरादिभिः बुधवरैः उदितः ॥४॥

भा०—जिसके तृतीय भाव का स्वामी तृतीय भाव, लग्न, द्वितीय भाव बारहवां घर या पञ्चम घर में बैठा हो तो वह उस मनुष्य को अवश्य पुत्र हानि करता है ऐसा बराहमिहिर आचार्यों का कहना है ॥ ४ ॥

संतान प्राप्त्यप्राप्ति विचारः

शुक्राङ्गारनिशाकरा द्वितनुगाः सन्तानसौख्यं नृणा-
मादौ संजनयन्ति जन्मसमये चापं विना प्रायशः ।
मीने वा धनुषि प्रमाणपटवः सन्तानभावे यदा
सन्तानं न तदामनन्ति विबुधाः पुंसां विशेषादिह ॥ ५ ॥

अन्वयः--जन्मसमये शुक्राङ्गारनिशाकराः चापं विना द्वितनुगाः प्रायशः नृणां आदौ सन्तानसौख्यं संजनयन्तियदा सन्तानभावे मीने वा धनुषि तदा पुंसां विशेषात् इह सन्तानं न (इति) विबुधा आमनन्ति ।५।

भा०--जिसके जन्म समय में धनराशि के सिवाय किसी द्विस्वभाव (३, ६, १२) राशि में शुक्र, मङ्गल तथा चन्द्रमा बैठे हों तो वे उस मनुष्य को पहले सन्तति सुख देते हैं और यदि शुक्र भौम, चन्द्रमा, मीन अथवा धनराशि के होकर पञ्चम भाव में बैठे हों तो उस पुरुष को सन्तान सुख नहीं देते. यदि केवल मीन या धनराशि पञ्चम भाव में हो तो सन्तान सुख बिलम्ब से होता है ॥ ५॥

क्लीवयोगः ।

अर्के कर्कगते हरौ भृगुसुते मन्दे तुलायामजे
चंद्रे यस्य नरस्य जन्मसमये वीर्यच्युतोऽसौ भवेत् ।
लग्ने चंद्रयुते गुरौ रविसुते पुत्रेपि वीर्यच्युतो
जीवेङ्गे सरवौ मृतावपि कुजे क्लीवर्क्षगे कण्टके ॥ ६ ॥

अन्वयः--यस्य नरस्य जन्मसमये कर्कगते अर्के हरौ भृगुसुते, तुलायां मन्दे, अजे चन्द्रे, असौ वीर्यच्युतः, भवेत्, लग्ने चन्द्रयुते गुरौ, रविसुते पुत्रे अपि वीर्यच्युतः, सरवौ जीवेऽङ्गे, मृतौ अपि कुजे (तथा) क्लीवर्क्षगे कण्टके, (तदपि) वीर्यच्युतः (भवेत्] ॥ ६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—जिसकी कुण्डली में कर्क राशि में सूर्य, सिंह राशि में शुक्र, तुला में शनि, और मेष में चन्द्रमा बैठे हों तो वह मनुष्य वीर्य रहित अर्थात् नपुंसक होता है। यदि चन्द्रमा बृहस्पति से युक्त लग्न में बैठा हो और शनि पञ्चम भाव में बैठा हो तो भी नपुंसक होता है। यदि सूर्य के साथ साथ बृहस्पति लग्न में, मङ्गल अष्टम भाव में और कोई भी नपुंसक ग्रह की राशि केन्द्र (१, ४, ७, १०) स्थान में हो तो वह पुरुष नपुंसक ही होता है ॥ ६ ॥

कन्याराशिगते लग्ने बुधमन्दावलोकिते ।
शनिक्षेत्रे गते शुक्रे वीर्य्यहीनो नरो भवेत् ॥ ७ ॥

अन्वयः—(यदा) बुधमन्दावलोकिते लग्ने कन्याराशिगते, (तथा) शनिक्षेत्रगते शुक्रे (तदा), नरः वीर्यहीनः भवेत् ॥ ७ ॥

भा०—जिस पुरुष के जन्मलग्न में कन्या राशि हो उसे बुध तथा शनि देखते हों और मकर या कुम्भ में शुक्र बैठा हो तो वह मनुष्य वीर्य हीन अर्थात् नपुंसक होता है ॥ ७ ॥

पुत्रसुखहानियोगः—

नीचे गुरौ भृगौ वापि समे ज्ञे विषमे रवौ
तदा पुत्रसुखं न स्यादित्युक्तं गणकोत्तमैः ॥ ८ ॥

अन्वयः—(यदा) नीचे गुरौ भृगौ वा अपि समे ज्ञ, विषमे रवौ तदा पुत्रसुखं न स्यात् इत्युक्तं गणकोत्तमैः ॥ ८ ॥

भा०—गुरु अथवा शुक्र नीच स्थान अर्थात् गुरु मकर और शुक्र कन्या राशि में बैठा हो, बुध सम राशि (वृष, कर्क, कन्या इत्यादि) में बैठा हो और सूर्य बिषम (मेष, मिथुन, सिंह, तुला इत्यादि) राशि में बैठा हो तो सन्तान सुख नहीं होता ऐसी ज्योतिष शास्त्रज्ञों की सम्मति है ॥ ८ ॥

कर्कटे तु कलानाथे पापयुक्तेक्षिते यदा।
मन्ददृष्टे दिवानाथे पुत्रः षष्टिमितेऽब्दके ॥ ९ ॥

अन्वयः—यदा पापयुक्तेक्षते कर्कटे कलानाथे, तु मन्ददृष्टे दिवानाथे (तदा) षष्टिमिते अब्दके पुत्रः (भवति) ॥ ९ ॥

भा०—पाप ग्रहों से युक्त और दीखता हुआ चन्द्रमा कर्क राशि गत हो और सूर्य को शनि देखता हो तो साठ वर्ष के बाद पुत्रसुख होता है ॥९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्रिंशद्वर्षात्परं पुत्राप्ति योगः—

पापभे पापसंयुक्ते जन्मलग्ने रवावलौ।
युग्मभे वसुधापुत्रे खगुणाब्दात्परं सुतः॥ १०॥

अन्वयः--जन्मलग्ने पापभे पापसंयुक्त, रवौ अलौ, वसुधापुत्र युग्मभे, (तदा) खगुणाब्दात् परं सुतः (भवेत्)॥ १०॥

भा०--पाप ग्रहों से युक्त जन्मलग्न में पाप ग्रहों की राशि हो, वृश्चिक राशि में सूर्य बैठा हो तथा मिथुन राशि गत मंगल हो, तो ३० वर्ष के उपरान्त पुत्र सुख होता है॥ १०॥

पुत्राभाव योगः--

अलौ गुरुकवी लग्ने भवेतां चन्द्रजार्कजौ।
न पश्यति सुतं गेहे वर्षकोटिशतैरपि॥ ११॥

अन्वयः--अलौ गुरुकवी चन्द्रार्कजौ लग्ने भवेतां (तदा) कदाचिदपि मानवः गेहे सुतं न पश्यति॥ ११॥

भा०—जिसके जन्म समय में वृश्चिक राशि में गुरु तथा शुक्र बैठे हों और लग्न में बुध, शनि बैठे हों तो उसको पुत्र नहीं होता॥११॥

मन्देन्दुदृष्टो रिपुसंयुतोऽङ्गाधिपो रविश्शत्रुधने विपुत्रः।
मन्दारिगेहे बुधसूर्यचन्द्रैर्दृष्टो विलग्ने खलवीक्षिते वा॥ १२॥

अन्वयः--मन्देदुदृष्टः अङ्गाधिपः रिपुसंयुतः (तथा) रविः शत्रुक्षेत्रे (गतः) विपुत्रः वा बुधसूर्यचन्द्रैः दृष्टः मन्दः अरि गेहे (तथा) विलग्ने खलवीक्षिते (तदपि) विपुत्रः॥ १२॥

भा०--शनि, चन्द्र से दीखता हुआ लग्नेश, अपने शत्रु ग्रह के साथ बैठा हो, और सूर्य छठें तथा दूसरे स्थान में बैठा हो तो उस पुरुष को पुत्र नहीं होता अथवा बुध, सूर्य और चन्द्रमा से दृष्ट शनि शत्रु स्थान में बैठा हो तथा जन्म लग्न को पापग्रह देखते हों तो भी पुत्र नहीं होता॥१२॥

मन्दालयेऽर्के खलदृष्टियुक्ते लग्नेऽपि वा पापखगस्य वर्गे।
अपत्यहानि कुलदेवकोपात्पुरातनैरङ्गभृतां निरुक्ता॥ १३॥

अन्वयः--खलदृष्टियुक्ते वा मन्दालये अर्के, पापखगस्य वर्गे लग्ने (तदा) कुलदेवकोपात् अपत्य हानिः (इति) पुरातनैः अङ्गभृतांनिरुक्ता।१३।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—पापग्रहों से दृष्ट वा युक्त सूर्य मकर अथवा कुम्भ राशि में बैठा हो तथा पाप ग्रहों का षड्वर्ग लग्न गत हो तो कुल देवता के क्रोध से सन्तान हानि योग पण्डितों ने कहा है ।। १३ ।।

अपत्यभावे यदि मङ्गलः
स्यादपत्यराशिं विनिहन्ति सद्यः ।
अस्तांशगे पापयुते सुतेशे
तदा न सन्तानसुखं वदन्ति ।। १४ ।।

अन्वयः—यदि अपत्य भावे मङ्गलः स्यात् (तदा) अपत्य राशिं सद्यो विनिहन्ति (यदा) सुतेशे अस्तांशके पापयुते तदा सन्तानसुखं न वदन्ति ।। १४ ।।

भा०—यदि पञ्चम भाव में मंगल बैठा हो तो सन्तान हो-होकर मर जाते हैं, अथवा पञ्चम भावेश अस्त हो या पाप ग्रह से युक्त हो तो भी सन्तान सुख नहीं होता ।।१४।।

गुरोः सुतागारपति सपापो
बलेन हीनो मनुजो विपुत्रः ।
अरावपापे निधने तदीशः
सुतेन हीनो मनुजस्तदानीम् ।। १५ ।।

अन्वय—(यदा) गुरोः सुतागारपतिः स पापः बलेन हीनः (तदा) मनुजः विपुत्रः (अथवा) अरौ अपापे निधने तदीश तदानीं मनुजः सुतेन हीनः ।। १५ ।।

भा०—बृहस्पति से पञ्चम भाव का स्वामी बलहीन होकर पाप ग्रहों के साथ हो तो पुत्र सुख नहीं होता । षष्ठ भाव में पाप ग्रह न हों तथा षष्ठ भावेश अष्टम स्थान गत हो तो भी पुत्र सुख नहीं मिलता ।। १५ ।।

तथैव भानुः खलुपञ्चमस्था
जातं च जातं विनिहन्ति बालम् ।
लग्नेश्वरः पापयुतः सुतेशो
व्ययाष्टमे पुत्रसुखेन हीनः ।। १६ ।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः--भानुः खलु पञ्चमस्थो जातं च जातं विनिहन्ति, तथैव लग्नेश्वरः पापयुतः, सुतेशो व्ययाष्टमे पुत्रसुखेन हीनः ॥ १६ ॥

भा०--जन्म लग्न से पञ्चम स्थान में सूर्य बैठा हो तो उत्पन्न हुए बालकों को नाश करता है, लग्नेश पाप ग्रहों से युक्त हो तथा पञ्चम भावेश अष्टम या द्वादश घर में बैठा हो तो भी सन्तान सुख नाश करता है ॥१६॥

यदागुरुसूर्यारशनैश्चराणां
दोषो तदा जन्मनि मानवानाम् ।
वंशेशकोपेन सुतस्य नाशं
तदा वदन्तीति पुराणविज्ञाः ॥ १७ ॥

अन्वयः--अथ यदा मानवानां जन्मनि अगुसूर्यारशनैश्चराणां दोषस्तदा वंशेश कोपेन सुतस्य नाशं पुराणविज्ञाः वदन्ति ॥ १७ ॥

भा०--पुराणाचार्य्यों का कहना है कि मनुष्यों के कुण्डली में यदि राहु, सूर्य, भौम तथा शनैश्चर से सन्तान हानि के योग हों तो वंशेश (कुल देवता) के क्रोध (अनादर) से बंश हानि होती है अर्थात् अपने इष्टदेव के आराधना से सन्तान सुख होगा ॥ १७ ॥

बुधशुक्रकृते दोषे सुताप्तिः शिवपूजनात् ।
गुरुचन्द्रकृते दोषे यन्त्रमन्त्रौषधीबलात् ॥ १८ ॥

अन्वयः--बुध शुक्र कृते दोषे शिवपूजनात्सुताप्तिः गुरुचन्द्रकृते दोषे यन्त्र मन्त्रौषधी बलात् (सुताप्तिः) ॥ १८ ॥

भा०--यदि बुधः शुक्र कृत कुयोग से सन्तान बाधा हो तो शिव पूजन (रुद्राभिषेक, पार्थिवार्चन) करने से, वृहस्पति चन्द्र कृत् कुयोग हो तो मंगल-यन्त्र पूजनं, सन्तान गोपाल मन्त्र का जप तथा रज, वीर्य पुष्ट कारक (रसायन) औषधि सेवन करने से सन्तान सुख होता है ॥ १८ ॥

राहुणा कन्यकादानं भानुना हरिकीर्तनम् ।
शिखिनः कपिलदानं मन्दाराभ्यां षडङ्गकम् ॥१९॥

अन्वयः--राहुणा कन्यकादानं भानुना हरिकीर्त्तनम्, शिखिना कपिल दानं मन्दाराभ्यां षडङ्गकम् ॥ १९ ॥

भा०--राहुकृत बाधा हो तो ब्राह्मण को कन्यादान करने से, सूर्यकृत

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बाधा हो तो श्री भगवान् का यशगान (श्री हरिवंश कथा श्रवण) करने से केतुकृत बाधा हो तो कपिला गाय दान करने से और शनि मंगलकृत सन्तान बाधा योग हो तो रुद्राष्टाध्यायी वेद मन्त्र पाठ करते हुए श्रीशंकर भगवान् को गायके दुग्ध या पञ्चामृत से स्नान कराने से अवश्य सन्तान सुख होता है ।।१९।।

सर्वदोष विनाशाय सन्तानहरिपूजनम् ।
कुर्य्याद्भौमव्रतं चापि कामदेवव्रतं नरः ।।२०।।

अन्वयः—सर्वदोष विनाशाय सन्तानहरिपूजनम्, भौमव्रतं कामदेवव्रतं चापि नरः कुर्यात् ।। २० ।।

भा०— अथवा सब दोष शान्ति के लिये सन्तान गोपाल मन्त्र का अनुष्ठान, मंगल व्रत और कामदेव व्रत करे तो सन्तान सुख अवश्य होगा ।। २० ।।

इति भावकुतूहले-—उत्साहवर्द्धिनी भाषाटीकायां पुत्रभावविचाराध्यायः ।।६।।

--०—

अथ सप्तमोऽध्यायः

सार्वभौमराजयोगः—

खेटा यदा पञ्च निजोच्चसंस्थाः
स सार्वभौमः खलु यस्य सूतौ ।
त्रिभिः स्वतुङ्गोपगतैः स राजा
नृपालबालोऽन्यसुतस्तु मंत्री ।। १ ।।

अन्वयः—सूतौ यदा पञ्च खेटा निजोच्च संस्थाः सखलु सार्वभौमः, त्रिभिः स्वतुङ्गोपगतैः स नृपालबालो राजा, अन्य सुतस्तु मन्त्री (भवति) ।।१।।

भा०— जिस मनुष्य की कुण्डली में पाँच ग्रह अपने उच्च (परमोच्चांश स्थान में बैठे हों तो वे उसको चक्रवर्ती राजा बनाते हैं। जिस राजपुत्र की कुण्डली में तीन ग्रह उच्च (परमोच्चांश) स्थान में बैठे हों तो वे उस बालक को अवश्य राजसिंहासन पर बैठाते हैं, यदि साधारण मनुष्य के कुण्डली में तीन ग्रह उच्च स्थान में बैठे हो तो उसको राज मन्त्री पद अथवा राज्यवत् सुख देते हैं ।।१।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गुरावुच्चेकेन्द्रे भवति दशमे दानवगुरौ
जनुः काले मुद्रा विलसति समुद्रावधि भृशम् ।
गुरौ कर्के चापे भवति च सचन्द्रे दिनमणौ
बुधे तुङ्गे लग्ने बलवति खगे वा नरपतिः ॥२॥

अन्वयः—(यदा) जनुः काले गुरावुच्चे केन्द्रे (तथा) दशमे दानव गुरौ भवति (तदा) भृशं समुद्रावधि मुद्रा विलसति, (यदि सचन्द्रे गुरौ कर्के चापे, च दिनमणौ वा बुधे तुङ्गे लग्ने, बलवति, खगे भवति (तदा) नरपतिः (भवति) ॥२॥

भा०—जिस मनुष्य के जन्म समय में बृहस्पति अपने परमोच्चस्थ होकर केन्द्र (१,४,७,१०) स्थान में बैठा हो और दशम स्थान में शुक्र बैठा हो तो उस पुरुष का समुद्र पर्यन्त राजमुद्रा (आज्ञा) चलती है अर्थात् महाराजा होता है। यदि चन्द्रमा के साथ-साथ बृहस्पति कर्क अथवा धन राशि में बैठे हों और सूर्य अथवा बुध उच्चराशि में होकर लग्न में बैठे हों तथा शेष सब ग्रह बलवान् हों तो भी मनुष्य राजा होता है। ॥ २ ॥

गुरावङ्गे कर्के मदनसुखभावे दिनमणेः
सुते शुक्रे प्रभवति जनेर्यस्य समयः ।
महाम्भोधेर्नीरं गमनसमये तस्य करिणां
चलद्घण्टानादाद्व्रजतिचपलत्वंहिपरितः ॥३॥

अन्वयः—यस्य जनेः समयः कर्के गुरावङ्गे, दिनमणेः सुते मदन सुखभावे (तथा) शुक्रे वक्रे प्रभवति (सति) तस्य करिणां चलद्घण्टा-नादात् महाम्भोधेर्नीरं हि परितः चपलत्वंव्रजति ॥ ३ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में कर्क राशिगत बृहस्पति लग्न में बैठा हो, रविपुत्र (शनि) सातवें अथवा चौथे राशि में बैठा हो और शुक्र वक्रागति को प्राप्त हो तो इस योग में उत्पन्न हुये राजा के दिग्विजयकाल में चलती हुई सेना के साथ बजता हुआ हाथियों के घण्टा के घोर ध्वनि गर्जन से समुद्र का जल घबड़ाकर चारो तरफ उछलने लगता है ॥ ३ ॥

अजे जीवादित्यौ दशमभवने भूमितनय-
स्तपस्थाने शुक्रो बुधविधुयुतो यस्य जनने ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गजानामालीभिर्विजयगमने तस्य सहसा
समाक्रान्तापृथ्वी व्रजति चकिता मोहपदवीम् ॥४॥

अन्वयः—यस्य जनने अजे जीवादित्यौ, दशमभवने भूमितनयः, तपस्थाने बुधः विधु युतः शुक्रः (भवति तस्य विजयगमने गजानामालीभिः समाक्रान्ता पृथ्वी सहसा चकिता मोह पदवी व्रजति ॥४॥

भा० —जिसके जन्म समय में मेष राशि में बृहस्पति और सूर्य बैठे हों, दशवें घर में मङ्गल बैठा हो, और नवें घर में बुध अथवा चंद्रमा के साथ-साथ शुक्र बैठा हो तो इस योग में उत्पन्न हुये राजा अपने शत्रुओं के परास्त करनेकी नियत से जाती हुई हाथियों के झुण्ड की घोर चिंघाड़, घोड़ों की हनहनाहट तथा रथ, पैदल चलने वाले सिपाहियों के शब्द गुञ्जार को सुनकर पृथ्वीश (पृथ्वीमात्र के जीव) आश्चर्जित होकर मोहित हो जाते हैं ॥ ४ ॥

कन्याङ्गे सबुधे झषे सुरगुरौ भूपुत्रसूर्य्यौ बली
मन्दे कर्कगते शरासनगते शुक्रो यदीया जनिः ।
तस्यालं शिरसा वहन्ति वसुधाधीशाः सदा शासन-
मानन्दाढ्किचारविन्दकलिकामालामिव प्रायशः ॥५॥

अन्वयः—यदीया जनिः कन्याङ्गे स बुधे, झषे सुरगुरौ, भूपुत्र सूर्यौबली, मन्दे कर्क गते, शरासनगतेशुक्रे (भवति) तस्य शासनमानन्दाढ्किचारविन्दकलिकामालामिव प्रायशः सदा वसुधाधीशाः शिरसा वहन्ति-इत्यलम् ॥ ५ ॥

भा० —जिस के जन्म समय में कन्या लग्न, बुध के साथ हो, मीनराशि का बृहस्पति हो, मङ्गल तथा सूर्य बलवान् (अपने २ षड्वर्ग या उच्चस्थान में बैठा, हो, शनि कर्कराशि का हो और धन राशि में शुक्र बैठा हो तो इस योग में उत्पन्न हुये सम्राट् की आज्ञा राजाओं को इस तरत शिरोधार्य होती है जैसे अति सुगन्धित पुष्पों के कलियों की माला सानन्द मनुष्य धारण कर लेते हैं ॥ ५ ॥

भाग्ये भानुसुतो मृगे धरणिजो जीवज्ञशुक्राः सुते
तिष्ठन्ति प्रबला दिवाकरकरन्यासङ्गमुक्ता यदा
तत्रोद्भूतजनस्य यानसमये प्रोत्तुङ्गराजिव्रज-
न्यस्तन्यस्तपदप्रचाररजसाच्छन्नं नभोमण्डलम् ॥६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—यदा भाग्ये भानुसुतो, मृगे धरणिजो जीवज्ञशुक्राः सुते-(तथोक्त ग्रहाः) प्रबलाः दिवाकरकरव्यासङ्गमुक्तास्तिष्ठन्ति, तत्रोद्भूत जनस्य यानसमये प्रोत्तुङ्गराजिव्रजव्यस्तन्यस्तपद प्रचार रजसाछन्नं नभो मण्डलम् (भवति) ॥ ६ ॥

भा०—जिसके नवें घर में शनि बैठा हो, मकरराशि में मङ्गल बैठा हो और बृहस्पति, बुध तथा शुक्र बलवान् होकर पाँचवें घर में बैठे हों और कोई भी ग्रह अस्त न हो इस राजयोग में उत्पन्न हुये महाराजा की सेना शत्रुओं को/परास्त करने के लिये चलते हुए मदान्धयुक्त (हय दल, गज दल, रथ दल, पैदल) पैर धूलि विक्षेप से आकाश मण्डल अन्धकारमय हो जाता है ॥ ६॥

यदि तुलामकराजकुलीरभे
रविमुखाः सकला विलसन्ति चेत्।
इह चतुष्कमहोदधिसंज्ञकः
सुरपतेः समतां तनुते नृणाम् ॥ ७ ॥

अन्वयः—यदि तुला मकराजकुलीरभे रविमुखाः सकला विलसन्ति चेत्तदा इह चतुष्क महोदधि संज्ञकः (योगः) नृणां सुरपतेः समतांतनुते ॥७॥

भा०—जिसके जन्म समय में तुला, मकर, मेष और कर्क इन राशियों में सूर्यादि सभी ग्रह बैठे हों तो चतुष्क महोदधि योग होता है यह योग (इस योग में उत्पन्न हुए) मनुष्यों को इन्द्र की तरह सुख देता है ॥ ७ ॥

राज्यस्वामी निजोच्चे भवति तनुधनापत्यपातालकान्ता-
पुण्यानामुच्चराशौ पतय इह यदा वीर्यवन्तो भवन्ति।
राजानो यस्य तस्य प्रबलबलघटादन्तिघंटाधनुर्ज्या-
टङ्कारव्रातभीता जगदुदरगताः कम्पभावं भजन्ति ॥ ८ ॥

अन्वयः—यस्य (जन्मकाले) यदा राज्यस्वामी निजोच्चे भवति (तथा) तनुधनापत्यपातालकान्तापुण्यानां पतयः उच्चराशौ (अथवा) वीर्यवन्तो भवन्ति तदा तस्य प्रबलबलघटादन्तिघण्टाधनुर्ज्याटंकार-व्रातभीताजगदुदरगताः राजानः कम्पभावं भजन्ति ॥ ८ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में दशमेश अपने उच्च स्थान मे बैठा हो और लग्न, धन, पञ्चम, चतुर्थ, सप्तम तथा नवम, इन भावों के स्वामी अपने २ उच्च

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्थान में बैठे हों अथवा मूल त्रिकोणादि षड्वर्ग में बैठे हों तो इस योग में उत्पन्न हुए राजा की सेना में रहनेवाले प्रबल मदांध हाथियों के झुण्ड के घंटा का बुलं शब्द तथा घनघोर युद्ध करनेवाले धनुषधारियों के धनुषटंकोर (ज्या) शब्द सुनकर शत्रु राजागण भयभीत होकर अपने-अपने राजसिंहासन को छोड़ कर पर्वतों की कंदरों में रहते हुए भी मानसिक संताप से कांपते हैं ॥ ८ ॥

येषामर्को निजोच्चे प्रभवति मकरे मङ्गलो वैरिभावे
दैत्येज्यः कर्म्मगामी शनिरपि सहजे जन्ममात्रेण तेषाम् ।
पृथ्वी सद्दानतोयार्णवजनितयशश्चन्द्रकान्त्यार्ज्जुनाऽभा
मत्तोन्मत्तप्रचण्डप्रबलरिपुशिरो मण्डले वज्रपातः ॥ ९ ॥

अन्वयः—येषां (जन्मकाले) अर्को निजोच्चे, मकरेमङ्गलो वैरिभावे, कर्मगामी दैत्येज्यः, (तथा) सहजे शनिरपि प्रभवति, तेषां जन्ममात्रेण पृथ्वी सद्दानतोयार्णवजनितयशश्चन्द्रकान्त्यार्जुनाभा मत्तोन्मत्तप्रचण्डप्रबलरिपुशिरो मण्डले वज्रपातः ॥ ९ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में सूर्य अपने परमोच्चांश में बैठा हो, मकर राशि का होकर मंगल छठें घर में बैठा हो, दसवें घर में शुक्र बैठा हो और तीसरे घर में शनि बैठा हो तो इस योग में उत्पन्न हुये राजा पृथ्वी, रत्न, भूषण, वाहनादि अनेकानेक दान करने के लिए संकल्प में दिये हुए जल से समुद्र रूप यश चन्द्रमा की देदीप्यमान कांति के समान उज्जवल पृथ्वी मात्र में सुशोभित करता है और राज्यमद से मदांध, प्रचण्ड प्रताप शूरवीर प्रबल बैरी राजाओं के सिर पर अंकुश रूपी शासन करने लगता है ॥ ९ ॥

सम्बन्धो दशमाधिपस्य नवमाधीशेन येषां जनुः
काले पञ्चमभावपेन च बलोपेतस्य तुल्ये न चेत् ।
प्रस्थाने सति लीलया तनुभृतां वश्यारिविश्वम्भरा
गर्जद्घोटकमत्तवारणघटाक्रान्ता समन्ताद्भवेत् ॥१०॥

अन्वयः—येषां जनुः काले बलोपेतस्य दशमाधिस्य नवमाधीशेन (वा) पञ्चमभावपेन तुल्येन चेत्सम्बन्धो भवेत् (तदा) प्रस्थाने सति

टिप्पणी—शुक्लशुभ्रशुचिश्वेतविशदश्येतपाण्डुराः ।
अवदातः सितो गौरोऽवलक्षो धवलोऽर्जुनः—इत्यमरः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लीलया तनुभृतां वश्यारि विश्वम्भरा गर्जद्घोटकमत्तवारणघटाक्रान्ता-समंताद्भवेत् ॥ १० ॥

भा०--ग्रहों का सम्बन्ध चार प्रकार का कहा गया है अर्थात् १ क्षेत्र सम्बन्ध, २ दृष्टि सम्बन्ध, ३ अन्यतर दृष्टि सम्बन्ध, ४ सहावस्थान सम्बन्ध। परस्परस्थान में (सिंह में चन्द्रमा, कर्क में सूर्य) बैठे हुये ग्रह को स्थान संबंध कहते हैं। एक दूसरे को पूर्ण दृष्टि से (मेष में शनि और तुला में भौम) देखता हो तो उसको दृष्टि संबंध कहते हैं। एक दूसरे के घर में बैठा हो और दूसरा उस (एक) को पूर्ण दृष्टि से देखता हो जैसे मीन राशि में बैठा हुआ चन्द्रमा को कन्याराशीस्थ वृहस्पति पूर्ण दृष्टि से देखता हो इसको अन्यतर दृष्टि संबंध कहते हैं। कोई दो ग्रह किसी स्थान में एक साथ बैठे हों उसको सहावस्थान संबंध कहते हैं, जैसे मिथुन में शनि, शुक्र। इस प्रकार जिसके जन्म समय में बलवान् दशमेश, बलवान् नवमेश के साथ अथवा पञ्चमभावेश के साथ संबंध करता हो तो इस योग में उत्पन्न हुये राजा की सेना में दिग्विजयार्थ चलने वाले हाथिओं और घोड़ों के झुण्ड के बुलन्द हनहनाहट शब्दों के गूंज से आच्छादित हो कर शत्रु राजाओं की पृथ्वी वशीभूत हो जाती है ॥ १० ॥

अथ महाराजाधिराजयोगः—

राज्येशो यदि देवतालयपदे पारावतांशे तपः-
स्थानेशो धनगोपि गोपुरलवे लाभाधिपो जन्मिनाम् ।
चञ्चत्तुङ्गतुरंगकुञ्जरघटाघण्टाधनुर्ज्यारवैर्वित्रस्ता-
गमनोत्सवे दिगबला भ्रान्ति भजन्तिक्षणात् ॥११॥

अन्वयः—यदि जन्मिनां राज्येशः पारावतांशे देवतालयपदे, तपस्थानेशो धनगो, अपि लाभाधिपो गोपुरलवे (गतः) [तदा] गमनोत्सवे चञ्चत्तु रङ्गतुङ्गकुंजरघटाघण्टाधनुर्ज्यारवैः वित्रस्ता दिगबला क्षणात् भ्रान्ति भजन्ति ॥ ११ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में पारावतांश का होकर दशम घर का स्वामी नवें घर में बैठा हो, नवमघर का स्वामी दूसरे घर (धनभाव) में बैठा हो और गोपुरांश में ग्यारहवें घर का स्वामी बैठा हो इस योग में उत्पन्न हुये सम्राट् (महाराजाधिराज के उत्सव संबंधी यात्रा में निकली हुई सेना में चञ्चल चपल उच्च घोड़ों के हिनहिनाहट गुन्जार शब्दों से तथा मदांध झुण्ड हाथिओंके

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

घण्टा गुञ्जार शब्दों से और धनुर्धारी वीरों के धनुष टङ्कोर शब्दों से अति भयभीत [काँपती हुई] दिशा रूपी स्त्रियाँ वशीभूत होकर सेवा करने लगती हैं अर्थात् दिगन्त पर्यन्त हुक्म चलने लगता है ॥ ११ ॥

अथ सिंहासनयोगः--

कन्यामीनवृषालिभे यदि खगाः सिंहासनः कीर्तितः
किंवा चापनृयुग्मकुम्भहरिभे खेटो हि सिंहासनः ।
यः सिंहासनयोगयोगजो हि मनुजो भूपाधिराजो बली
गर्जत्कुञ्जरवाजिराजिमुकुटारूढो धरामण्डले ॥१२॥

अन्वयः—यदि कन्या मीन वृषालि भे खगाः (तदा) सिंहासनः [योगः किंवा चापनृयुग्मकुम्भहरिभे खेटे हि सिंहासनः (योगः) कीर्त्तितः यः मनुजः सिंहासनयोगजः (जातः) (स) गर्जत्कुञ्जरवाजिराजि मुकुटारूढो धरामण्डले भूपाधिराजो बली [भवति] ॥ १२ ॥

भा०--यदि कन्या मीन, वृष और वृश्चिक राशियों में सूर्यादि सभी ग्रह बैठे हों तो सिंहासन योग होता है, अथवा धन, मिथुन, कुम्भ और सिंह इन राशियों में सूर्यादि सभी ग्रह बैठे हों तो भी सिंहासन योग होता है इस योग में उत्पन्न मनुष्य, चपल [वायु के समान चलनेवाले] घोड़े तथा मदान्ध और घोर गर्ज करनेवाले अति सुशोभित सजावट से सजे हुये हाथियों के सिरताज वाहन पर सवार होकर भूमण्डल में सफर करनेवाले राजाधिराज कहलाते हैं ॥ १२ ॥

टि०—वर्गास्तु ये दश प्रोक्ताः पूर्वाचार्यमहर्षिभिः ।
भवन्ति वर्गसंयोगे पारिजातादिसंज्ञका ॥ १ ॥

उत्तमं तु त्रिवर्गैक्यं चतुर्वर्गं तु गोपुरम् ।
वर्गपञ्चकसंयोगे सिंहासनमिहोच्यते ॥ २ ॥

वर्गद्वयं पारिजातं षष्णां पारावतांशकम् ।
सप्तमं देवलोकं स्यादष्टमं चामरं भवेत् ॥ ३ ॥

ऐरावतं तु नवमं फलं तेषां पृथक् पृथक् ।
दशवर्गस्य संयोगे विदुर्वैशेषिकांशाकान् ॥ ४ ॥

योगानेतान्समुत्पन्नाः धनधान्यसमन्विताः ।
ग्रहाः स्वोच्चादिवर्गस्थे विपरीतानराऽन्यथा ॥ ५ ॥

दुःस्थारिनीचमूढस्था ग्रहाबलविवर्जिता ।
मरणावस्थगाश्चेत्तु पारिजातादिनाशकाः ॥ ६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एकावलीयोगः

अजे सिंहे कन्याकलशमिथुनान्त्यालितुरगे
समाजः खेटानामिह भवति जन्मन्यपि नरः।
चतुश्चक्रे योगे सकलसुखभोगेन मिलितो
महीपानामालीमुकुटमणिपाली विजयते ॥१३॥

अन्वयः—(यस्य) जन्मनि अजे सिंहे कन्या कलशमिथुनान्त्यालितुरगे खेटानां समाजः (तदा चतुश्चक्र योगः) भवति इह चतुश्चक्रे योगे (जातः) नरः सकलसुखभोगेन मिलितो महीपानामाली मुकुटमणिपाली विजयते ॥ १३ ॥

भा०—यदि मेष, सिंह, जाया, कुम्भ, मिथुन, मीन, वृश्चिक और तुला इन्हीं लग्नों में सूर्यादि सभी ग्रह बैठे हों, तो चतुश्चक्र योग कहलाता है, इस योग में उत्पन्न हुआ मनुष्य सब प्रकार का [इन्द्र की तरह] सुख करता हुआ राजाओं में श्रेष्ठ कहलाता हुआ, उनके मुकुट मणियों का पालन करता हुआ अर्थात् राजाओं पर शासन करता हुआ विजय प्राप्त करता है ॥ १३ ॥

अथ चतुश्चक्रयगः

एकैकेन खगेन जन्मसमये सैकावली कीर्तिता
मुक्तालीव समस्तभूपमुकुटालङ्कारचूडामणिः।
तज्जातो रिपुपुञ्जभञ्जनकरो गन्धर्वदिव्याङ्गना-
वृन्दानन्दपरो गुणव्रजधरो विद्याकरो मानवः॥ १४॥

अन्वयः—जन्मसमये एकैकेन खगेन मुक्तालीव सैकावली कीर्त्तिता तज्जातो मानवः समस्तभूपमुकुटालङ्कारचूडामणिः रिपुपुञ्जभञ्जनकरो गन्धर्वदिव्याङ्गनावृन्दानन्दपरो गुणव्रजधरो विद्याकरो भवति ॥१४॥

भा०—मोतियों की माला की तरह क्रम से एक-एक ग्रह एक-एक स्थानमें बैठे हों तो उसको एकावली योग कहते हैं, इस योग में उत्पन्न हुआ राजा, सब भूषणों में श्रेष्ठ चूड़ामणि की तरह सब राजाओं का पूज्य [महाराजाधिराज] होकर शत्रुओं का नाश करनेवाला, अत्यन्त सुन्दरी स्त्रियों के साथ विहार करनेवाला, अनेक सद्गुणों से युक्त, चौसठ कला विद्या का जाननेवाला [अतिगुणज्ञ] होता है ॥१४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शत्रुजीतयोगः—

कुलीरे कन्यायामनिमिषधनुर्युग्मभवने
जनुः काले यस्य प्रभवति नभोगो रविमुखः
प्रचण्डप्रोत्तुङ्गप्रबलरिपुहन्ता क्षितिपतिः
समन्तादाधिक्यं व्रजति धनदानेन महताम् ॥१५॥

अन्वयः—यस्य जनुः काले कुलीरे कन्यायामनिमिषधनुर्युग्म भवने रविमुखः नभोगः प्रभवति, [स] प्रचण्डप्रोतुङ्गप्रबलरिपुहन्ताक्षितिपतिः, [तथा] धनदानेन समन्तादाधिक्यं व्रजति ॥१५॥

भा०— जिसके जन्म समय में कर्क, कन्या, मीन, धन और मिथुन राशियों में सूर्यादि सभी ग्रह बैठे हों, इस योग में उत्पन्न हुआ राजा, प्रबल प्रचण्ड घोर युद्ध करनेवाली अति बढ़ी हुई शत्रु की सेना को विध्वंस करनेवाला तथा धनादि दान करके सबसे अधिक यश पाने वाला होता है ॥ १५ ॥

नृबालयोगः—

अथादित्यः सिंहे विधुरपि कुलीरे रविसुतो
मृगे मीने जीवो हिमकरसुतो यस्य मिथुने
तुलायां शुक्रश्चेदजभवनगो भूमितनयो
नृबालो भूपालो नृपमुकुटभूषामणिवरः ॥१६॥

अन्वयः—यस्य [जन्मसमये] आदित्यः सिंहे विधुरपि कुलीरे, रविसुतो मृगे, मीने जीवो हिमकरसुतो मिथुने तुलायां शुक्रः चेत् अजयवनगोभूमितनयः (तदा स) नृबालो भूपालो नृपमुकुटभूषामणिवरः (भवति ॥ १६ ॥

भा०— जिसके जन्म समय में सूर्य सिंह राशि में, चंद्रमा कर्कराशि में, शनि मकर राशि में, वृहस्पति, मीन राशि में, बुध मिथुनराशि में, शुक्र तुला राशि में और मङ्गल मेष राशि में बैठा हो तो इस योग में उत्पन्न हुआ साधारणकुल का वालक भी पृथ्वीपति कहलाता हुआ राजाओं के सिरताज के मणियों की तरह आदर पाता है ॥ १६ ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

साधारणराजयोगः—

दिवानाथः सिंहे गवि हिमकरो मेषभवने
महीजः कन्यायाममृतकरसूनुः सुरगुरुः ।
भवेच्चापे कुम्भे दिनमणिसुतस्तौलिनिकवि-
र्ज्जनुः काले यस्य प्रभवति नरोऽसौ क्षितिपतिः ॥ १७ ॥

अन्वयः— यस्य जनुः काले दिवानाथः सिंहे, हिमकरो गवि, महीजोमेष भवने, अमृतकरसूनुः कन्यायां, सुरगुरुश्चापे, दिनमणिसुतः कुम्भ, कविस्तौलिनि भवेत् तदा असौ नर क्षितिपतिः प्रभवति ॥ १७ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में सूर्य सिंह राशि में चन्द्रमा वृष राशि में, मङ्गल मेष राशि में, बुध कन्या राशि में, बृहस्पति धन राशि में, शनि कुम्भ राशि में, और शुक्र तुला राशि में बैठे हों तो वह मनुष्य राजा होता है ॥ १७ ॥

बलीपुण्यस्वामी दशमभवनाधीशभवन
तपः स्वाम्यागारे भवति दशमेशोऽपि भविनाम् ।
तदागर्ज्जद्दन्तावलनिकरघण्टाघनरवै-
र्दिगन्तं वित्रस्तो विजयगमने यात्यरिगणः ॥ १८ ॥

अन्वयः—भविनां जन्मसमये बलीपुण्य स्वामी दशम भवनाधीश-भवने, दशमेशोऽपितपः स्वाम्यागारे भवति तदाविजयगमने गर्ज्जद्दन्ती बलनिकरघण्टाघनरवैर्वित्रस्ता अरिगणः दिगन्तं यान्ति ॥ १८ ॥

भा०--जिसके जन्म समय में बलयुक्त नवमेश, दशम स्थान में या दशमेश के दूसरे घर में बैठा हो और बलयुक्त दशमेश भी नवम घर में बैठा हो, इस योग में पैदा हुआ राजा के दिग्विजयार्थ यात्रा में अति मदोन्मत्त गर्जन करने वाले हाथियों के झुण्ड के घण्टों के घनघोर शब्दसुनकर शत्रु राजागण अतित्रस्त हो (कांपते हुए) दिगन्तों में भाग जाते हैं । ॥ १८ ॥

शत्रुनाशकयोगः—

यदा पुण्यस्वामी दशमभवने पुण्यभवने
बली कर्म्माधीशो भवति भविनामेव जनने ।
समुद्रान्तं कीर्तिर्विजयगमने वैरिपटली
धनुर्ज्याटङ्कारैर्भजति चकिता भीतिपदवीम् ॥ १९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—यदा भविनां जनने बली पुण्यस्वामी दशमभवने (तथा) बलीकर्माधीशः पुण्यभवने भवति (तदा) समुद्रान्तं कीर्तिः (तथा) विजयगमने धनुर्ज्याटङ्कारैर्वैरिपटली चकितभीतिपदवीं भजति ॥१९॥

भा०—जिसके जन्म समय में अपने उच्च या अपने षड्वर्ग मित्रगृहादि होकर नवम घर का स्वामी दसवें घर में बैठा हो और पूर्ण बलयुक्त दशम घर का स्वामी नवें घर में बैठा हो तो इस योग में उत्पन्न हुआ राजा का सुयश भूमण्डल मात्र में फैल जाता है और राजा धनुष विद्या में इतना प्रवीण (चतुर) होता है कि उसके धनुष के (ज्या) टङ्कोर के भयानक शब्दों को सुनकर शत्रु राजागण चकित होकर राज्यसिंहासन को छोड़ भग जाते हैं ॥ १९ ॥

प्रतापाधिकयोगः—

भवेदङ्गाधीशो जननसमये पुण्यभवने
तथा कर्म्मस्वामी भवति च विलग्ने जनिमताम्
तदा गर्ज्जद्दन्तावलकरभवाजिव्रजपदैः
समाक्रान्ता पृथ्वी व्रजति गमने मोहपदवीम् ॥ २० ॥

अन्वयः—(यदा) जनिमतां जननसमयेऽङ्गाधीशः पुण्यभवने, तथा कर्मस्वामी विलग्ने भवेत् तदा गमने गर्जद्दन्तावलकरभवाजिव्रजपदैः समाक्रान्ता पृथ्वी मोहपदवीं व्रजति ॥ २० ॥

भा०—जिसके जन्म समय में लग्नेश नवें घर में बैठा हो और दशम भावेश जन्म लग्न में बैठा हो तो उस राजा के यात्रा काल में चलने वाली सेना में मदोन्मत हाथी घोड़े, साँड़िनी और सिपहसालारों के प्रकाण्ड भार बोझ से लदी हुई पृथ्वी चकित होकर मोहपदवी को प्राप्त होती है ॥ २० ॥

सुखसम्पत्तियुक्तयोगः—

यदा राज्यस्वामी नवमसुतकेन्द्रेऽर्थभवने
बलाक्रान्तो यस्य प्रभवति स वीरो नरवरः
सदाकाव्यालापी नवमणिकलापि बहुबली
तुरङ्गालीदन्तावलकलभगन्ता धनपतिः ॥ २१ ॥

अन्वयः—यदा (जन्मसमये) बलाक्रान्तो राज्यस्वामी नवम सुत-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

केन्द्रेऽर्थभवने प्रभवति स वीरो नरवरः सदा काव्यालापी नवमणिकलापी बहुबली तुरङ्गालीदन्तावलकलभगन्ता धनपतिः (भवति) ॥ २१ ॥

भा०--यदि जन्म समय में बलयुक्त दसम घर का स्वामी त्रिकोण, केंद्र, और दूसरे [९, ५, १, ४, ७, १०, २] इनमें से किसी घर में बैठा हो तो वह वीर राजा होता हुआ भी काव्य [साहित्य] शास्त्र में अति प्रवीण, नित्य नूतन मणियों की माला धारण करने वाला, अति धीर गम्भीर योद्धाओंको युद्ध से भगाने वाला, अपनी सेना में अनेक गुणों से युक्त घोड़े, हाथियों को रखने वाला, महान् धनाभिमानी होता है। २१ ॥

यदा कर्मस्वामी सुतभवनगामी शुभयुतः
सुतेशः कोदण्डे भवति भविनो यस्य जनने।
भयातीतो भोगी भवति चिरजीवी बहुगुणी
मतङ्गालीगन्ता रिपुनिकरहन्ता नरपतिः ॥२२॥

अन्वयः—भविनो यस्य जनने यदा शुभयुतः कर्मस्वामी सुतभवनगामी, तथा) सुतेशः कोदण्डे भवति (तथा सः) भयातीतो भोगी चिरजीवी, बहुगुणी मतङ्गालीगन्ता रिपुनिकरहन्ता नरपतिः भवति ॥२२॥

भा०--जिसके जन्म समय में शुभग्रहों से युक्त दशमभाव का स्वामी पाँचवें घर में बैठा हो और पाचवें घर का स्वामी धनराशि में बैठा हो तो वह मनुष्य किसी का भी नहीं भय करता हुआ, अनेक प्रकार के सुखों को भोगता हुआ दीर्घजीवी, अति गुणज्ञ होकर हाथी और घोड़ों से सुसज्जित सेना करके शत्रुओं को मार भगा कर स्वतंत्र राज्य करता है॥ २२ ॥

धनागारस्वामी भवति यदि पारावतपदे
विशालं भूपालं कलयति नृबालं बहुबलम्।
अरातीभव्राताङ्कशमनिशमानन्दनिरतं
नितान्तं श्रीमन्तं विविधधनदानोद्यतमलम् ॥२३॥

अन्वयः—यदि धनागारस्वामी पारावतपदे भवति (तदा) नृबालं विशालं भूपालं बहुबलं कलयति तथा अरातीभव्राताङ्कशमनिशमानन्द-निरतं श्रीमन्तं विविधधनदानोद्यतमित्यलम् ॥ २३ ॥

भा०--साधारण कुल में उत्पन्न हुआ बालक के जन्मकुण्डली में धनभाव का स्वामी यदि पारावतांश में हो तो वह अपने बाहुबल से अनेक राजाओं को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जीतकर महाराजा कहलाता हुआ आनंदस्वरूप, उदारमूर्ति होता है और उसके दिये हुये सद्दान से यश बढ़कर पृथ्वी जो आच्छादित कर लेता है ॥ २१ ॥

देवलोकलत्रगो निशाकरात्पुण्यराशिपतिरिन्दुकान्तिभाक् ।
गोगजव्रजतुरङ्गमण्डलीमण्डितो मणिगणैरिलापतिः ॥२४॥

अन्वयः— (यदा) निशाकरात्पुण्यराशिपतिर्देवलोकलत्रगः (तथा च) इन्दुकान्तिभाक् (भवति) (तदा) गोगजव्रजतुरङ्गमण्डलीमडिण्तो-मणिगणैरिलापतिः (भवति) ॥ २४ ॥

भा०--जिसके जन्म समय में चन्द्रमा से नवमधर का स्वामी बृहस्पति के नवमांश में बैठा हो और चंद्रमा पूर्ण हो, इस योग में पैदा हुआ मनुष्य हाथी, घोड़े, छकड़े, साँड़िनी और गाय, भैंस समूहों से युक्त होकर अनेक मणियों से जड़ित सिरताज बांध कर पृथ्वीपनि कहलाता है । २४ ।

कुबेरतुल्यराजयोगः—

यदा माने याने भवति मदने वासवगुरौ
स्वतुङ्गे वा पङ्केरुहनिकरवन्धावपि भृशम् ।
भयत्राता दाता निगमविहिताचारचतुरो
गुणव्रातैर्नम्रो धनपतिसमानो विजयते ॥२५॥

अन्वयः—यदा वासवगुरौ स्वतुङ्गे माने याने मदने भवति (तथा) पङ्केरुहनिकरवन्धावपि (तत्रैव) (तदा) भृशं भयत्राता दाता निगम-विहिता चारचतुरो गुणाव्रतैर्नम्रो धनपात समानो विजयते ॥ २५ ॥

भा०—यदि बृहस्पति अपने परमोच्चांश का होकर जन्म लग्न से दसवें, चौथे तथा सातवें घर में बैठा हो, अथवा चंद्रमा परमोच्चांश में होकर उक्त स्थानों में से किसी स्थान में बैठा हो तो इस योग में उत्पन्न हुआ मनुष्य दीनबंधु कहलाता हुआ षट्शास्त्र तथा नीति शास्त्र का मर्मज्ञ होता हुआ अनेक गुणों से युक्त कुबेर के समान धन का मालिक होकर राजा कहलाता है ॥ २५ ॥

कुलोचितराजयोगविचारः—

एतेषु योगेषु नरो नृपालो भवेदलं नीचकुलप्रजातः
नपालबालोऽपिच विक्ष्यमाणैः सुयोगजातैरिति संप्रवक्ष्ये ॥२३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—एतेषु योगेषु नीचकुल प्रजातो नरः (अपि) अलं नृपालो भवेत्, नृपाल बालोऽपि च वक्ष्यमाणैः (साधारण सुयोगैः) नृपालो भवेत् इति सुयोगजातैः संप्रवक्ष्ये ॥२६॥

भा०—पूर्वोक्त योगों में उत्पन्न हुआ साधारण कुल का बालक भी राजा हो जाता है, तथा राज्य कुल का उत्पन्न हुआ बालक राजाधिराज होता है और आगे कहे हुए साधारण योगों में उत्पन्न हुआ राज्यकुल का बालक अवश्य राजा होता है ॥ २६ ॥

मृगे विलग्ने रविजे कुलीरे दिवाकरे चन्द्रयुते प्रसूतौ ।
कुजे यदाये भृगुजेऽष्टमस्थे भवेन्नृपालो नृपवंशजातः ॥२७॥

अन्वयः—यदा प्रसूतौ मृगे विलग्ने रविजे, कुलीरे दिवाकरे चन्द्रयुते, कुजे आये, भृगुजेऽष्टमस्थे (तदा) नृपवंशजातो नृपालो भवेत् ॥२७॥

भा०—यदि जन्म समय में मकर लग्न हो, शनि वहाँ ही बैठा हो, चन्द्रमा के साथ-साथ सूर्य कर्कराशि में बैठा हो, भौम, ग्यारहवें घर में बैठा हो और शुक्र आठवें घर में बैठा हो तो राज्यकुलका उत्पन्न बालक अवश्य राजा होता है ॥२७॥

यदा कवीज्यौ भवतश्चतुर्थे
नृपालबालोपि च भूमिपालः ।
कुलीरगो देवगुरुः सचन्द्रो
नृपालबालं प्रकरोति बालम् ॥२८॥

अन्वय—यदा कवीज्यौ चतुर्थे भवतः (तदा) नृपालबालोऽपि भूमिपाल (भवति) (यदा) सचन्द्रो देवगुरुः कुलीरगः (तदा) बालं नृपालबालं प्रकरोति ॥ २८ ॥

भा०—यदि जन्म समय में शुक्र और बृहस्पति बलवान होकर जन्म लग्न से चौथे घर में बैठ जावें तो यह योग राजपुत्र को अवश्य राज्यसिंहासन पर बैठाता है तथा उक्त योग होता हुआ चंद्रमा के साथ-साथ बृहस्पति कर्क राशि में बैठा हो तो यह योग साधारण बालक को भी राजगद्दी पर बैठाता है ॥२८॥

यदेन्द्रमन्त्री विधुजं प्रपश्येद्
दृगुश्चविज्ञं नृपतिं करोति ।
प्रसूतिकाले यदि पञ्चराशौ
चैकोऽपि बालंकुरुते नृपालम् ॥ २९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वय—प्रसूति काले यदेन्द्रमन्त्री विधुजं प्रपश्येत् तदा गुणज्ञविज्ञं नृपतिं करोति, यदा पञ्चराशौ च एकोऽपि (बलीशुभग्रहः) तदा बालं नृपालं कुरुते ॥ २९ ॥

भा०—जन्मकाल में यदि बृहस्पति बुध को पूर्ण दृष्टि से देखता हो तो राजकुल में उत्पन्न हुआ बालक अति गुणज्ञ तथा विद्वान राजा होता है। यदि पाँचवें घर में एक भी बलवान शुभग्रह बैठा हो तो नृपकुल बालक को राज्यपद मिलता है ॥ २९ ॥

हितलवे तपनो विधुनेक्षितो
नृपसुतं कुरुते च नृपोत्तमम् ।
विधुसुतः सविधुः कुरुते नृपं
भवति तुङ्गगतो यदि जन्मनि ॥ ४० ॥

अन्वय—यदि जन्मनि विधुनेक्षितस्तपनो हितलवे तदा नृपसुतं नृपोत्तमं कुरुते यदि जन्मनि सविधुर्विधुसुतस्तुङ्गगतोभवति तदा नृपं कुरुते ॥ ३० ॥

भा०—यदि जन्म समय में चंद्रमा से दीखता हुआ सूर्य अपने या अपने मित्र के षड्वर्ग में बैठा हो तो नृपतिकुल में पैदा हुआ बालक को प्रतिष्ठित राजा बनाता है। यदि चन्द्रमा के साथ-साथ बुध अपने परमोच्चांश में बैठा हो तो भी राजपुत्र को अवश्य राजा बनाता है ॥ ३० ॥

जनुषिलग्नगतो यदि लग्नपो
बलयुतः किल कन्टकगोऽपिवा ।
अविरतं प्रकरोति तदा नृपं
नृपजमेव न चित्रमिति स्फुटम् ॥३१ ॥

अन्वय—यदि जनुषि बलयुतः लग्नपः लग्नगतः कण्टकगोऽपि वा तदा किल अविरतं नृपजमेव नृपं करोति चित्रमिति स्फुटम् ॥३१॥

भा०—यदि जन्म समय में बलयुक्त लग्नेश तनु भाव में बैठा हो अथवा केंद्र (लग्न चौथे, सातवें तथा दसवें में बैठा हो तो इस योग में उत्पन हुआ राजकुमार अवश्य राजा होता है, इसमे संशय नहीं है ॥३१॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ द्रविड़केरलदेशेराजयोगाः—

रविरजे शशिना बलिना युतो
भवति भूमिपतिं कुरुते शिशुम् ।
द्रविड़केरलदेशसमुद्भवं
कृतिवरं च परत्र धनेश्वरम् ॥ ३२ ॥

अन्वयः—बलिना शशिना युतो रविः अजे भवति (तदा) शिशुं भूमिपतिं कुरुते, द्रविणकेरलदेशसमुद्भवं कृतिवरं च परत्र धनेश्वरमिति ॥ ३२ ॥

भा०—बलवान् चंद्रमा के साथ-साथ-बलवान् सूर्य मेष राशि में बैठा हो तो इस योग में उत्पन्न हुआ राजकुमार द्रविड़ और केरल देश का राजा होता हुआ अपनी उज्ज्वल कीर्ति दिगंत पर्यन्त बढ़ाकर अन्य देशों के शासनाधिकारकी बागडोर भी अपने हाथ में कर लेता है ॥ ३२ ॥

गुरुकवी यदि तुङ्गगताविमौ जनुषि कण्टककोणगृहाश्रितौ ।
नृपकुले कुरुतो नृपमन्यथा द्रविड़पं परितो भवतो नरम् ॥३३॥

अन्वयः—यदि जनुषि इमौ गुरुकवी तुङ्गगतौ कण्टककोण गृहाश्रितौ भवतः (तदा) नृपं नृपकुले कुरुतः, अन्यथा परितो द्रविणपं नरं (कुरुतः) ॥ ३ ॥

भा—यदि जन्म समय में वृहस्पति और शुक्र अपने २ उच्च स्थान में होकर केन्द्र तथा कोण (१,४,७,१०,५,९,) स्थान में बैठे हों तो राज्यकुल का उत्पन्न हुआ बालक अवश्य राजा होता है, यदि इस योग में साधारण कुल का बालक उत्पन्न हो तो धनाढ्य, (खिताबी राजा) होता है ॥ ३३ ॥

श्री छत्रयोगः—

प्रसूतिकाले यदि सर्वखेटैस्तनुव्ययाऽगाऽर्थ गृहस्थितैश्चेत् ।
पुरातनात्पुण्यत एव पुंसां श्रीच्छत्रयोगं प्रवदन्ति सन्ताः ॥३४॥

अन्वयः—यदि प्रसूतिकाले सर्वखेटैस्तनुव्ययाऽगाऽर्थगृहस्थितैःचेत् (तदा) पुरातनात् सन्ताः पुण्यत एव पुंसा श्रीच्छत्रयोगं प्रवदन्ति ॥३४ ॥

भा०—यदि जन्म समय में सूर्यादि सभी ग्रह जन्मलग्न, बारहवें, सातवें तथा दूसरे घर में बैठे हों तो प्राचीन महात्माओं का कथन है, कि इस छत्रयोग में उत्पन्न हुआ बालक पुण्यात्मा, प्रभावशाली तथा धनाढय होता है ॥३४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदा जीवो लग्ने मकरमपहाय प्रवसति
तदालं भूपालं नृपतिकुलकालं जनयति।
भवत्येवं चन्द्रो जनुषि जनुरङ्गं च कलया
परिक्रान्तः केन्द्रे नरपतिसुतं भूपतिपरम् ॥ ४५ ॥

अन्वयः-यदा जनुषि मकरमपहाय जीवो लग्ने प्रवसति तदालन्दृपतिकुलबालं भूपालं जनयति, एवं कलया (पूर्णः) चन्द्रः (नीचमपहाय) जनुः अङ्ग केन्द्रे च परिक्रान्तः (तदा) नरपतिसुतं परं भूपतिः भवति ॥३५॥

भा०-जिसके जन्म समय में मकर राशि को छोड़कर बृहस्पति अन्य राशिस्थः लग्न में बैठा हो तो राज्यकुल का उत्पन्न बालक राजा ही होता है, इसी प्रकार पूर्ण चंद्रमा वृश्चिक राशि को छोड़कर लग्न, चौथे, सातवें या दसवें घर में बैठा हो तो राजकुल के बालक को अवश्य राजा बनाता हैं ॥ ३ ॥

सुखागारस्वामी भवति नवमे वाथ दशमे
सुखे वा लग्ने वा हितलवगतो वा शुभखगः।
युतो दृष्टो दन्तावलतुरगयानेन नितरां
जनानामागारं कनकमणिसङ्घैः परिवृतम् ॥ ३६ ॥

अन्वयः—(यदा) शुभखगैर्युतो दृष्टो हितलवगतः सुखागारस्वामी नवमे वाऽथ दशमे वा सुखे वा लग्ने भवति (तदा) जनानामागारं दन्तावलतुरगयानेन (तथा) कनकमणिसङ्घैर्नितरां परिवृतम् ॥ ३६ ॥

भा०—यदि शुभ ग्रहों के साथ अथवा शुभग्रहों से दीखता हुआ अपने मित्र के षड्वर्ग में होकर चौथे घर का स्वामी नवें, दशवें, चौथे अथवा लग्न में बैठा हो तो इस योग में उत्पन्न हुए मनुष्य के दरवाजे पर हाथी और घोड़ों का समूह रहता है, एवं उसका गृह मणि जवाहिरात रत्नों से सुसज्जित स्वर्णमय लक्ष्मी का निवास स्थान। मालूम पड़ता है ॥ ३६ ॥

पञ्चमे भवति कर्मभावपे
कान्तिभाजि गजवाजिजं सुखम्।
सर्वतोऽस्य विदिता ततो
भवेदादिगन्तमतुला यशोलता ॥ ३७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः--(यदा) कर्मभावपे पञ्चमे भवति (तदा) कान्तिभाजिगजवाजिजं सुखं भवेत् ततोऽस्य बालस्य सर्वतः आदिगन्तमतुला यशोलता विदिता भवेत् ॥ ३७ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में दसमेश पाँचवें घर में बैठा हो तो उसको हाथी, घोड़ा, साँड़िनी तथा अनेक प्रकार के सवारियों का यथेच्छ सुख मिलता है और उसकी स्वच्छ उज्वल कीर्ति दिगंत पर्यन्त इतनी शीघ्र बढ़ती है मानो विद्युत को शर्माती है ॥ ३७ ॥

अथ चन्द्रकृद्राजयोगाः--

भवति चन्द्रमसो दशमाधिपो
जनुषि केन्द्रनवद्विसुतोपगः ।
अतिविचित्रमणिव्रजमण्डितो
वसुमतौ वसुभूषणसंयुतः ॥३८॥

अन्वयः--जनुषि चन्द्रमसो दशमाधिपः केन्द्रनवद्विसुतोपगः (भवति) (तदा) अतिविचित्रमणिव्रजमण्डितो (वसुमतौ) वसुभूषणसंयुतो भवति ॥ ३८ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में चंद्रमा से दसवें घर का स्वामी केंद्र (१, ४, ७, १०) स्थान, नवें, दूसरे तथा पांचवें घर में बैठा हो तो स्वर्ण, पन्ना, हीरा, इत्यादि अनेक प्रकार के रत्न तथा भूषणों से युक्त पृथ्वीपति कहलाता है ॥ ३८ ॥

चन्द्राक्रान्तभपः सुखालयगतो दन्तावलानां सुखं
मुक्तास्वर्णमणिव्रजामलयशः पुञ्जं विचित्रालयम् ।
भृत्यापत्यकलत्रमित्रपटलीविद्याविनोदं तथा
पुण्यं संतनुते मुदं नरपतेरर्थं नराणामिह ॥३९॥

अन्वयः--(यदा) चन्द्राक्रान्तभपः सुखालयगतः (तदा) नराणां दन्तावलानां सुखं, मुक्तास्वर्णमणिव्रजामलयशः पुञ्जं विचित्रालयम् तथा भृत्यापत्यकलत्रमित्रपटलीविद्याविनोदं तथा पुण्यं, मुदं एवं नरपतेः अर्थं संतनुते ॥ ३९ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में चंद्रमा जिस राशि में बैठा हो उस राशि का स्वामी जन्म लग्न से चौथे घर में बैठा हो तो उस मनुष्य को हाथी घोड़ा इत्यादि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वाहनों का सुख, रत्नों से जड़ित स्वर्णमय गृह में मूँगा, मोती, लाल, हीरा इत्यादि जवाहरातों से भरा हुआ खजाना का सुख तथा आज्ञाकारी नौकरों का सुख, शुभशील युक्ता पतिव्रता अति सुन्दरी मनोहारिणी रमणी का सुख, पितृभक्त सुशील गुणवान् पुत्र का सुख, निःशठ मित्रों का सुख एवं कला-कौशल-नीति-धर्म-शास्त्रादि विद्या—इत्यादि अनेक सुखों को अखण्ड (यथेष्ठ) भोगता हुआ, दानियों में अग्रगण्य नाम (यश) धारण करता हुआ राज्यकुल से समादर पाता हुआ विशेष धन प्राप्त करता है ॥ ३६ ॥

अनफादियोगः—

व्ययगतैरनफा रविवर्जितैर्द्धन-
गतैः खचरैः स्वनफा विधोः ।
उभयतोऽपि गतैरुदिता नृणां
दुरुधरा मधुराशनभोगदा ॥४०॥

अन्वयः—विधोः व्ययगतैः रवविर्जितैः खचरैः अनफा (तथा) धनगतैः स्वनफा, उभयतोऽपि गतैः दुरुधरा योगा नृणां मधुराशन-भोगदा उदिता ॥ ४० ॥

भा०—चंद्रमा से बारहवें घर में सूर्य के अतिरिक्त कोई ग्रह बैठा हो तो अनफा तथा चंद्रमा से दूसरे घर में सूर्यातिरिक्त कोई ग्रह बैठा हो तो स्वनफा और चंद्रमा से दूसरे, बारहवें (दोनों) घर में सूर्यातिरिक्त ग्रह बैठे हों तो दुरुधरा योग होता है, इन योगों में उत्पन्न हुए मनुष्यों को अनेक विधि मधुर भोजन तथा सुख मिलता है ॥ ४० ॥

अनफायोगफलम् –

जनिमतामनफा कुरुतेवरां
गुणवतीयुवतीरतिवर्द्धनम् ।
नृपसभापटुतामसलं यशो
वरपशोरपि सौख्यकरं परम् ॥४१॥

अन्वयः—जीनमतां अनफा (योगे) गुणवती युवती रतिवर्द्धनं नृप-सभां पटुताममलं यशः वरपशोरप परमं सौख्यकरं कुरुते ॥ ४१ ॥

भा०–जिस मनुष्य के जन्म समय में अनफा योग हो तो केलि-क्रीड़ा में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कामदेव को बढ़ाने वाली अति मधुरभाषिणी सुन्दर युवती का सुख; सभाजीत चातुरी बुद्धिजन्य यश वृद्धि का सुख तथा गोरस देनेवाली गाय-भैंसों का सुख एवं गुणयुक्त वाहनों का सुख यथेच्छ प्राप्त होता है ॥ ४१ ॥

भुजबलेन रमापरमालयं
जनिमतां गरिमा स्वनफा यदा ।
अवलयाऽमलया नवयानभू-
विभुतयाद्भुतया परमं सुखम् ॥ ४२ ॥

अन्वयः--यदा जनिमतां स्वनफा योगः (तदा) भुजबलेन रमा परमालयं, गरिमा, अवलयाऽमलया, नवयानभूविभुतयाद्भुतया परमं सुखं (भवति) ॥ ४२ ॥

भा०--जिसके जन्म समय में स्वनफा योग हो तो वह मनुष्य अपने भुज बल (अनेक प्रकार के व्यापार) से चिरकाल रहने वाला (अटूट) धन से घर भर कर, भूमण्डल में यश का भाजन बन कर अपने नवयुवती प्रिय वादिनी रमणी के साथ प्रगाढ़ सुखों को भोगता है ॥ ४२ ॥

दुरुधुरायोगफलम्—

दुरुधुरा बहुधा वसुधावसु-
व्रजसुवारणवाजिसुखं नृणाम् ।
वितनुते नृपतेरतुलं यशो
गुणकलापपटुत्वमिहाद्भुतम् ॥ ४३ ॥

अन्वयः--(यदा) नृणां दुरुधरायोगः (तदा) बहुधा वसुधावसुव्रजसुवारणावाजिसुखं (वितनुते) नृपतेः अतुलयशः अद्भुतमिह गुणकलापपटुत्वं च वितनुते ॥ ४३ ॥

भा०--जिस मनुष्य के जन्म समय में दुरुधरा योग हो तो वह पृथ्वी; भूषण वाहन, वस्त्र तथा नौकरों का अनेक विधि सुख पाता हुआ, सद्दानादि करके पृथ्वी में यश बढ़ाता हुआ अपने कला कौशल चातुरी विद्या से महाराज के सभा में विचित्र प्रतिष्ठा (उच्चपद) पाता है ॥ ४३ ॥

केमद्रुमयोगः--

न धने न व्यये खेटाश्चन्द्रादिह भवन्ति चेत् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तदा केमद्रुमं प्राहुः पण्डिता मिहिरादयः ॥४४॥

अन्वयः--यदि चेत् चन्द्रात् न धने न व्यये खेटाः भवन्ति तदा मिहिरादयः पण्डिताः केमद्रुमं इह प्राहुः ॥ ४४ ॥

भा०—यदि चन्द्रमा से दूसरे और बारहवें घर में कोई भी ग्रह न हो तो मिहिरादि आचार्यगण इसे केमद्रुत योग कहते हैं ॥ ४४ ॥

केमद्रुमे सुरपतेरपि नन्दनोऽयं
देशान्तरं व्रजति पुत्रकलत्रहीनः ।
धर्म्मच्युतो विकलितो गदसङ्घभीतो
नानाधितापसहितो महितोषहीनः ॥ ४५ ॥

अन्वयः--केमद्रुमे (योगे) सुरपतेः नन्दनोऽप्ययं पुत्र कलत्रहीनः देशान्तरं व्रजति (तथा) धर्मच्युतो विकलितो गदसंघभीतो-नानाधि, तापसहितः महितोषहीनो व्रजति ॥ ४५ ॥

भा०--जिसके जन्म के समय केमद्रुम योग हो वह इन्द्र का प्रिय पुत्र क्यों न हो अपने राज्य सिंहासन को छोड़ कर स्त्री पुत्रों से रहित धर्मविरोधी बन कर अनेक (देहिक, दैविक, आधिभौतिक) दुःखों को भोगता हुआ इतस्ततः भ्रमण करता फिरता है ॥ ४५ ॥

केमद्रुमभङ्गयोगः —

शुक्रेज्यसौम्यसहितोऽपि च कण्टकस्थो
वा पूर्णबिम्ब इह यस्य भवेन्मृगाङ्कः ।
केन्द्राणि खेचरयुतानि यदा नराणां
केमद्रुमोद्भवफलं विफलत्वमीयात् ॥ ४६ ॥

अन्वयः--यस्य पूर्णविम्बः मृगाङ्कः शुक्रेज्यसौम्यसहितोऽपि कण्टकस्थो वा केन्द्राणिखेचरयुतानि (भवेयु) तदा नराणां केमद्रुमोद्भवफलं विफलत्वमीयात् ॥ ४६ ॥

भा०--जिसके जन्म समय में पूर्ण चन्द्रमा शुक्र, बृहस्पति, बुध इनमें से किसी के साथ-साथ केंद्र स्थान में बैठा हो, अथवा कोई भी बलवान् शुभ ग्रह केन्द्र कोण (१; ४, ७, १०, ५, ९,) में बैठा हो तो उक्त केमद्रुम योग जन्य अनिष्ट फल नष्ट होता है ॥ ४६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हृदयोगः—

जनुषि नीचगताः सकला ग्रहा-
यदि भवन्ति तदा हृदसंज्ञकः ।
हृदभवो विकलो विभवोनितो
रिपुहतो नितरां शठतायुतः ॥४७॥

अन्वयः—यदि जनुषि सकला ग्रहाः, नीचगताः भवन्ति, तदा हृद संज्ञकः (योगः) हृदभवो (नरः) विकलो विभवोनितो रिपुहतो (तथा) नितरां शठतायुतो (भवति) ॥ ४७ ॥

भा०—यदि सूर्यादि सभी ग्रह अपने-अपने नीच स्थान में बैठे हों तो हृद-योग होता है । इस योग में उत्पन्न हुआ मनुष्य शरीर से कष्ट भोगने वाला, धन धान्य से रहित, सर्वदा शत्रुओं से कष्टपानेवाला और अति कृपण होता है ।४७।

फणियोगः—

घटगते तपने क्रियगे शना-
वलिगते च विधौ निजनीचभे ।
भृगुसुते जनने फणिसंज्ञको
विकलितं कुरुते नरपुङ्गवम् ।४८॥

अन्वयः—जनने घटगते तपने, क्रियगे शनौ, अलिगते विधौ, निज नीचभे च भृगुसुते, (तदा) फणिसंज्ञकः (योगः), नरपुङ्गवं विकलितं कुरुते ॥ ४८ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में कुम्भ राशि में सूर्य बैठा हो, मेष राशि में शनि बैठा हो, वृश्चिक राशि में चंद्रमा बैठा हो और अपने नीच (कन्या) राशि में शुक्र बैठा हो तो फणि संज्ञक योग होता है, यह (फणि) योग श्रेष्ठ कुल में उत्पन्न हुए मनष्य को भी अति भ्रमजाल में डालकर निर्धन बना देता है ॥४८॥

काकयोगः—

अजगते भृगुजे रविजे जनु-
र्वृषभगे दिनपेऽनिमिषे विधौ ।
अवनिजे यदि कर्कटगेहगे
भवति काकभवो विभवोनितः ॥४९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः--(यस्य) जनुः अजगते भृगुजे रविजे, वृषभगे दिनपे, अनिमिषे विधौ, अवनिजे कर्कटगेहगे (तदा) काकभवो (योगः) विभवोनितो भवति ॥ ४९ ॥

भा०--जिसके जन्म समय में मेष राशि में शुक्र और शनि बैठे हों, वृष राशि में सूर्य बैठा हो, मीन राशि में चंद्रमा बैठा हो और कर्क राशि में मंगल बैठा हो तो काक संज्ञक योग होता है, यह (काक) योग धनाढ्य कुल में उत्पन्न हुये मनुष्य को भी धनहीन कर देता है ॥ ४९ ॥

दरिद्रयोगः—

विधुयुतो घटभे दिवसाधिपो
गुरुमहीजकवीनसुताः पुनः ।
यदि भवन्ति च नीचगता-
जनुर्व्रजति राजसुतोऽपिदरिद्रताम् ॥५०॥

अन्वयः—यदि जनुः विधुयुतो दिवसाधिपो घटभे, पुनः गुरुमहीज कवीनसुताः नीचगताः भवन्ति (तदा) राजसुतोऽपि दरिद्रतां व्रजति॥५०॥

भा०—जिसके जन्म समय में चंद्रमा के साथ २ सूर्य कुम्भ राशि में बैठा हो और बृहस्पति; मङ्गल; शुक्र तथा शनि अपने २ नीच राशि में (क्रम से -मकर, कर्क; कन्या, मेष) में बैठे हों तो दरिद्र योग होता है; यह योग राजकुमार को भी दरिद्र बना देता है तो दूसरे की क्या कथा ॥ ५० ॥

हुताशनयोगः—

शनिमहीजनिशाकरचन्द्रजाः
यदि जनुः किल नीचमुपाश्रिताः ।
मकरभे भृगुजोऽपि हुताशनः
परमतापकरो न करोति शम् ॥ ५१ ॥

अन्वयः—यदिजनुः शनिमहीजनिशाकरचन्द्रजाः किल नीचमुपाश्रिताः, भृगुजोऽपि मकरभे (तदा) हुताशनः (योगः) परमतापकरः शम् न करोति ॥ ५१ ॥

भा०--जिसके जन्म समय में शनि, मङ्गल, चंद्रमा और बुध अपने १ नीच स्थान में बैठे हों और शुक्र मकर राशि में बैठा हो तो हुताशन योग होता है इस

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

योग में उत्पन्न हुए मनुष्य तरह २ के व्याधियों से पीड़ित, मानसिक कष्ट से संतप्त रहते हुए आजन्म सुख नहीं पाते ॥ ५१ ॥

राजयोगभङ्गविचारः—

यदि भवंति नवायदशाधिपा
जनुषि नीचगता विकलाभृशम् ।
नृपतियोगजमंगभृतां फलं
परिणमत्यपि निष्फलतामिह ॥ ५२ ॥

अन्वयः--यदि जनुषि नवायदशाधिपाः नीचगताः विकला च भवन्ति (तदा) अंगभृतां नृपतियोगजं फलं भृशमिह निष्फलतां परिणमति ॥ ५२ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में नवमेश, लाभेश और दसमेश अपने २ नीच स्थान में बैठे हों अथवा विकल (पापग्रहों के साथ) हों तो राज्यकुल में उत्पन्न हुआ बालक भी दरिद्र हो जाता है ॥ ५२ ॥

रिपुमन्दिरगैरेव वैरिभावगतैरपि ।
राजयोगा विनश्यन्ति दिवाकरकरोपगैः ॥५३॥

अन्वयः—(यदि राजयोगकारकाः) रिपुमन्दिरगैः वैरिभावगतैरपि (वा) दिवाकरकरोपगैः (तदा) राजयोगाः विनश्यन्ति ॥ ५३ ॥

भा०—यदि राजयोग कारक ग्रह अपने-अपने शत्रु के घर में बैठे हों, अथवा छठें, आठवें, बारहवें घर में बैठे हों, अथवा अस्त हो गए हों तो राजयोग नष्ट हो जाते हैं ॥ ५३ ॥

भवति वीक्षणवर्जितमङ्गिनां
जननलग्नमिहाम्बरगामिनाम् ।
जननभं च नृपालभवो नरो
जगति यातितरामतिरंकताम् ॥ ५४॥

अन्वयः—(यदि) अंगिनां जननलग्नं जननभं च अम्बरगामिनां वीक्षण वर्जितं भवति (तदा) जगति नृपालभवो नरोऽतितरां रङ्कतां याति ॥ ५४ ॥

भा०—यदि जन्म समय में जन्मलग्न तथा चन्द्रमा को कोई भी ग्रह न

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

देखता हो तो राजयोग (राज्यकुल) में उत्पन्न होता हुआ भी मनुष्य अत्यन्त दरिद्र हो जाता है ॥ ५४ ॥

भद्रायां व्यतिपाते वा तथा केतूदये जनिः ।
यस्य तस्य विनश्यन्ति राजयोगफलान्यपि ॥५५॥

अन्वयः—यस्य भद्रायां व्यतिपाते वा तथा केतूदये जनिः तस्य राजयोगफलान्यपि विनश्यन्ति ॥ ५५ ॥

जिसके जन्म समय में भद्रा, व्यतिपात अथवा केतुतारा का उदय हो तो उसको राजयोग होता हुआ भी नष्ट हो जाता है ॥ ५५ ॥

परमनीचलवे यदि चन्द्रमा
भवति जन्मनि तस्य विशेषतः ।
नृपतियोगफलं विफलं ततः
कलयतीति वदन्ति मुनीश्वराः ॥ ५६ ॥

अन्वयः—(यस्य) जन्मनि यदि चन्द्रमा परमनीचलवे भवति 'तस्य' विशेषतः नृपतियोगफलं विफलं कलयतीति मुनीश्वराः वदन्ति ॥ ५६ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में चंद्रमा अपने परम नीचांशस्थान में बैठा हो तो उसको विशेष राजयोग होता हुआ भी विफल (नष्ट) हो जाता है, ऐसा मुनियों का वाक्य है ॥ ५६ ॥

इति श्री भावकुतूहले—उत्साहवर्द्धिनी भाषाटीकायां राजयोग तद्भंगयोश्च सप्तमोऽध्यायः ॥७॥

❀❀❀

अथ सामुद्रिकाष्टमोऽध्यायः

राजयोगलक्षणम्—

जनने प्रबलो यस्य राजयोगो भवेद्यदि ।
करे वा चरणेऽवश्यं राजचिन्हं प्रजायते ॥ १ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः--यस्य जनने प्रबलो राजयोगो भवेत् (तस्य) करे वा चरणेऽवश्यं राजचिन्हं प्रजायते ॥ १ ॥

भा०—जिस मनुष्य के जन्म समय में ग्रह जन्य राजयोग होता है, उसके हाथ अथवा चरण में अवश्य राजचिन्ह होता है ॥ १ ॥

अनामामूलगा रेखा सैव पुण्याभिधामता ।
मध्यमाङ्गुलिमारभ्य मणिबन्धान्तमागता ॥ २ ॥
सोर्ध्वरेखा विशेषेण राज्यलाभकरी भवेत् ।
खण्डिता दुष्टफलदा क्षीणा क्षीणफलप्रदा ॥ ३ ॥

अन्वयः—अनामामूलगा रेखा सैव पुण्याभिधामता, मध्यमांगुलिमारभ्य मणिबन्धान्तमागता, सोर्ध्वरेखा विशेषेण राज्यलाभकरी भवेत् (यदि) खण्डिता (तदा) दुष्टफलदा (चेत्) क्षीणा क्षीणफलप्रदा भवेत् ॥ २-३ ॥

भा--जिस मनुष्य के हाथ में अनामिका अँगुली के मूल से अथवा मध्यमा अँगुली के मूल से मणिबन्ध पर्यन्त मोटी और सीधी रेखा हो वह अवश्य राजा होता है, यदि यह रेखा खण्डित (आधी) हो तो राजयोग नष्ट करने वाली होती है, यदि यह रेखा पतली हो तो साधारण जमींदार (रायबहादुर) बनाने वाली होती है ॥ २-३ ॥

जवचिन्हफलम्

अङ्गुष्ठमध्ये पुरुषस्य यस्य
विराजते चारुयवो यशस्वी ।
स्ववंशभूषासहितो विभूषा-
योषाजनैरर्थगणैश्चमर्त्यः ॥ ४ ॥

अन्वयः -यस्य पुरुषस्य अङ्गुष्ठमध्ये चारुयवो विराजते समर्त्यः यशस्वी स्ववंशभूषासहितः विभूषायोषाजनैरर्थगणैश्च (भवति) ॥ ४ ॥

भा०--जिस मनुष्य के अंगूठे में सुन्दर पुष्ट जव के आकार का चिन्ह (जव रेखा) हो वह तरह-तरह की कीर्ति करनेवाला, अपने कुल को मणि के समान प्रकाश (आदर) करनेवाला, सुन्दर रमणी तथा भूषण वाहनादिकों से युक्त धनाढ्य होता है ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वैसारिणो वाऽऽतपवारणो वा
चेद्वारणो दक्षिणपाणिमध्ये ।
सरोवरं चाङ्कुशं एव यस्य
वीणा च राजा भुवि जायते सः ॥ ५ ॥

अन्वयः--यस्य (नरस्य) दक्षिणपाणिमध्ये चेद् वैसारिणः, वाऽऽतपवारणः, वारणः, सरोवरं वा अङ्कुशं, वीणा च (अस्ति) स भुवि राजा जायते ॥ ५ ॥

भा०—जिस मनुष्य के दाहिने हाथ में मछली, छाता, हाथी, तालाब अथवा अंकुश और वीणा का चिन्ह हो तो वह राजा होता है ॥ ५ ॥

मुसलशैलकृपाणहलाङ्कितं
करतलं किल यस्य सवित्तपः ।
कुसुममालिकया फलमीदृशं
नृपति रेव नृपालभवे यदा ॥६॥

अन्वयः--यस्य किल करतलं मुसलशैलकृपाणहलाङ्कितकुसुम मालिकया च स्यात्तदा स वित्तपः, यदा इदृशं फलं नृपालभवेत्तादा नृपतिरेव (भवति) ॥ ६ ॥

भा०—जिसके हाथ में मुसल, पर्वत, तलवार, हल और फूल के माला का चिन्ह हो तो वह धनाढ्य होता है, यदि ये सब चिन्ह राजकुमार के हाथ में हो तो वह अवश्य सिंहासन पर बैठता है ॥ ६ ॥

करतलेऽपि च पादतले नृणां
तुरगपङ्कजचापरथाङ्गवत् ।
ध्वजरथासनदोलिकयासमं
भवति लक्ष्मरमापरमालये ॥ ७ ॥

अन्वयः--नृणां करतले पादतलेऽपि च तुरगपङ्कजचापरथाङ्गवत्ध्वज-रथासनदोलिकया समं लक्ष्मं (तदा) रमापरमालये भवति ॥ ७ ॥

भा०—जिस मनुष्य के हथेली अथवा पैर के तलवे में घोड़ा, कमल का फूल, धनुष, चक्र; ध्वजा, सिंहासन और पालकी का चिन्ह हो उसका घर श्री लक्ष्मी का निवास स्थान हो जाता है ॥ ७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कुम्भःस्तंभो वा तुरङ्गो मृदङ्गः
पाणावंघ्रौ वा द्रुमो यस्य पुंसः ।
चञ्चद्दण्डोऽखण्डलक्ष्म्यापरीतः
किंवा सोऽयं पण्डितः शौण्डिकोवा ॥ ८ ॥

अन्वयः--यस्य पुंसः पाणावंघ्रौ कुम्भः स्तम्भो वा तुरङ्गः मृदंगः द्रुमः दण्डो वा (भवति तस्य) अखण्डलक्ष्म्या परीतः किं वा सोऽयं पण्डितः शौण्डिको वा (भवति) ॥ ८ ॥

भा०—जिस पुरुष के हाथ अथवा पैर के तलवे में घट (कलश); स्तम्भ, घोड़ा, मृदङ्ग, वृक्ष और छड़ी का चिन्ह हो वह आजन्म लक्ष्मीयुक्त पण्डित अथवा धनाढ्य मद्य बेंचने वाला (कलवार) होता है ॥ ८ ॥

विशालभालोऽम्बुजपत्रनेत्रः
सुवृत्तमौलिः क्षितिमण्डलेशः ।
आजानुबाहुः पुरुषं तमाहुः
क्षोणीभर्तां मुख्यतरं महान्तः ॥ ९ ॥

अन्वयः--(यस्य) विशाल भालोऽम्बुज पत्रनेत्रः सुवृत्तमौलिः आजानु बाहुः तं पुरुषं क्षितिमण्डलेशः क्षोणिभृतां मुख्यतरं महान्तः आहुः ॥ ९ ॥

भा०--जिस पुरुष का ललाट ऊँचा (बड़ा) हो, आँख कमल के फूल की तरह खिली हुई सुन्दर हो और गोलाकार सुन्दर शिर हो, तथा पैर के घुटने तक लम्बी-लम्बी बाह हो तो वह पुरुष सब राजाओं में श्रेष्ठ आदरणीय पृथ्वीपति (महाराजा) कहलाता है ॥ ९ ॥

नाभिर्गभीरा सरला च नासा
वक्षस्थलं रत्नशिलातलाभम् ।
आरक्तवर्णौ खलु यस्य पादौ
मृदू भवेतां स नृपोत्तमः स्यात् ॥१०॥

अन्वयः—यस्य नाभिर्गभीरा सरला नासा च वक्षः स्थलं रत्नशिलातलाभम् (तथा) पादौ-आरक्तवर्णौ, मृदुश्चभवेतां स नृपोत्तमः स्यात् ॥१०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—जिस मनुष्य की नाभी गहरी, नाक सीधी (लम्बायमान सुग्गा के ठोर के समान) छाती चौड़ी (रत्नशिला के समान) और दोनों पैर के तलवे सुन्दर लाल रङ्ग कोमल हों तो वह राजा होती है ॥ १० ॥

राजते करगो यस्य तिलोऽतुलधनप्रदः ।
तथा पादतले पुंसां वाहनार्थसुखप्रदः ॥ ११ ॥

अन्वयः—यस्य करगः तिलः राजते स अतुल धनप्रदः तथा पादतले (तिलः) पुंसां वाहनार्थसुखप्रदः स्यात् ॥ ११ ॥

भा०—जिस मनुष्य के दाहिने हाथ में तिल का चिन्ह हो वह बहुत बड़ा धनवान् होता है, जिसके दाहिने पैर के तलवे में तिल का चिन्ह हो उसको पर्येष्ट वाहनों का सुख मिलता है ॥ ११ ॥

राजवंशप्रजातानां समस्तफलमीदृशम् ।
अन्येषामल्पतां याति तथा व्यक्तं सुलक्षणम् ॥ १२ ॥

अन्वयः—राजवंश प्रजातानां ईदृशं समस्तं फलम् तथा अन्येषामल्पतां याति (इति) सुलक्षणं व्यक्तम् ॥ १२ ॥

भा० —राजकुल में उत्पन्न हुये राजकुमारों के कहे हुये लक्षण हों तो वह धन-धान्य युक्त प्रतापी राजा होता है,यदि उक्त लक्षण साधारण कुल में उत्पन्न हुए मनुष्यों को हो तो वह अन्न वस्त्रादि से युक्त श्रेष्ठ पुरुष कहलाता है ॥१२॥

इति भावकुतूहले-उत्साहवर्द्धिनी सान्वयभाषाटीकायामष्टमोऽध्यायः ।

अथ नवमोऽध्यायः

स्त्रीजातकम्—

शुभाशुभं पूर्वजनेर्विपाकात्-
सीमन्तिनीनामपितत्फलं हि ।
विवाहकालात्परतः प्रवीणै-
रसंभवात्तत्पतिषु प्रकल्प्यम् ॥१॥

अन्वयः—सीमन्तिनीनामपि शुभाशुभं पूर्वजनेर्विपाकात् (भवति) तत्फलं विवाहकालात्परः तत्पतिषु-असम्भवात्प्रवीणैः प्रकल्प्यम् ॥ १ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—स्त्री या पुरुषों के पूर्वजन्मों का किया हुआ पुण्य अथवा पाप तज्जन्य ही सुख दुःख इस जन्म में भोगना पड़ता है यथा "अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम्" और भी कहा है नाभुक्तं क्षीयते कर्म कल्प कोटि शतैरपि" इत्यादि अनेक वाक्यों से यह बात सिद्ध है कि किये हुये कर्मों का ही फल जीवों को भोगना पड़ता है। वही कर्म सूचक ग्रह ईस जन्म में जन्म लग्न से इष्ट अथवा अनिष्ट स्थान में बैठकर शुभाशुभ फल देते हैं। स्त्रियों का जो शुभाशुभ फल है वह पुरुषों के साथ-साथ भोगना पड़ता है, अतः विवाह समय में कन्या की कुण्डली के ग्रह अवश्य विचारणीय हैं, ऋषियों का कहना है कि कन्याओं की जन्म कुण्डली में जो सुख-दुख देनेवाले, सन्तान सम्भव-असम्भव योग करने वाले, सौभाग्य तथा वैधव्य योग करने वाले ग्रह बैठ जाते हैं उसका फल विवाह के बाद पति को भी अवश्य भोगना पड़ता है अतः पूर्ण विचार करने वाले ज्यौतिषियों के पास जाकर रत्न, वस्त्र, फल इत्यादि से संतोष कर स्वस्थ चित्त होने के बाद जन्म पत्रस्थ ग्रहों का विचार कराना चाहिये ॥ १ ॥

अतीव सारं फलमङ्गनाना-
मुदीरितं शौनकनारदाद्यैः।
व्यक्तं यथा लग्ननिशाकराभ्यां
मया तथैव प्रतिपाद्यते तत् ॥२॥

अन्वयः—यथा अङ्गनानां शौनकानारदाद्यैरुदीरितं तत् लग्ननिशाकराभ्यां तथैव मया व्यक्तं प्रतिपाद्यते ॥ २ ॥

भा०—जैसे स्त्रियों का अत्यन्त सूक्ष्म फल विचार शौनक नारदादि ऋषियों ने किया है वही ग्रहजन्य समस्त फल लग्न और चंद्रमा से विचार करने के लिए इस ग्रन्थ में लिखा जाता है ॥ २ ॥

सौभाग्यादिस्थानसंज्ञा

सौभाग्यं सप्तमस्थाने शरीरं लग्नचंद्रयोः।
वैधव्यं निधनस्थाने पुत्रे पुत्रं विचिन्तयेत् ॥ ३ ॥

अन्वयः—(स्त्रीणां) सौभाग्यं सप्तमस्थाने, शरीरं लग्नचन्द्रयोः, वैधव्यं निधनस्थाने, पुत्रं पुत्रे विचिन्तयेत् ॥ ३ ॥

भा०—स्त्रियों के सौभाग्य का विचार जन्म लग्न में सातवें घर से, शरीर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सुन्दर पुष्ट दुर्बल इत्यादि का विचार लग्न और चंद्रमा से, वैधव्य का विचार आठवें घर से और संतान का विचार पाँचवें घर से करना चाहिये ॥ ३ ॥

सुभगा दुर्भगा योगः—

सौम्याभ्यां प्रवरा शुभत्रययुते जाया भवेद्भूपतेः
सौम्यैकेनपतिप्रिया मदनभे दृष्टे युते जन्मनि ।
पापैकेन पुनर्विलोलनयना पापद्वयेनाधमा
पापानां त्रितयेन सा परकुलं हत्वा पतिं गच्छति ॥ ४ ॥

अन्वयः—जन्मनि मदनभे सौम्याभ्यां दृष्टे युते प्रवरा (तथा) शुभत्रययुते दृष्टे भूपतेः जाया भवेत्, सौम्यैकेन (युते दृष्टे) पतिप्रिया, पुनः पापैकेन (युते दृष्टे) विलोलनयना, पापद्वयेन(दृष्टे युते) अधमा त्रितयेन पापानां (दृष्टे युते) सा पतिं हत्वा परकुलं गच्छति ॥ ४ ॥

भा०—जन्म समय में जिस कन्या के जन्म लग्न से सातवें घर को दो शुभग्रह पूर्ण दृष्टि से देखते हों या युक्त हों तो वह सुशील और पति सेवा में चतुरा होती है, यदि सातवां घर तीन शुभग्रह से पूर्ण दृष्ट अथवा युक्त हो तो पृथ्वीपति की स्त्री होती है, यदि एक शुभ ग्रह से दृष्ट युक्त हो तो अपने पति की प्यारी होती है, और यदि सातवां घर को एक पापाग्रह पूर्ण देखता हो या युक्त हो तो वह स्त्री चन्चल नेत्रवाली (परपतियों को कुदृष्टि से देखनेवाली), यदि सातवां घर दो पापग्रहों से पूर्ण दृष्ट या युक्त हो तो वह स्त्री (अधर्म करनेवाली परपति से प्रेम करनेवाली), यदि सातवां घर तीन पापग्रहों से दृष्ट अथवा युक्त हो तो वह स्त्री अपने पति को मार कर दूसरे कुल में चली जानेवाली होती है ॥ ४ ॥

वैधव्यादियोगः—

जनुः काले यस्या मदनभवने वासरमणौ सूर्ये
पतिं त्यक्त्वा नूनं कुपितहृदया भूमितनये ।
अवश्यं वैधव्यं सपदि कमलाक्षी रविसुते
जरां पापैर्दृष्टे निजपतिविरोधं व्रजति वा ॥ ५ ॥

अन्वयः—यस्या जनुः काले वासरमणौ मदनभवने सा कुपितहृदया नूनं पतिं त्यक्त्वा, भूमितनये अवश्यं, वैधव्यं, (यदा) रविसुते (मदनभवने तदा कमलाक्षी सपदि जरां (गच्छति), वा पापैर्दृष्टे निजपति विरोधं व्रजति ॥ ५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—जिस स्त्री के जन्म लग्न से सातवें घर में सूर्य बैठा हो तो वह स्त्री क्रोधयुक्त नित्य अपने पति से कलह करके अन्ततोगत्वा पति को छोड़ देती है। यदि सातवें घरमें मङ्गल बैठा हो तो वह अवश्य विधवा होती है। यदि सातवें घर में शनि बैठा हो तो वह कमलाक्षी शीघ्र वृद्धा हो जाती है अथवा युवावस्था तक कुमारी रह के बालक पति के साथ उसका विवाह होता है। यदि तीन वा तीन से अधिक पापग्रह सातवें घर को देखते हों तो भी वह स्त्री अपने पति से विरोध करती है ॥ ५ ॥

पतिव्रतायोगः—

यस्याः शशाङ्के जनिलग्नभे वा
रामक्षगे सा प्रकृतिः स्थिरा स्यात् ।
शुभेक्षिते रूपवती गुणज्ञा पति-
प्रिया चारुविभूषणाढ्या ॥ ६ ॥

अन्वयः—यस्याः शशाङ्के जनिलग्नभे वा रामक्षगे सा प्रकृतिः स्थिरा स्यात्, शुभेक्षिते रूपवती गुणज्ञा चारुविभूषणाढ्या पतिप्रियास्यात् ॥६॥

भा०—जिस स्त्री के जन्मकाल में चन्द्रमा, जन्मलग्न अथवा तीसरे घर में बैठा हों तो वह स्त्री गम्भीर स्वभाववाली होती है, यदि उक्त, चन्द्रमा को शुभ ग्रह देखते हों तो वह स्त्री अत्यन्त रूपवती, अनेक शुभ गुणों से युक्त, पतिव्रता और भूषण शृङ्गारादिकों से युक्त अपने पति की अत्यन्त बल्लभा होती है ॥ ६ ॥

यदाङ्गचन्द्रावसमे भवेतां
तदा नराकारसमाकुरूपा ।
पापेक्षितौ पापयुतौ विशेषा-
द्गदातुरा रूपगुणैर्विहीना ॥ ७ ॥

अन्वयः—यदाङ्गचन्द्रावसमे भवेतां तदा नराकारसमाकुरूपा (भवेत्) यदा पापेक्षितौ पापयुतौ भवेतां तदा विशेषाद्गदातुरा रूपगुणैर्विहीना (स्यात्) ॥ ७ ॥

भा०—जिस स्त्री के जन्म समय में लग्न और चन्द्रमा विषम (१, ३, ५, ७, ९, ११) राशि के लग्न और नवांश में हो तो वह स्त्री पुरुष के आकार में रहती हुई कुरूपा होती है। यदि लग्न और चन्द्रमा विषम राशि में रहते हुये पापग्रहों से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दृष्ट अथवा युक्त हों तो वह स्त्री अनेक रोगों से युक्त सौन्दर्य और सद्गुणों से हीन होती है ॥ ७ ॥

अथ नारीराजयोगः--

जनुः काले यस्या मदनसदने दानवगुरौ
शुभाभ्यामाक्रान्ते गतवति तदा सा विधुमुखी ।
गजेन्द्राणां मुक्ताफलविमलमालावृतकुचा
प्रिया पत्युर्नित्यं प्रभवति शचीवत्क्षितितले ॥ ८ ॥

अन्वयः--यस्या जनुः काले शुभाभ्यामाक्रान्ते दानवगुरौ मदनसदने गतवति तदा सा विधुमुखि गजेन्द्राणां मुक्ताफलविमलमालावृतकुचा पत्युः प्रिया नित्यं शचीवत् क्षितितले प्रभवति ॥८॥

भा०—जिस स्त्री के जन्मकाल में दो शुभ ग्रह से दीखता हुआ शुक्र सातवें घर में बैठा हो तो उस सौभाग्यवती स्त्री के उच्च स्तनों के मध्य में मोतियोंकी माला सुशोभित होता है और वह स्त्री सब शृंगारों से युक्त अपने पति की प्राण वल्लभा होती हुई इन्द्राणी की तरह सुख करती हुई राजरानी कहलाती है ।८।

समाक्रान्ते लग्ने त्रिदशगुरुणा वाथ भृगुणा
बुधे कन्याराशौ मदनभवने भूमितनये ।
मृगे कर्के चन्द्रे सति भवति लावण्यतिलका
तपोरेखायोषा प्रभवति विशेषात्क्षितिपतेः ॥ ९ ॥

अन्वयः—अथ लग्नेत्रिदशगुरुणा वा भृगुणा समाक्रान्ते, बुधे कन्याः राशौ मदनभवने, भूमितनये मृगे,(तथा) कर्के चन्द्रे सति लावण्यतिलका भवति (तथा) विशेषात्क्षितिपतेस्तपोरेखायोषा प्रभवति ॥ ९ ॥

भा०--जिसके जन्म समय में लग्न में बृहस्पति अथवा शुक्र बैठा हो बुध कन्या राशि में होकर सातवेंघर में बैठा हो, मङ्गल मकर राशि में बैठा हो, और कर्क राशि में चन्द्रमा बैठा हो तो वह सुन्दरी अत्यन्त शोभायुक्त स्त्रियों (रति) के सौन्दर्य को नीचा दिखानेवाली, राजरानियों में पटरानी कहलाती है ॥ ९ ॥

शशाङ्के कर्कस्थे भवति हि युवत्यां विधुसुते
तनौ जीवे मीने गवि भृगुसुते जन्मसमये ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सहस्राली मान्या जगति नृपकन्या गुणवती ।
विशेषादेषा स्यान्नृपतिपतिका पुण्यलतिका ॥ १० ॥

अन्वयः- जन्मसमये, शशङ्के कर्कस्थे, युवत्यां विधुसुते, मीने जीवे तनौ (तथाच) गवि भृगुसुते भवति (तदा) सहस्राली मान्या जगति नृपकन्या गुणवति विशेषादेषा नृपतिपतिका पुण्यलतिका स्यात् ॥ १० ॥

भा०— जिसके जन्म समय में चंद्रमा कर्क राशि में बैठा हो, कन्या राशि में बुध बैठा हो, मीन राशि का होकर बृहस्पति लग्न में बैठा हो और वृष राशि में शुक्र बैठा हो तो वह राजकन्या हजारों सखियों में आदरणीय, पृथ्वी में सद्गुणों से भरी हुई श्रीमहाराज की वामाङ्गी, धर्म की लता होती है ॥१०॥

अथ सप्तमे प्रत्येकग्रहफलानि-

दिनपताविह कामनिकेतनं गत-
वति प्रवराप्यवराभवेत् ।
जनुषि वल्लभभावविवर्जिता
सुजनतारहिता वनिता भृशम् ॥ ११ ॥

अन्वयः-जनुषि दिनपताविह काम निकेतनं गतवति (तदा) वनिता भृशं प्रवरापि अप्रवरा, वल्लभभावविवर्जिता,सुजनतारहिताभवेत् ॥११॥

भा०-जिसके जन्म समय में सूर्य सातवें घर में बैठा हो वह स्त्री अतिसुन्दर, मधुर भाषिणी होती हुई भी घर में सबको अप्रिय मालूम पड़ती है, अपने पति से कम आदर पानेवाली और गृह कलहकारिणी सी प्रतीत होती है ॥ ११ ॥

वृषे राकानाथे भवति मदने जन्मसमये
भवेदेषा योषा विमलवसना चारुवदना ।
विनम्रा मुक्तालीवलितकुचभारेण नितरां
परालीलालक्ष्मीरतिपतिरमेव क्षितितले ॥ १२ ॥

अन्वयः--(यस्याः) जन्मसमये वृषे राकानाथे मदने भवेत् (तदा) एषा योषा विमलवसना चारुवदना, विनम्रा मुक्तालीवलितकुचभारेण नितरां क्षितितले परालीलालक्ष्मीरतिपतिरमेव भवति ॥ १२ ॥

भा०—जिसके जन्मसमय में वृष राशि में होकर चन्द्रमा सातवें घर में बैठा हो तो वह वराङ्गना स्वर्ण के समान कान्तिवाली, वस्त्र भूषणों से शृंगार किये

५

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हुई, गजमुक्ता के हार से सुसज्जित स्तनों के भार से विनम्र हुई, निजवल्लभ के अङ्क में अनेक भाँति काम केलि (क्रीड़ा) करती हुई, इस भूमण्डल में कामदेव की स्त्री (रति) अथवा श्रीलक्ष्मी की तरह शोभा पाती है ॥ १२ ॥

अङ्गारके मदनमन्दिरमिन्दुरमिन्दुभावं
मन्दान्विते हरिभगे जननेऽङ्गनायाः।
वधव्यमेव नियतं कपटप्रबंधा-
द्वाराङ्गना भवति सैव वराङ्गनापि ॥ १३ ॥

अन्वयः—यस्याः अङ्गनायाः जनने मदनमंदिरमिंदुभावं अङ्गारके, (वा) हरिभवे मन्दान्वितेऽङ्गारके, (तदा) सैव नियतं वैधव्यं अथवा वराङ्गनामपि कपटप्रबन्धाद्वाराङ्गना भवति ॥ १३ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में कर्क राशि का होकर मंगल सातवें घर में बैठा हो तो वह स्त्री अवश्य विधवा होती है, अथवा श्रेष्ठ कुल में उत्पन्न होकर छिप करके कुकर्म (वेश्या का कर्म) करती है, अथवा वेश्या हो जाती है ॥१३॥

मकर लग्न

अनेकस्त्री भर्ता भवति मखकर्त्ता च मदने
बुधे तुंगे यस्या जनुषि खलुतस्याः पतिरिह।
स्वयं वामा कामाकुलितहृदया मोदकलया
परीता मुक्तालीरजतकनकालीमणिगणैः ॥ १४ ॥

अन्वयः—यस्याः जनुषि तुङ्गे बुधे मदने तस्याः पतिः अनेक स्त्री भर्ता, मखकर्ता (तथा) इह स्वयं वामा कामकुलितहृदया मोदकलया मुक्ताळीरजतकनकालीमणिगणैः परीता भवति ॥ १४ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में कन्या राशि का होकर बुध सातवें घर में बैठा हो तो वह वरांगना अनेक स्त्रियों (सौतियों) के रहते हुये भी अपने पति का प्यारी, साथ-साथ में यज्ञ करनेवाली, कामविह्वल होकर रति क्रीड़ा में पति को अति सुख देनेवाली, और मणि, पन्ना, हीरा आदि के माला तथा आभूषणों को पहनकर अत्यन्त शोभा प्राप्त करनेवाली होती है ॥ १४ ॥

मीन लग्न

परिक्रान्ते यस्या मदनभवने देवगुरुणा
गुणज्ञा धर्मज्ञा निजपतिपदाब्जं भजति सा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मणीनां मालाभिः कनकघटिताभिश्च शिरसा
समाक्रान्ता कान्ता रतिपतिपताकेव शशिभे ॥ १५ ॥

अन्वयः—यस्या मदनभवने देवगुरुणा परिक्रान्ते सा गुणज्ञा धर्मज्ञा निजपतिपदाब्जं भजति (यदि) शशिभे देवगुरुणा मदनभवने (तदा) मणीनां मालाभिः कनकघटिताभिश्च शिरसा समाकान्ता कान्ता रतिपतिपताकेव (भवति) ॥ १५ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में सातवें घर में बृहस्पति बैठा हो वह स्त्री अनेक गुणों से युक्त, देवादि अर्चन तथा श्वसुर सासु की आज्ञा में तत्पर रहनेवाली और अपने प्रिय पति के कमलरूपी चरणों की सेवा करनेवाली होती है। यदि कर्क राशि का होकर बृहस्पति सातवें घर में बैठा हो तो वह स्त्री उक्त सब गुणों से युक्त अनेक प्रकार के मणियों की माला को पहननेवाली तथा स्वर्ण घटित मणिमय भूषण (चंद्रिका) को सिर पर बाँधनेवाली, पति के साथ-साथ श्रृङ्गार युक्त रति कामदेव को भी लज्जित करने वाली होती है ॥१५॥ मकर लग्न

कवौ यस्या जन्मन्यपि मदनगे मीनभवने
तदा कान्तो दान्तो रतिपतिकलाकौतुकपटुः।
धनुर्द्धर्ता भर्ता स्वयमपि च संगीतरसिका
विलोला पद्माक्षी वसनलसिता भूषणवृता ॥ १६ ॥

अन्वयः—यस्या जन्मनि मीनभवने कवौ मदनगे तदा कान्तो दान्तो रतिपतिकलाकौतुकपटुः (तदा) धनुर्धर्त्ताभर्त्ता स्वयमपि च सङ्गीत-रसिका विलोला पद्माक्षी वसनलसिता भूषणवृता (भवति) ॥१६॥

भा०-जिसके जन्म समय में मीन राशि का होकर शुक्र सातवें घर में बैठा हो तो उस युवती का युवक दया का सागर, काम क्रीड़ा में आगर और धनुष विद्या का बुद्धि नागर होता है। वह स्त्री भी गान विद्या को जानने वाली (तरह २ के कवित्त, छन्द, भजन प्रभाती इत्यादि गाना सुनाकर अपने प्राणवल्लभ के चित्त को अपने तरफ झुकानेवाली) कमलरूपी चञ्चल नेत्रवाली (अपने चञ्चल चपल रसिक नेत्रों के कोण कटाक्षों से अपने प्रिय पति के नेत्रों को आकर्षित कर अपने सजे हुए श्रृङ्गार को दिखानेवाली) उत्तम भूषण वस्त्रों से युक्त स्वपरिवार में आदर पानेवाली होती है ॥ १६ ॥ कर्कट लग्न

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मदनभावगते तपनात्मजे
पतिरतीव गदाकुलितो भवेत् ।
मलिनवेषधरोविवलो महीञ्ज-
नुषि तुङ्गगते प्रवरो धनी ॥ १७ ॥

अन्वय—(यदि) जनुषि तपनात्मजे मदनभावगते (तदा) पतिरतीव गदाकुलितो मलिनवेषधरो महान् विवलो भवेत् (यदि) तपनात्मजे तुङ्गगते (तदा पति) प्रवरो धनी भवेत् ॥ १७ ॥

भा०—जिस स्त्री के जन्म समय में शनि सातवें घर में बैठा हो तो उसका पति अत्यंत रोगी, मेला कुचैला कपड़ा धारण करनेवाला और अति दुर्बल होता है। यदि शनि उच्च (तुला) राशि का होकर सातवें घर मे बैठा हो तो उसका पति अति घनाढ्य होता है ॥ १७ ॥ मेष लग्न.

सप्तमे सिंहिकापुत्रे कुलदोषविवर्द्धिनी ।
नारी सुखपरित्यक्ता तुङ्गे स्वामिसुखान्विता ॥१८॥

अन्वयः—सप्तमे सिंहिका पुत्रे (तदा) नारी कुलदोषविवर्धिनी (तदा) सुखपरित्यक्ता (यदि) तुङ्गे स्वामि सुखान्विता भवति ॥ १८ ॥

भा०—जिसके जन्म लग्न से सातवें घर में राहु बैठा हो तो वह स्त्री अपने दोनों कुलमें कलङ्क लगानेवाली (व्यभिचारिणी) और दरिद्रा होती है। यदि मिथुन राशि का होकर राहु सातवें घर में बैठा हो तो वह स्त्री अपने घर में पति के साथ २ सुख भोगनेवाली होती है ॥ १८ ॥ धन लग्न

अथान्ययोगा:—

मिथस्तौ शुक्रार्की यदि लवगतौ विक्षणमितौ
भवेतां वा लग्ने घटलवगते शुक्रभवने ।
अनङ्गैरालीलाकलितनररूपाभिरनिशं
स्थिताभिः कान्ताभिः खलु मदनशांतिं व्रजति सा ॥१६॥

अन्वयः—यदि खलु शुक्रभवने घटलवगते लग्ने (तथा) शुक्रार्की मिथस्तौ लवगतौ वीक्षणमितौ वा भवेतां (तदा सा अनङ्गैरालीलाकलितनररूपाभिः स्थिताभि कान्ताभिः मदनशान्ति व्रजति । १९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—जिस स्त्री के जन्म समय में कुम्भ का नवांश गत वृष या तुला लग्न हो अथवा शुक्र के घर में शनि बैठा हो और शनि के घर में शुक्र बैठा हो अथवा दोनों परस्पर नवांश में बैठकर एक दूसरे को पूर्ण दृष्टि से देखता हो तो वह स्त्री कामदेव के पीड़ा से पीड़ित होकर पुरुष का आकार (वेष) धारण किये हुये कामदेव (अत्यन्त सुन्दर पुरुष) को कामजनित पीड़ा को निरन्तर शान्ति करती है ॥ १९ ॥

क्षपानाथे यस्या गतवति कुलीराङ्गमथवा
मदागारं सारं सुरगुरुबुधाभ्यामपि युतम्
महान्तोऽपिभ्रान्ताः कतिकति मनोजाधिकतया
पुरस्तां पश्यन्तो दधति परमानन्दलहरीम् ॥ २० ॥

अन्वयः—यस्याः कुलीराङ्गं क्षपानाथे अथवा सुरगुरुबुधाभ्य युतं मदागारं सारं गतवति (तदा) महान्तोऽपिपुरस्तां पश्यन्तो भ्रान्ताः कतिकति मनोजाधिकतया परमानन्दलहरीं दधति ॥ २० ॥

भा०—जिसके जन्म समय में कर्क लग्न हो और चन्द्रमा लग्न में बैठा हो; अथवा बुध और बृहस्पति के साथ २ मंगल सातवें घर में बैठा हो तो वह स्त्री ऐसी सुन्दरी होती है कि जिसके रूप लावण्य को देखकर सिद्ध महात्मा जन भी भ्रमजालवश मोहित होकर परमानन्द को प्राप्त होते हैं ॥ २० ॥

मृगागारे सारे गतवति विसारं सुरगुरौ
कवौ वा पातालं तपनतनयेनापि मिलिते ।
जनुः काले यस्याः करिमुकुटमुक्ताफलमणि-
व्रजानां मालाभिर्वलितमुत वक्षोजयुगलम् ॥ २१ ॥

अन्वयः—यस्याः जनुः काले मृगागारे सारे, विसारं सुरगुरौ वा तपनतनयेनापि मिलिते कवौ पातालं गतवति सति (तदा) करिमुकुटमुक्ता-फलमणिव्रजानां मालाभिर्वलितमुतवक्षोज युगलं (भवति) ॥२१॥

भा०—जिसके जन्म समय में मकर राशि में मंगल बैठा हो, मीन राशि में बृहस्पति बैठा हो, अथवा शनि के साथ २ शुक्र चौथे घर में बैठा हो तो गज मोतियों के हार से उस स्त्री के दोनों स्तन अत्यन्त शोभा पाते हैं ॥ २१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वैधव्ययोगाः--

निशाकरात्सप्तमभावसंस्था-
महीजमन्दागुदिवाकराश्चेत्।
तनोरिभेजन्मनिनैधनं वा
दिशन्ति वैधव्यमलं मदेवा ॥ २२ ॥

अन्वयः--यदि जन्मनि निशाकरात्संप्तमभावसंस्था महीजमन्दाऽगुदिवाकराः-चेत् वा तनोऽरिभेजन्मनिनैधनं वा (उक्ता ग्रहास्तादा) वैधव्य दिशन्ति-इत्यलन् ॥२२॥

भा०—जिस स्त्री के जन्म समय मे चंद्रमा से सातवें घर में मंगल, शनि, राहु और सूर्य बैठे हों तो वह अवश्य विधवा हो जाती है, अथवा लग्न छठे, आठवें और सातवें घर मे उक्त ग्रह बैठे हों तो वह स्त्री विधवा हो जाती है ॥२२॥

लग्नाधिपो वाथ मदालयेशो
वर्गे गतः पापनभश्चराणाम्।
मदे तनौ वा खलखेटवर्गस्त-
दाकुलं मुञ्चति चञ्चलाक्षी ॥ २३ ॥

अन्वयः--अथ पापनभश्चराणां वर्गे लग्नाधिपः मदालयेशा वा (भवति) वा खलखेटवगः मदे तनौ (भवति) (तदा) चञ्चलाक्षी कुलं मुञ्चति ॥२३॥

भा०—जिसके जन्म समय में पापग्रहों के षड्वर्ग में लग्नेश अथवा सप्तमेश बैठा हो अथवा पापग्रहों का षड्वर्ग लग्न तथा सप्तमभाव में हो तो वह चञ्चलाक्षी कुलटा (वेश्या) हो जाती है ॥ २३ ॥

पापान्तराले यदिलग्नचन्द्रौ
स्यातां शुभालोकनवर्जितौ तौ।
अनङ्गलोला खलसङ्गमेन
कुलद्वयं हन्ति तदा मृगाक्षी ॥ २४ ॥

अन्वयः--यदि लग्नचंद्रौ पापान्तराले स्याताम् (तथा) तौ शुभावलोकनवर्जितौ (भवतः) तदा मृगाक्षी-अनङ्गलोला खलसङ्गमेन कुलद्वयं हन्ति ॥२४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—यदि लग्न और चंद्रमा पापग्रहों के मध्य में बैठा हो (पाप ग्रहों के साथ हो) और इन दोनों को शुभग्रह न देखते हों तो वह मृगनयनी कामिनी अति कामातुर (कामविह्वल) होकर नीच मनुष्यों के संसर्ग से अपने दोनों कुल के धर्म को नाश कर अन्य कुल में रमण करती है अर्थात् व्यभिचारिणी हो जाती है॥ २४॥

व्ययेऽष्टमे भूमिसुतस्य
राशावगौ सपापे भवतीह रण्डा।
मदे कुलीरे सरवौ कुजेऽपि
धवेन हीना रमतेऽन्यलोकैः ॥२५॥

अन्वयः--भूमिसुतस्य राशौ अगौ स पापे व्ययेऽष्टमे (तदा०) इह रण्डा भवति, (तथा) मदे कुलीरे स रवौ कुजेऽपि (तदा) धवेन हीनाऽन्यलोकैः सह रमते॥ २५॥

भा०—जिसके जन्म समय में मङ्गल की (१, ८) राशि का होकर राहू, पाप ग्रहों के साथ १२ बारहवें अथवा आठवें घर में बैठा हो तो वह स्त्री विधवा हो जाती है, तथा यदि सातवें घर में कर्क राशि हो और सूर्य, मंगल वहीं बैठे हों तो वह स्त्री विधवा होकर दूसरे पुरुष के साथ रमण करती है॥ २५॥

तनौ चतुर्थे निधने व्यये वा
मदालये पापयुतः कुजश्चेत्।
अनङ्गलीलां प्रकरोति जारैः
पतिं तिरस्कृत्य विलोलनेत्रा॥ २६॥

अन्वय--यदि चेत् तनौ, चतुर्थे, निधने, व्यये, मदालये वा पाप युतः कुजो भवत्तदा विलोलनेत्रा पतिं तिरस्कृत्य जारैः (सह) अनङ्ग लीलां प्रकरोति॥ २६॥

भा०—जिसके जन्म समय में लग्न, चौथा, आठवां बारहवां अथवा सातवां, इनमें से किसी भी घर में पाप ग्रह के साथ २ मंगल बैठा हो तो वह चञ्चलाक्षी अपने पतिको तिरस्कार कर अन्य पुरुष (जार)के साथ काम क्रीड़ा करती है॥२६॥

परस्परांशोपगतौ भवेतां
महीजशुक्रौ जननेऽङ्गनायाः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्वयं मृगाक्षी ह्यभिसारिकेव
प्रयाति कामाकुलितान्यगेहे ।। २७ ।।

अन्वय—यदि अङ्गनायाः जनने महीजशुक्रौ परस्परांशोपगतौ भवेतां (तदा) सा मृगाक्षी अभिसारिकेव स्वयं कामाकुलिता यन्यगेहं प्रयाति ।। २७ ।।

भा०-जिस स्त्री के जन्म समय में मंगल के नवांश में शुक्र और शुक्र के नवांश में मंगल बैठा हो तो वह मृगनयनी अभिसारिका* की तरह (लज्जा छोड़कर अति कामातुर होकर स्वयं दूसरे के घर में (अन्य पति के पास) जाकर अपने कामाग्नि को बुझाती है ।। २७ ।।

पापगृहे सप्तमगे बलोने-
ऽशुभेन दृष्टे पतिसौख्यहीना ।
स्यातां मदे भौमकवी सचन्द्रौ
पत्याज्ञया सा व्यभिचारिणी स्यात् ।। २८ ।।

अन्वयः—अशुभेन दृष्टे वलोने पापग्रहे सप्तमगे (तदा) पतिसौख्यहीना, भौमकवी सचन्द्रौ मदे स्यातां (तदा) सा पत्याज्ञया व्यभिचारिणी स्यात् ।। २८ ।।

भा०-पापग्रहों से दीखते हुए बलहीन (नीचस्थ ग्रस्त इत्यादि) होकर पाप ग्रह सातवें घर में बैठे हों तो उस स्त्री को अपने पति का सुख नहीं मिलता, यदि मंगल और शुक्र चन्द्रमा के साथ २ सातवें घर में बैठे हों तो वह स्त्री अपने पति की आज्ञा से व्यभिचारिणी होती है अर्थात् व्यभिचार कर्म कराती है ।। २८ ।।

पापग्रहे सप्तमलग्नगेहे
भर्ता दिवं गच्छति सप्तमाब्दे ।
निशाकरे चाष्टमवैरिभात्रे
तदाष्टमाब्दे निधनं प्रयाति ।। २९ ।।

अन्वयः-पापग्रहे सप्तमलग्नगेहे तदा सप्तमाब्दे भर्ता दिवं गच्छति ।

टि०-हित्वा लज्जा भये श्लिष्टा मदेन मदने न या ।
अभिसारयते कान्तं सा भवेदभिसारिकेति ।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अथ) च अष्टमवैरिभावे निशाकरे (तदा) अष्टमाब्दे भर्ता निधनं प्रयाति ॥ २९ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में सातवें घर अथवा लग्न में पापग्रह बैठे हों तो उस स्त्री का पति सातवें वर्ष में मर जाता है, यदि चंद्रमा छठे वा आठवें घर में बैठा हो (पाप दृष्ट युक्त हो) तो उसका पति आठवें वर्ष में मर जाता है ॥२९॥

बालविधवायोगः—

सप्तमेशोऽष्टमे यस्याः सप्तमे निधनाधिपः ।
पापेक्षणयुतो बाला वैधव्यं लभते ध्रुवम् ॥ ३० ॥

अन्वयः—यस्याः पापेक्षणयुतः सप्तमेशः अष्टमे (तथा) निधनाधिपः सप्तमे (भवति) (तदा सा) बाला ध्रुवं वैधव्यं लभते ॥ ३० ॥

भा०—जिस कुमारी के जन्म समय में पापग्रहों से दृष्ट, युक्त सप्तमेश आठवें घर में बैठा हो और अष्टमेश भी पाप दृष्ट युक्त सातवें घर में बैठा हो तो वह कन्या अवश्य बालवैधव्य को प्राप्त हो जाती है ॥ ३० ॥

सप्तमाष्टपती षष्ठे व्यये वा पापपीड़ितौ ।
तदा वैधव्यमाप्नोति नारी नैवात्र संशयः ॥ ३१ ॥

अन्वयः—(यदा) पापपीड़ितौ सप्तमाष्टपती षष्ठे व्यये वा (भवती) तदा नारी वैधव्यमाप्नोति नैवात्र संशयः ॥ ३१ ॥

भा०—जिस कन्या के जन्म समय में पापग्रहों से पीड़ित होकर सप्तमेश और अष्टमेश छठें अथवा आठवें घर में बैठे हों तो वह कन्या विधवा हो जाती है, इसमें सन्देह नहीं है ॥ ३१ ॥

मातासहव्यभिचारिणीयोगः—

मन्दाररराशौ ससिते शशाङ्के
खलेक्षिते लग्नगते मृगाक्षी ।
मात्रा सहैव व्यभिचारिणी
स्यान्मन्दे खलांशे व्रणविद्धयोनिः ॥ ३२ ॥

अन्वयः—खलेक्षिते ससितेशशाङ्के मन्दाररराशौ लग्नगते (तदा) मृगाक्षी मात्रा सहैव व्यभिचारिणी स्यात् (यदि) मन्दे खलांशे (सति) (तदा) मात्रा सह व्रणविद्धयोनिः स्यात् ॥ ३२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—पापग्रहों से दीखता हुआ शुक्र के साथ २ चंद्रमा, शनि अथवा मंगल की राशि (१०, ११. १, ८) में बैठा हुआ लग्नगत हो तो वह मृगाक्षी अपने माता के साथ २ व्यभिचारिणी हो जाती है, यदि जन्म समय में पापग्रहों की राशि और नवांश (षड्वर्ग) सातवें घर में हो तो वह कन्या माता के साथ २ व्यभिचारिणी होकर योनि व्रण से पीड़ित (सुजाको) होती है ॥ ३२ ॥

अथ राशिवशेन प्रत्येकत्रिंशांशफलानि—

तत्रादौ भौमराशौ—

यदाङ्गचन्द्रौ कुजभे कुजस्य
त्रिंशांशके दुष्टतमैव कन्या ।
मन्दस्य दासी हि गुरो तु साध्वी
मयाविनी ज्ञस्य कवेः कुवृत्ता ॥ ३३ ॥

अन्वयः—यदांगचन्द्रौ कुजभे कुजस्य त्रिंशांशके (तदा) कन्या दुष्टतमैव, मन्दस्य दासी, गुरौ तु साध्वीः ज्ञस्य मायाविनी, कवेः (त्रिंशांशके) कुवृता (स्यात्) ॥ ३३ ॥

भा०— जिसके जन्म समय में लग्न और चंद्रमा मंगल की राशि में बैठा हुआ मंगल ही के त्रिशांश मे हो तो वह कन्या अति दुष्ट स्वभाव वाली होती है, यदि उस राशि में होकर शनि के त्रिशांश में हो तो वह कन्या दासी होती है, यदि उक्त स्थान होकर बृहस्पति के त्रिशांश में हो तो वह कन्या पतिव्रता तथा शुभशीलयुक्ता होती है, यदि बुध के त्रिशांश में हो तो मायावी होती है, यदि शुक्र के त्रिशांश में लग्न और चंद्रमा हो तो वह कन्या व्यभिचारिणी होती है ॥ ३३ ॥

शुक्रराशौ—

शुक्रभे कुजखाग्न्यंशे दुष्टा सौरेः पुनर्भवा ।
गुरोर्गुणमयी विज्ञा ज्ञस्य कामातुरा भृगोः ॥ ३४ ॥

अन्वयः—शुक्रभे कुजखाग्न्यंशे दुष्टा, सौरेः पुनर्भवा, गुरोर्गुणमयी, ज्ञस्य विज्ञा, भृगोः कामातुरा भवेत् ॥ ३४ ॥

भा०--यदि शुक्र की राशि में लग्न चन्द्रमा बैठकर मंगल के त्रिशांश में हो तो वह कन्या दुष्टा होती है, शनि के त्रिशांश में हो तो उस कन्या का दो बार

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विद्वान् होता है, बृहस्पति के त्रिशांश में हो तो सद्‌गुणयुक्ता, बुध के त्रिशांश में चतुरा (पण्डिता) और शुक्र के त्रिशांश में कामातुरा होती है ॥ ३४ ॥

बुधराशौ—

बुधभे भूमिपुत्रस्य कापटी क्लीववच्छनेः।
गुरोः सती विदो विज्ञा कवेः कामातुरा भवेत् ॥ ३५ ॥

अन्वयः - बुधभे भूमिपुत्रस्य (त्रिंशांशे) कापटी, शनेः क्लीववत्, गुरोः सती, विदो विज्ञा, कवेः कामातुरा भवेत् ॥ ३५ ॥

भा० — जिसके जन्म समय में बुध की राशि में लग्न, चंद्रमा बैठकर मंगल के त्रिशांश में हो तो वह कन्या कपट व्यवहार करनेवाली, शनि के त्रिशांश में नपुंसकी, बृहस्पति के त्रिशांश में सती, बुध के त्रिशांश में अति गुणवती और शुक्र के त्रिशांश में कामविह्वला होती है ॥ ३५ ॥

चन्द्रराशौ -

कुलीरभे भूमिसुतस्य वेश्या
शनेः पतिप्राण विघातकर्त्री।
गुरोर्गुणव्रातवती बुधस्य
शिल्पक्रियाज्ञा कुलटा भृगोः स्यात् ॥ ३६ ॥

अन्वयः--कुलीरभे भूमिसुतस्य वेश्या, शनेः पतिप्राणविघातकर्त्री, गुरोः गुणव्रातवती, बुधस्य शिल्पक्रियाज्ञा, भृगोः कुलटा स्यात् ॥ ३६ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में कर्कराशि में लग्न, चंद्रमा बैठकर मंगल के त्रिशांश में हो तो वह स्त्री वेश्या हो जाती है, शनि के त्रिशांश में पतिप्राण-घातिनी, बृहस्पति के त्रिशांश में गुण समूहों से युक्ता, बुध के त्रिशांश में शिल्प-क्रिया में अति चतुरा और यदि शुक्र के त्रिशांश में लग्न चंद्रमा बैठे हों तो वह स्त्री कुलटा (वेश्या) होती है ॥ ३६ ॥

सूर्यराशः--

सिंहे नराकारधरा कुजस्य
वारांगना भानुसुतस्य नारी।
गुरोरिलाधीशवधूर्बुधस्य
दुष्टा कवेरंगजगामिनी स्यात् ॥ ३७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः--सिंहे कुजस्य (त्रिशांशके) नारी नराका रघरा भानुसुतस्य वाराङ्गना, गुरोः इलाधीश वधूः, बुधस्य दुष्टा, कवेः अङ्गजगामिनी स्यात् ॥ ३७ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में सिंहराशि में लग्न और चंद्रमा बैठकर मंगल के त्रिशांश में बैठे हों तो वह स्त्री पुरुष के वेष को धारण करनेवाली, अथवा पुरुष की तरह हुकूमत चलाने वाली होती है, शनि के त्रिशांश में वारांगना (वेश्या), बृहस्पति के त्रिशांश में राजा की स्त्री (रानी), बुध के त्रिशांश में दुष्टा और शुक्र के त्रिशांश में लग्न चंद्रमा हो तो वह स्त्री अपने पुत्र से भोग कराने वाली होती है ॥ ३७ ॥

गुरुराशौ--

गुणैर्विचित्रा गुरुभे कुजस्य
मन्दस्य मन्दा गुणतत्वविज्ञा ।
जीवस्य विज्ञा शशिनन्दनस्य
शुक्रस्य रम्यापि भवेदरम्या ॥ ३८ ॥

अन्वयः--गुरुभे कुजस्य गुणैर्विचित्रा मन्दस्य मन्दा, जीवस्य गुणतत्वविज्ञा, शशिनन्दनस्य विज्ञा, शुक्रस्य रम्यापि-अरम्या भवेत् ॥ ३८ ॥

भा०—जिस कन्या के जन्म समय में बृहस्पति राशि में लग्न और चंद्रमा बैठकर मंगल के त्रिशांश में हो तो वह कन्या अनेक सद्गुणों से युक्त होती है शनिके त्रिशांश में मूर्खा, बृहस्पतिके त्रिशांश में गुणोंके सूक्ष्मविचार को जाननेवाली, बुध के त्रिशांश में पण्डिता और शुक्र के त्रिशांश में लग्न चंद्रमा हो तो वह स्त्री अति सुन्दरी होती हुई कुरूपा सी प्रतीत होती है ॥ ३८ ॥

शनिराशौ--

मन्दालये भूमिसुतस्य दासी
शनेरसाध्वी भवतीति साध्वी ।
गुरोर्निशानाथ सुतस्य दुष्टा
शुक्रस्य वन्ध्या क्रमतः प्रदिष्टा ॥ ३९ ॥

अन्वयः--मन्दालये भूमिसुतस्य दासी, शनेरसाध्वी, गुरोः साध्वी, निशानाथ सुतस्य दुष्टा, शुक्रस्य वन्ध्या भवति, इति क्रमतः प्रदिष्टा । ३९ ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—जिसके जन्म समय में शनि के राशि में लग्न और चन्द्रमा बैठकर मंगल के त्रिशांश में बैठे हों तो वह स्त्री दासी होती है, शनि के त्रिशांश में हो तो दुष्टा, बृहस्पति के त्रिशांश में सुशील, बुध के त्रिशांश में दुष्टा, और शुक्र के त्रिशांश में वन्ध्या होती है ॥ ३९ ॥

अथान्ययोगाः—

मन्दे मध्यबले त्वकवीन्दु शशिजैर्वीर्य्यच्युतैः प्रायशः
शेषैर्वीर्य्यसमन्वितैः पुरुषवन्नारी यदीजे तनुः ।
जीवाङ्गाररवीन्दुजैर्बलयुतैश्चेदङ्गराशौ समे
गीतातत्त्वविचारसारचतुरा वेदान्तवादिन्यपि ॥ ४० ॥

अन्वयः—यदीजे तनुः मन्दे मध्यबले, कवीन्दुशशिजैर्वीर्यच्युतैः प्रायश शेषैर्वीर्य्यसमन्वितैः (तदा) नारी पुरुषवत् (भवति) चेत् अङ्ग, राशौ समे जीवाङ्गाररवीन्दुजैर्बलयुतैः (तदा) नारी गीतातत्त्वविचारसारचतुरा वेदान्तवादिन्यपि (भवति) ॥ ४० ॥

भा०—जिस कन्या के जन्म समय में विषम (मेष, मिथुन, सिंह-इत्यादि) लग्न हो, शनि मध्यम बलयुक्त हो, शुक्र, चंद्रमा और बुध बलहीन हों तथा प्रायः करके शेष सब ग्रह बलवान् हों तो वह स्त्री पुरुष के आकार में रहती है। यदि जन्मकाल में सम (वृष, कर्क इत्यादि) राशि हो और बृहस्पति, मङ्गल सूर्य, बुध बलवान् हों तो वह स्त्री गान विद्या में अति चतुरा और वेदांतशास्त्र को भी जाननेवाली होती है ॥ ४० ॥

अष्टमभाव विचारः—

यदाष्टमे देवगुरौ भृगौ वा
विनष्टगर्भा मृतपुत्रका वा ।
कुजेऽष्टमे सा कुलटा मृगाक्षी
चन्द्रेऽष्टमे स्वामिसुखेन हीना ॥४१॥

अन्वयः-यदाष्टमे देवगुरौ भृगौ वा (तदा) विनष्टगर्भा मृतपुत्रका वा, कुज (यदा) अष्टमे (तदा) सा मृगाक्षी कुलटा, चन्द्रे अष्टमे स्वामिसुखेन हीना (भवति) ॥ ४१ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में जन्मलग्न से आठवें घर में बृहस्पति अथवा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शुक्र बैठा हो तो उस स्त्री के गर्भ नष्ट हो जाते हैं अथवा सन्तान हो होकर मर जाते हैं, यदि आठवें घर में मंगल बैठा हो तो वह मृगनयनी कुलटा (वेश्या) होती है । यदि आठवें घर में चन्द्रमा बैठा हो तो उस स्त्री को अपने पति का सुख नहीं मिलता है ॥ ४१ ॥

मन्देष्टमे रोगरतस्य भार्य्या
दिनाधिपे सा परितांपतप्ता ।
अनङ्गरङ्गा परकान्तसङ्गी
मृतावगौ सा कुलधर्म्मभङ्गा ॥ ४२ ॥

अन्वयः- मन्दे अष्टमे रोगरतस्य भार्या, दिनाधिपेऽष्टमे, सा परितापतप्ता, अगौमृतो सा अनङ्गरङ्गा परकान्तसंगा कुलधर्मभंगा च (भवति) ॥ ४२ ॥

भा०—यदि आठवें घर में शनि बैठा हो तो उसका पति रोगी रहता है, यदि आठवें घर में सूर्य बैठा हो तो अनेक व्याधियों के सन्ताप से दुःखी होती है, यदि राहु आठवें घर में बैठा हो तो वह स्त्री अत्यन्त काम पीड़ा से सन्तप्त होकर अपने पति से इच्छा पूर्ति न करके अन्य पुरुषों के साथ रमण करके अपने कुल के धर्म को नष्ट कर डालती है ॥ ४२ ॥

अथ पञ्चमभावविचारः—

पञ्चमे शुभसंदृष्टे पञ्चमाधिपतावपि ।
केन्द्रकोणे सदा नारी बहुपुत्रवती भवेत् ॥ ४३ ॥

अन्वयः—(यदा) पञ्चमे शुभ संदृष्टे, पञ्चमाधिपतो अपि केन्द्रकोणे (गते) तदा नारी बहुपुत्रवती भवेत् ॥ ४३ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में पांचवें घर के ऊपर शुभ ग्रहों की पूर्ण दृष्टि हो और पञ्चम भावेश भी केंद्र, कोण (१, ४, ७, १०, ५, ९) में बैठा हो तो उस स्त्री को सन्तान (पुत्र) सुख होता है ॥ ४३ ॥

पञ्चपुत्रवती जीवे सबले च सिते विधौ ।
सुतासुखवती पापे नारी सन्तानवर्जिता ॥ ४४ ॥

अन्वयः—सबले जीवे (पञ्चमे) पञ्चपुत्रवती, सबले सिते विधौ च (पञ्चमे) सुता सुखवती, पापे (पञ्चमे) (तदा) नारी सन्तान वर्जिता (भवेत्) ॥ ४४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—जिसके जन्म समय में बलवान् बृहस्पति पांचवें घर में बैठा हो तो उस स्त्री के पांच पुत्र होते हैं यदि बलवान् होकर शुक्र अथवा बुध पांचवें घर में बैठा हो तो कन्याओं का सुख होता है यदि पांचवें घर में पाप ग्रह बैठे हों तो उस स्त्री को संतान नहीं होती ॥ ४४ ॥

भद्रासार्पानलवरुणभे भानुमन्दारवारे
यस्या जन्म प्रभवति तदा सा विषाख्या कुमारी।
पापे लग्नेऽशुभखगयुतः पापखेटावरिस्थौ
स्यातां यस्या जननसमये सा कुमारी विषाख्या ॥ ४५ ॥

अन्वय—भद्रासार्पानलवरुणभे भानुमन्दारवारे यस्या जन्म प्रभवति तदा सा कुमारी विषाख्या। (तथा) यस्या जन्मसमये अशुभ खगयुतः पापे लग्नेपापखेटावरिस्थौ तदा सा कुमारी विषाख्या (भवेत्) ॥ ४५ ॥

भा०—द्वितीया तिथि, आश्लेषा नक्षत्र, रविवार अथवा सप्तमी तिथि, कृत्तिका नक्षत्र, शनिवार अथवा द्वादशी तिथि, शतभिषा नक्षत्र, मङ्गलवार जिस कन्या के जन्मकाल में हो तो वह विषाख्या (विष से भरी हुई) होती है। अथवा जिसके जन्म समय में पापग्रहों से युक्त पाप ग्रहों की राशि जन्म लग्न में हो और दो पाप ग्रहों से छठें घर में बैठे हों तो भी वह कन्या विषाख्या होती है ॥ ४५ ॥

आदित्यसूनोर्दिवसे द्वितीया
भुजङ्गभे भौमदिनेऽम्बुजर्क्षे।
चेत्सप्तमी चाथरवौ विशाखा
हरेस्तिथौ वापि च सा विषाख्या ॥ ४६ ॥

अन्वयः—अथ चेत् (जन्मनि) आदित्यसूनोर्दिवसे द्वितीया भुजंगभे, वा भौमदिनेम्बुजर्क्षे सप्तमी, वा रवौ विशाखा हरेस्तिथौ (भवेत्तदा) सा (कुमारी) विषाख्या (भवेत्) ॥ ४६ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में शनिवार, द्वितीया तिथि और अश्लेषा नक्षत्र अथवा मङ्गल दिन, शतभिषा नक्षत्र और सप्तमी तिथि अथवा रविवार, विशाखा-नक्षत्र और द्वादशी तिथि हो तो कन्या विषाख्या होती है ॥ ४६ ॥

धर्मगेहगते भौमे लग्नगे रविनन्दने।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पञ्चमे दिवसाधीशे सा विषाख्या कुमारिका ॥ ४७ ॥

अन्वयः--धर्मगेहगते भौमे, लग्नगे रविनन्दने, पञ्चमे दिवसाधीशे, सा कुमारिका बिषाख्या (भवति) ॥ ४७ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में नवें घर में मंगल बैठा हो, जन्म लग्न में शनि बैठा हो और पाचवें घर में सूर्य बैठा हो तो वह कुमारी विषाख्या होती है ॥ ४७ ॥

विषाख्यालक्षणम्

विषाख्या शोकसन्तप्ता दुर्भगा मृतपुत्रिका।
वस्त्राभरणहीना च पुराणैरुदिता बुधैः ॥ ४८ ॥

अन्वयः--विषाख्या शोकसंतप्ता, दुर्भगा मृतपुत्रिका, वस्त्राभरणहीना चेति पुराणः बुधैः उदिताः ॥ ४८ ॥

भा०--जो कन्या विषसंज्ञक होती है वह अनेक कष्टों से संतप्त, भाग्यहीन, संतान हीन और वस्त्र भूषण से हीन होती है ऐसा प्राचीन आचार्यों ने कह रखा है ॥ ४८ ॥

विषयोगभंगः--

सप्तमे सप्तमाधीशः शुभो वा लग्नचन्द्रयोः।
विषयोगमलं हन्ति सद्यो हरिरिभं यथा ॥ ४९ ॥

अन्वयः--लग्नचन्द्रयोः सप्तमे सप्तमाधीशः शुभो बा (भवेत्तदा) विषयोगमलं सद्यो हन्ति यथा हरिरिभं हन्तिः ॥ ४९ ॥

भा०—जिसके जन्म लग्न से और चंद्रमा से सातवें घर का स्वामी; सातवें घर में ही वैठा हो अथवा लग्न और चंद्रमा से सातवें घर में शुभग्रह बैठे हों तो विषजन्यदोष (विषयोग) को शीघ्र नाश कर देते हैं जैसे सिंह हाथियों के झुण्ड को नष्ट कर देता है ॥ ४९ ॥

इत्थं विवाहकालेऽपि ज्ञातव्यं लग्नचन्द्रयोः।
तदधीनं यतः स्त्रीणां शुभाशुभफलं भवेत् ॥ ५० ॥

अन्वयः--इत्थं स्त्रीणां विवाहकालेऽपि लग्नचन्द्रयोः ज्ञातव्यं, यतः शुभाशुभफलं तदधीनं भवेत् ॥ ५० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—इस प्रकार कन्याओं के विवाह काल में लग्न और चन्द्रमा से सब ग्रहों (योगों) का विचार कर लेना चाहिये , क्योंकि योग (ग्रह) के अनुकूल ही शुभ और अशुभ फल पुरुषों को स्त्री के साथ-साथ जन्मपर्यन्त भोगना पड़ता है ॥ ५० ॥

वैधव्यभङ्गोपायः—

वैधव्योगयुक्तायाः कन्यायाः शान्तिपूर्वकम् ।
वेदोक्तविधिनोद्वाहं कारयेच्चिरजीविना ॥ ५१ ॥

अन्वयः—वैधव्ययोगयुक्तायाः कन्यायाः शान्तिपूर्वकं वेदोक्त-विधिना चिरजीविना (वरेण) उद्वाहं कारयेत् ॥ ५१ ॥

भा०--जिस कन्या को वैधव्य योग लगा हो उसको पहिले सावित्रीव्रत कराके, अथवा विष्णु प्रतिमा के साथ विवाह कराके चिरंजीवी वर के साथ विवाह कर देना चाहिये ॥ ५२ ॥

इति श्रीभावकुतूहले उत्साहवर्द्धिनीभाषाटीकायां
स्त्रीजातकाऽध्यायो नवमः ॥ ९ ॥

दशमोऽध्यायः

कन्यायाः शुभाशुभाङ्गलक्षणानि—

शुभलक्षणसंपन्ना भवेदिह यदाऽङ्गना ।
तत्करग्रहणादेव वर्द्धते गृहिणां सुखम् ॥ १ ॥

अन्वयः—यदाङ्गना शुभलक्षणसम्पन्ना भवेदिह तत्करग्रहणादेव गृहिणां सुखं वर्द्धते ॥ १ ॥

भा०--यदि कन्या अच्छे योगों में उत्पन्न हो अथवा उसके शरीर में शुभ लक्षण हों तो उसके साथ विवाह करने के बाद ही से पति के घर में सुख सम्पत्ति बढ़ने लगती है ॥ १ ॥

शुभाशुभं पुरा गीतं वेदव्यासेन धीमता ।
प्रकाश्यते तदेवात्र नारीणामङ्गलक्षणम् ॥ २ ॥

अन्वयः—धीमता वेदव्यासेन नारीणां अङ्गलक्षणं शुभाशुभं (यत्) पुरागीतं तदेवात्र प्रकाश्यते ॥ २ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०--महात्मा वेदव्यास करके स्त्रियों के अंग का शुभाशुभ लक्षण जो पहले (शास्त्रों में) कहा गया है वही लक्षण इस ग्रंथ में लिखा जाता है ॥ १ ॥

पादतललक्षणम्—

युवतिपादतलं किल कोमलं
सममतीव जपाकुसुमप्रभम्।
दिशति मांसलमुष्णमिलापते-
रतिहितं बहुधर्मसमन्वितम् ॥ ३ ॥

अन्वयः--युवतिपादतलं किल कोमलं अतीवसमं जपाकुसुमप्रभं (किन्तु) मांसलं, उष्णं विवर्जितं (भवति) (तदा वहुधर्मसमन्वितं इलापतेः अति हितं दिशति ॥ ३ ॥

भा०--जिस स्त्री के पैर का तलवा अति कोमल, सम, अढ़ौल के फूल की तरह लाल रंग का हो किन्तु स्थूल और गर्म (पसीना देनेवाला) न हो तो वह धर्मयुक्ता प्रिया राजरानी होकर श्रीमहाराजा को अति सुख देती है ॥ ३ ॥

कमलकम्बुरथध्वजचक्रवत्
पृथुलमीनविमानवितानवत्।
भवति लक्ष्म पदे यदि योषितां
क्षितिभृतां वनिता विभुतावृता ॥ ४ ॥

अन्वयः—यदि योषितां पदे कमलकम्बुरथध्वजचक्रवत्पृथुलमीन-विमानवितानवत् लक्ष्म भवति (तदा) विभुतावृता क्षितिभृतां वनिता भवेत् ॥ ४ ॥

भा०—यदि स्त्री के पैर के तलवे में कमल का फूल, शंख, रथ, ध्वजा, चक्र, मछली विमान (पालकी) अथवा वितान (चाँदनी) का चिन्ह हो तो वह सौभाग्यवती राजरानी होकर राज्यकुल में सुख सम्पत्ति को बढ़ाती है ॥ ४ ॥

शूर्पाकारं विवर्णञ्च विशुष्कं परुषं तथा।
रुक्षं पादतलं तन्व्या दौर्भाग्यपरिसूचकम् ॥ ५ ॥

अन्वयः—(यस्याः) पादतलं शूर्पाकारं विवर्णं विशुष्कं परुषं तथा रुक्षं (भवेत् सा) तन्व्या दौर्भाग्यपरिसूचकं भवति ॥ ५ ॥

भा०—जिस स्त्री के पैर का तलवा सूप के आकार का हो सुर्ख या गुलाबी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रंग का न हो रूक्ष [निरस] हो, या रुक्ष हो और पैर में खरखराहट हो तो वह स्त्री पूर्ण अभागिनी होती है ॥ ५ ॥

यस्याः समुन्नताङ्गुष्ठो वर्तुलोऽतुलसौख्यदः ।
शूर्पाकारा नखा यस्याः सा भवेद्दुःखभागिनी ॥ ६ ॥

अन्वय--यस्याः समुन्नताङ्गुष्ठो वर्तुलो (तदा) अतुल सौख्यदः, (तथा) यस्याः नखाः शूर्पाकारा सा दुःखभागिनी भवेत् ॥ ६ ॥

भा०--जिस स्त्री के पैर का अंगूठा ऊँचा और गोल हो तो वह अत्यन्त सुख देनेवाली होती है, जिसके पैर के नख सूर्प [सूप] के आकार का हो तो वे कष्ट भोगानेवाले होते हैं ॥ ६ ॥

अथ गमनलक्षणम्—

संचलन्त्यां धराधूलिधारा यदा
राजमार्गेऽबलायां बलादुच्छलेत् ।
पांसुला सा कुलानां त्रयं सत्वरं
नाशयित्वा खलैर्मोदते सर्वदा ॥ ७ ॥

अन्वयः—यदा अबलायां राजमार्गे सचलन्त्यां धराधूलिधारा बलादुच्छलेत् (तदा) सा पांसुला सत्वरं नाशयित्वा सर्वदा खलैर्मोदते ॥७॥

भा०—जिस स्त्री के रास्ता चलते समय पृथ्वी की धूली उड़े अर्थात् पृथ्वी में पैर घसीटते हुये चले वह कुलघ्नी अपने तीनों (मातुल, पिता, श्वसुर) कुल को नाश कर नीच कुल के पुरुषों के साथ सर्वदा रमण करती है ॥ ७ ॥

श्लिष्टाङ्गुलीलक्षणम्—

यस्या अन्योन्यमारूढाः पादांगुल्यो भवन्ति चेत् ।
सा पतीन्बहुधा हत्वा वारवामा भवेदिह ॥ ८ ॥

अन्वयः—यस्याः पादाङ्गुल्यः अन्योन्यमारुढाश्चेद्भवन्ति सा बहुधा पतीन् हत्वा वारवामा भवेत् ॥ ८ ॥

भा०--जिस स्त्री के पैर की अंगुली दूसरे किसी भी अंगुली के ऊपर चढ़ा हो तो वह व्यभिचारिणी अनेक पतियों को मारकर वारवामा (वेश्या) हो जाती है ॥ ८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कनिष्ठा न स्पृशेद्भूमिं चलन्त्या योषितस्तदा ।
सा द्रुतं स्वपतिं हत्वा जारेण रमते पुनः ॥ ९ ॥

अन्वयः-- यस्याः योषितश्चलन्त्याः कनिष्ठा भूमिं न स्पृशेत्तदा सा द्रुतं स्वपतिं हत्वा पुनः जारेण रमते ॥ ९ ॥

भा०--जिस स्त्री के चलते समय पैर की कनिष्ठा अंगुली भूमि को स्पर्श न करे वह अपने पति को मारकर अन्य पति (जार) के साथ रमण करती है ॥९॥

अनामिका च मध्या च यदि भूमिं न संस्पृशेत् ।
आद्या पतिद्वयं हन्ति चापरा तु पतित्रयम् ॥१० ॥

अन्वयः—यदि अनामिका च मध्या च भूमिं न संस्पृशेत् (तदा) आद्या (अनामिका) पतिद्वयं हन्ति तु अपरा (मध्या) पतित्रयं हन्ति । १०॥

भा०—जिस स्त्री के पैर की अनामिका अंगुली चलते समय भूमि को स्पर्श न करे वह दो पति को मारकर तीसरे पति के साथ रमण करती है, जिसकी मध्यमा अंगुली भूमि स्पर्श न करे वह तीन पतियों को मार कर चौथे पति के साथ रमण करती हे ॥ १० ॥

अनामिका च मध्या च यदि हीना प्रजायते ।
तदा सा पतिहीनास्यादित्याह भगवान्स्वयम् ॥ ११ ॥

अन्वयः —यदि अनामिका च मध्या च हीना प्रजायते तदा सा पतिहीना स्यादिति स्वयं भगवान् आह ॥ ११ ॥

भा०— जिस स्त्री के पैर की अनामिका अंगुली कनिष्ठा से छोटी हो अथवा मध्यमा अंगुली अनामिका से छोटी हो तो वह स्त्री पतिहीन विधवा होती है, ऐसा श्रीभगवान् का वाक्य है ॥ ११ ॥

नखलक्षणम्—

यदि पादनखाः स्निग्धा वर्तुलाश्च समुन्नताः ।
ताम्रवर्णा मृगाक्षीणां महाभोगप्रदायकाः ॥ १२ ॥

अन्वयः—मृगाक्षीणां पादनखाः स्निग्धा वर्त्तुला समुन्नताः, ताम्रवर्णाश्च तदा महाभोग प्रदायकः ॥ १२ ॥

भा०--जिस मृगनयनी के पैर के अंगुलियों के नख चिकने, गोलाकार, ऊँचा और ताम्र वर्ण (लाल रंग) के हों तो वे अनेक तरह से सुख सम्पत्ति तथा भोगों को देनेवाले होते हैं ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पादतललक्षणम्—

यदि भवेदमलं किल कोमलं कमलपृष्ठवदेव मृगीदृशाम्।
अरुणकुंकुमविद्रुमसन्निभं बहुगुणं पदपृष्ठमिति ध्रुवम्॥१३॥

अन्वय—यदि मृगीदृशां पादपृष्ठं किल कोमलं कमलपृष्ठवदेव (अथवा) अरुणकुंकुमविद्रुमसन्निभं भवेत् तदा) ध्रुवं बहुगुणं भवेत् ॥ १३ ॥

भा०—जिस मृगाक्षी के पैर की पीठ कोमल, कमल दल के पीठ के समान, लाल रंग, कुंकुम रंग, अथवा मूँगा के समान लाल हो तो वह निश्चय कर अत्यन्त गुणवती होती है ॥ १३ ॥

अंघ्रिमध्ये दरिद्रा स्यान्नम्रत्वेन सदाङ्गना।
शिरालेनाध्वगा नारी दासी लोमाधिकेन सा ॥ १४ ॥

अन्वयः—अङ्गना अंघ्रिमध्ये नम्रत्वेन सदा दरिद्रा, शिरालेना अध्वगा, लोमाधिकेन सा नारी दासी स्यात् ॥१४॥

भा०—जिस स्त्री के पैर की अंगुलियाँ गहरी हों तो वह दरिद्रा होती है; यदि अंगुलियों पर नसें हों तो वह रास्ता चलने (भिक्षा माँगने) वाली होती है, यदि अंगुलियों पर रोम हो तो वह स्त्री भृत्य कर्म करनेवाली दासी होती है ॥१४॥

गुल्फलक्षणम्—

निर्मांसेन सदा नारी दुर्भगा खलु जायते।
गुल्फौ गूढौ शुभौ स्यातामशिरालौ च वर्तुलौ ॥१५॥

अन्वयः—गुल्फौ निर्मांसेन नारी सदा दुर्भगा खलु जायते, गूढौ, अशिरालौ वर्तुलौ च, शुभौ स्याताम् ॥ १५ ॥

भा०—जिस स्त्री का गुल्फ (पैर के ऊपर और जंघा के नीचे का भाग) मांसहीन (पतला) हो तो वह दुर्भगा (दरिद्रा) होती है, यदि गुल्फ मोटा मांसयुक्त, बिना नस का और गोलाकार हो तो वह स्त्री पुत्र सुख युक्त तथा सौभाग्यवती होती है ॥ १५ ॥

अगूढौ शिथिलौ यस्यास्तस्या दौर्भाग्यसूचकौ।
गुल्फलक्षणमाख्यातं पार्ष्णिलक्षणमुच्यते ॥ १६ ॥

अन्वयः—यस्याः (गुल्फौ अगूढौ शिथिलौ तस्या दौर्भाग्यसूचकौ गुल्फलक्षणमाख्यातं पार्ष्णिलक्षणमुच्यते ॥ १६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—जिस स्त्री का गुल्फ ढीला, पतला हो वह अभागिनी होती है, गुल्फ लक्षण कहने के बाद पार्ष्णि (एड़ी) के लक्षण कहते हैं ॥ १६ ॥

अथ पार्ष्णिलक्षणम्--

समानपार्ष्णिः सुभगा पृथुपार्ष्णिश्च दुर्भगा ।
कुलटा तुङ्गपार्ष्णिश्च दीर्घपार्ष्णिर्गदाकुला ॥१७॥

अन्वयः—समानपार्ष्णिः सुभगा पृथुपार्ष्णिश्च दुर्भगा, तुङ्गपार्ष्णिश्च कुलटा दीर्घपार्ष्णिर्गदाकुला भवेत् ॥ १७ ॥

भा०--जिस स्त्री की एड़ी समान, सुन्दर (गोलाकार) हो वह सौभाग्यवती होती है, जिसकी एड़ी मोटी हो वह दुर्भगा, ऊँची हो तो कुलटा (व्यभिचारिणी) और लम्बी हो तो रोगिणी होती है ॥ १७ ॥

अथ जंघालक्षणम्

जंघे रंभोपमे यस्या रोमहीने च वर्तुले ।
मांसले च समे स्निग्धे राज्ञी सा भवति ध्रुवम् ॥१८॥

अन्वयः—यस्याः जंघे रम्भोपमे रोमहीने वर्तुले मांसले समे च स्निग्धे च ध्रुवं राज्ञी भवति ॥ १८ ॥

भा०--जिस स्त्री के जंघे केले के स्तम्भ के समान सुन्दर गोल, रोमहीन, पुष्ट और चिकने हो तो वह राजरानी होती है ॥ १८ ॥

रोमकूपलक्षणम्—

एकरोमा प्रिया राज्ञी द्विरोमा सौख्यभागिनी ।
त्रिरोमा विधवा ज्ञेया रोमकूपेषु कामिनी ॥१९॥

अन्वयः--कामिनी रोमकूपेषु एकरोमा प्रिया राज्ञी, द्विरोमा सौख्यभागिनी, त्रिरोमा विधवा ज्ञेया ॥ १९ ॥

भा०—जिस स्त्री के शरीर में रोमकूप (रोममूल) में एक-एक रोम हो तो वह राजा की स्त्री (रानी) होती है, दो-दो रोम हो तो वह अत्यन्त सुखी और सौभाग्यवती होती है, यदि तीन २ रोम हो तो वह स्त्री विधवा होती है ॥१९॥

अथ जानुलक्षणम्—

भवति जानुयुगं यदि मांसलं
तदतिवृत्तमतीव शुभप्रदम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भुवनभर्तुरतो विपरीतमा-
दिभिरिदं विपरीतमुदीरितम् ॥ २० ॥

अन्वयः—तदि जानु युगं मांसलं तदतिवृत्तं भवांत (तदा) अतीव शुभप्रदं (तथा) भुवनभर्तु र्भवति, इदं विपरीतं (तदा) (फलमपि) विपरीतं (इति) आदिभिः उदीरितम् ॥ २० ॥

भा०- जिस स्त्री के दोनों जंघे पुष्ट और गोलाकार हों वह अत्यन्त सुखदायक होते हैं, तथा वह सौभाग्यवती रानी कही जाती है, यदि जंघे इससे विपरीत अर्थात् दुबले, पतले और रुक्ष हों तो वह स्त्री अभागिनी होती है ॥२०॥

अथ कटिलक्षणम्—

समुन्नतनितम्बाढ्या यस्याः सिद्धाङ्गुला कटिः।
सा राजपट्टमहिषी नानालीभिः समावृता ॥ २१ ॥

अन्वयः—यस्याः नितम्बाढ्या समुन्नतं (तथा) कटिः सिद्धाङ्गुला (स्यात्) तदा) सा नानालाभिः समावृत्ता राजपट्टमहिषि (भवति) ॥२१॥

भा०—जिस स्त्री का नितम्ब उन्नत (ऊँचा और कमर चौबिस अंगुल प्रमाण पतला हो तो वह सुशील सैंकड़ों सखियों की प्यारी (रक्षक) होती हुई सुख सम्पत्ति से युक्त राजरानी होती है ॥ २१ ॥

निर्मांसा विनता दीर्घा चिपिटा शकटाकृतिः।
लघ्वी रोमाकुला नार्या वैधव्यं दिशते कटिः ॥ २२ ॥

अन्वयः -(यस्याः) कटिः निर्मांसा, विनता, दीर्घा, चिपिटा, शकटाकृतिः लघ्वी रोमाकुला (स्यात्तदा नार्य्या वैधव्यं दिशते ॥२२॥

भा०—जिस स्त्री की कमर मांसहीन, चिपटी, गाड़ी के आकार की तरह, छोटी और रोमयुक्त हो तो वह वैधव्य देती है ॥ २२ ॥

अथ नितम्बलक्षणम्—

सीमन्तिनीनां यदि चारुबिम्बो
भवेन्नितम्बो बहुभोगदः स्यात् ॥
समुन्नतो मांसल एव यासां
पृथुः सदा कामसुखाय तासाम् ॥ २३ ॥

अन्वयः—यदि सीमन्तिनीनां नितम्बश्चारु विम्बो भवेत्तदा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बहुभोगदः स्यात् (तथा) यासां समुन्नतो मांसलः पृथुः एव भवेत्तासां सदा कामसुखाय स्यात् ॥ २३ ॥

भा०—जिस सौभाग्यवती स्त्री का नितम्ब (चूतड़)सुंदर बिंब (त्रिकोण) फल की तरह (किञ्चित् लाल रंग) हो तो वह सब तरह सुख देनेवाला होता है। यदि ऊंचा, मोटा और बड़ा हो तो वह पति के कामदेव को तृप्त करनेवाला होता है ॥ २३ ॥

अथ योनिलक्षणम्—

यदा गजस्कन्धसमानरूपो
भगोऽथवा कच्छपपृष्ठवेषः ।
इलापतेः कामविनोददायी
वा सोन्नतः सोऽपि सुताजनेता ॥ २४ ॥

अन्वयः—यदा (कामिन्याः) भगः गजस्कन्धसमानरूपः अथवा कच्छपपृष्ठवेषः वा सोन्नतो भवेत् (तदा) सा इलापतेः कामविनोददायी अपि च सुताजनेता भवति ॥ २४ ॥

भा०—यदि मृगनयनी का भग (योनि) हाथी के कंधे के समान हो अथवा कछुवा के पीठ के समान हो तो वह सुन्दरी श्रीराजराजेश्वर के साथ कामक्रीड़ा करके तृप्त करनेवाली अर्थात् महारानी होती है, यदि भग उन्नत हो तो पुत्र पौत्र धन धान्यादि से युक्त होती है ॥ २४ ॥

अश्वत्थदलरूपो वा भगो गूढमणिः शुभः ।
चुल्हिकोदररूपो यः कुरङ्गखुरसन्निभः ॥ २५ ॥
रोमाकुलो दृष्टनासो विकृतास्यो महाधमः ।
कामिनां न विनोदार्हो भगो भवति सर्वथा ॥ २६ ॥

अन्वयः- यदि वा) भगः अश्वत्थदलरूपो वा गूढमणिः (स्वरूपस्तदा) शुभः, (अथवा) चुल्हिकोदररूपो यः कुरङ्गखुरसन्निभः रोमाकुलः दृष्टनासः विकृतास्यः भगः महाधमः (तथा) कामिनां सर्वथा विनोदार्हो न भवति ॥ २५-२६ ॥

भा०—यदि भग पीपल के पत्ता के समान हो अथवा गूढमणि (टोंटी अन्दर वाला) हो तो शुभदायक होता है। यदि भग (योनि) चूल्ही के उदर-समान हो

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथवा मृगा के खुर समान हो, अथवा अति रोमयुक्त हो और ऊँची टोंटीवाला भयानक हो तो कष्ट देनेवाला तथा कामियों को काम क्रीड़ा रहस्य में सर्वदा अतृप्त कारक होता है ॥ २१-२६ ॥

कामिन्याः कञ्चुकावर्तो भगो दौर्भाग्यवर्द्धकः ।
स गर्भधारणाशक्तो वक्राकारोऽपि तादृशः ॥ २७ ॥

अन्वयः—कामिन्याः भगः कञ्चुकावर्तो दौर्भाग्यवर्द्धकः (तदा) गर्भधारणाशक्तः स वक्राकारोऽपि तादृशः (गर्भधारणाशक्तः) ॥ २७ ॥

भा०—यदि कामिनी का भग कञ्चुकाकार अर्थात् दोनों तरफ ऊँचा और बीच में गहरा हो तो अभाग्य बढ़ानेवाला होता है और गर्भ धारण करने में असमर्थ होता है, यदि टेढ़ा (घुमा हुआ) हो तो भी गर्भ नहीं धारण करता ॥२७॥

वेतसवंशदलप्रतिभासः
कर्पररूपवदेव भगो वा ।
लम्बगलो विकटो गजलोमा
नैव शुभश्चिपिटोऽपि निरुक्तः ॥ २८ ॥

अन्वय—भगोवेतसवंशदलप्रतिभासः कर्पररूपवदेव वा लम्बगलो विकटो गजलोमा 'वा' चिपिटोऽपि नैव शुभः (इति निरुक्तः ॥२८॥

भा०—यदि भग बेंत के पत्ता के समान अथवा बांस के पत्ता के आकार का हो, अथवा गोल अर्थात् चारों तरफ ऊँचा और बीच में गहरा हो अथवा गला के समान लम्बा स्थूल हो, अथवा विकट (ऊँचा-नीचा) हो, अथवा हाथी के रोम समान रुक्ष रोमवाला हो, अथवा चिपटा हो तो अभाग्य वर्द्धक होता है अर्थात् जिस स्त्री का भग उक्त प्रकार हो वह अभागिनी होती है ॥ २८ ॥

मृदुतरं मृदुरोमकुलाकुलं
यदि तदा जघनं भगभाजनम् ।
उत समुन्नतमायतमादरात्
पतिकलाकलितं गदितं बुधैः ॥ २९ ॥

अन्वयः—यदि मृदुतरं मृदुरोमकुलाकुलं जघनं तदा भगभाजनम्, उत समुन्नतमायतमादरात्पतिकलाकलितं (भगभाजनमिति) बुधैर्गदितम् ॥ २९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०--यदि भग (योनि) कोमल बालों से युक्त अति सुन्दर (गूढ़ नोक वाला) हो तो सम्पत्ति (सुपुत्र) का० पात्र होता है, यदि उन्नत, चौड़ा और पति के देखने या स्पर्श करने में गाढ़, मुलायम, सुहावन मालूम पड़े तो वह भग भी सुख-सम्पत्ति तथा पति के सुख का भाजन होता है, ऐसा पण्डितों ने कहा है ॥ २६ ॥

तदेव दक्षिणावर्तं मांसलं शुभसूचकम् ।
वामावर्तं च नारीणां खण्डिताश्रयम् ॥ ३० ॥

अन्वयः—तदेव दक्षिणावर्त्तं मांसलं शुभसूचकम्, वामवर्त्तं च नारीणां खंडितं खण्डिताश्रयम् ॥ ३० ॥

भा०--यदि भग दक्षिणावर्त (दाहिने तरफ घुमा हुआ) हो और पुष्ट हो वह श्रेष्ठ होता है, बायें तरफ घुमा हुआ और खण्डित (नीचा-ऊँचा) हो तो स्त्रियों को कष्टकारक (व्यभिचार कर्म करनेवाला) होता है ॥३०॥

निर्मांसं कुटिलाकारं रूक्षं वैधव्यसूचकम् ।
अतिस्थलं महादीर्घं सद्यो दौर्भाग्यवर्द्धकम् ॥ ३१ ॥

अन्वयः निर्मांसं कुटिलाकारं रुक्षं वैधव्यसूचकम्, अतिस्थलं महा दीर्घं सद्यो दौर्भाग्यवद्धकम् ॥ ३१ ॥

भा०--यदि भग मांसहीन, टेढ़ा और रुक्ष हो तो वैधव्य करनेवाला होता है, यदि अति मोटा और बहुत बड़ा (भयानक) हो तो शीघ्र भाग्यहीन करता है ॥ ३१ ॥

वास्तिलक्षणम्

मृदुला विपुला वस्तिः शोभना च समुन्नता ।
अशुभा रेखयाक्रान्ता शिराला लोमसंकुला ॥ ३२ ॥

अन्वयः—वस्तिः मृदुला विपुला समुन्नता च शोभना, रेखयाक्रान्ता शिराला लोमसंकुला (तदा) अशुभा ॥ ३२ ॥

भा --यदि वस्ति (पेड़ू) कोमल, बड़ा सुन्दर और उन्नत (ऊँचा) हो तो शुभदायक होता है रेखायुक्त, नसयुक्त और रोमयुक्त हो तो अशुभदायक होता है ॥ ३२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नाभिलक्षणम्--

गभीरा दक्षिणावर्ता नाभी भोगविवर्द्धिनी।
व्यक्तग्रंथिः समुत्ताना वामावर्त्ता न शोभना॥ ३३॥

अन्वयः—नाभी गभीरा दक्षिणावर्ता (तदा) भोगविवर्द्धिनी व्यक्त ग्रन्थिः समुत्ताना बामावर्त्ता न शोभना॥ ३३॥

भा० यदि स्त्री की नाभि (ढोंढ़ी) गहरी और दाहिने घुमी हुई हो तो सब पदार्थों को देनेवाली होती है, यदि उंची (गांठवाली) और बायें तरफ घुमी हुई हो तो स्त्री के सब पदार्थों को नष्ट करनेवाली होती है॥ ३३॥

उदरलक्षणम्--

पृथूदरी यदा नारी सुते पुत्रान्बहूनपि।
भेकोदरी नरेशानां बलिनं चायतोदरी॥ ३४॥

अन्वयः—यदा नारी पृथूदरी बहूनपि पुत्रान् सुते, भेकोदर नरेशानां च आयतोदरी बलिनं प्रसूयते)॥ ३४॥

भा—जिस स्त्री का पेट बड़ा हो वह बहुत पुत्र पैदा करती है, मंडूक (मेढक) के समान पेटवाली राजा होने वाला (बहुत बड़ा भाग्यवान्) पुत्र पैदा करती है, बहुत बड़ा पेटवाली शूरवीर पुत्र पैदा करती है॥ ३४॥

उन्नतेनोदरेणैव वन्ध्या नारी प्रजायते।
जठरेण कठोरेण सा भवेद्भिन्दुकाङ्गना॥ ३५॥

अन्वयः—उन्नतेनोदरेणैव नारी वन्ध्या प्रजायते, कठोरेण जठरेण सा भिन्दुकाङ्गना भवेत्॥ ३५॥

भा०—जिस स्त्री का पेट उन्नत (ऊँचा) हो वह वंध्या होती है, जिसका पेट कठोर (कड़ा) हो वह कोलभिल्ल (नीचजाति) की स्त्री होती है॥ ३५॥

आवर्तेन युतेनैव दासिका भवति ध्रुवम्।
कोमलैर्मांससंयुक्तैः समानैः पार्श्वकैः शुभम्॥ ३६॥

अन्वयः—आवर्त्तेनयुतेनैव ध्रुवं दासिका भवति, पार्श्वकैः कोमलैर्मांससंयुक्तैः समानैः शुभम्॥ ३६॥

भा०—जिस स्त्री के पेट में आवर्त (भौंरा) हो वह अवश्य दासी होती है,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि दोनों पार्श्व (कोख) कोमल और मांस संयुक्त बराबर हो तो सुख सम्पत्ति देनेवाली होती है ॥ ३६ ॥

विशिरेण मृदुत्वचा सपुत्रा
जठरेणातिकृशेन कामिनी सा ।
बहुधातुलभोगलालिता सानुदिनं
मोदकसत्फलाशिनी स्यात् ॥ ३७ ॥

अन्वयः- विशिरेण मृदुत्वचा जठरेणातिकृशेन सा कामिनी सपुत्रा बहुधातुलभोगलालिता (तथाच सा) अनुदिनं मोदकसत्फलाशिनी स्यात् ॥ ३७ ॥

भा०—जिसका पेट नसों से हीन, कोमल त्वचा (चमड़ा) और पतला हो वह सौभाग्यवती सुपुत्र देनेवाली अनेक प्रकार के भोगों को भोगनेवाली, प्रतिदिन मोदक और सुन्दर २ फलों को भोजन तथा महारानी की तरह सुख करने वाली होती है ॥ ३७ ॥

घटाकारं यस्या भवति च मृदङ्गेन सदृशं
यवाकारं दैवादुदरमहितं पुत्ररहितम् ।
अभद्रं नो भद्रं तदपि यदि कुष्माण्डसदृशं
निरुक्तं तत्त्वज्ञैः कठिनमुरुशालेन च समम् ॥३८॥

अन्वयः—यस्याः उदरं घटाकारं यवाकारं (तथा) दैवातमृदङ्गेन सदृशं च भवति (तदा) अहितं पुत्ररहितं भवति, यदि कुष्माण्ड सदृशं तदपि अभद्रं यदि कठिनमुरुशालेन च सम (तदपि) नो भद्रं (इति) तत्वज्ञैः निरुक्तम् ॥३८ ॥

भा०--जिस स्त्री का पेट घट के समान, जव के समान अथवा मृदंग के समान हो तो वह अनिष्ट फल करनेवाला तथा संतानहीन करनेवाला होता है, यदि कोंहड़ा के सदृश हो तो भी दरिद्र करनेवाला और कठिन मुरुशाल (अत्यन्त) कठोर हो तो वह सदा अमङ्गल करनेवाला होता है ऐसा सूक्ष्म विचार करनेवालों का कहना है ॥ ॥ ३८ ॥

कृशतरा त्रिवली सरलावली
ललितनर्मविनोदविवर्द्धिनी ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भवति सा कपिला कुटिलाकुला
शुभकरी विरला महदाकृतिः ॥ ३६ ॥

अन्वयः—(यस्याः) त्रिवली कृशतरा सरलावली भवति सा ललितनर्मविनोद विवर्द्धिनी (भवति, यदि) सा कपिला कुटिला (तदा) अकुलाः यदि विरला महदाकृतिः (तदा) शुभकरी (भवति ॥ ३९ ॥

भा०—जिस स्त्री का त्रिवली (हृदय से भग पर्यन्त छोटे २ रोमों की सरल रेखा) अत्यन्त पतली (काली रंग) और सीधी हो तो वह प्रियवल्लभ के साथ रहस्य क्रीड़ा विलास में अति प्रेम बढ़ानेवाली होती है, यदि वह रोमों की रेखा भूरे रंग की और टेढ़ी हो तो कामिनी के क्रोधको बढ़ाने (गुस्सा पैदा करने) वाली होती है, यदि त्रिवली विरल और चौड़ी आकार में हो तो शुभ करने वाली होती है ॥ ३६ ॥

उरोलक्षणम्—

लोमहीन हृदयं यदा भवेन्नि-
म्नताविरहितं समायतम् ।
भोगमेत्य सकलं वराङ्गना
सा पुनः प्रियवियोगमालभेत् ॥ ४० ॥

अन्वयः—यदा लोमहीनहृदयं निम्नता विरहितं समायतं भवेत् (तदा) सा वराङ्गना सकलं भोगमेत्य पुनः प्रियवियोगमालभेत् ॥४०॥

भा०—जिस स्त्री की छाती रोमरहित बराबर (नीची ऊँची न हो) और चौड़ी हो वह कोमलाङ्गी पति, पुत्र, धन, धान्य तथा शय्याशनादि सब प्रकार सुख को भोगती हुई अन्त में प्रियतम से वियोग भी पा जाती है ॥४० ॥

उद्भिन्नरोमहृदया स्वपतिं निहन्ति
विस्ताररूपहृदया व्यभिचारिणीस्यात् ।
अष्टादशांगुल मितं हृदयं सुखाय
चेद्रोमशं च विषमं न सुखाय किंचित् ॥ ४१ ॥

अन्वयः—उद्भिन्नरोमहृदया स्वपतिं निहन्ति विस्ताररूपहृदया व्यभिचारिणी स्यात् । अष्टादशांगुलमितंहृदयं सुखाय चेद्विषमं रोमशं (तथा, किञ्चित् सुखाय न भवति) ॥ ४१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—जिस स्त्री की छाती के रोम उखड़ते और जमते हों अर्थात् छिन्न-भिन्न हों तो वह अपने पति को मार डालती है. जिसकी छाती विशेष चौड़ी हो वह व्यभिचारिणी होती है, जिसकी छाती अठारह अंगुल चौड़ी हो वह सुख सम्पत्ति देनेवाली होती है, जिसकी छाती में विशेष रोम हों तथा छाती नीची ऊँची हो तो उस अभागिनी को सुख लेशमात्र भी नहीं मिलता है ॥ ४१ ॥

उन्नतं पीवरं शस्तं हृदयं वरयोषिताम् ।
अपीवरमिदं नीचं पृथुदौर्भाग्यसूचकम् ॥ ४२ ॥

अन्वयः—वरयोषितां हृदयं उन्नतं पीवरं (तदा) शस्त (यदि) हृदयं अपीवरं नीचं (तदा) पृथु दौर्भाग्य सूचक भवेत् ॥४२॥

भा०—यदि स्त्री या पुरुष की छाती ऊँची और मोटी हो तो दोनों के लिये शुभकारक होती है यदि नीची और मांसहीन (चपटी) हो तो दोनों के लिये विशेष दुर्भाग्य सूचक है ॥ ४२ ॥

स्तनलक्षणम्—

भवत एव समौ सुदृढ़ाविभौ
यदि घनौ सुदृशस्तुपयोधरौ ।
निजपतेरनिशं परिवर्त्तुलौ
कुसुमबाणविनोदविवर्द्धकौ ॥ ४३ ॥

अन्वयः—यदि पयोधरौ समौ सुदृढौ घनौ परिवर्तुलौ (तथा) सुदृशं एव भवतः (तदा) निजपतेरनिशं कुसुमबाणविनोदविवर्द्धकौ (भवतः) ॥४३॥

भा०—जिस कामिनी के दोनों स्तन गाढ़ मांसयुक्त, कठोर, उन्नत और सुन्दर (उत्तरोत्तर किञ्चित्पतला) गोलाकार हों वे निरन्तर अपने पति के केलिक्रीड़ा में कामबाण बढ़ानेवाले होते हैं ॥ ४३ ॥

सुभ्रुवो विरलौ सूक्ष्मौ स्थूलाग्रावहिताविभौ ।
पयोधरौ तदा नार्याः प्रभवेद्दक्षिणोन्नतः ॥ ४४ ॥
पुत्रदोऽप्यथ कन्यादो यदा वामोन्नतो भवेत् ।
सान्तरालौ च विस्तारौ पीवरास्यौ न शोभनौ ॥ ४५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः--सुभ्रुवो नार्य्याः पयोधरौ विरलौ सूक्ष्मौ स्थलाग्रौ तदा अहितौ (भवतः) दक्षिणोन्नतः पुत्रदः प्रभवेत्, यदा वामोन्नतः कन्यादो भवत् अथ सान्तरालौ च विस्तरौ पीवरास्यौ न शोभनौ (भवतः) ।४४-४५।

भा० सुन्दर भृकुटीवाली स्त्री के दोनों स्तन विरल (मोटे पतले) हों अथवा मांसहीन अर्थात् चिपटे हों अथवा अग्रभाग स्थूल (मोटा) हो तो कष्ट-कारक होते हैं, यदि वायें के अपेक्षा दाहिना स्तन कुछ बड़ा हो तो वह पुत्रों को सुख देनेवाला होता है, यदि दाहिने के अपेक्षा बायाँ स्तन कुछ बड़ा हो तो वह विशेष कन्या देनेवाला होता है यदि दोनों स्तनों के बीच में अन्तर अर्थात् दोनों का जड़ मिला हुआ न हो, लम्बे (पतले) हों और उनके मुँह (जो भाग बच्चों के मुँह में रहता है विशेष मोटा हो वह शुभप्रद नहीं होता। ४४-४५ ॥

मूले स्थूलौ क्रमकृशावग्रे तीक्ष्णौ पयोधरौ।
सखदौ पूर्वकाले त पश्चादत्यन्तदुःखदौ॥ ४६॥

अन्वयः--पयोधरौ मूले स्थूलौ क्रमकृशावग्रे तीक्ष्णौ (तदा) पूर्व-काले सुखदौ तु पश्चादत्यन्त दुःखदा 'भवतः' ॥४६॥

भा०—जो स्तन आदि भाग (मूल) में मोटा और क्रमशः पतला होता हुआ अग्रभाग अत्यन्त पतला नुकीला हो तो वह प्रथमावस्था में सुखदायक अन्त्या-वस्था बुढ़ापा में अत्यन्त कष्टकारक होता है ॥ ४६ ॥

स्कन्धलक्षणम्—

पुत्रिणी विनतस्कन्धा ह्रस्वस्कन्धा सुखप्रदा ।
पुष्टस्कन्धा तु कामान्धा रतिभोगसुखावहा॥ ४७॥

अन्वयः--विनतस्कन्धा पुत्रिणी ह्रस्वस्कन्धा सुखपदा पुष्टस्कन्धा तु कामान्धा रतिभोगसुखावहा ॥४७॥

भा०--जिस स्त्री के कन्धा गले से नीचे झुका हुआ हो वह पुत्र देनेवाला होता है, छोटे कन्धे सुख देनेवाले होते हैं और मोटे कन्धेवाली कामिनी कामांध होकर रति शय्या के ऊपर अति सुख देने वाली होती है ॥ ४७ ॥

मदान्धा कुटिलस्कन्धा स्थूलस्कन्धा च तादृशी ।
यदि लोमाकुलस्कन्धा वैधव्यं द्रुतमावहेत् ॥ ४८ ॥

अन्वयः--कुटिलस्कन्धा मदान्धा स्थलस्कन्धा च तादृशी यदि लोमाकुलस्कन्धा द्रुतं वैधव्यमावहेत् ॥४८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—टेढ़े कन्धे अथवा मोटे कन्धेवाली स्त्री अति कामान्ध होती है और रोमयुक्त कन्धेवाली स्त्री शीघ्र वैधव्य धारण करती है ॥ ४८ ॥

बाहुमूललक्षणम्—

स्रस्तां सा संहतां सा च धन्या भवति कामिनी ।
तुङ्गां सा विधवा ज्ञेया विमांसां सा तथैव च ॥ ४९ ॥

अन्वयः—स्रस्तां सा संहतां सा च कामिनी धन्या भवति, तुङ्गां सा विधवां ज्ञेया विमांसां सा तथैव च (विधवा भवति) ॥ ४९ ॥

भा०—दोनो भुजों के मूल (कन्धा के नीचे चौड़ा अथवा मांसयुक्त और कठोर हो तो वह कामिनी ऐश्वर्ययुक्त होती, यदि भुजमूल उच्च अथवा मांसहीन पतला हो तो वह स्त्री विधवा हो जाती है ॥ ४९ ॥

कराङ्गुष्ठलक्षणम्—

अंगुष्ठांगुलिकं युग्मं यत्पद्मकलिकासमम् ।
बहुभोगाय नारीणां निर्मितं विधिना पुरा ॥ ५० ॥

अन्वयः—अंगुष्ठांगुलिकं युग्मं यत्पद्मकलिकासमम् नारीणां बहुभोगाय पुरा विधिना निर्मितम् ॥५०॥

भा०—जिस स्त्री के हाथ के अंगुष्ठे और तर्जनी अथवा कोई दो अंगुली कमल के कली के समान सुन्दर हो तो वह सुन्दरी अनेक सद्भोगों को भोगती है अर्थात् ब्रह्मा ने सुख भोगने ही के लिये उन दोनों अंगुलियों को पहले से बना रखा है ॥ ५० ॥

पाणितललक्षणम्—

करतलं भुजयोर्यदि कोमलं
विमलपद्मनिभं च समुन्नतम् ।
निजपतेः कुसुमायुधवर्द्धकं ।
निगदितं मुनिना विधिनोदितम् ॥ ५० ॥

अन्वयः—यदि भुजयोः करतलं कोमलं विमलपद्मनिभं च समुन्नतं (तदा) निजपतेः कुसुमायुधवर्द्धकं (इति) विधिनोदितं मुनिना निगदितम् ॥५१॥

भा०—जिसका दोनों करतल (हथेली) कोमल, कमल के समान सुन्दर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बनाए और उन्नत (ऊँचा) हो वह कामिनी अपने पति के कामदेव को बढ़ाने (तृप्त करने) वाली होती है ऐसा ब्रह्मदेव के वाक्य को मुनियों ने कहा है ।।५१।।

स्वच्छरेखाकुलं भद्रं नो भद्रं हीनरेखया ।
अभद्रं रेखया हीनं वैधव्यं चातिरेखया ।।५२।।

अन्वयः--स्वच्छरेखाकुलं भद्रं हीनरेखया नो भद्रं रेखया हीनमभद्रं च अतिरेखया अभद्रं (स्यात्) ॥ ५२ ॥

भा०-जिस स्त्री के हस्त की रेखा पुष्ट सुन्दर और स्वच्छ (साफ) हो वह सुखप्रद होती है, छोटी २ रेखा कष्टकारक होती है, यदि रेखाहीन हस्त हो तो अमङ्गलदायक होता है, बहुत रेखा पतली २ हों वह वैधव्यसूचक होती हैं ।।५२।।

करपृष्ठलक्षणम्—

शिरालं कुरुते निःस्वं नारी करतलं यदि ।
समुन्नतं च विशिरं करपृष्ठं सुशोभनम् ।।५३।।

अन्वयः—यदि नारी करतलं शिरालं निःस्वंकुरुते करपृष्ठं समुन्नतं च विशिरं सुशोभनम् ॥ ५३ ॥

भा०–जिस स्त्री की हथेली में नसें हों वह दरिद्रा होती है यदि हाथ का पृष्ठ भाग ऊँचा और बिना सिरा का हो तो वह कल्याणकारक होता है, अर्थात् उस स्त्री को सुख मिलता है ॥ ५३ ॥

रोमाकुलं गभीरं च निर्मांसं पतिजीवहृत् ।
सुभ्रुवः करपृष्ठस्य लक्षणं गदितं बुधैः ॥५४॥

अन्वयः--सुभ्रुवः (करपृष्ठं) रोमाकुलं गभीरं च निर्मांसं पति-जीवहृत्, करपृष्ठस्य लक्षणं बधैः निगदितम् ॥ ५४ ॥

भा०—जिस सुभ्रू के हाथ का पृष्ठ भाग अधिक रोमयुक्त हो, अथवा गहरा हो, अथवा मांसहीन [चिपिटा] हो वह पति के प्राण को हरण करनेवाला होता है ऐसा कर पृष्ठ लक्षण को पण्डितों ने कहा है ॥ ५४ ॥

कररेखाफलम्--

गभीरा रक्ताभा भवति मृदुला वा स्फुटतरा ।
करे वामे रेखा जनयति मृगाक्ष्या बहु शुभम् ।

७

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदा वृत्ताकारा पतिरतिसुखं विन्दति परं ।
माद्दा विसारं सौभाग्यं बलमपि सुतं स्वस्तिकमपि ॥५५॥

अन्वयः—मृगाक्ष्या वामे करे गभीरा रक्ताभा मृदुला वा स्फुटतरा रेखा भवति (तदा) बहुशुभं जनयति, यदा वृत्ताकारा (रेखातदा) पतिर्रातसुखं परं विन्दति विसारं स्वस्तिकमपि सौभाग्यं बलमपि सुतं (विन्दति) ॥ ५५ ॥

भा०—जिस मृगाक्षी के बायें हथेली में गम्भीर, लाल रंग की, कोमल और स्पष्टतर रेखायें हों वह अत्यन्त सुखदायक और लाभकारक होती है, यदि गोलाकार रेखा हों तो पति के साथ कामक्रीड़ा में अति सुख देनेवाली होती है, जिस सौभाग्यवती के बायें हाथ में विसारा* [मछली] की रेखा अथवा स्वस्तिक* [देवमन्दिर तोरण लगा हुआ] की रेखा हो वह सौभाग्य, शरीर सुख तथा संतान सुख देनेवाली होती है ॥ ५५ ॥

करतले यदि पद्ममिलापते ।
प्रियतमा परमा गरिमावृता ॥
नृपमपत्यमलं जनयेदरं ।
बलवतामपि मानविमर्दकम् ॥५६॥

अन्वयः—यदि करतले पद्मं इलापतेः प्रियतमा परमा गरिमावृता, नृपमपत्यमलं जनयेदरं बलवतामपि मानविमर्दकम् ॥ ५६ ॥

भा०—जिस स्त्री के बायें हथेली में कमल के फूल का चिन्ह हो वह राजा की अत्यन्त प्यारी, विशेष प्रतिष्ठा पानेवाली राजरानी होती है और अपने गर्भ से शूरवीर राजाओं का मानभङ्ग करनेवाला महाबली, राजसिंहासन पर बैठनेवाला, राजपुत्र पैदा करती है ॥ ५६ ॥

यदा प्रदक्षिणाकारो नद्यावर्तः प्रजायते । दा. हिनतिर वाट घुमेको
चक्रवर्तिनृपस्त्री सा यस्या पाणितलेऽमले ॥५७॥

---

*पृथुरोमा झषो मत्स्यो मीनो वैसारिणोऽण्डजः ।
विसारः शकुली चाथ गण्डकः शकुलार्भक ॥अमरः॥
*सौधोऽस्त्री राजसदनमुपकार्योपकारिका ।
स्वस्तिकः सर्वतो भद्रो नद्यावर्तादयोऽपि च ॥ अमरः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—यस्याः अमले पाणितले यदा प्रदक्षिणाकारो नद्यावर्तः प्रजायते सा चक्रवर्तिनृपपत्नी (भवति) ॥ ५७ ॥

भा०—जिस स्त्री के निर्मल वाम हथेली में दक्षिणावर्त्त गोलाकार रेखा हो तो वह चक्रवर्ती राजा की प्रियतमा [महारानी] होती है ॥ ५७ ॥

आतपत्रं च कमठः शंखोऽपि यदि वा भवेत् ।
नृपमाता गुणोपेता भव्याकारा पतिव्रता ॥५८॥

अन्वयः यदि आतपत्रं च कमठः शङ्खोऽपि वा भवेत् (सा नृपमाता गुणोपेता भव्याकारा पतिव्रता भवति) ॥ ५८ ॥

भा० जिस स्त्री के हाथ में छत्र कछुआ अथवा शङ्ख का चिन्ह हो तो वह राजमाता शुभ गुणों से युक्त, अति सुन्दरी पतिव्रता होती है ॥ ५८ ॥

यस्या वामकरे रेखा तुलामालोपमा भवेत् ।
वैश्यवामा रमापूर्णा नानालङ्कारमण्डिता ॥५९॥

अन्वयः—यस्या वामकरे तुलामालोपमा रेखा भवेत्, (सा) वैश्यवामा रमापूर्णा नानालंकारमण्डिता (भवति) ॥ ५९ ॥

भा०—जिस स्त्री के बायें हाथ में तुला [तराजू] अथवा फूल के माला का चिन्ह हो वह वैश्य की स्त्री [सेठानी] रिद्धि सिद्धि से पूर्ण, अनेक भूषणों से अलंकृत शोभायुक्त होती है ॥ ५९ ॥

करतले गजवाजिवृषाकृतिः
कृतिविदामबला किल कोविदा ।
भवति सौधसमा यदि सुभ्रुवः
शशिनिभाऽतिशुभा किल रेखिका ॥६०॥

अन्वयः- (यस्याः) करतले गजवाजिवृषा कृतिर्भवति (सा) कृतिविदामबला किल कोविदा, यदि सुभ्रुवः सौधसमा शशिनिभा किल रेखिकाऽतिशुभा भवति ॥ ६० ॥

भा०-जिस स्त्री के बायें हाथ में हाथी, घोड़ा और बैल का चिन्ह हो तो वह तर्क शास्त्र में चतुरा और पण्डिता होती है, जिसके हाथ में सफेद [चूना लगाया हुआ] मकान का चिन्ह अथवा चंद्रमा के आकार का चिन्ह हो तो वह

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सुन्दर भृकुटीवाली स्त्री अत्यन्त सुन्दरी, सौभाग्यवती और शुभगुणयुक्ता होती है ॥ ६० ॥

भवति सा विमलाङ्कुशचामरा-
मलशरासनवद्यदि रेखिका ।
गुणविभूषितभूपतिवल्लभा
करतले शकटेन विशोऽबला ॥६१॥

अन्वयः--(यस्याः) करतले विमलांकुशचामरामलशरासनवद्यदि रेखिका भवति सा गुणविभूषितभूपतिवल्लभा (तथा) शकटेन विशोऽबला (भवति) ॥ ६१ ॥

भा०-जिस स्त्री के बायें हाथ में सुन्दर अंकुश, चँवर अथवा सुन्दर धनुष के आकार का चिन्ह हो तो वह स्त्री अच्छे २ गुणों से युक्त राजा की प्यारी [रानी] होती है, यदि हाथ में गाड़ी का चिन्ह हो तो वह वैश्य की स्त्री [सेठानी] होती है ॥ ६१ ॥

अंगुष्ठमूलतो रेखा कनिष्ठां यदि गच्छति ।
यस्याः सा पतिहन्त्री तां दूरतः परिवर्जयेत् ॥६२ ॥

अन्वयः--यस्याः अंगुष्ठमूलतो कनिष्ठां रेखा यदि गच्छति सा पतिहंत्री (अतः) तां दूरतः परिवर्जयेत् ॥ ६२ ॥

भा०—जिस कन्या के अंगुष्ठ मूल से कनिष्ठा अंगुली के मूल तक सीधी रेखा गई हो वह पति को मारनेवाली होती है, ऐसी कन्या दूर ही से छोड़ देने योग्य है ॥ ६२ ॥

यदि करे करवालगदामल-
प्रखरकुन्तमृदङ्गकुरङ्गवत् ।
भवति शूलनिभा खलु रेखिका
भुवि सदा धनदा प्रमदा तदा ॥६३॥

अन्वयः--यदि करे करवालगदामलप्रखरकुन्तमृदङ्गकुरङ्गवत् (तथा) शूलनिभा खलु रेखिका भवति तदा प्रमदा भुवि सदा धनदा (भवति) ॥ ६३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०–जिस स्त्री के हथेली में तलवार, गदा मलरहित, तीक्ष्ण बर्छी, मृदङ्ग, मृग अथवा शूल के समान रेखा हो तो वह इस पृथ्वी में सर्वथा लक्ष्मी से परिपूर्ण रहती है ॥ ६१ ॥

वृषभेकवृश्चिकभुजङ्गजम्बुकाः
खरकङ्कपत्रशलभाविडालकाः ।
यदि वामपाणितलगा भवन्ति चेत्
कलहेन सार्द्धमतिरोगकारकाः ॥६४॥

अन्वयः—यदि वृषभेकवृश्चिकभुजङ्गजम्बुकाः खरकङ्कपत्रशलभाविडालकाः वामपाणितलगाः भवन्ति चेत् सार्द्धमतिरोगकारकाः (भवन्ति) ॥ ६४ ॥

भा०–यदि स्त्री के बायें हाथ में बैल, मेढक, बिच्छू, सर्प, स्यार, गदहा भरदुल (पक्षी विशेष) टीड़ी अथवा बिल्ली के आकार का चिन्ह हो तो वह स्त्री कलह करनेवाली और रोगयुक्ता होती है ॥ ६४ ॥

अथांगुलिलक्षणम्—

कोमलाःसरलोऽगुष्ठोवर्त्तुलो यदि योषिताम् ।
क्रमादेवं कृशाङ्गुल्यो दीर्घाकाराश्चवर्त्तुलाः ॥६५॥
पृष्ठरोमाः शस्तफलाश्चिपिटा उदिताबुधैः ।
कृशाः कुंचितपर्वाणो ह्स्वा रोगभयावहाः ॥६६॥
अनेकपर्वसंयुक्ता उन्नतांगुलयोऽशुभाः ॥६७॥

अन्वयः—यदि योषितामङ्गल्यः कोमलाः सरलोङ्गुष्ठो वर्त्तुलः क्रमात् कृशांगुल्यो दीर्घाकाराश्च वर्त्तुलाः पृष्ठरोमाश्चिपिटाः (तदा) शस्तफलाः (इति) बुधैः उदिताः एव कृशाः कुञ्चितपर्वाणः ह्रस्वा रोगभयावहाः (तथा च) अनेकपर्वसंयुक्ता उन्नतांङ्गुल्योऽशुभाः ॥६५-६६-६७॥

भा०–जिस स्त्री के हाथ की अंगुलियाँ कोमल और सीधी हों तथा अंगुष्ठ गोलाकार हो और अंगुष्ठ से कनिष्ठा तक अंगुलियाँ क्रम से पतली जैसे अंगुष्ठ से पतली तर्जनी,तर्जनी से पतली मध्यमा, मध्यमासे पतलीअनामिका और अनामिका से पतली कनिष्ठिका होएवं अंगुलियाँ लंबी; गोल और पृष्ठभाग किञ्चित् चिपिटा तथा सरोम हों तो शुभ फल देनेवाली हैं, ऐसा पण्डितों ने कहा है। यदि अंगुलियाँ पतली (मांसहीन) और उनके पर्व टेढ़े तथा छोटी हों तो रोगभय

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कारक होती हैं, यदि अंगुलियों में तीन से अधिक पर्व हों अथवा अंगुलिया ऊँची हों तो अनिष्ट फल देनेवाली होती हैं ॥ ६५-६६-६७ ॥

अथ नखलक्षणम्--

शंखशुक्तिनिभा निम्ना विवर्णा न नखाः शुभाः ।
कपिला वक्रिता रूक्षाः सुभ्रुवः सुखनाशकः ॥६८॥

अन्वयः--सुभ्रुवः शङ्खशुक्तिनिभा निम्ना विवर्णा नखाः न शुभाः। कपिला वक्रिता रुक्षाः सुखनाशकः (भवति) ॥ ६८ ॥

भा०-जिस स्त्री के अंगुलियो के नाखून शंख अथवा सीप के आकार के हों चिपटे और लाल रंग विहीन हों तो शुभ फल देनेवाले नहीं होते, यदि भूरे रंग टेढ़े अथवा रुक्ष (रूखे) हों तो सुनेत्रा के सुख नाश करनेवाले होते हैं ॥ ६८ ॥

यदि भवन्ति नखेषु मृगीदृशां
सितरुचो विरला यदिबिन्दवः ।
अतितरां कुसुमायुधपीड़या
परजनेन लपंति रमन्ति ताः ॥६९॥

अन्वयः—यदि मृगीदृशां नखेषु सितरुचो विरलो विन्दवो भवति (तदा) अतितरां कुसुमायुधपीड़या परजनेन लपन्ति रमन्ति च ॥ ६९ ॥

भा०—जिस मृगनयनी के नाखूनों में लालिमा के अन्दर से सफेद (मोती की तरह) छींटे झलकें तो वह अत्यन्त कामोद्वेग से पीड़ित होकर दूसरे (जार) के साथ प्रेम करती और रमण भी करती है ॥ ६९ ॥

अथ पृष्ठलक्षणम्—

गुप्तास्थिपृष्ठवंशेन मांसलेन पतिप्रिया ।
रोममूलेन पृष्ठेन विधवा भवति ध्रुवम् ॥७०॥

अन्वयः--गुप्तास्थि पृष्ठवंशेन मांसलेन पतिप्रिया रोममूलेन पृष्ठेन ध्रुवं विधवा भवति ॥ ७० ॥

भा०—जिस स्त्री के पृष्ठ की हड्डियाँ (रीढ़) मांस के अन्दर हों और पुष्ट हों तो वह अपने पति की प्यारी होती है, यदि पीठ में रोम हों तो वह स्त्री अवश्य विधवा हो जाती है ॥ ७० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सशिरेणातिभुग्नेन विनतेन च दुःखिता ।
सरलो मांसलो यस्याः पृष्ठवंशः समुन्नतः ॥ ७१ ॥
सापत्युरनुभद्राख्या मुक्तालङ्कारमण्डिता ।
अतिप्रिया सुशीला च वरालीभिः समावृता ॥७२॥

अन्वयः—यस्याः पृष्ठवंशः सशिरेणाति भुग्नेन विनतेन च दुःखिता सरलो मांसलः समुन्नतः स, पत्युरनुभद्राख्या मुक्तालङ्कारमण्डिता अतिप्रिया सुशीला च वरालीभिः समावृता (भवति) ॥ ७१-७२ ॥

भा०—जिसके पीठ में नसें हों, अथवा नीचा-ऊँचा हो अथवा पीठ गहरी हो तो वह स्त्री कष्ट भोगनेवाली होती है, जिसका पीठ सुन्दर सीधा मांसयुक्त तथा ऊँचा हो तो वह सौभाग्यवती अपने पति को अत्यन्त सुख देनेवाली, मोती इत्यादि रत्नों से जड़ित भूषणों से अलंकृत रहनेवाली, अपने पति की प्यारी, सुशीला हजारों सखियों के बीच में शोभा पानेवाली होती है ॥ ७१-७२ ॥

अथ कण्ठलक्षणम्—

कण्ठो वर्तुलरूपः कमनीयः पीनतायुक्तः ।
चतुरंगुलश्च यस्याः सा निजभर्तुः प्रिया भवति ॥७३॥

अन्वयः—यस्याः कण्ठःवर्तुलरूप कमनीयः पीनतायुक्तः चतुरंगुलश्च (लम्बः) सा निज भर्त्तुः प्रिया भवति ॥ ७३ ॥

भा०—जिस स्त्री का कण्ठ गला) गोलाकार, सुन्दर, मोटा और लम्बाई में चार अंगुल हो तो वह अपने पति की प्यारी होती है ॥ ७३ ॥

अथ ग्रीवालक्षणम्--

गुप्तास्थिमांसला ग्रीवा त्रिरेखाभिः समावृता ।
सुसंहता तदा शस्ता विपरीता न शोभना ॥७४॥

अन्वयः--(यस्याः) ग्रीवा गुप्तास्थिमांसला त्रिरेखाभिः समावृता सुसंहता तदा शस्ता विपरीता न शोभना ॥ ७४ ॥

भा०—जिस स्त्री का ग्रीवा मांसयुक्त, पुष्ट और तीन रेखा से युक्त, देखने में अति सुन्दर हो तो वह शुभ फल देनेवाला होता है, जिसका गला टेढ़ा हो अथवा गले में नसें तथा हड्डियाँ दिखाई पड़ें या नाप में चार अंगुल से छोटा [कोतह-गरदन] हो तो अनिष्ट फल देनेवाला होता है ॥ ७४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्थूलग्रीवा धवत्यक्ता रक्तग्रीवा च दासिका ।
अपतिश्चिपिटग्रीवा लघुग्रीवार्थवर्जिता ॥७५॥

अन्वयः--स्थूलग्रीवा धवत्यक्ता रक्तग्रीवा च दासिका चिपिटग्रीवा अपतिः लघुग्रीवार्थवर्जिता ॥ ७५ ॥

भा०—जिस स्त्री का गला अति स्थूल हो वह अपने पति से अलग रहती है, जिसका गला लाल रंग का हो वह दासी होती है, जिसका गला चिपटा [चौड़ा] होता है वह विधवा होती है और छोटी गलावाली स्त्री दरिद्रा होती है ॥७५॥

अथ हनुलक्षणम्--

सुघना कोमला यस्या निर्लोम्नी च हनुः शुभा ।
लोमशा कुटिला लघ्वी चाति स्थूला न शोभना ॥७६॥

अन्वयः--यस्या हनुः सुघना कोमला निर्लोमा च शुभा, लोमशा कुटिला लघ्वी चातिस्थूला न शोभना ॥ ७६ ॥

भा०—जिस स्त्री का हनु [अधरोष्ठ के नीचे का भाग दाढ़ी] सुन्दर, घन [मांसयुक्त] टेढ़ा, छोटा अथवा अत्यन्त मोटा हो तो कष्ट देनेवाला होता है ॥ ७६ ॥

अथ कपोललक्षणम्

मांसलौ कोमलावेतौ कपोलौ वर्त्तुलाकृती ।
समुन्नतौ मृगाक्षीणां प्रशस्तौ भवतस्तदा ॥७७॥

अन्वयः –मृगाक्षीणां एतौ कपोलौ मांसलौ वर्त्तुलाकृती समुन्नतौ भवतस्तदा प्रशस्तौ भवतः ॥ ७७ ॥

भा०—जिस मृगनयनी के दोनों गाल मांसयुक्त, कोमल, सुन्दर, गोलाकार [पूर्ण चंदमा की तरह] और ऊँचे हों वह श्रेष्ठ [सुखदायक] होते हैं॥७७॥

निर्मांसौ पुरुषाकारौ रोमशौ कुटिलाकृती ।
सीमन्तिनीनामशुभौ दौर्भाग्यपरिवर्द्धकौ ॥७८॥

अन्वयः--सीमन्तिनीनां (कपोलौ निर्मांसौ पुरुषाकारौ रोमशौ कुटिलाकृती (तदा) अशुभौ दौर्भाग्य परिवर्द्धकौ (भवतः) ॥ ७८ ॥

भा०–जिस स्त्री के दोनों गाल मांसहीन [पतला], पुरुष के आकारवाले, रोमयुक्त और टेढ़े हों तो वे अनिष्ठ फल देनेवाले और अभाग्य बढ़ानेवाले होते हैं ॥७८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ ओष्ठलक्षणम्—

वर्तुलो रेखयाक्रांतो बन्धूकसदृशोऽधरः ।
स्निग्धो राजप्रियोऽनित्यं सुभ्रु वः परिकीर्तितः ॥ ७९ ॥

अन्वयः- सुभ्रुवोऽधरः वर्त्तुलः रेखयाक्रान्तो बन्धूकसदृशः स्निग्धः (तदा) नित्यं राजप्रियः परिकीर्तितः ॥ ७९ ॥

भा०--जिस सुन्दर भौंहवाली स्त्री का अधर (होंठ) गोल, रेखायुक्त बंधूक फूल की तरह गुलाबी रंग और मुलायम (चिकना) हो तो उस अधरामृत का पान राजा करते हैं, अर्थात् राजप्रिय होती है ॥ ७९ ॥

प्रलम्बः पुरुषाकारः स्फुटितोमांसवर्जितः ।
दौर्भाग्यजनको ज्ञेयः कृष्णो वैधव्य सूचकः ॥ ८० ॥

अन्वयः—प्रलम्बः पुरुषाकारः स्फुटितः मांसवर्जितः दौर्भाग्यजनकः ज्ञेयः कृष्णो वैधव्यसूचकः ॥ ८० ॥

भा०- यदि ओष्ठ लम्बा हो, पुरुषाकार हो फटा हुआ हो, मांसहीन (अति पतला), हो तो भाग्य नष्ट करता है, यदि ओष्ठ काले रङ्ग का हो तो वैधव्य सूचक होता है ॥ ८० ॥

दन्तलक्षणम्—

उपर्यधः समा दन्ताः स्तोकरूपाः पयोरुचः ।
द्वात्रिंशदाभ्यगा यस्याः सा सदा सुभगा भवेत् ॥ ८१ ॥

अन्वयः--यस्याः दन्ताः उपयधः स्तोकरूपाः पयोरुचः द्वात्रिंशदास्यगा सा सदा सुभगा भवेत् ॥ ८१ ॥

भा०—जिस स्त्री के मुख में ऊपर और नीचे के दांत, बराबर, छोटे तथा दूध के समान सफेद और गिनती में बत्तीस हों तो वह स्त्री सदा सौभाग्यवती रहती है ॥ ८१ ॥

अधोदन्ताधिकत्वेन मातृहीना च दुःखिता ।
विधवा विकटाकारैः स्वैरिणी विरलद्विजैः ॥ ८२ ॥

अन्वयः—अधोदन्ताधिकत्वेन मातृहीना च दुःखिता, विकटाकारैः विधवा (तथा) विरलद्विजैः स्वैरिणी (भवेत्) ॥ ८२ ॥

भा०—जिस स्त्री के नीचे का दांत सोलह से अधिक हों वह मातृहीन और

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दुःख भोगनेवाली होती है, यदि दांत बड़े २ विकट रूप (भयानक) हों तो वह स्त्री विधवा होती है, जिसका दांत नीचा ऊँचा हो वह व्यभिचारिणी होती है ॥ ८२ ॥

जिह्वालक्षणम्—

कोमला सरला रक्ता श्वेता च रसना शुभा ।
स्थूला या मध्यसंकीर्णा विकृता सुखनाशिनी ॥ ८३ ॥

अन्वयः—(यस्याः) रसना कोमला सरला रक्ता श्वेता च शुभा स्थूला या मध्यसंकीर्णा विकृता सुखनाशिनी ॥ ८३ ॥

भा०—जिस स्त्री की जिह्वा कोमल, सीधी, लाल और सफेद रंग की हो वह शुभ फल देनेवाली होती है, यदि जीभ मोटी, बीच में पतली अथवा देखने में भद्दी मालूम पड़े वह सुख नाश करनेवाली होती है ॥ ८३ ॥

श्यामया कलहा नित्यं दरिद्रा स्थूलया भवेत् ।
अभक्ष्यभक्षिणी ज्ञेया जिह्वया लम्बमानया ॥ ८४ ॥

अन्वयः— श्यामया जिह्वया कलहा नित्यं स्थूलया दरिद्रा भवेत् लम्बमानया (जिह्वया) अभक्ष्यभक्षिणी ज्ञेया ॥ ८४ ॥

भा —जिसकी जीभ श्याम रङ्ग की हो वह नित्य कलह करनेवाली होती है, मोटी जीभ वाली स्त्री दरिद्रा होती है, जिसकी जीभ लम्बी होती है वह स्त्री अखाद्य वस्तु खानेवाली होती है ॥ ८४ ॥

तालुलक्षणम्—

तालु कोकनदाभासं कोमलं भद्रकारकम् ।
नारी प्रव्रजिता पीते सिते वैधव्यमाप्नुयात् ॥ ८५ ॥

अन्वयः—तालु कोकनदाभासं कोमलं भद्रकारकम्, पीते नारी प्रव्रजिता, सिते वैधव्यमाप्नुयात् ॥ ८५ ॥

भा०—जिस स्त्री का तालु कमल फूल के (गुलाबी) रङ्ग के समान और कोमल हो वह सुखदायक होती है, पीले रङ्ग के तालु वाली स्त्री वैष्णवी और सफेद रंग के तालु वाली स्त्री विधवा होती है ॥ ८५ ॥

श्यामले पुत्रहीना च रूक्षे तालुनि दुःखिता ।
वक्रे कलिप्रिया नारी बहुरूपे च दुर्भगा ॥ ८६ ॥

अन्वयः—नारी तालुनि श्यामले पुत्रहीना, च रूक्षे दुःखिता, वक्रे कलिप्रिया, बहुरूपे च दुर्भगा ॥ ८६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—श्याम रंग के तालु वाली स्त्री पुत्रहीन होती है। जिसका तालु रूक्ष हो वह दुखी होती है, जिसका तालु टेढ़ा हो वह कलहकारिणी और अनेक रंग तालु वाली स्त्री अभागिनी होती है ॥ ८६ ॥

किलकिले ८८ घण्टीलक्षणम्—

क्रमसूक्ष्मारुणा वृत्ता स्थूला घण्टी शुभा मता।
अतिस्थूला प्रलम्बा च कृष्णा नैव शुभा भवेत् ॥ ८७ ॥

अन्वय—घंटी क्रमसूक्ष्मारुणा वृत्ता स्थूला शुभा मता अतिस्थूला प्रलम्बा कृष्णा च शुभा नैव भवेत् ॥ ८७ ॥

भा०—जिस स्त्री की घंटी (कण्ठमूल) कण्ठ में लगा हुआ भाग स्थूल उसके आगे क्रम से पतली, लाल रंग की, गोलाकार और मोटी हो वह शुभ फल देने वाली होती है, यदि घंटी अत्यन्त मोटी, बहुत लम्बी और काले रंग की हो तो वह अनिष्ट फल करनेवाली होती है ॥ ८७ ॥

मुस्कान स्मितलक्षणम्—

भवति चेदनिमीलितलोचनं
शुभदृशां दरफुल्लकपोलकम्।
अलमलक्षितदन्तमुदीरितं
पतिहितं सततं स्मितमुत्तमम् ॥ ८८ ॥

अन्वयः—यदि चेत् शुभदृशां स्मितं अनिमीलितलोचनं दरफुल्ल-कपोलकं अनमलक्षितदन्त भवति (तदा) सततं पतिहितं (तथा) उत्तममुदीरितम् ॥ ८८ ॥

भा०—यदि सुनयना के मुस्कराने में दोनों नेत्र खुले रहें, दोनों गाल ऊँचे होकर प्रफुल्लित हो जायँ, दाँत दिखाई न पड़ें तो वह मुसकरान पति के लिये सदा शुभकारक होता है ॥ ८८ ॥

नासिकालक्षणम्—

नासिका तु लघुच्छिद्रा समवृत्तपुटा शुभा।
स्थूलाग्रा मध्यनम्रा च न शस्तग्रा सुभ्रुवो भवेत् ॥ ८९ ॥

अन्वयः—सुभ्रुवो नासिका लघुछिद्रा तु समवृत्तपुटा शुभा, स्थूलाग्रा मध्यनम्रा च शस्ता न भवेत् ॥ ८९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—जिस सुन्दर भृकुटीवाली स्त्री की नासिका (नाक) छोटे छिद्र का, बराबर और गोल पुट की हो तो शुभकारक होती है, यदि नाक का अग्र भाग स्थूल (मोटा) हो अथवा नासिका बीच में चिपटी (दबी हुई) हो तो शुभकारक नहीं होती है ॥ ८९ ॥

लोहिताग्रा कुंचिता च महावैधव्यकारिणी ।
दासिका चिपिटाकारा प्रलम्बा च कलिप्रिया ॥ ९० ॥

अन्वयः—लोहिताग्रा कुंचिता च महावैधव्यकारिणी, चिपिटाकारा दासिका प्रलम्बा च कलिप्रिया (भवति) ॥ ९० ॥

भा०—जिस स्त्री के नासिका के अग्र भाग लाल रंग का हो अथवा टेढ़ा हो तो महा वैधव्य (बलि वैधव्य) कारक होता है, यदि नासिका चिपटी हो तो दासी और विशेष लम्बी हों तो कलहकारिणी होती है ॥ ९० ॥

नेत्रलक्षणम्—

रक्तान्ते लोचने भद्रे तदन्तः कृष्णतारके ।
कम्बुगोक्षीरधवले कोमले कृष्णपक्ष्मणी ॥ ९१ ॥

अन्वयः—लोचने रक्तान्ते, तदन्तः कृष्णतारके, कम्बुगोक्षीरधवले कोमले कृष्णपक्ष्मणी भद्रे ॥ ९१ ॥

भा०—स्त्रियों के आँख का अग्र भाग लाल रंग और बीच की पुतली काली रंग हो बाकी हिस्सा शंख के समान अथवा गाय के दूध के समान उज्ज्वल और कोमल हो, पलकों के केश काले रंग के हों तो वे भद्र (कल्याण) करने वाली होती हैं ॥ ९१ ॥

अल्पायुरुन्नताक्षी च वृत्ताक्षी कुलटा भवेत् ।
अजाक्षी केकराक्षी च कासराक्षी च दुर्भगा ॥ ९२ ॥

अन्वयः—उन्नताक्षी अल्पायुः, वृत्ताक्षी कुटला च, अजाक्षी केकराक्षी च कासराक्षी च दुर्भगा भवेत् ॥ ९२ ॥

भा०—ऊंचे नेत्रवाली स्त्री अल्पायु होती है गोल नेत्रवाली व्यभिचारिणी होती है, और बकरे की तरह नेत्रवाली, केकरे की तरह नेत्रवाली तथा भैंस की तरह नेत्रवाली स्त्री दरिद्रा (अभागिनी) होती है ॥ ९२ ॥

पिङ्गाक्षी च कपोताक्षी दुःशीला कामवर्जिता ।
कोटराक्षी महादुष्टा रक्ताक्षी पतिघातिनी ॥ ९३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वय—पिङ्गाक्षी च कपोताक्षी दुःशीला कामवर्जिता, कोटराक्षी महादुष्टा रक्ताक्षी पतिघातिनी भवेत्) ॥ ९३ ॥

भा०—पीले नेत्र वाली अथवा कबूतर के समान नेत्र वाली स्त्री दुष्ट स्वभाव वाली और कामक्रीड़ा से रहित होती है, गहाड़े नेत्र वाली महादुष्टा होती है, और लाल नेत्र वाली स्त्री पति का जान मारने वाली होती है ॥९३॥

बिडालाक्षी गजाक्षी च कामिनी कुलनाशिनी ।
वन्ध्या च दक्षकाणाक्षी पुंश्चली वामकाणिका ॥ ९४ ॥

अन्वयः—कामिनी बिडालाक्षी गजाक्षी च कुलनाशिनी, दक्षकाणाक्षी वन्ध्या वामकाणिका पुश्चली च (भवति) ॥ ९४ ॥

भा०—जो कामिनी बिल्ली के समान आंख वाली (बिलरांखी) हो अथवा हाथी के समान (अति छोटी) आंख वाली हो वह अपने (पति के) कुल को नाश कर डालती है, दाहिनी आंख काणी (फूटी) वाली स्त्री बन्ध्या और वाम आंख काणी वाली स्त्री व्यभिचारिणी होती है ॥ ९४ ॥

सदा धनवती नारी मधुपिंगललोचना ।
पुत्रपौत्रसुखोपेता गदिता पतिसंमता ॥९५॥

अन्वयः—मधुपिंगललोचना नारी सदा धनवती पुत्रपौत्रसुखोपेता, पतिसमता गदिता ॥ ९५ ॥

भा०—जिस स्त्री के नेत्र मधु (शहत) के समान पीले हों वह सर्वदा धनी धान्य, पुत्र पौत्र से युक्त और पति की सेवा करने वाली (पतिवल्लभा) होती है, ऐसा कहा गया है ॥ ९५ ॥

पक्ष्मलक्षणम्—

कोमलैरसिताभासैः पक्ष्मभिः सुघनैरपि ।
लघुरूप धरैरेव धन्या मान्या पतिप्रिया ॥९६॥

अन्वयः—कोमलैरसिताभासैः सुघनैरपि लघुरूपधरैरेव पक्ष्मभिः धन्या मान्या पतिप्रिया (भवति) ॥ ९६ ॥

भा०—जिस स्त्री के पलक कोमल, काले रङ्ग के, धने और छोटे २ हों तो वह सुलोचना अपने कुल में श्रेष्ठ, आदरणीय और पति की प्यारी होती है॥९६॥

रोमहीनैश्च विरलैर्लम्बितैः कपिलैरपि ।
पक्ष्मभिः स्थूलकेशैश्च कामिनी परगामिनी ॥९७॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—रोमहीनैश्च विरलैर्लम्बितैः कपिलैरपि स्थूलकेशैश्च पक्ष्मभिः कामिनी परगामिनी (भवति) ॥ ९७ ॥

भा०—जिस स्त्री के पलक में रोम न हों, अथवा कहीं अधिक कहीं कम रोम हों अथवा लम्बे २ रोम हों अथवा पलक के रोम मोटे २ हों ऐसे पलक वाली कामिनी परपुरुष गामिनी (व्यभिचारिणी होती है ॥ ९७ ॥

अथ भ्रूलक्षणम्—

वर्त्तुला कोमला श्यामा भ्रूर्यदा धनुराकृतिः ।
अनङ्गरङ्गजननी विज्ञेयं मृदुलोमशाः ॥९८॥

अन्वयः - यदा भ्रूर्वर्तुला कोमला श्यामा धनुराकृतिः मृदुलोमशा (तदा) अनङ्गरङ्ग जननी विज्ञेया ॥ ९८ ॥

भा०—जिस स्त्री की भ्रुकुटी (भौंह) गोलाकार, कोमल श्याम रङ्ग, धनुषाकार हो और भौंह के रोम कोमल २ हों तो वह सुभ्रू सुखशय्या पर कामक्रीड़ा में अपने प्रियवल्लभ को अति सुख देती है ॥ ९८ ॥

पिङ्गा विरला स्थूला सरला मिलिता यदि ।
दीर्घलोमा विलोमा च न प्रशस्ता नतभ्रुवः ॥९९॥

अन्वयः—पिंगला विरला स्थूला सरला मिलिता दीर्घलोमा विलोमा च नतभ्रुवो न प्रशस्ता (भवति) ॥ ९९ ॥

भा०—जिसके भौंह, पर पीले रंग के केश हों, कहीं अधिक कहीं कम केश हों मोटे २ केश हों सीधी हो, अथवा दोनों भौंह मिली हुई हों अथवा भौंह के रोम बड़े २ हों अथवा बिना रोम की भ्रुकुटी हो अथवा भौंह के केश नीचे लटके हों तो अशुभ फल होता है ॥ ९९॥

अथ कर्णलक्षणम्—

प्रलम्बौ वर्त्तुलाकारौ कर्णौ भद्रफलप्रदौ ।
शिरालौ व कृशौ निन्द्यौ शष्कुली परिवर्जितौ ॥१००॥

अन्वयः—कर्णौ प्रलम्बौ वर्तुलाकारौ भद्रफलदौ, शिरालौ च कृशौ निंद्यौ शष्कुली परिवर्जितौ ॥ १०० ॥

भा०—जिस स्त्री के दोनों कान लम्बे तथा गोल हों वह शुभ फल देते हैं, नसवाले और पतले निन्द्य होते हैं, रोटी के आकार (बराबर) कानवाली स्त्री छोड़ देने योग्य है ॥ १०० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ ललाटलक्षणम्—

उन्नतस्त्र्यंगुलो भालः कोमलश्च नतभ्रुवाम् ।
अर्द्धचन्द्रनिभो नित्यं सौभाग्यारोग्यवर्द्धकः ॥१०१॥

अन्वयः—नतभ्रुवां भालः उन्नतस्त्र्यंगुलः कोमलश्च (तथा) अर्द्धचन्द्रनिभः (तदा) नित्यं सौभाग्यवर्द्धक (भवेत्) ॥ १०१ ॥

भा०—जिस नम्रभृकुटी वाली स्त्री का ललाट तीन अंगुल ऊँचा, सुन्दर, और अार्द्धचन्द्राकार हो वह सदा सौभाग्य तथा शरीर सुख बढ़ानेवाला होता है ॥ १०१॥

व्यक्तस्वस्तिकरेखयाकुलमलं नार्योललाटस्थलं
सौभाग्यामलभोगकृत्तदलिकं लम्बायमानं यदि ।
अद्धा देवरमाशु हन्ति नितरां रोमाकुलं रोगद
रेखाहीनमनङ्गभङ्गजनकं ज्ञेयं बुधैः सर्वदा ॥१०२॥

अन्वयः—नार्याः ललाटस्थलं व्यक्तस्वस्तिकरेखयाकुलमलं, (तदा) सौभाग्यामलभोग्यकृत् यदि तदलिकं लम्बायमान अद्भा आशुदेवरं हन्ति, रोमाकुलं नितरां रोगदं, रेखाहीनमनङ्गभङ्गजनक सर्वदा बुधैः ज्ञेयम् ॥ १०२ ॥

भा० जिस स्त्री के ललाट में स्वस्तिक (सरल) रेखा हो अनेक स्वस्तिक चिन्ह हों वह पूर्ण सौभाग्य तथा अनेक प्रकार के भोगों से युक्त करनेवाली होती है। यदि वही रेखा नीचे लटकी हुई हो तो देवर को शीघ्र नाश करती है। यदि ललाट में रोम हों तो रोग देते हैं और रेखाहीन ललाट कामदेव को नाश करता है ऐसा पण्डितों ने कहा है ॥ १०२ ॥

करिपुङ्गवकुम्भसमान उत
प्रवरोन्नत एव कदम्बनिभः ।
इह मौलिरजस्त्रमिला विमला
विविधा बहुधान्ययुता सुदृशः ॥१०३॥

अन्वयः—सुदृशः मौलिः करिपुङ्गवकुम्भसमानः उत प्रवरोन्नतः एव कदम्बनिभः (भवति) इह अजस्रमिला विमला विविधा बहुधान्य युता (भवति) ॥ १०३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०--सुन्दर नेत्रवाली स्त्री के ललाट श्रेष्ठ हाथी के मस्तक के समान ऊँचा अथवा कदम्ब की तरह ऊँचा हो वह सदा भूषण, वाहन, भूमि तथा अनेकों प्रकार के धन-धान्य से युक्त रखता है ॥ १०३ ॥

पीनमौलिरतिमानहारिका
दारिका कुजनसङ्गकारिका ।
लम्बमौलिरपि सर्वनाशिका
बन्धकी निजकुलान्तकारिका ॥१०४॥

अन्वयः—पीनमौलि दारिका रतिमानहारिका कुजनसंगकारिका लम्बमौलिरपि सर्वनाशिका बन्धकी निजकुलांतकारिका (भवति) ॥ १०४ ॥

भा०--चक्की के समान स्थूल ललाटवाली स्त्री रतिकाल में लज्जा खानेवाली नीच जनों के साथ प्रेम करनेवाली होती है, लम्बा ललाटवाली स्त्री भी धनधान्य नाश करनेवाली बन्ध्या और अपने कुल को विध्वंश करनेवाली होती है ॥ १०४ ॥

केशा यस्या भ्रमरपटलोपेक्षवर्णा सुवर्णा
वक्राकाराः कुबलयदृशः किंचिदाकुञ्चिताग्राः ।
भाग्यं सद्यो ददति विरलाः पिंगलाः स्थूलरूपा
रूक्षाकाराः परमलघवो वन्धवैधव्यदुःखम् ॥१०५॥

अन्वयः—यस्याः केशा भ्रमरपटलोपेक्षवर्णाः सुवर्णा वक्राकाराः कुवलयदृशः किञ्चिदाकुञ्चिता (भवति तदा) सद्यो भाग्यं ददति, विरलाः पिङ्गलाः स्थूलरूपा रूक्षाकाराः (अथवा) परमलघवो (भवति तदा) वन्धवैधव्यदुःखं (ददति) ॥ १०५ ॥

भा०--जिस स्त्री के केश अति काले, चमकीले, लहर के समान टेढ़े, तथा अग्रभाग कुछ मुड़े हुए हों वह शीघ्र भाग्योदय करते हैं। शिर में अल्प केश भूरे रंगवाले, रुक्ष अथवा अति छोटे केश, बन्धन, वैधव्य तथा दुःख देनेवाले होते हैं ॥ १०५ ॥

मशकोपि ललाटपट्टवर्त्ती यदि
जागर्त्ति स मध्यगो भ्रुवोर्वा ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तनुते सुखमर्थराशिभोगं
सततं पत्युरपत्यभृत्ययोश्च ॥ १०६ ॥

अन्वयः—यदि ललाटपट्टवर्ती भ्रुवोर्मध्यगो वा मशकोऽपि जागर्ति सा सततं अर्थराशिभोगं, पत्युरपत्यभृत्ययोश्च सुखं तनुते ॥ १०६ ॥

भा० यदि ललाट में या दोनों भौंह के बीच में तिल या मशा हो तो ऐसे स्त्रियों को अनेक प्रकार का भोग, सदा पति, पुत्र और नौकरों का सुख मिलता है ॥ १०६ ॥

मशकोऽपि कपोलमध्यगामी
सुदृशो लोहित एवमिष्टदः स्यात्।
हृदयं तिलकेन शोभित
लसेनेनापि च राज्यकारणम् ॥ १०७ ॥

अन्वयः—सुदृशः कपोलमध्यगामिनी मशकोऽपि इष्टदः स्यात्, एवं हृदयं तिलकेन शोभितं लसनेनापि च राज्यकारणम् ॥ १०७ ॥

भा० जिस स्त्री के गाल पर लाल रंग का मसा हो वह लाभदायक है, हृदय पर तिल तथा लहसन हो तो राज्य देनेवाला होता है ॥१०७॥

लोहितेन तिलकेन मण्डितं
सुभ्रुवो हि कुचमण्डलं यदा।
जायते किल सुताचतुष्टयं
बालकत्रयमुदीरितं तदा ॥ १०८ ॥

अन्वय—यदा सुभ्रुवः कुचमण्डलं लोहितेन तिलकेन हि मण्डितं तदा किल सुताचतुष्टयं बालकत्रयं च उदीरितम् ॥ १०८ ॥

भा०—जिस सुनेत्रा के स्तन के ऊपर लाल रंग की तिल सोभायमान हो उसको चार कन्या और तीन पुत्र होगा ऐसा कहना चाहिये ॥ १०८ ॥

भवति वामकुचेऽरुणलांछनं
शुभदृशस्तिलकं कमलाप्रभम्।
प्रथमतस्तनयं परिसूय सा
कृतिवरं विधवा तदनन्तरम् ॥ १०९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—शुभदृशः वामकुचेऽरुणलाञ्छनं, (अथवा) तिलकं कमलप्रभं भवति सा प्रथमतः कृतिवर तनयं परिसूयः तदन्तरं विधवा भवति ॥ १ ९॥

भा०—जिस सुभ्रू के वाम स्तन पर लाल लहसन अथवा सुन्दर तिल हो तो वह प्रथम युवा अवस्था मे विद्वान् पुत्र पैदा करके विधवा हो जाती है ॥१०९॥

लसति बालमधुव्रतसन्निभं
शुभदृशस्तिलकं गुददक्षिणे ।
नरपतेरवला कमलालया
नृपमपत्यमरं जनयेदलम् ॥ ११० ॥

अन्वय--शुभदृश गुददक्षिणे बालमधुव्रतसन्निभं तिलकं लसति (सा नरपतेरवला, कमलालया नृपमपत्यमरं अलं जनयेत् ॥ ११० ॥

भा०—जिस सुनेत्रा के दाहिने चनड पर छोटे भ्रमर के समान (काला) तिल हो वह राजा की प्रियतमा (स्त्री) अनेक सम्पत्तियों से युक्त होकर अवश्य राजपुत्र ही पैदा करती है ॥ ११० ॥

मशकोऽपि च नासिकाग्रगामी
सुदृशी विद्रुमकांतिरर्थदायी ।
अलिपक्षनवाभ्ररूपधारी
पतिहन्त्री किल पुंश्चली विशेषात् ॥ १११ ॥

अन्वय—सुदृशी नासाग्रगामी विद्रुमकान्तिः मशकोऽपि (तदा) अर्थदायी (तथा) अलिपक्षनवाभ्ररूपधारी (तदा), पति हन्त्री विशेषात् किल पुंश्चली (भवति) ॥ १११ ॥

भा०—जिस सुनयनी स्त्री के नासाग्र पर लाल रंग का मसा हो वह धन देने वाला होता है। यदि काला रंग का मसा हो तो वह स्त्री पति को नाश करने वाली तथा विशेष करके व्यभिचारिणी होती है ॥ १११ ॥

यदि नाभेरधोभागे तिलकं लांछनं स्फुटम् ।
सौभाग्यसूचकं ज्ञेयं मशको वा नतभ्रुवाम् ॥ ११२ ॥

अन्वयः यदि नतभ्रुवां नाभेरधोभागे स्फुटं तिलकं लांछनं मशको वा (भवति तदा सौभाग्य सूचकं ज्ञेयम् ॥ ११२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—यदि नम्र भृकुटी वाली स्त्रियों के नाभि के नीचे (पेडू पर) स्पष्टतिल, लहसन अथवा मसा हो तो वह सौभाग्य देनेवाला समझना चाहिए ॥ ११२ ॥

यदि करे च कपोलतलेऽथवा
भवति कण्ठगतं तिलकं तदा।
श्रुतितलेऽपि च सा पतिवल्लभा
वरदृशी मशकामललांछनैः ॥ ११३ ॥

अन्वयः—यदि वरदृशो करे च कपोलतले अथवा कण्ठगतं श्रुतितलेऽपि च तिलकं (भवति तदा) सा पतिवल्लभा, मशकामललांछनैरपि पतिवल्लभा (भवति) ॥ ११३ ॥

भा०—जिस सुनेत्रा के हथेली, गाल, कण्ठ अथवा कान के नीचे तिल का चिह्न हो वह अपने पति की अत्यन्त प्यारी होती है, इसी प्रकार उक्त स्थानों में मसा और लहसन होने से भी उक्त फल होता है ॥ ११३ ॥

भालस्थेन त्रिशूलेन शंभुना निर्मितेन वै।
यस्याः साऽऽलीसहस्राणामीशितामाप्नुयादरम् ॥ ११४ ॥

अन्वयः—यस्याः भालस्थले शम्भुना निर्मितेन त्रिशूलेन (शोभिता) सा वै अली सहस्राणामीशितां आदरमाप्नुयात् ॥ ११४ ॥

भा०—जिस स्त्री के ललाट में श्रीशंकरजी करके बनाया हुआ त्रिशूल रेखा हो वह हजारों सखियों (स्त्रियों) की स्वामिनी अर्थात् महारानी की तरह आदर पाती है ॥ ११४ ॥

किटकिटे तिलकं कुरुते मिथः
शुभदृशः शयने तु रदावली।
महदमङ्गलमाह विशेषतः
प्रियतमे तनुलक्षणकोविदाः ॥ ११५ ॥

अन्वयः—शुभदृशः शयने रदावली तिलकं (अथवा) मिथः किटकिटे कुरुते (तदा) प्रियतमे विशेषतः महदमङ्गलं (इति) तनुलक्षणकोविदाः आहुः ॥ ११५ ॥

भा०—जिस सुनेत्रा के दांतों में तिल हो अथवा शयन करने पर दांतों से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

किटकिटाहट (शब्द) हो तो उसके पति को विशेष अमंगल होता है ऐसा लक्षण शास्त्र के जानने वाले पण्डितों ने कहा है ॥ ११५ ॥

शकटवद्यदि योनि ललाटगो
मृगदृशो मृदुलोमगणो भवेत् ।
वरदुकूलमणिव्रजमण्डिता
क्षितिभृतां वनिता वनितावृता ॥ ११६ ॥

अन्वयः—यदि मृगदृशः मृदुलोमगणः शकटवत् योनिललाटगः वरदुकूलमणिव्रजमण्डितावनिता वनितावृता क्षितिभृतां भवेत् ॥ ११६ ॥

भा०—जिस मृगनयनी के कोमल बालों से बना हुआ ललाट में चक्र तथा योनि का आकार (चिन्ह) हो वह सुन्दर वस्त्र, अनेक भूषण और दासियों से युक्त राजमहिला होती है ॥ ११६ ॥

बिलसति भगभाले दक्षिणावर्तरूपः
कुवलयनयनायाः कोमलो लोमसंघः ।
नरपतिकुलभर्तुः कामिनी मानिनीना-
मिहभवति वादान्या सैव धन्या विशेषात् ॥११७॥

अन्वयः—कुवलयनयनायाः कोमलो लोमसङ्घः दक्षिणवर्त्तरूपः सैव विशेषात् धन्या भवति ॥ ११७ ॥

भा०—जिस मृगनयनी के दक्षिण ललाट पर कोमल केशों से योनिरूप चिन्ह सोभायमान हो वह अनेक रानियों में श्रेष्ठ (पटरानी) विशेष कर अति धन्या होती है ॥ ११७ ॥

कण्ठावर्ता भवति कुलटा भर्तृहन्त्री कुरूपा
पृष्ठावर्त्ता कठिनहृदया स्वामिहन्त्री कुलघ्नी ।
आवर्तौ वा भवत उदर द्वाविहैकोऽपि यस्याः
सापित्याज्या कृतिभिरवला लक्षणज्ञैस्तु दूरात् ॥ ११८ ॥

अन्वयः —यस्याः (भगः) कण्ठावर्ता (तदा) कुलटा, भार्तृहन्त्री, कुरूपा, भवति, पृष्ठावर्ता कठिनहृदया स्वामिहन्त्री कुलघ्नी भवति, द्वौ आवर्त्तौ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उदरे भवतः एकोऽपिवा (भवति) सापि अबला लक्षणज्ञैः कृतिभिः दूरात् त्याज्या ॥ ११८ ॥

भा०—जिस स्त्री के कण्ठ में भँवरी (घुमा हुआ केश) हो वह पुश्चली, पति मारनेवाली तथा कुरूपा होती है, जिसके पीठ में भँवरी हो वह कर्कशा, पतिघात करने वाली तथा परिवार का नाश करने वाली होती है, जिसके उदर (पेड़ू) पर दो अथवा एक भी भँवरी हो तो वह दूर ही से त्याग करने योग्य है ऐसा अबला शास्त्र के जानने वाले पण्डितों ने कहा है ॥ ११८ ॥

सीमन्ते च ललाटे वा कण्ठे वापि नतभ्रुवः ।
लोम्नामावर्त्तको दक्षो वामो वैधव्यसूचकः ॥ ११९ ॥

अन्वयः—नतभ्रुवः सीमन्ते च ललाटे वा कण्ठे दक्षो वामोऽपि लोम्नामावर्त्तको भवति तदा) वैधव्यसूचकः ॥ ११९ ॥

भा० – जिस स्त्री के केशान्त स्थान, ललाट में अथवा कण्ठ के दाहिने बायें भँवरी हो तो वह वैधव्य-सूचक होती है ॥ ११९ ॥

अथ शुभाशुभलक्षणकारणम्—

याभिरेव वरदो महेश्वरः
पूजितः किल पुरा व्रतादिभिः ।
पार्वती च परिपूजिता मुदा
भक्तियोग विधिना सुवासिनी ॥ १२० ॥
भूषितामलविभूषणादिभिः
क्षालितं वपुरनेकधा पुरा ।
तीर्थराजपयसा भवन्ति ता
लक्षणैरिह शुभाः सुलक्षणाः ॥ १२१ ॥

अन्वयः—याभिः पुरा व्रतादिभिः वरदः महेश्वरः किल पूजितः तथा भक्तियोग विधिना मुदा पार्वती सुवासिनी च भूषितामलविभूषणादिभिः हरिपूजिता, तथा तीर्थराजपयसा पुरा अनेकधा वपुः क्षालितं ताः सुलक्षणाः सुलक्षणैरिह भवन्ति ॥ १२०-१२१ ॥

भा०—जिस सुन्दरी के पूर्वजन्म में शिवरात्रि प्रदोष इत्यादि व्रत रह कर आशुतोष शंकरजी का पूजन किया गया है अथवा भक्ति के साथ प्रसन्नतापूर्वक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—यदि कुलक्षणविलक्षिता सुताऽत्र संजायते (तदा) परम सोमवारव्रतं विधाय तदनन्तरं रहसि श्रुतिस्मृति पथानया अच्युतद्रुमेण, हरिणा, शुभघटे वा पाणिग्रहं कारयित्वा अग्रेसम्बन्धः ॥ १२५ ॥

(स्वस्तिवाचनं) कृत्वा देवेभ्यः पुष्पाञ्जलिं समर्प्य यथाविधिः पूजयित्वा प्रधानसंकल्पं कुर्यात् । तद्यथा-देशकालौ संकीर्त्य अद्येहं अमुक गोत्राया अमुक राशेरस्याः कन्याया अमुक स्थानस्थितदुष्टग्रहसूचित वैधव्यदोषोपशान्तिद्वारा श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थं कुम्भविवाहं करिष्ये । तत्पूर्वाङ्गत्वेन मातृपूजाभ्युदयिकश्राद्ध-पुण्याहवाचनानि करिष्ये । इति संकल्प्य मातृपूजादि पुण्याहवाचनान्तं कर्मकृत्वा-आचार्यं वृत्वा कलशविधिना कलशं संस्थाप्य तत्र कलशे नवग्रहानावह्य संपूज्य विष्णुवरुणयोः सुवर्णप्रतिमे अग्न्युत्तारणपूर्वकं पञ्चामृतेन संस्नाप्य एतन्त इत्यादिना ॐ भूर्भुवः स्वः सुवर्णमतिमायां वरुण इहागच्छ इहातिष्ठ सुप्रतिष्ठितो भव इति प्रतिष्ठाप्य तत्रैव विष्णुं प्रतिष्ठाप्य प्रतिमे कलशे संस्थाप्य पूजा संकल्पं कुर्यात् अद्येह अमुक गोत्रः अमुक राशिरमुकशर्माहं अस्याः कन्यायाः वैधव्यदोष-परिहारार्थं कलशे सुवर्णप्रतिमयो विष्णुवरुणयोः पूजनं करिष्ये । इति संकल्प्य ॐ वरुणाय नमः इति नाम मंत्राभ्यां वा ॐ तत्वा यामि ब्राह्मण वन्दः मानस्तदा शास्ते याजमानो हविर्भिः । अहेड मानो वरुणेह वोध्युश ॐ समा न आयुः प्रमोषी—इति, ओं विष्णोरराटमसि विष्णोः श्नप्त्रे स्थो विष्णोः स्यूरसि विष्णोर्ध्रुवोऽसि वैष्णवमसि विष्णवं त्वा-इति वैदिक मन्त्राभ्यां च ध्यानादि-नीराजनान्त विष्णुवरुणौ सम्पूज्य प्रार्थयेत् ।

वरुणांगस्वरूपस्त्वं जीवनानां समाश्रयः ।
पतिं जीवय कन्यायाश्चिरं पुत्रसुखं कुरु ॥ १ ॥
देहि विष्णोवरं देव कन्यां पालय दुःखतः ।
पतिं जीवय कन्यायाश्चिरं देहि तथा सुखम् ॥ २ ॥

इति सम्प्रार्थ्य मधुपर्कवस्त्रालङ्कारान् समर्प्य कन्या कुम्भान्तरालेऽन्तः पटं वृत्वा मंगलपद्यानां पाठं कृत्वा कन्यया वस्त्रोपवस्त्रे परिधाप्योत्तरतः अन्तः पट-मपसार्य समञ्जनं कारयित्वा ॐ विष्णुः ३ इत्यादि सं० अस्याः कन्याया वैधव्य दोषपरिहारद्वारा श्री परमेश्वर प्रीत्यर्थं श्रीविष्णुवरुणस्वरूपिणे कुम्भाय इमां श्रीरूपिणीं वरार्थिनीं कन्यां सप्रददे-संकल्प्य-गौरीकन्यामित्यादि ततः पञ्चपल्लव-सहितेन जलेन समुद्रज्येष्ठा इत्यादि मन्त्रैः स्वस्तिन इत्यादि मन्त्रैर्वा मन्य-मभिषिच्य शुद्धवाससी परिधाप्य दक्षिणा संकल्पं कुर्यात् । अद्येह अमुक राशेरस्याः कन्यायाः अमुकस्थानस्थितदुष्टग्रहसूचितवैधव्यदोषपरिहारद्वारा सौभाग्य फल-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—यदि अलक्षण युक्त कन्या घर में उत्पन्न हो तो उसको उत्तम सोमवार व्रत कराकर एकान्त में वेदोक्त विधि से०(विवाहविहित लग्न नक्षत्र इत्यादि में) पिप्पलवृक्ष अथवा विष्णुप्रतिमा, अथवा घट के साथ विवाह कराकर ॥१२५॥

शुभेऽहनि कुमारिकाकरनिपीडनं कारये-
द्वरेण चिरजीविना पुनरिदं न दोषायते ।
इदं तु बहुसंमतं मुनिवरेण गीतं पुनः
प्रमाणपटुनादृतं प्रियविनोदकन्दप्रदम् ॥ १२६ ॥

अन्वयः—शुभेऽहनि कुमारिकाकरनिपीडनं चिरजीविना वरेण कारयेत् इदं पुनः न दोषायते (इति) मुनिवरेण गीतं इदं तु बहुसम्मतं पुनः प्रमाणपटुनादृतं प्रियविनोदकन्दप्रदम् ॥ ११६ ॥

भा०--शुभ दिन (मुहूर्त में कन्या का विवाह दीर्घजीवी वर के साथ कर देना चाहिये, यहाँ पुनर्विवाह का दोष नहीं लगता ऐसा ऋषियों का वाक्य है, यह पुनर्विवाह बहु सम्मत है । प्रमाणिक पण्डितों करके कहा गया है यह विवाह अत्यन्त आनन्ददायक और पति-प्रिया के प्रेम को बढानेवाला होता है ॥१२६॥

कुलक्षणैः कुयोगैश्च लक्षिता वनिता यदा ।
तस्याः पूर्वविधानेन विवाहं कारयेद्बुधः ॥ १२७ ॥

अन्वयः यदा कुलक्षणैः कुयोगैश्च वनिता लक्षिता तस्याः पूर्वविधानेन विवाहं बुधः कारयेत् ॥ १२७ ॥

भा०—जब कन्या के कुण्डली अथवा शरीर के चिन्ह (कुयोग) से वैधव्य योग मालूम पड़े तो विद्वानों करके (घट तथा विष्णु से विवाह कराकर) अवश्य पुनः विवाह कन्या का कर देना चाहिये ॥ १२७ ॥

प्राप्तये कृतस्य कुम्भविवाहकर्म्मणः साद्गुण्यार्थं इमे सुपूजिते विष्णुवरुणयोः प्रतिमे वैवाह्यवस्त्रादिकमिमां दक्षिणां च आचार्याय दास्ये । तथा इमां भूयसीं दक्षिणां ब्राह्मणेभ्यो दास्ये । तथा सिद्धान्तेन यथासंख्यकान् ब्राह्मणांश्च तर्पयिष्ये ओं तत्सत् न मम इति संकल्प्य आचार्याय प्रतिमा स दक्षिणां दत्वा ब्राह्मणेभ्यो भूयसीदक्षिणां विभज्य दत्वा अभिषेकतिलकमन्त्रपाठादिकं करयित्वा यथाशक्ति ब्राह्मणान् भोजयित्वा कन्याविवाहं कुर्य्यात् । एवं कृते सति शुभं भवेत् । अनया रीत्या केवलं विष्णुप्रतिमयाऽपि विवाहो भवतीति कुम्भविवाह प्रयोगः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जीवनाथविदुषात्र कामिनी-
लक्षणं बुधमनोमुदे मया ।
स्कन्दकुम्भभवयोर्विवादजं
व्यासगीतमखिलं प्रकाशितम् ॥ १२८ ॥

अन्वयः--जीवनाथविदुषाऽत्र कामिनीलक्षणं बुधमनोमुदे स्कन्दकुम्भभवयोर्विवादजं व्यासगीतमखिलं मया प्रकाशितम् ॥ २८ ॥

भा०—ग्रन्थकर्त्ता पं० श्रीजीवनाथजी का कहना है कि यह स्त्रियों का लक्षण पण्डितों के प्रसन्नार्थ स्कन्द कुम्भज का प्रश्नोत्तर श्रीव्यासजी का कहा हुआ सम्पूर्ण प्रकाशित किया हूँ ॥ १२८ ॥

इति श्रीभावकुतूहले-उत्साहवर्द्धिनीभाषाटीकायां
दशमाऽध्यायः समाप्तः ॥ १० ॥

—०:०—

अथैकादशोऽध्यायः ।

अथ शयनादिद्वादशावस्थाविचारः--

प्रथमं शयनं ज्ञेयं द्वितीयमुपवेशनम् ।
नेत्रपाणिः प्रकाशश्च गमनागमने ततः ॥ १ ॥
सभावस्था ततो ज्ञेय आगमो भोजनं तथा ।
नृत्यलिप्सा कौतुकं च निद्रावस्था नभः सदाम् ॥ २ ॥

अन्वयः--प्रथमं शयनं, द्वितीय मुपवेशनम्, ततः नेत्रपाणिः प्रकाशश्च, ततः गमनागमने, सभायां, आगमः तथा भोजनं, नृत्यलिप्सा, कौतुकं निद्रा चेति नभःसदां अवस्था ज्ञेयः ॥ १-२ ॥

भा०--अब ग्रहों की अवस्था बताते हैं, १ शयन, २ उपवेशन, ३ नेत्रपाणि, ४ प्रकाश ५ गमन, ६ आगमन, ७ सभा, ८ आगम, ९ भोजन, १० नृत्यलिप्सा, ११ कौतुक, १२ निद्रा य ग्रहों के बारह अवस्था के नाम हैं ॥ १-२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF



ननु सर्वत्र जन्मनामाक्षरस्य मुख्यतायां सत्यां
कथमत्र प्रसिद्धनामाद्यक्षरग्रहणमिति चेदुच्यते ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शनि कौतुक

१(ग्रह अंश संख्या) =
२ ग्रहको अंश बाट पर्ने नक्षत्र संख्या =
३ ग्रह क्रम संख्या =

} यी ३ वटै एकले अर्को गुणन गरी आएको संख्या राख्नु ।

अर्को क्रम

१ जन्म नक्षत्र संख्या =
२ इष्ट घटी संख्या =
३ लग्न संख्या =

} + यी ३ वटै जोडी आएको संख्या राख्नु ।

उपरोक्त १, २ क्रममा आएको संख्या जोड्नु र त्यसबाट आएको संख्या लाई १२ ले भाग गर्नु त्यसबाट आएको शेष ग्रहादि अवस्था हुन्छ ।

२०

० शेष को = १२

अन्वय...
कुम्भभवये...
भा०—...
पण्डितों के...
सम्पूर्ण प्रक...

प्रथम...
नेत्र...
सभा...
नृत्य...
अन्वय...
प्रकाशश्च,...
नृत्यलिप्सा,...
भा०—...

४ प्रकाश ५ ... ९ भोजन, १० नृत्यलिप्सा, ११ कौतुक, १२ निद्रा ये ग्रहो के बारह अवस्था के नाम हैं ॥ १-२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अवस्थापरिज्ञानम्

ग्रहर्क्षसंख्या खगमाननिघ्नी-
खेटांशसंख्यागुणिता ग्रहाणाम् ।
निजेष्टजन्मर्क्षतनुप्रमाणै-
र्युतार्क तष्टा शयनाद्यवस्था ॥ ३ ॥

शेषं शेषहतं स्वराङ्कसहितं तष्टं पुनर्भानुना
संक्षेपं गणशेषितं खलु भवेद्दृष्ट्याद्यवस्था त्रिधा ।
पश्च५ द्वि२गुणा२ क्ष५ राम३गुण ३वेदाः४ क्षेपकाङ्काःरवेः ।
प्राचीनैर्यवनादिभिः समुदितास्तेऽमी निबद्धामया ॥ ४ ॥

प्रथमश्लोकद्वयमुगमम् ॥ ग्रहर्क्ष संख्येति ॥
जन्मकाले यस्मिन्नक्षत्रे ग्रहोऽस्ति तन्नक्षत्रसंख्या
ग्रहर्क्षसंख्या ज्ञेया सा ग्रहप्रमाणेन निघ्नी गुणा
पुनर्ग्रहस्य वर्तमानांशसंख्यया गुणनीया ततो
निजेष्टदण्ड जन्मनक्षत्र जन्मलग्न प्रमाणाङ्केन
युक्ता द्वादशभिस्तष्टा शेषाङ्कमिता ग्रहस्य
शयनाद्यवस्था स्यादिति एकशेषे शयनावस्था ।
द्विशेषे उपवेषनावस्था, त्रिशेषे नेत्रपाणिरेवमग्रेपि ।
अथ दृष्ट्याद्यवस्थानयनम् ॥

शेषमिति --

पूर्वस्मिन्नर्कशेषिते यच्छेषं तदेव शेषमिति
शेषेण शेषप्रमाणाङ्कप्रमाणेन हतं कार्यम्
अयमर्थः स्वरोदयग्रन्थात्स्वरांकप्रमाणं
विज्ञाय तत्र क्षेपं स्वरांकमालोक्य मानं ज्ञेयम् ।
ननु सर्वत्र जन्मनामाक्षरस्य मुख्यतायां सत्यां
कथमत्र प्रसिद्धनामाद्यक्षरग्रहणमिति चेदुच्यते ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्वरशास्त्रे प्रसिद्धनाम्नो मुख्यता प्रतिपादन-
दर्शनात् प्रसुप्तो येन जागर्त्तीत्युक्ते,
यथा अकारस्यैकं इकारस्य द्वयं उकारस्य
त्रयं एकारस्य चतुष्टयं ओकारस्य पंचेति ॥
एवं स्वराङ्क मानं ज्ञात्वा योज्यम् ॥
ततो रविभिस्तष्टं क्षेपांकयुतं शेषं कार्य्यासीत् ।
ततः त्रिभिस्तष्टं एकादि शेषे दृष्ट्याद्यवस्था ज्ञेया ।
एकेन दृष्टिः द्वाभ्यां चेष्टा त्रिभिर्विचेष्टेति ॥

अथोदाहरणार्थं कस्यचित्पुरुषस्य
जन्मसमयादिकं लिख्यते ।
पौषशुक्लपञ्चम्यां शुक्र धनिष्ठा ४
चरणे मिथुनलग्ने इष्टं २६ जन्म ॥

तत्रजन्मसमये मूलनक्षत्रे रविरस्ति,
धनिष्ठायां चन्द्रः, श्रवणे कुजः, पूर्वाषाढ़े
बुधः, गुरुरार्द्रायाम्, शुक्रः पूर्वाषाढ़े, शनिर्मूले,
पूर्वाफाल्गुन्यां राहुः, पूर्वभाद्रे केतुरिति ॥

अथ रव्यादीनामंशाः –

सूर्यस्य सप्त ७, भौमस्य रुद्राः ११, बुधस्यो-
त्कृतयः २६, गुरोरेकादशः ११, शुक्रस्य
पंचविंशतिः २५, शनेः सप्तः ७,
राहोस्त्रयोविंशतिः २३, केतोश्च २३ ॥

अथोदाहरणम्—

अत्र मूलनक्षत्रे रविस्तत्संख्या १९,
राशिसङ्ख्यया ९, गुणिता १९, धनुषः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सप्तमांशे रविस्तेन सप्तभिर्गुणिता जाताः
१३३, इष्टं २६ धनिष्ठाजन्मभंसंख्या २३
मिथुनलग्नं ३ एषां योगेन युताः १८५
रविस्तष्टाः शेषं ५ तेन शयनादि
गणनया गमनावस्थायां रविर्ज्ञेयः ।
एवं चन्द्रादीनामप्यवस्था ज्ञानं भवति ।
अथ च अवशेषं ५ स्वराङ्कज्ञानम्,
यथात्र प्रसिद्धनामाद्यक्षरस्य गकारस्य
उकाराधः पङ्क्तौ स्थितत्यात-
स्स्वरसङ्ख्या ३ त्रि मितेति ।
शेषं ५ शेषेण ५ गुणितं २५
स्वराङ्क ३ युतं २८ रवितष्टं शेषं ४
सूर्यक्षेपकेण ५ युक्तं ९ त्रिभि-
स्तष्टम् ० शून्यमतोरवेर्विचेष्टावस्था ॥

भा०—अश्विन्यादि जिस नक्षत्र पर ग्रह हों उस संख्या को ग्रह की (रवि = १, चं० = २, भौ० = ३ इत्यादि) संख्या से गुणा कर, गुणनफल को ग्रह जिस अंश में हो उस संख्या से गुणा कर पुनः गुणनफल में इष्टघटी जन्म नक्षत्र संख्या और जन्म लग्न संख्या जोड़ देना, इस योगाङ्क को १२ से तष्ट करने से जो शेष अंक हो वही ग्रहों की शयनादि अवस्था जानना यथा १ शेष में शयन अवस्था, २ शेष में उपवेशन अवस्था इत्यादि ॥ ३ ॥

भा०--उक्त प्रकार से जो शेष आता है उस अंक को उसी अंक से गुणा (वर्ग) कर दे, उसमें (वक्ष्यमाण) स्वरांक जोड़ कर १२ से तष्ट करे फिर शेष में ग्रहों का क्षेपकांक जोड़ कर ३ से तष्ट करे यदि १ शेष बचे तो दृष्टि, २ शेष में चेष्टा, और शेष में विचेष्टा अवस्था जानना । सूर्यादि ग्रहों का ५; २, २; ३, ५, ३, ३, ४ क्रम से क्षेपकांक होता है, यह क्षेपकांक प्राचीन यवनाचार्यादिकों का कहा हुआ इस ग्रन्थ में लिखा जाता है, अर्थात ये अंक उपपत्ति हीन हैं ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सूर्य - चन्द्र - मंगल - बुध - बृहस्पति - शुक्र - शनि - राहु - केतु
१ - २ - ३ - ४ - ५ - ६ - ७ - ८ - ९.

अथ स्वराङ्क चक्रम्

१	२	३	४	५
अ	इ	उ	ए	ओ
क	ख	ग	घ	ङ
च	छ	ज	झ	ञ
ट	ठ	ड	ढ	ण
त	थ	द	ध	न
प	फ	ब	भ	म
य	र	ल	व	
श	ष	स	ह	क्ष

"स्वरांक सहित" जो लिखा गया है वह स्वरशास्त्र (इस चक्र) से लेना, अर्थात् पुकारने के नाम में जो आदि अक्षर हो उस अक्षर में जो स्वर तज्जन्य जो अंक वही अंक (शेषंशेषहत में) जोड़ना चाहिये। जैसे रामदास का स्वरांक = १, देवदत्त का स्वरांक = ३, मोहन (म् + ओ = मो = ५ का स्वरांक ५ इत्यादि। वहाँ अ = आ = १। इ = ई = २। उ = ऊ = ३। ए = ऐ = ४। ओ = औ = ५।

भा०—गुप्तेश्वर का जन्म पौष शुक्ल पञ्चमी शुक्रवार घनिष्ठा नक्षत्र इष्ठ २६।० मिथुन लग्न में हुआ। उस समय तात्कालिक सूर्य्य मूल नक्षत्र में, चन्द्रमा घनिष्ठा में, मंगल श्रवण में, बुध पूर्वाषाढ़ में, बृहस्पति आर्द्रा में, शुक्र पूर्वाषाढ़ में, शनि मूल में, राहु पूर्वाफाल्गुनी में और पूर्वाभाद्रपद में केतु हैं। सूर्य ७ अंश, चन्द्रमा ४ अंश, मङ्गल ११ अंश, बुध २६ अंश, बृहस्पति ११ अंश, शुक्र २५ अंश, शनि ७ अंश और राहुकेतु २३ अंश पर हैं। सूर्य मूल नक्षत्र में है इसकी संख्या अश्विनी से १९ है, इसको सूर्य की संख्या १ से गुणा कर दिया तो (१९×१=) १९ हुआ, इसको सूर्य के अंश (७) से गुणा कर दिया तो (१९×७=) १३३ हुआ, इसमें इष्ट (२६) संख्या, जन्म नक्षत्र (२३) संख्या, और लग्न (३) संख्या इन तीनों को जोड़ दिया तो-(१३३+२६+२३+३= १८५ हुआ, इसको १२ से तष्टित किया तो शेष बचा ५। अतः शयनादि गणना से गमन अवस्था सूर्य की हुई।

अब "शेषं शेष हतमित्यादि" शेष ५ को ५ ही से गुणा किया तो (५×५=) २५ हुआ, इसमें "गुप्तेश्वर" का स्वर ३ जोड़ दिया तो (२५+३=) २८ हुआ, इसको १२ से तष्टित किया तो शेष बचा ४। समें सूर्य का क्षेपकांक ५ जोड़ दिया तो (४+५=) ९ हुआ, इसको ३ से तष्टित किया तो शेष बचा ० (शून्य) अतः सूर्य की गमना अवस्था में विचेष्टा अवस्था हुई। इसी प्रकार सब ग्रहों की अवस्था जाननी चाहिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri. Funding: MIDF

अथावस्थाफलानि ।

तत्रादौ सूर्यावस्था—

त्रिकोणे वा कर्मण्यपि नयनपाणौ दिनमणेः
फलं शस्तं ज्ञेयं मदनसदने नन्दनपदे ।
प्रकाशे मार्तण्डे मृतिपदमपत्यं जनिमतां
तथा जाया याति व्ययमदनमाने च जनने ॥ १ ॥

अन्वयः—जनिमतां जनने नयनपाणौ दिनमणेः कर्मण्यपि वा फलं शस्तं ज्ञेयं, तथा प्रकाशे मार्तण्डे मदनसदने, नन्दनपदे, (तदा) अपत्यं मृतिपदं याति, तथा च प्रकाशे मार्तण्डे व्ययमदनमाने (तदा) जाया मृतिपदं याति ।

भा०—जिस मनुष्य के जन्म समय में नेत्रपाणि अवस्था गत सूर्य (सातवें) अथवा (पाँचवें घर) में बैठा हो तो पुत्र मर जाता है, अथवा उक्तावस्था गत सूर्य (बारहवें) (सातवें) घर में बैठा हो तो उसकी स्त्री मर जाती है ॥ १ ॥

पुण्यबाधाकरः पुण्यभे भोजने
कौतुके वस्भे वैरिभे वैरिहन्ता रविः ।
सप्तमे पञ्चमे तत्रगो वा भवे-
दङ्गनापुत्रहा लिङ्गरोगप्रदः ॥ २ ॥

अन्वयः—यदि भोजने पुण्यभे रविः (तदा) पुण्यबाधाकरः कौतुके वैरिभे वैरिहन्ता, (यदा) तत्रगः (कौतुकावस्थागतः) सप्तमे पञ्चमे (रविः तदा] अङ्गनापुत्रहा, लिङ्गरोगप्रदश्च भवेत् ॥ २ ॥

भा०—भोजनावस्था में होकर (नवें घर) में सूर्य बैठा हो तो धर्म की हानि करता है, कौतुक अवस्था में होकर (छठें घर) में हो तो शत्रु का नाश करता है; तथा कौतुक अवस्था गत (सातवें) (पाँचवें घर) में बैठा हो तो स्त्री, पुत्र की हानि करता है और लिंग में रोग (सुजाक कर) देता है ॥ २ ॥

चन्द्रावस्था—

चंद्रस्य द्वादशावस्था फलं शुक्लदले शुभम् ।
अशुभं कृष्णपक्षे तु विज्ञेयं गणकोत्तमैः ॥ ३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः--चन्द्रस्य द्वादशावस्था फलं शुक्लदले शुभम्, कृष्णपक्षे तु अशुभं [इति] गणकोत्तमैः विज्ञेयम् ॥ ३ ॥

भा०—चन्द्रमा के बारहो अवस्था का फल शुक्ल पक्ष में शुभ और कृष्ण पक्ष में अशुभ होता है, ऐसा उत्तम ज्योतिषियों को जानना चाहिये ॥ ॥

कुजावस्था—

मदननन्दनगोऽवनिनन्दनः शयनगश्च कलत्रसुतक्षयम् ।
प्रथमतः कुरुते रिपुणेक्षितो रिपुग्रहे करभंगमनंगतः ।४।

अन्वयः—प्रथमतः अवनिनन्दन शयनगः मदननन्दनगः [तदा] कलत्रसुतक्षय कुरुते, रिपुणेक्षितः रिपुगृहे [गतस्तदा] अनङ्गतः करभङ्ग [कुरुते] ॥ ४ ॥

भा०—अब मंगल के अवस्था का फल कहते हैं-मंगल शयनावस्थागत (सातवें घर में बैठा हो तो स्त्री और पुत्रका नाश करता है, उक्तावस्थागत मंगलशत्रुग्रहसे दीखता हुआ (छठें घरमें) बैठा हो तो कामदेव के वशीभूत होकर (स्त्रियोंके फसादसे) वह मनुष्य हाथ में अति कष्ट (लाठी-इत्यादि करके चोट) खाता है ।।४।।

यदि युतः शनिनापि च राहुणा
शिरसि रोगकरो धरणीसुतः ।
तनुगतः शयने नयने गदं
वितनुते नितरां क्षतमंगिनाम् ॥ ५ ॥

अन्वयः—यदि धरणीसुतः शयनेऽवस्थागः शनिनापि राहुणा च युतः तनुगतः [तदा] अङ्गिनां नयने गदं [तथा] नितरां क्षतं वितनुते ॥५॥

भा०—यदि मंगल शयनावस्थागत शनि और राहु के साथ २ (जन्म लग्न) में बैठा हो तो मनुष्यों के नेत्र में रोग होता है और शरीर में अनेक प्रकार कष्ट बढ़ाता है ॥ ५ ॥

अङ्गारकोऽङ्गे यदि नेत्रपाणौ
करोत्यनङ्गातिशयेन भङ्गम् ।
भुजङ्गदन्तक्षतपावकांबु-
भयं नगे हानिमिहांगनायाः ॥ ६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri. Funding: MIDF

अन्वयः--यदि अङ्गारकः नेपाणौ अंगे (तदा) अनङ्गातिशयेन भङ्गं करोति (तथा) भुजङ्गदन्तक्षतपावकाम्बुभयं करोति, (यदि) नगे (तदा) अंगनायाः हानिं करोति ॥ ६ ॥

भा०—यदि मंगल नेत्रपाणि अवस्थागत (लग्न) में बैठा हो तो कामदेव सम्बन्ध (स्त्री प्रपञ्च) करके अंगभंग करता है और सर्पभय, दन्तरोग भय, रुधिर विकारभय, अग्निभय तथा जल से भय भी करता है, यदि मंगल नेत्रपाणि अवस्थागत (सातवें) घर में हो तो स्त्री की हानि करता है अर्थात कष्ट देता है ।६।

प्रकाशने पञ्चमसप्तमस्थः
सुतं निहत्याशु निहन्ति वामम् ।
पापान्वितः पापखगान्तराले
कुकर्मिणां केतुवरं करोति ॥ ७ ॥

अन्वयः—(यदि भौमः) प्रकाशने पञ्चमस्थः (तदा) सुतं आशु निहन्ति (यदि) प्रकाशने सप्तमस्थः (तदा) वामं आशु निहन्ति (यदि) पापान्वितः पापखगान्तराले (भौमस्तदा) कुकर्मिणां केतुवरं करोति ॥७॥

भा०—यदि मंगल प्रकाशन अवस्थागत (पाँचवें घर) में बैठा हो तो पुत्र को शीघ्र मार डालता है, यदि उक्त अवस्थागत (सातवें) घर में बैठा हो तो स्त्री को शीघ्र मार डालता है, यदि उक्त अवस्थागत मंगल (पापग्रहों के साथ-साथ बैठा) हो अथवा पापग्रहों के बीच में बैठा हो तो उस मनुष्य को पापियों में पताका रूप (अत्यन्त पाप कर्म करने वाला) बना देता है ॥ ७ ॥

बुधावस्था

नेत्रपाणौ सुते सौम्ये पुत्रहानिः सुतागमः ।
सभायामेव कन्यानामाधिक्यं मदने सुते ॥ ८ ॥

अन्वयः--सौम्ये नेत्रपाणौ (अवस्थायां) सुते (तदा) पुत्रहानि सुतागमः (तथा) सभायां मदने (वा) सुते (तदा) कन्यानां आधिक्यं करोत्येव ॥ ८ ॥

भा०—यदि बुध नेत्रपाणि अवस्थागत (पाँचवें घर) में बैठा हो तो पुत्र की हानि और कन्या की उत्पत्ति करता है, यदि सभा अवस्थागत (सातवें) घर अथवा पाँचवें घर में बैठा हो तो अधिकतर कन्या की उत्पत्ति करता है ॥ ८ ॥

९

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गुरोरवस्था—

भवति देवगुरौ यदि भोजने
तनुगते मनुजोहि धनुद्धरः ।
नवमपञ्चमभे धनवर्जितो
भवति पापयुते विसुतो नरः ॥ ९ ॥

अन्वयः—देवगुरौ भोजने तनुगते भवति (तदा मनुजो हि धनुर्द्धरः (भवति), यदि (उक्तावस्थायां) नवमभे पञ्चमभे भवति तदा) धनवर्जितः (यदि) पापयुते (नवमपञ्चमभे तदा) नरः विसुतो (भवति) ॥९॥

भा०—यदि बृहस्पति भोजन अवस्थागत लग्न में बैठा हो तो उस मनुष्य को अवश्य धनुर्धारी बनाता है, यदि नवें घर अथवा पांचवें घर में (भोजन अवस्थागत) बैठा हो तो दरिद्र बना देता है, यदि उक्तावस्थागत पापग्रहों से युक्त नवें अथवा पांचवें घर में बैठा हो तो मनुष्य को सन्तानहीन कर देता है ॥९॥

शुक्रावस्था— शुक्र

तनुगृहे मदने दशमे सितो
नयनपाणिगतो यदि जन्मनि ।
शुभमतीव फलं तनुते बलं
दशनभंगमनंगविवर्द्धनम् ॥ १० ॥

अन्वयः—यदि जन्मनि सितः पाणिगतः तनुगृहे, मदने, दशमे, [भवति तदा] अतीव शुभं फलं बलं [च] तनुते, दशनभंगं, अनंगविवर्धनं [च] तनुते ॥ १० ॥

भा०—जिसके जन्म समय में शुक्र नयनपाणि अवस्थागत जन्मलग्न, सातवें घर अथवा दसवें घर में बैठा हो तो अत्यन्त शुभ फल देता है बल को बढ़ाता है, दांतों को कमजोर करता है और कामदेव की वृद्धि करता है ॥१०॥

शनेरवस्था— शनि

यत्र कुत्र स्थितो मन्दो जन्मकाले विशेषतः ।
अवस्थानामसदृशं वितनोति शुभाशुभम् ॥ ११ ॥

अन्वयः—जन्मकाले मन्दः यत्र कुत्र स्थितः विशेषतः अवस्थानाम सदृशं [फल] वितनोति ॥ ११ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri. Funding: MIDF

Imp भा०—जन्मकाल में शनैश्चर जिस किसी घर में बैठा हो वह अपने अवस्था के अनुकूल शुभ और अशुभ फल मनुष्यों को देता है ॥ ११ ॥

राहुकेत्वोरवस्था— राहु

नवमे मदने वापि राहुराहुरिहाङ्गिनाम्

महान्तो निद्रितोऽवश्यं पुण्यक्षेत्रनिवासिताम् ॥१२॥

अन्वय—अङ्गिनां राहुः निद्रितः नवमे मदने वाऽपि (भवति तदा) पुण्यक्षेत्रनिवासितां अवश्य करोतीति) महान्तः—आहुः ॥१२॥

भा०—जिसके जन्म समय में राहु निद्रा अवस्थागत नवें घर अथवा सातवें घर में बैठा हो तो उसको पवित्र भूमि (काशी, जगन्नाथपुरी, मथुरा अयोध्या; इत्यादि) में अवश्य स्थान देता है अर्थात् कहीं भी जन्म हो किन्तु तीर्थस्थानों में जीविका देकर रहनेका सिलसिला बना देता है ऐसा सिद्धजनों ने कहा है ॥ १२ ॥

द्वितीये द्वादशे वापि लाभे वा सिंहिकासुते ।

वसुधां भ्रमते मर्त्यो विधनः शयने भवेत् ॥१३॥

अन्वयः—शयने सिंहिकासुते द्वितीये वा द्वादशे वा लाभेऽपि भवेत्तदा मर्त्यः विधनः वसुधां भ्रमते ॥१३॥

भा०—यदि शयन अवस्थागत राहु दूसरे, बारहवें अथवा ग्यारहवें घर में बैठा हो तो वह मनुष्य दरिद्र बनकर पृथ्वी पर जहाँ तहाँ भटकता फिरता है अर्थात् उसकी जीविका कहीं भी स्थिर नहीं होती ॥ १३ ॥

निजक्षेत्रे तुंगे कविकुजगृहे मित्रभवने

स्ववर्गे सद्वर्गे तमसि शयने जन्मसमये ।

फलं पूर्णं प्राहुः कथित भवनादन्यभवने

तदादुष्टप्रांचस्तदिह शिखिनो राहुवदिदम् ॥१४॥

अन्वयः—जन्मसमये शयने तमसि निजक्षेत्रे, तुङ्गे; कविकुजगृहे, मित्रभवने, स्ववर्गे, सद्वर्गे (वा भवति) तदा फलं (शुभं) पूर्णं आहुः (यदा) कथितभवनात् अन्यभवने तदा दुष्टप्रांचः (करोति) राहुवत् इदं फल शिखिनोऽपि (भवति) ॥१४॥

भा०—जिसके जन्म समय में राहु अपने घर में, अपने उच्च स्थान में अथवा शुक्र; मङ्गल के घर (२; ७, १, ८) में, अपने अथवा शुभग्रहोंके षड्वर्ग में बैठा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हो तो शुभ फल करता है, इन स्थानों के अतिरिक्त स्थानों में बैठा हुआ राहु, नीच मनुष्यों का पुरोहित अथवा गुरु बनाता है। राहु के स्थानों का जो-जो फल कहा है वही केतु का भी जानना ॥ १४ ॥

अथविशेषफलानि—

यदि निद्रागतः पापः सप्तमे पापपीडितः ।
तदा जायाविनाशः स्याच्छुभयोगेक्षणान्नहि ॥१५॥

अन्वयः—यदि पापः (पापग्रहः) पापपीडितः निद्रागतः सप्तमे (गतः) तदा जाया विनाशः स्यात्, शुभयोगेक्षणात् नहि विनाशः स्यात् ॥१५॥

भा०-यदि पाप ग्रह पाप ग्रहों से पीड़ित होकर निद्रा अवस्थागत सातवें घर में बैठा हो तो स्त्री का नाश कर देता है, यदि सातवें घर को शुभ ग्रह देखते हों तो स्त्री का नाश नहीं होता है ॥ १५ ॥

निद्रितो रिपुगेहस्थो रिपुयुक्तेक्षितो मदे ।
भार्या विनश्यति क्षिप्रं विधिना रक्षितापि चेत् ॥१६॥

अन्वयः—यदि पापः निद्रितः रितुयुक्तेक्षितः रिपुगेहस्थः मदे (स्थितः) तदा चेत् विधिना रक्षतापि भार्या क्षिप्रं विनश्यति ॥१६॥

भा०-यदि पाप ग्रह निद्रा अवस्थागत शत्रु ग्रह से युक्त अथवा देखा जाता हुआ शत्रु घर में होकर सातवें घर में बैठा हो तो ब्रह्मा करके भी रक्षा की जावे फिर भी उसकी स्त्री शीघ्र मर जाती है ॥ १६ ॥

शुभयोगेक्षणादेका विनश्यति परा नहि ।
शुभाशुभदृशा भार्या कष्टयुक्ता नृणां भवेत् ॥१७॥

अन्वयः—शुभयोगेक्षणात् एका भार्या विनश्यति अपरा नहि [यदा] शुभाशुभदृशाः [तदा] नृणां भार्या क्षिप्रं विनश्यति ॥१७॥

भा०—यदि उक्त योगों से युक्त सप्तम भाव को शुभ ग्रह देखते हों अथवा युक्त हों तो उस पुरुष की एक स्त्री मरकर दूसरी जीवित रहती है, यदि सातवाँ घर शुभ ग्रह और पाप ग्रह दोनों से दृष्ट युक्त हो तो उस पुरुष की स्त्री सदा रोगी रहती है ॥ १७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri. Funding: MIDF

पुत्रसुखयोगः—

अपत्यभावे यदि तुङ्गगेहे
निजालये पापयुतेक्षितश्चेत् ।
निद्रागतोऽपत्यविनाशकारी
शुभेक्षितश्चैकसुतस्य हन्ता ॥१८॥

अन्वयः—यदि (ग्रहः) तुङ्गगेहे निजालये अपत्यभावे (गतः) चेत् पापयुतेक्षितः निद्रागतः (तदा अपत्य विनाशकारी (यदि) शुभेक्षितः (तदा) एक सुतस्य विनाशकारी भवति) ॥१८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—यदि राहु आगमन अवस्था में हो तो वह मनुष्य क्रोधी, सदा बुद्धि और धन से हीन, खल, कृपण और अति कामी होता है ॥ ६ ॥

सभागते यदा राहौ पण्डितः कृपणो नरः ।
नानागुणपरिक्रान्तो वित्तसौख्यसमन्वितः ॥७॥

अन्वयः—यदा राहौ सभा (अवस्था) गते (तदा) नरः पण्डितः, कृपणः, नानागुणपरिक्रान्तः (तथा) वित्तसौख्यसमन्वितः स्यात् ॥ ७ ॥

भा०—यदि राहु सभा अवस्था में हो तो वह मनुष्य, पण्डित, कृपण, अनेक गुणों से युक्त और धन तथा शरीर सुख से सम्पन्न होता है ॥ ७ ॥

चेदगौवागमं यस्य याते तदा
व्याकुलत्वं सदाऽरातिभीत्या महत् ।
बन्धुवादो जनानां निपातो
भवेद्वित्तहानिः शठत्वं कृशत्वं तथा ॥८॥

अन्वयः—चदगौ यस्य आगमं याते तदा (नरः) आरातिभीत्या सदा व्याकुलत्वं, महद्बन्धुवादः जनानां निपातः वित्तहानि., शठत्वं, तथा कृशत्वं भवेत् ॥ ८ ॥

भा०—यादि राहु जिसके आगम अवस्थाका हो तो शत्रुओंके भयसे सदा घबड़ाये हुए रहता है, बन्धु वर्गोंसे बहुत ही विवाद रहता है, परिवार हीन दशामें रहते है, धनकी हानि होती है, कृपण होता है और शरीरसे कमजोर सी रहता है ॥ ८ ॥

भोजने भोजनेनालं विकलो मनुजो भवेत् ।
मन्दबुद्धिः क्रियाभीरुः स्त्रीपुत्रसुखवर्जितः ॥९॥

अन्वयः—(यदि राहौ) भोजने [तदा] मनुजः भोजनेन अलं विकलं, मन्दबुद्धिः, क्रियाभीरुः [तथा] स्त्रीपुत्रसुखवर्जितः भवेत् ॥ ९ ॥

भा—यादि राहु भोजन अवस्था में हो तो उस मनुष्य का भोजन पर्याप्त नहीं मिलता है, बुद्धहीन, धर्म कर्म से रहित और स्त्री, पुत्र सुख से वञ्चित होता है ॥ ९ ॥

नृत्यलिप्सागते राहौ महाव्याधिविवर्द्धनम् ।
नेत्ररोगं रिपोर्भीतिर्द्धनधर्मक्षयो नृणाम् ॥ १० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

राहु

अन्वय'—(यदा) राहौ नृत्यलिप्सागते (तदा) नृणां महाव्याधि-विवर्द्धनं, नेत्ररोगं, रिपोर्भीतिः (तथा) धन धर्मविवर्जितः (भवेत्) ॥१०॥

भा०—यदि राहु नृत्यलिप्सा अवस्था में हो तो उस मनुष्य का रोग विशेष कष्टकारक होता है, आँखोंमें कष्ट, शत्रुओंसे भय और धन ध र्मसे रहित होता है ॥ १० ॥

कौतुके च यदा राहौ स्थानहीनो नरो भवेत् ।
परदाररतोनित्यं परवित्तापहारकः ॥ ११ ॥

अन्वयः—यदा राहौ कौतुके (तदा नरः स्थानहीनः, परदाररतः तथा, नित्य परवित्तापहारकः भवेत् ॥ ११ ॥

भा०—यदि राहु कौतुक अवस्थामे हो तो उस मनुष्य का गृह स्थिर नहीं रहता है, पर स्त्री गामी और पराये धनका अपहरण करनेवाला होता है ॥ ११ ॥

निद्रावस्थागते राहौ गुणग्रामयुतो नरः ।
कान्तासन्तानवान्धीरो गर्वितो बहुवित्तवान् ॥ १२ ॥

अन्वय—[यदि] राहौ निद्रावस्थागते (तदा) नरः गुणग्रामयुतः कान्तासंतानवान्, धीर,ः गर्वितः (तथा बहुवित्तवान् (भवेत्) ॥ १२ ॥

भा०—यदि राहु निद्रा अवस्था में हो तो वह मनुष्य अनेक गुणों से युक्त और शहर का मालिक होता है, स्त्री पुत्रसे युक्त, गम्भीर, घमण्डी और बहुत धन वाला होता है ॥ १२ ॥

केतु

अथ केतोरवस्थाफलानि--

मेषे वृषेऽथ वा युग्मे कन्यायां शयनं गते ।
केतौ धनसमृद्धिः स्यादन्यभे रोगवर्द्धनम् ॥ १ ॥

अन्वयः--अथ केतौ, मेषे वृषे, युग्मे वा कन्यायां शयनं गते (तदा) धनसमृद्धिः अन्यभे रोग वर्द्धनं स्यात् ॥ १ ॥

भा०—अब केतुके अवस्थाका फल कहते हैं यदि केतु मेष, वृष, मिथुन, अथवा कन्या राशिमें बैठा हुआ शयन अवस्थागत हो तो उस मनुष्यका धन विशेष बढ़ता है, दूसरे राशिका होकर शयन अवस्था का हो तो रोग विशेष बढ़ता है॥ १ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

केतु

उपवेशं गते केतौ दद्रुरोगविवर्द्धनम् ।
अरिव्रातनृपव्यालचौरशङ्कासमन्ततः ॥ २ ॥

अन्वयः—केतौ उपवेशंगते (तदा) दद्रुरोगविवर्द्धनम्, अरिव्रात-नृपव्यालचौरशङ्कासमंततः ॥ २ ॥

भा०—यदि केतु उपवेशन अवस्था गत हो तो उस मनुष्यका दादरोग अधिक बढ़ता है (कष्टकारक होता) है, शत्रु, राजा, सर्प और चोरोंसे कष्ट पाने की आशंका सदा बनी रहती है ॥ २ ॥

नेत्रपाणिं गते केतौ नेत्ररोगः प्रजायते ।
दुष्टसर्पादिभीतिश्च रिपुराजकुलादपि ॥
वित्तं विनाश मायाति मतिश्च चपला भवेत् ॥ ३ ॥

अन्वयः— यदि केतौ नेत्रपाणि गते (तदा) नेत्ररोगः प्रजायते दुष्ट सर्पादि भीतिः, च रिपुराजकुलादपि [भीतिः], वित्तं विनाशं आयाति, [तथा] चपला मतिः भवेत् ॥ ३ ॥

भा०—यदि केतु नेत्रपाणि अवस्थामे हो तो नेत्रोंमें रोग होता है, दुष्टजन सर्प इत्यादि से भय होता है, शत्रु और राज्यकुल से भी अनेक उपद्रवका भय होता है, धनका नाश हो जाता है और उसकी बुद्धि अत्यन्त चञ्चल हो जाती है ॥ ३ ॥

प्रकाशने गते केतौ धनधान्यसमुन्नतिः ।
राजमानं यशो लाभं विदेशे सौख्यमाप्नुयात् ॥ ४ ॥

अन्वयः –[यदि] केतौ प्रकाशने गते [तदा नरस्य] धनधान्य समुन्नतिः, राजमानं यशोलाभं [तथा विदेशे सौख्यमाप्नुयात् ॥ ४ ॥

भा०– यदि केतु प्रकाशन अवस्था में हो तो उस मनुष्य के धन, धान्य की वृद्धि होती है, राजदरबारमें प्रतिष्ठा पाता है, उसका यश दूर तक फैलता है और परदेश से विशेष धन पाता है ॥ ४ ॥

गमने तु यदा केतौ पुत्रसम्पत्ति मान्नरः ।
पण्डितो राजमानी च धनेन परिपूरितः ॥ ५ ॥

अन्वयः—यदा तु केतौ गमने [तदा] नरः पुत्र सम्पत्तिवात् [भवेत्] पण्डितः, राजमानी च [तथा] धनेन परिपूरितः (स्यात्) ॥ ५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

केतु

भा०—यदि केतु गमन अवस्थामें हो तो वह मनुष्य सन्तान और धनसे युक्त होता है, विद्वान् होकर राज्यकुलसे प्रतिष्ठा पाता है और बहुत बड़ा धनवान् होता है ॥ ५ ॥

केतावागमने दुष्टमतिः श्रीरहितः पुमान् ।
कामी धीधर्महीनश्च जायते क्रोधनः शठः ॥ ६ ॥

अन्वयः—[यदि] केतौ आगमने (तदा) पुमान् दुष्टमतिः, श्रीरहितः, कामी, धीधर्महीनः, क्रोधनः, शठश्च जायते ॥ ६ ॥

भा० यदि केतु आगमन अवस्थामें हो तो वह दुष्टस्वभाव वाला धन हीन, कामातुर, बुद्धि तथा धर्मसे रहित, क्रोधी और कृपण होता है ॥ ६ ॥

सभावस्थागते केतौ वाचालो बहुगर्वितः ।
कृपणो लम्पटश्चैव धूर्तविद्याविशारदः ॥ ७ ॥

अन्वयः— [यदा] केतौ सभा अवस्थागते [तदा नरः, वाचालः, बहुगर्वितः, कृपणः, लम्पटः, च धूर्तविद्याविशारदः (स्यात्) ॥ ७ ॥

भा०—यदि केतु सभा अवस्थामें हो तो वह मनुष्य कुटिल, घमण्डी, कृपण कामी और धूर्तविद्यामें अति निपुण होता है ॥ ७ ॥

यदागमे भवत्केतुः केतुः स्यात्पापकर्मणाम् ।
बन्धुवादरतो दुष्टो रिपुरोगातिपीडितः ॥ ८ ॥

अन्वयः—यदा केतुः आगमे भवत् (तदा नरः) पापकर्मणां केतुः स्यात्, बन्धुवादरतः दुष्टः, रिपुरोगातिपीडितः स्यात् ॥ ८ ॥

भा०—यदि केतु आगम अवस्थामें हो तो वह मनुष्य पापियों में ध्वजारूप (महापापी) होता है, परिवारों से विरोध करता है, दुष्टस्वभाव वाला होता है और शत्रु तथा रोगसे दुखी होता है ॥ ८ ॥

भोजने तु जनो नित्यं क्षुधया परिपीडितः ।
दरिद्रो रोगसंतप्तः केतौ भ्रमति मेदिनीम् ॥ ९ ॥

अन्वयः— (यदि) केतौ भोजने (तदा) जनः नित्यं क्षुधया परिपीडितः, दरिद्रः रोगसंतप्तः (तथा) मेदिनीं भ्रमति ॥ ९ ॥

भा०—यदि केतु भोजन अवस्थागत हो तो वह मनुष्य क्षुधा से नित्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

केतु

दुःखी रहता है और दरिद्र रूपी रोग से पीड़ित होकर जीविका के लिये भूमण्डल में भ्रमण करता फिरता है ॥ ९ ॥

नृत्यलिप्सागते केतौ व्याधिना विकलो भवेत्।
बुद्बुदाक्षो दुराधर्षो धूर्त्तोऽनर्थकरो नरः ॥ १० ॥

अन्वयः—केतौ नृत्यलिप्सागते (तदा) नरः व्याधिना विकलः बुद्बुदाक्षः दुराधर्षः, धूर्त्त (तथा) अनर्थकरो भवेत् ॥ १० ॥

भा०—यदि केतु नृत्यलिप्सा अवस्थामें हो तो वह मनुष्य रोगसे विकल रहता है, उसकी आँख बुद्बुदाकार (सदा पानी देनेवाली) होती हैं, अत्यन्त साहसी, वाचाल और नीच कर्म करनेवाला होता है ॥ १० ॥

कौतुकी कौतुके केतौ नटवामारतिप्रियः।
स्थानभ्रष्टो दुराचारो दरिद्रो भ्रमते महीम् ॥ ११ ॥

अन्वयः—(यदि) केतौ कौतुके (तदा नरः) कौतुकी, नटवामारतिप्रियः, स्थानभ्रष्ट, दुराचारः दरिद्रः महीं भ्रमते ॥ ११ ॥

भा०—यदि केतु कौतुक अवस्था में हो तो वह मनुष्य खेल, तमाशा करनेवाला, नर्तकी स्त्रियों (वेश्याओं) के साथ भोग विलास करनेवाला, दूसरे गृहमें गुजर करने वाला दुष्टकममें रत रहनेवाला और धनहीन होकर जहाँ तहाँ ठोकर खानेवाला होता है ॥ ११ ॥

निद्रावस्थागते केतौ धनधान्यसुखं महत्।
नानागुणविनोदेन कालो गच्छति जन्मिनाम् ॥ १२ ॥

अन्वयः—केतौ निद्राअवस्थागते तदा जन्मिनां धनधान्यमहत्सुखं, (तथा) नानागुणविनोदेन काल गच्छति ॥ १२ ॥

भा०—यदि केतु निद्रा अवस्थामें हो तो वह मनुष्य द्रव्य तथा अन्नके खजाना से अति सुखी होता है और अनेक प्रकार के गुणों तथा व्यवसायोंसे सुखपूर्वक समय व्यतीत करता है। १२ ॥

इति श्रीभावकुतूहले उत्साहवर्द्धिनी सान्वयभाषाटीकायां ग्रहाणामवस्थाविचारे द्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्रयोदशोऽध्यायः

अथ ग्रहाणां बालाद्यवस्था फलानि—

बालो रसांशैरसमे प्रदिष्ट-
स्ततः कुमारो हि युवाथवृद्धः ।
मृतः क्रमादुत्क्रमतः समर्क्षे
बालाद्यवस्थाः कथिता ग्रहाणाम् ॥ १ ॥

अन्वयः—अथ ग्रहाणां बालाद्यवस्थाः कथिता हि असमे विषम राशौ क्रमात् रसांशैः बालः ततः कुमारः ततः युवा, [ततः] वृद्धः, (ततः) मृतः । समर्क्षे (समराशौ) उत्क्रमतः स्यात् ॥ १ ॥

भा०—अब ग्रहों की बालादि अवस्था कहते हैं, विषम (मेष, मिथुन, सिंह इत्यादि) राशियों में ६ अंश पर्यन्त ग्रहों की बाल अवस्था इसके बाद १२ अंश तक कुमार अवस्था, और इसके बाद १८ अंश तक युवा अवस्था इसके बाद २४ अंश तक वृद्धा अवस्था और ३० अंश पर्यन्त मृतक अवस्था है, सम (वृष, कर्क, कन्या इत्यादि) राशियों में इसका उलटा जैसे प्रथम ६ अंश तक मृत अवस्था, १२ अंश तक वृद्धा अवस्था, १८ अंश तक युवा अवस्था, २४ अंश तक कुमार अवस्था और ३० अंश पर्यन्त बाल अवस्था होती है ॥ १ ॥

फलं तु किंचिद्धि तनोति बाला-
श्चार्द्धं कुमारः प्रयतेन पुंसाम् ।
युवा समग्रं खचरोऽथ वृद्धः
फलं तु दुष्टं मरणं मृताख्यः ॥ २ ॥

अन्वयः—अथ च पुंसां खचरः बालः किञ्चित् फलं, कुमारः अर्द्धं फलं, तु युवा समग्रं फलं, वृद्धः दुष्टं फलं [तथा च] मृताख्यः प्रयतेन मरणं तनोति ॥२॥

भा०—जिस मनुष्य के जन्म समय में बाल अवस्था गत ग्रह हो तो शुभाशुभ फल बहुत ही थोड़ा देते है, कुमार अवस्था वाले आधा युवा अवस्था वाले पूर्ण, वृद्धा अवस्था वाले अनिष्ट और मृत अवस्था वाले ग्रह अपने दशान्तर्दशा में मृत्यु तुल्य फल (कष्ट) देते हैं ॥ २ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ दीप्ताद्यवस्थाः—

उच्चे दीप्तः स्वर्क्षे स्वस्थो मित्रभे हर्षितो भवेत् ।
शान्तः शोभनवर्गस्थोऽतिशस्तो दीप्तदीधितिः ॥३॥
लुप्तोऽस्ते नीचभे दीनः पीडितः पापशत्रुभे ।
एवमष्टौ न भोगानां भावा दीप्तादिभेदतः ॥४॥

अन्वयः - उच्चे दीप्तः स्वर्क्षे स्वस्थः मित्रभे हर्षितः, शोभनवर्गस्थः शान्तः, दीप्तदीधितिः अतिशस्तः अस्ते लुप्त नीचभे दीनः, पापशत्रुभे पीड़ितः, एव दीप्तादिभेदतः नभो गानां अष्टौ भावः (भवन्ति)॥३-४॥

भा०--अब ग्रहों की दीप्तादि अवस्था बताते हैं-जो ग्रह अपने उच्च स्थान में बैठा हो उसकी दीप्त अवस्था, अपने घर में हो तो स्वस्थ अवस्था, मित्र के घर में बैठा हो तो हर्षित अवस्था, शुभ ग्रहों के घरमें बैठा हो तो शांत अवस्था जो ग्रह अपने परम तेज से युक्त (उदय) हो तो उसकी अतिशस्त अवस्था, अस्त हो तो लुप्त अवस्था, नीच राशिमें दीन अवस्था और पाप ग्रहों की राशि अथबा शत्रु की राशि में पीड़ित अवस्था, इस प्रकार दीप्तादि भेद से ग्रहों की आठ अवस्था बताई गई है ।३-४॥

दीप्ते मदोन्मत्तगजेन्द्रगन्ता
सदारिहन्ता वरतीर्थगन्ता ।
कान्तो मनस्वी नितरां यशस्वी
प्रदीप्तवेषो मनुजो महीपः ॥५॥

अन्वयः—दीप्ते (ग्रहे तदा) मनुजः मदोन्मत्तगजेन्द्रगन्ता, सदारिहन्ता, वरतीर्थगन्ता, कान्तः मनस्वी, नितरां यशस्वी (तथा) प्रदीप्तवेषः महीपः (स्यात्) ॥ ५ ॥

भा०—दीप्त ग्रह की दशा में मनुष्य अति मदान्ध हाथियों की सवारी पर बैठकर सफर करता है, सर्वदा शत्रुओं का विध्वंश करता है, अच्छे अच्छे तीर्थों की यात्रा करता है, उसकी स्त्री मनस्वी होती है, उसका यश दूर तक फैलता है, और अत्यन्त सुन्दर शरीर पाकर राजा होता है ॥५॥

स्वस्थे गुणागारजयालयाना-
मुपार्जको वैरिविनाशकर्त्ता ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नरोऽप्युदारो नृपपूजितः स्या-
द्विशालकीर्तिः कमनीयमूर्तिः ॥६॥

अन्वयः—स्वस्थे ग्रहे तदा नरः गुणागारजयालयानामुपार्जकः, वैरिविनाशकर्त्ता, उदारः, नृपपूजितः, विशालकीर्तिः, (तया) कमनीय मूर्तिः स्यात् ॥ ६ ॥

भा०—स्वस्थ अवस्था वाले ग्रह की दशा में मनुष्य पाठशाला, वैद्यालय और किला कोट तथा फौज रखने के लिए बारिक वगैरहः बनवाता है अथवा शत्रुओं से जीत कर उस पर अपना सत्ता जमा बैठता है, सर्वदा शत्रुओं का नाश करता है, उदार स्वरूप, राजाओं में श्रेष्ठ बड़ी कीर्ति और नटवर मति वाला होता है ॥६॥

हर्षिते भवति हर्षितः सदा
मित्रपुत्रपरिपूरितो मुदा ।
धर्मकृन्मणिगणेन मण्डितः
पण्डितः परमदैवविज्जनः ॥७॥

अन्वयः—हर्षिते जनः हर्षितः, सदा मुदा मित्रपुत्रपरिपूरितः धर्मकृत्, मणिगणेन मण्डितः (तथा) परमदैवविज्जनो भवति ॥ ७ ॥

भा० - हर्षित अवस्था वाले ग्रह की दशा में मनुष्य प्रसन्न रहता है, सर्वदा सच्चा मित्र और सत्पुत्र से युक्त रहता है, सुकर्म करता है, रत्नादि से परिपूरित और कर्म विपाक का जाननेवाला बहुत बड़ा विद्वान (ज्योतिषी) भी होता है ।७।

शान्तेतिशान्तो युवराजराजो
जनो महौजा जनतासमेतः ।
अनेकधामलगद्यपद्या-
भ्यासानुरक्तः खलु वित्तयुक्तः ॥८॥

अन्वयः-शान्ते (ग्रहे) जनः अतिशान्तः, युवराजराजः, महौजा जनतासमेत, अनेकविद्यामलगद्यपद्याभ्यासानुरक्तः, खलु वित्त युक्तः (स्यात्) ॥ ८ ॥

भा०—शान्त अवस्था ग्रह की दशा में मनुष्य अत्यन्त शान्त रहता है, युवराजों का राजा होता है, ओजस्वी (प्रतापी) मनुष्यों का साथ रहता है,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्वयं प्रतापी होता है, अनेक विद्याओं के दोष रहित गद्य (श्लोक इत्यादि) लिखने पढ़ने में सदा अभ्यास (प्रेम) रखता है और धनी भी होता है ॥ ८ ॥

शस्ते विशेषाद्विदुषां प्रशस्तः
प्रशस्तवेषो गतरोगसंघः ।
विशालमालालसितोऽमलोक्त्या
नरो नराणामधिपः प्रधानः ॥ ९ ॥

अन्वयः-शस्ते नरः विशेषाद्विदुषां प्रशस्तः, विशस्तवेषः, गतरोगसंघः, विशालमालालसितः, अमलोक्त्या नराणामधिप, प्रधानः (च भवति ॥ ९ ॥

भा०—शस्त अवस्था वाले ग्रहकी दशामें मनुष्य विशेषतः विद्वानोंसे आदर पाता है, सुन्दर शरीर वाला, रोग हीन होता है, बहुमूल्य मणियों (हीरा पन्ना इत्यादि) की मालासे विभूषित होता है अपने मनोहर वाणी (युक्ति युक्त वचनों) से मनुष्यो का राजा अथवा वन जाता है ॥ ९ ॥

लुप्ते च लुप्तो गुणधर्मभावैः
प्रपीडितोऽरातिकुलेन मर्त्यः
भवेद्विरक्तो गदजालयुक्तो
प्रमादशाली खलु पापमाली ॥ १० ॥

अन्वयः -लुप्ते (ग्रहे तदा) मर्त्यः गुणधर्मभावैः लुप्तः, अरातिकुलेन प्रपीडितः, विरक्तः, गदजालयुक्तः, प्रमादशाली खलु पापमाली भवेत् ॥ १० ॥

भा०—लुप्त अवस्थागत ग्रहदशा में मनुष्य गुण और अपने धर्म कर्म से हीन हो जाता है, शत्रुओंके आक्रमणसे अत्यन्त दुखी होता है, परिवार तथा सम्पत्तिसे अलग रहता है, सदा रोगी रहता है और प्रमादसे भरा हुआ अत्यन्त पापी होता है ॥ १० ॥

दीनेतिदीनो मतितोषहीनो
जनो जनेशादिनिपीडितश्च ।
गुणेन हीनः परदारलीनः
परार्थहारी च कुभूमिचारी ॥ ११ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—दीने (ग्रहे तदा) जनः अतिदीनः मतितोषहीनः, जनेशादिनिपीडितः, गुणेन हीनश्च, परदाररलीनः, परार्थहारी, कुभूमिचारी च (भवति) ॥ ११ ॥

भा०—दीन ग्रह यदि जन्मकाल में हों तो वह मनुष्य अत्यन्त गरीब, बुद्धि और सन्तोष से हीन होता है, राजा अथवा मन्त्री इत्यादि से कष्ट पाता है, मूर्ख तथा पराई स्त्री से प्रेम करने वाला दूसरे के द्रव्य को हरण करने वाला और श्मशानादि कुत्सित भूमि में निवास करने वाला होता है ॥ ११ ॥

पीडिते गदनिपीडितः सदा
चिन्तया च परया समन्वितः ।
व्यग्रितो बहुमदोद्धतः पुमा-
नाधिरोगसहितो विशेषतः ॥१२॥

अन्वयः—निपीडिते (तदा पुमान्) सदा गदनिपीडितः, परया चिन्तया च समन्वितः, व्यग्रितः, बहुमदोद्धतः (तथा) विशेषतः अधिरोग सहितः (स्यात्) ॥ १२ ॥

भा०—जन्मकालमें यदि निपीड़ित ग्रह हो तो वह मनुष्य सर्वदा रोग से दुःखी रहता है, दूसरे चिन्ता से चिन्तित रहता है, सदा व्यग्र, मदान्ध और विशेषतः मानसिक दुःखों से सन्तप्त रहता है ॥ १२ ॥

इति श्री भावकुतूहले उत्साहवर्द्धिनी सान्वयः भाषाटीकायां ग्रहावस्थाफलकथनं त्रयोदशोऽध्यायः ॥ १३ ॥

चतुर्दशोऽध्यायः

अथ मारकग्रह विचारः—

मारकस्थान -८,३,२,०

शनेः मारकत्वनिरूपणम्

मारकग्रहसम्बन्धात् पापकर्त्ता शनिस्तदा ।
तिरस्कृत्य ग्रहान्सर्वान्निहंता भवति ध्रुवम् ॥ १ ॥

अन्वयः—पापकर्ता शनिः मारकग्रहसम्बन्धात् सर्वान् ग्रहान् तिरस्कृत्य तदा ध्रुवं निहन्ता भवति ॥ १ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—अब मारकेश ग्रहों का विचार करते हुए कहते हैं कि यमराज के निकट रहनेवाले शनि यदि मारकेश ग्रहों के साथ चारों प्रकार के सम्बन्धों में किसी प्रकार का सम्बन्ध करता हो अथवा स्वयं मारकेश हो तो अन्य मारकेश ग्रहों की अपेक्षा प्रबल मारकेश होता है ॥ १ ॥

भवनाधिपानां शुभाशुभ संज्ञा--

त्रिकोणभवनाधिपाः शुभफलास्तु सर्वे ग्रहा-
स्त्रिवैरिभवभावपाः खलफला निरुक्ता बुधैः ।
भवन्ति यदि केन्द्रपाः शुभखगा न शस्ता नृणा-
मतीवशुभदायकाः खलखचारिणो जन्मनि ॥ २ ॥

अन्वय—जन्मनि सर्वे ग्रहाः त्रिकोणभवनाधिपाः (तदा) शुभफलाः, त्रिवैरिभवभावपाः (तदा) खलफलाः बुधैः निरुक्ता, यदि शुभखगाः केन्द्रपाः (तदा) नृणां न शस्ता भवन्ति, यदि खलखचारिणः केन्द्रपाः (तदा) अतीव शुभदायकाः भवन्ति ॥ २॥

भा०—जन्म समय में सूर्यादि ग्रह त्रिकोण (५, ९) घर के स्वामी हों तो शुभ फल करनेवाले होते हैं, तीसरे, छठें और ग्यारहवें घर के स्वामी जो ग्रह होते हैं वे पापी कहलाते हैं अर्थात् अपने दशान्तर्दशा में अनिष्ट फल करते हैं ऐसा पण्डितों ने कहा है, यदि शुभ ग्रह (पूर्णचन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र हैं,) केन्द्र; (१; ४, ७, १०) के स्वामी हों तो मनुष्यों को शुभ फल नहीं देते; यदि पाप ग्रह केन्द्र के स्वामी हों तो अपनी दशा विदशा में अत्यन्त शुभ फल देने वाले होते हैं ॥ २ ॥

यद्यद्भावगतो राहुः केतुश्च जनने नृणाम् ।
यद्यद्भावेशसंयुक्तस्तत्फलं प्रदिशेदलम् ॥ ३ ॥

अन्वयः--जनने राहुः केतुश्च यद्यद्भाव गतः (तदा) यद्यद्भावेशसंयुतः तत्फलं नृणां अलं प्रदिशेत् ॥ ३ ॥

भा०—जन्मकाल में राहु और केतु जिस २ भाव में बैठे हों अथवा जिस २ भाव के स्वामी के साथ सम्बन्ध करते हों उस भाव का फल मनुष्यों को पर्याप्त देते हैं ॥ ३ ॥

मन्दश्चेत्पापसंयुक्तो मारकग्रहयोगतः ।
तिरस्कृत्य ग्रहान्सर्वान्निहन्ता पापकृद्यदा ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—यदा पापकृत् मन्दः पापसंयुक्तः मारकग्रहयोगतः सर्वान् ग्रहान् तिरस्कृत्य निहन्ता (भवति) ॥ ४ ॥

भा०—यदि पापी शनैश्चर पाप ग्रहों के साथ होकर मारक ग्रहों (द्वितीयेश, सप्तमेश, अष्टमेश इत्यादि) से सम्बन्ध करता हो तो अन्य सब मारकेशों को हटा कर प्रबल मारकेश स्वयं हो जाता है ॥ ४ ॥

अल्प-मध्यम-पूर्णायुः प्रमाणमिह योगजम् ।
विज्ञाय प्रथमं पुंसां ततो मारकचिन्तना ॥ ५ ॥

अन्वयः—प्रथमं पुंसां योगजं अल्प-मध्यम-पूर्णायुः प्रमाणमिह (वक्ष्यमाणतः) विज्ञाय ततः मारक चिन्तना (कार्या) ॥ ५ ॥

भा०—पहले मनुष्यों का योगज अर्थात् अल्पायु-मध्यमायु-पूर्णायु (दीर्घायु) प्रमाण युक्त विचार करने के बाद मारक ग्रहों का विचार करना चाहिये; जैसे मध्यमायु अथवा दीर्घायु निश्चय होने के अन्दर ही मारकेश ग्रहोंकी दशान्तर्दशा आ जाय तो विशेष कष्टातिरिक्त प्राणघातक नहीं होते,आयु खण्ड पूर्ति होने के समय जिस किसी भी मारकेश के दशान्तर्दशा में पञ्चत्व प्राप्त हो जाता है, अतः सबसे प्रथम आयु का विचार करना अत्यावश्यक है। चारो युग में पूर्णायु १०० वर्ष कही गई है यथा वेद में भी लिखा है "शतायु वै पुरुषः।" त्रेता युग में श्रीरामचन्द्र के लिये वाल्मीकि ने जो लिखा है कि "दशवर्षसहस्राणि दशवर्षशतानि चेत्यादि, वह ठीक लिखा है पहले समय स्थान से गुणित अंक लिखा जाता था जैसे एक स्थानीय = १, दशस्थानीय=२, शत=३, सहस्र= ४, अयुत=५, इत्यादि, अतः १०×४+१०×३=४०+३०=७० वर्ष; अर्थात् ७० वर्ष ही पृथ्वी में श्रीरामचन्द्र ने राज्य कर साकेतपुर को पधारा। किन्तु ज्योतिष शास्त्रज्ञों ने १२० वर्ष पूर्णायु बताया है। आयु का तीन विभाग है, जन्म से ४० वर्ष तक अल्पायु, इसके बाद ८० वर्ष तक मध्यमायु और ८० वर्ष के बाद १२० वर्ष तक दीर्घायु कही गई है॥ ५ ॥

अथ योगजायुर्दायविचारः—

चेदङ्गपो यदि रवेररिरेव हीनं
पूर्णं सुहृद्यदि समः सममायुराहुः ।
बालग्रहो हितसमारिपदेऽपि पूर्णं
मध्यं च हीनमिह जातकतत्त्वविज्ञाः ॥ ६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—यदि चेत् अङ्गपः रवेः अरिः (तदा) हीनं, सुहृद (तदा) पूर्णं, समः (तदा) सममायुः, (एवं) बाल ग्रह हितसमारिपदेऽपि पूर्णं, मध्यं हीनं च जातकत्त्वविज्ञाः इत्यायुः आहुः ॥६॥

भा०—जन्म कालमें यदि लग्नेश सूर्यका शत्रु हो तो उस बालककी हीनायु (४० वर्ष के भीतर होती है, यदि लग्नेश रविका मित्र हो तो दीर्घायु (८० वर्ष के ऊपर और १२० वर्ष से नीचे), यदि लग्नेश रविका सम हो तो मध्यमायु (४० वर्ष से अधिक और ८० वर्ष के अन्दर आयु) होती है। इसी प्रकार लग्नेश अपने मित्र, सम, शत्रु घर में बैठा हो तो बालक की दीर्घायु, मध्यमायु और हीनायु क्रमसे होती है ऐसी ज्योतिष शास्त्रज्ञों की सम्मति है ॥ ६ ॥

आयुस्थानमारकस्थानकथनम्—

अष्टमर्क्षं च तृतीयं बुधैरायुरुदाहृतम् ।
द्वितीयं सप्तमं स्थानं मारकस्थानमुच्यते ॥ ७ ॥

अन्वयः—अष्टमर्क्षं तृतीयं च बुधैः आयुः-उदाहृतं, द्वितीयं, सप्तमं स्थानं मारकस्थानं—उच्यते ॥ ७ ॥

भा०—जन्म लग्न से तीसरा और आठवां आयु स्थान, दूसरा और सातवां मारक स्थान कहा गया है ॥ ७ ॥

अथ मृत्युकालयोगः—

मारकेशदशापाके मारकस्थस्य पापिनः ।
पाके पापयुजां पाके संभवे निधनं विशेत् ॥ ८ ॥

अन्वयः—(आयुखण्डप्राप्ते) मारकेश दशायां मारकस्थस्य पाके (अथवा) पापिनः पाके, पापयुजां पाके निधन सम्भवं विशेत् ॥ ८ ॥

भा०—आयु खण्ड पूर्तिकाल में मारकेश ग्रह के दशा में और मारक स्थान में बैठे हुए पापग्रह (त्रिषडायेश) के अन्तर में मृत्यु सम्भव अथवा पापग्रहों की दशा में और पापग्रह से योग (सम्बन्ध) करने वाले ग्रहों के अन्तर में भी मृत्यु का सम्भव होता है ॥ ८ ॥

असंभवे व्ययाधीशदशायां मरणं नृणाम् ।
अभावे व्ययभावेशसम्बन्धिग्रहभुक्तिषु ॥ ९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—(पूर्वमारकेशाणां) असम्भवे (तदा) व्ययाधीश-दशायां, [अस्य] अभावे व्ययभावेशसम्बन्धिग्रहभुक्तिषु नृणां मरणं (वाच्यम्) ॥ ९ ॥

भा०--आयु खण्ड पूर्तिकाल में पहले कहे हुये मारकेशों की दशा अन्तर्दशा न हो तो लग्न से बारहवें घर के स्वामी के दशा वा अन्तर्दशा में मरण कहना चाहिये, इसके अभाव में द्वादशेश से सम्बन्ध करने वाले ग्रहों के दशा अन्तर्दशा काल में मृत्यु कहनी चाहिये ॥ ९ ॥

तदभावेऽष्टमेशस्य दशायां निधनं पुनः ।
दुष्टतारापतेः पाके निर्याणं कथितं बुधैः ॥ १० ॥

अन्वयः—तदभावेऽष्टमेशस्य दशायां, पुनः दुष्टतारापतेः पाके बुधैः निर्याणं कथितम् ॥ १० ॥

भा०—द्वादशेश ग्रह से सम्बन्ध करने वाले ग्रहों के अभाव में अष्टमेश के दशान्तर्दशा में मरण कहना चाहिये, इसके भी अभाव में जन्म नक्षत्र से ३, ५, ७ वीं तारा जब आवे उस नक्षत्र के राशि के स्वामी के दशा-अन्तर्दशा में मृत्यु कहनी चाहिये अथवा प्रथम आवृत्ति का वध तारा जब आवे उस राशि के चन्द्रमा में अवश्य मृत्यु होती है ऐसा पण्डितों ने कहा है ॥ १० ॥

अथ राजयोगाः—

नवमभावपतिस्तनयालये
सुतपतिर्नवमे यदि जन्मिनः ।
अतिविचित्रमणिव्रजमण्डितो
वसुमती विभुतां स नरो व्रजेत् ॥ ११ ॥

अन्वयः—यदि जन्मिनः नवमभावपतिस्तनयालये, (तथा सुत-पतिः नवमे (तदा) स नरः अतिविचित्रमणिव्रजमण्डितः (तथा) वसु-मती विभुतां व्रजेत् ॥ ११ ॥

भा०-यदि जन्मकाल में नवें घर का स्वामी पाँचवें घर में बैठा हो और पांचवें घर का स्वामी नवें घर में बैठा हो तो वह मनुष्य अत्यन्त सुन्दर (बहु-मूल्य) रत्नों से युक्त पृथ्वी का राजा होता है ॥ ११ ॥

कर्माधीशः सुतस्थाने सुतेशः कर्मगो यदा ।
त्रिकोणपतिना दृष्टा राजा भवति निश्चितम् ॥१२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—यदा कर्माधीशः सुतस्थाने, सुतेशः कर्मगः (तथा) त्रिकोणपतिना दृष्टः (तदा) निश्चितं राजा भवति ॥ १२ ॥

भा०—जिसके जन्मकालमें दशमेश पाँचवें घरमें बैठा हो और पञ्चमेश दसवें घरमें बैठा हो, और दोनों नवमेश करके देखे जाते हों तो वह मनुष्य अवश्य राजा होता है ॥ १२ ॥

राज्येशाङ्गपवाहनेशसुतपा धर्मालये स्वामिना
संयुक्ता यदि वीक्षिताश्च बलिनो राजा भवेन्मानवः ।
पुत्रेशो यदि धर्मपेन सहितो लग्नाधिपेनाङ्गगो
दृष्टो वा सहितःसुखेऽपि दशमे राजा भवेन्निश्चितम् ॥१३॥

अन्वयः—यदि राज्येशाङ्गपवाहनेशसुतपाः बलिनः धर्मालये स्वामिना संयुक्ताः वीक्षिताश्च (तदा) मानवः राजा भवेत् । (अथवा) पुत्रेशः यदि धर्मपेन वा लग्नाधिपेन सहितः वा दृष्टः अङ्गगः (अथवा) धर्मपेन सहितः दृष्टः सुखे, दशमेऽपिगः (तदा) निश्चितं राजा भवेत् । १३ ॥

भा०—यदि दशमेश, लग्नेश, चतुर्थेश, और पञ्चमेश बलवान हो और नवमेश के साथ हों अथवा नवमेश से देखे जाते हों तो वह मनुष्य निश्चय करके राजा होता है । अथवा यदि पञ्चमेश, नवमेश वा लग्नेश के साथ देखा जाता हुआ तनु भाव में बैठा हो, अथवा लग्नेश नवमेश के साथ २ वा नवमेश से देखा जाता हुआ चौथे वा दशवें घर में बैठा हो तो भी वह मनुष्य अवश्य राजा होता है ॥ १३ ॥

यत्र कुत्रापि केन्द्रेशस्त्रिकोणपतिना युतः ।
सबलो मनुजो राजा दुर्बलो धनपो भवेत् ॥ १४ ॥

अन्वयः—सबलः केन्द्रेश त्रिकोणपतिना युतः यत्रकुत्रापि (गतः) (तदा) मनुजः राजा भवेत्, (यदि) दुर्बलः (तदा) धनपः भवेत् ॥१४॥

भा०—यदि बलवान् केन्द्रेश (दशमेश) नवमेश अथवा पञ्चमेश के साथ २ कहीं भी बैठा हो तो वह मनुष्य राजा होता है, यदि लग्नेश, सुखेश अथवा सप्तमेश के साथ २ त्रिकोणेश बैठा हो तो भी वह मनुष्य बहुत बड़ा धनवान् (खिताबी राजा) होता है ॥ १४ ॥

पुण्यस्थाने गुरुक्षेत्रे दशमे भृगुणा युते ।
पंचमस्वामिना दृष्टे राजपुत्रो नराधिपः ॥ १५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः-भृगुणा युते (केन्द्रशः) पुण्यस्थाने गुरु क्षेत्रे (वा) पञ्चमस्वामिना दृष्टे (गतस्तदा) राजपुत्रः नराधिपः (भवेत्) ॥ १५ ॥

भा०—शुक्र के साथ २ केन्द्र स्थान (१, ४, ७, १०) का स्वामी नवें घर में बृहस्पति के क्षेत्र (६, १२) में अथवा दसवें घर में बृहस्पति के क्षेत्र का बैठा हो और पञ्चमेश से देखा जाता हो तो राज्य कुलमें उत्पन्न हुआ मनुष्य अवश्य राजा होता है॥ १५ ॥

अथ धनाढ्ययोगः—

पंचमे निजभे शुक्रे लाभे रविसुते यदा।
भोक्ता मणिसुवर्णानामधिपो जायते नृणाम् ॥ १६ ॥

अन्वयः—यदा नृणां (जन्मकाले) निजभे शुक्रे पञ्चमे (तथा) रविसुते लाभ [तदा] भोक्ता मणिसुवर्णानामधिपः जायते ॥ १६ ॥

भा०—यदि मनुष्य के जन्मकाल में अपने राशि (७, २) का होकर शुक्र पांचवें घर्में बैठा हो और शनैश्चर ग्यारहवें घर में बैठा हो तो वह मनुष्य सब पदार्थोंका भोगनेवाला हीरा, पन्ना इत्यादि रत्नोंसे युक्त बहुत ही बड़ा धनवान् होता है ॥ १६ ॥ मकर लग्न वा. मिथुन लग्न. २/१०

कर्कटे तु कलानाथे पंचमे लाभगे शनौ।
नानाधनसंमृद्धिः स्याद्धर्मवृद्धिश्च भूपतिः ॥ १७ ॥

अन्वयः—(यदा) कर्कटे कलानाथे तु पञ्चमे, लाभगे शनौ (तदा) नानाधनसमृद्धि स्यात्, धर्मवृद्धिः, (तथा) भूपतिः (भवेत्) ॥ १७ ॥

भा०—यदि कर्कराशिमें चन्द्रमा बैठा हो और पांचवें वा ग्यारहवें घरमें शनि बैठा हो तो वह मनुष्य अनेक तरहकी सम्पत्तियोंको पैदा कर अपने धर्म कर्म से युक्त रह कर राजा की तरह सुख करता है ॥१७॥

पंचमे तु मृगे कुंभे समन्दे यस्य जन्मनि।
बुधे लाभालये तस्य सर्वतो द्रविणोन्नतिः ॥ १८ ॥

अन्वयः—यस्य जन्मनि पञ्चमे मृगे कुम्भे स मन्दे तु बुधे लाभालये, तस्य सर्वतः द्रविणोन्नति भवेत् ॥ १८ ॥

भा०—जिसके जन्मकालमें लग्नसे पाँचवें घरमें मकर अथवा कुम्भ राशि का होकर शनि बैठा हो और बुध ग्यारहवें घर में बैठा हो तो उस मनुष्य को चारों तरफ से धन की वृद्धि होती है अर्थात् कोट्याधीश होता है॥ १८ ॥ कन्या तुला लग्न.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पञ्चमे तु रवौ सिंहे लाभे देवगुरौ सदा।
वाहनस्वर्णरत्नानामधिपो जायते क्षणात् ॥ १६ ॥

अन्वयः—(यदा) रवौ सिंहे पञ्चमे तु देवगुरौ लाभे (तदा) क्षणात् सदा वाहनस्वर्णरत्नानामधिपो जायते ॥ १९ ॥

भा०—यदि सूर्य सिंह राशिका होकर पाँचवें घर में बैठा हो और बृहस्पति ग्यारहवें घर में बैठा हो तो वह मनुष्य बाल्यावस्था से ही वाहन, सुवर्ण और बहुमूल्य रत्नादिकों का मालिक हो जाता है। १६ ॥ मेषलग्न

पञ्चमे तु गुरुक्षेत्रे सगुरौ यदि जन्मनि।
लाभगाविन्दुभूपुत्रौ पृथ्वीपतिसमो नरः ॥ २० ॥

अन्वयः—यदि जन्मनि गुरुक्षेत्रे सगुरौ पञ्चमे, तु-इन्दुभूपुत्रौ लाभगौ (तदा) नरः पृथ्वीपति समः जायते ॥ २० ॥

भा०—जिसके जन्मकालमें अपनी राशि (९, १२) का होकर बृहस्पति पाँचवें घरमें बैठा हो और चन्द्रमा तथा मङ्गल ग्यारहवें घरमें बैठे हों तो वह मनुष्य राजाके समान धनी होता है। ॥ २० ॥ सिंह तथा वृश्चिक लग्न ।५।

रविक्षेत्रगते लग्ने रविणा संयुते सति।
गुरुभौमयुते वापि धनाधिक्यं दिने दिने ॥ २१ ॥

अन्वयः—लग्ने रविक्षेत्रगते रविणा सयुते सति गुरुभौमयुते वापि (तदा) दिने दिने धनाधिक्यं (जायते) ॥ २१ ॥

भा०—जिसके जन्मलग्न में सिंह लग्न हो और सूर्य वहीं बैठा हो अथवा बृहस्पति मङ्गलके साथ सूर्य लग्नमें बैठा हो तो दिनों दिन उस मनुष्य का धन बढ़ता है। ॥ २१ ॥ सिंह लग्न ५

कर्कभे जन्मलग्ने तु सचन्द्रे यदि जन्मनि।
संयुते जीवभौमाभ्यां स सद्यो वित्तपो भवेत् ॥ २२ ॥

अन्वयः—यदि जन्मनि जन्मलग्ने कर्कभे सचन्द्रे तु जीवभौमाभ्यां संयुते (तदा) स सद्यः वित्तपः भवेत् ॥ २२ ॥

भा०—जिसके जन्मकाल में कर्कलग्न हो चन्द्रमा लग्न ही में बैठा हो और बृहस्पति मङ्गल के साथ हो तो वह मनुष्य अति शीघ्र धनाढ्य हो जाता है। ॥ २२ ॥ ४

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कुजक्षेत्रगते लग्ने सभौमे यस्य जन्मनि।
ज्ञशुक्रमन्दसंयुक्ते स धनेशसमो नरः ॥ २३ ॥

अन्वयः—यस्य जन्मनि कुजक्षेत्रगते लग्ने सभौमे, ज्ञशुक्रमन्द-संयुक्ते (तदा) स नरः धनेशसमः भवति ॥ २३ ॥

भा०—जिसके जन्मकाल में मेष अथवा वृश्चिक लग्न हो मङ्गल वहाँ ही बुध, शुक्र शनि के साथ २ बैठा हो तो वह मनुष्य कुबेर के समान धनवान् होता है ॥ २१ ॥ मेष तथा वृश्चिक लग्न. 1/8

अचललक्ष्मीयोगः—

गुरुभे गुरुसंयुक्ते जन्मलग्नगते सति।
चन्द्राङ्गारयुतो यस्य तस्य लक्ष्मीरचञ्चला ॥ २४ ॥

अन्वयः-यस्य गुरुभे गुरु संयुक्ते जन्मलग्नगते सति (तथा) चन्द्राङ्गारयुते (तदा) तस्य लक्ष्मीरचञ्चला (भवति) ॥ २४ ॥

भा०—जिसके जन्मकाल में धन अथवा मीन लग्न गत बृहस्पति जन्मलग्न में हो और चन्द्रमा, मङ्गल, भी वहाँ ही बैठे हों तो उस मनुष्य की लक्ष्मी अचला (चिरकाल रहने वाली) होती है ॥ २४ ॥ 9/12

कन्यामिथुनयोर्लग्ने सबुधे यस्य जन्मनि।
संयुते शुक्रमन्दाभ्यां दृष्टे वा धनिको भवेत् ॥ २५ ॥

अन्वयः—यस्य जन्मनि कन्या मिथुनयोः लग्ने सबुधे शुक्रमन्दाभ्यां संयुते वा दृष्टे (तदा) धनिको भवेत् ॥ २५ ॥

भा०—जिसके जन्मकाल में कन्या अथवा मिथुन लग्न हो बुध वहीं बैठा हो और शुक्र शनि से लग्न देखा जाता हो अथवा शुक्र शनि वहां बैठे हों तो मनुष्य धनवान् होता है ॥ २५ ॥ 6/3

शुक्रराशिगते लग्ने ससिते यदि जन्मनि।
चन्द्रजादित्यजाभ्यां तु युते दृष्टे धनाधिपः ॥ २६ ॥

अन्वयः—यदि जन्मनि ससिते शुक्रराशिगते लग्ने, तु चन्द्रजा-दित्यजाभ्यां युते दृष्टे (तदा) धनाधिपः ॥ २६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—जिसके जन्मकाल में शुक्रके साथ बुध अथवा तुलालग्न हो और वह लग्न बुध शनि से दृष्ट वा युक्त हो तो वह मनुष्य धनाढ्य होता है ॥२६॥

अथ दरिद्रयोगाः—

त्रिकोणपतिसम्बन्धी यो यो वित्तप्रदो ग्रहः ।
स षडष्टव्ययाधीशैर्युतो धनविनाशकः ॥ २७ ॥

अन्वय।--त्रिकोणपतिसम्बन्धी यो यो वित्तप्रदः ग्रहः स (यदि) षडष्टव्ययाधीशैर्युतः (तदा) धनविनाशकः स्यात्) ॥ २७ ॥

भा०—पञ्चमेश, नवमेश से सम्बन्ध करने वाले जो धन देने वाले ग्रह (केन्द्रेश) हैं वे यदि षष्ठेश, अष्टमेश और द्वादमेश के साथ २ हों तो धन नाश करने वाले हो जाते हैं ॥ २७ ॥

लग्नगे निधनाधीशे निधने लग्नपे यदि ।
मारकग्रहसंयुक्ते जातो भवति निर्धनः ॥ २८ ॥

अन्वयः--यदि मारकग्रहसंयुक्ते निधनाधीशे लग्नगे, (तथा) लग्नपे निधने (गते तदा) जातः निर्धनः भवति ॥ २८ ॥

भा०—यदि मारक ग्रहके साथ २ आठवें घर का स्वामी लग्नमें बैठा हो और लग्नेश आठवें घर में बैठा हो तो मनुष्य दरिद्र होता है ॥ २८ ॥

रिपुभावपतौ लग्ने लग्नेशे रिपुभावगे ।
मारकस्वामिना दृष्टे युते वा निर्द्धनो भवेत् ॥ २९ ॥

अन्वयः—रिपु भावपतौ लग्ने, लग्नेशे रिपुभावगे, मारक स्वामिना दृष्टे वा युते (तदा नरः) निर्धनो भवेत् ॥ २९ ॥

भा०—जिसके जन्म समयमें छठवें घरका स्वामी लग्नमें बैठा हो, लग्नेश छठें घर में बैठा हो और दोनों ग्रह अष्टमेश से युक्त अथवा देखे जाते हों तो वह मनुष्य दरिद्र हो जाता है ॥ २९ ॥

चन्द्रादित्यौ यदा लग्ने वाङ्गपे निधनालये ।
मारकेण युते दृष्टे नरो भवति निर्धनः ॥ ३० ॥

अन्वयः--यदा चन्द्रादित्यौ लग्ने वा अङ्गपे निधनालये (तथा) मारकेण युते दृष्टे (तदा) नरः निर्धनः भवति ॥ ३० ॥

भा०—यदि चन्द्रमा और सूर्य लग्नमें बैठे हों अथवा लग्नेश आठवें घरमें बैठा हो और मारकेश ग्रहोंसे युत दृष्टहो तो वह मनुष्य निर्धन (दरिद्र) हो जाताहै॥३०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ऋणीयोगः--

यदाङ्गनाथस्त्रिकभावनाथै-
र्युतेक्षितः पापयुतोऽथवा स्यात् ।
पुत्रेश्वरेणापि युते विलग्ने
शुभैरदृष्टे च भवेदृणी सः ॥ ३१ ॥

अन्वयः--यदाङ्गनाथ, त्रिकभावनाथैर्युतेक्षितः अथवा पापयुतः शुभैरदृष्टे च स्यात् [तदा] पुत्रेश्वरेणापि युते विलग्ने सः (नरः) ऋणी भवेत् ॥ ३१ ॥

भा०—यदि लग्नेश त्रिक (६, ८, १२) स्थान के स्वामी के साथ हो तथा त्रिकेशसे देखा जाता हो, अथवा पापग्रहों के साथ हो और उसको शुभ-ग्रह न देखते हों तो पञ्चमेश ... करके धन देने वाला भी लग्नेश हो तो वह मनुष्य ऋणी होता है ॥ ३१ ॥

अस्तारिनीचत्रिकभावगे वा
लग्नेश्वरे मारकनाथयुक्ते ।
भाग्याधिपै वाथशुभैरदृष्टे
भवेदृणीशो मनुजेश्वरोऽपि ॥ ३२ ॥

अन्वयः—(यदा) मारकनाथयुक्ते भाग्याधिपै अथवा शुभैरदृष्टे लग्नेश्वरे अस्तारिनीचत्रिकभावगे वा (तदा) मनुजेश्वरोऽपि ऋणीशो भवेत् ॥ ३२ ॥

भा०—यदि लग्नेश मारकेश ग्रहों के साथ हो और नवनमेश तथा शुभग्रहों से न देखा जाता हो ऐसा लग्नेश अस्त हो, शत्रु की राशि का हो, नीच राशि में अथवा त्रिक (६, ८, १२) स्थान में बैठा हो तो राजकुल में उत्पन्न हुआ भी मनुष्य बहुत बड़ा कर्जदार हो जाता है ॥ ३२ ॥

इति श्री भावकुतूहले-उत्साहवर्द्धिनी सान्वयभाषाटीकायां विविधयोग-कथननाम चतुर्दशोऽध्यायः ।

——:०:——

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पञ्चदशोऽध्यायः

अथ भावानां विचारः—

तत्रादौ तनुभावविचारः—

अष्टारिव्ययगो यस्य लग्नस्वामी खलैर्युतः ।
सुखं निहन्ति तस्याशु सर्वभावेष्वयं विधिः ॥ १ ॥

अन्वयः—यस्य लग्नस्वामी खलैर्युतः अष्टारिव्ययगः, तत्सुखं आशु निहन्ति, अयं विधिः सर्वभावेषु भवन्ति ॥ १ ॥

भा०—जिसके जन्मकाल में लग्नेश पापग्रहों के साथ आठवें, छठें अथवा बारहवें घर में बैठा हो तो उस मनुष्य का शरीर सुख शीघ्र नष्ट हो जाता है; इसी प्रकार सब भावों का फल विचार करना चाहिये ॥ १ ॥

लग्नपश्चन्द्रराशिशो नीचस्तु रिपुराशिगः ।
विना स्वर्क्षं त्रिकस्थश्चेद्बलहीनो ग्रहो भवेत् ॥ २ ॥

अन्वयः—(यदा) लग्नपः चन्द्रराशीशः ग्रहः नीचः रिपुराशिगः (तथा) विना स्वर्क्षं त्रिकस्थश्चेत् (तदा) बलहीनः भवेत् ॥ २ ॥

भा०—यदि लग्नेश और चन्द्रस्थित राशि का स्वामी नीच स्थान में बैठा हो, शत्रु की राशि में बैठा हो अथवा अपने घर बिना त्रिक (६, ८, १२) स्थान में बैठा हो तो वह ग्रह दूर्बल जाता है अर्थात् शुभाशुभ फल करने में असमर्थ हो जाता है ॥ २ ॥

दुष्टस्थानगते यस्य चन्द्रलग्नेश्वरे यदि ।
कार्श्यं गदभयं नित्यं वितनोति रिपूदयम् ॥ ३ ॥

अन्वयः—यस्य चन्द्रलग्नेश्वरे यदि दुष्टस्थान गते (तदा तस्य) नित्यं कार्श्यं गदभयं [तथा] रिपूदयं वितनोति ॥ ३ ॥

भा०—जिस मनुष्य के जन्म समय में चन्द्रराशि का स्वामी और लग्नेश यदि छठें, आठवें, बारहवें अपने नीच स्थान अथवा अस्त होकर बैठे हों तो वह मनुष्य सर्वदा रोग से पीड़ित रहता है और शत्रु समूहों को बढ़ाता है ॥ ३ ॥

निजोच्चे निजभे वर्गे स्वकीये लग्नपे यदि ।
दीर्घायुः सुखसंतुष्टो बली भोगी प्रजायते ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—यदि लग्नपे निजोच्चे, निजभे [तथा] स्वकीये वर्गे [तदा] दीर्घायुः, सुखसंतृप्तः, बली, भोगी प्रजायते ॥ ४ ॥

भा०—यदि लग्न का स्वामी अपने उच्च स्थान में, अपने घर में अथवा अपने षडवर्ग में बैठा हो तो वह मनुष्य बहुत काल तक जीनेवाला, सब सुखों से युक्त, बलवान् और सब भोगों को पर्याप्त भोगने वाला होता है ॥ ४ ॥

अथ धनभावविचारः— २

धनेशः शुक्रसंयुक्तोऽथवा शुक्रात्त्रिके भवेत् ।
सम्बन्धी लग्ननाथेन नेत्रयोः पीड़नं भवेत् ॥ ५ ॥

अन्वयः—धनेशः शुक्रसंयुक्तो अथवा शुक्रात्त्रिके [तथा] लग्ननाथेन सम्बन्धी भवेत् [तदा] नेत्रयोः पीड़नं भवेत् ॥ ५ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में दूसरे घरका स्वामी शुक्र के साथ हो अथवा शुक्र से त्रिक (६, ८, १२) स्थान में बैठा हो और लग्नेश से सम्बन्ध करता हो तो उसके आँखों में कष्ट होता है ॥ ५ ॥

चन्द्रादित्यौ धने स्यातां निशान्धो मनुजो भवेत् ।
अर्कलग्नपकोशेशाः सुखाधिपतिना युताः ॥ ६ ॥
मात्रादीनां प्रकुर्वन्ति मन्दतां नेत्रयोरपि ।
उच्चगो निजगेहस्थो ग्रहो नैवात्रदोषकृत् ॥ ७ ॥

अन्वयः—[यदि] धने चन्द्रादित्यौ स्यातां [तदा] मनुजः निशान्धः भवेत् [अथ च अर्कलग्नपकोशेशाः सुखाधिपतिना युताः [तदा] मात्रादीनामपि नेत्रयोः मन्दतां प्रकुर्वन्ति [यदोक्तः] ग्रहः उच्चगः, निजगृहस्थः [तदा] अत्र दोषकृत् नैव [भवति] ॥ ६-७ ॥

भा०—यदि दूसरे घर में चंद्रमा और सूर्य बैठे हों तो वह मनुष्य रात्र्यन्ध होता है, यदि सूर्य, लग्नेश और धनेश ये तीनों ग्रह चौथे घर के स्वामी के साथ बैठे हों तो उस मनुष्य के माता पितादिकों के नेत्र ज्योति कम कर देते हैं, यदि उक्त ग्रह उच्च स्थान तथा अपने घर में बैठे हों तो नेत्र ज्योति कम नहीं करते अर्थात् आजन्म नेत्रज्योति प्रकाशित रहती है ॥ ६-७ ॥

गुरुभाग्यभवनाधीशौ त्रिकस्थानगतौ यदा ।
मूकतां कुरुतोऽप्येवं पितृमातृगृहेश्वरः ॥ ८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ताभ्यां युतस्त्रिकस्थाने तेषां मूकत्वमादिशेत्।
बलाबलविवेकेन जातकज्ञैर्विशेषतः ॥ ९ ॥

अन्वयः—यदा गुरुवाग्भवनाधीशौ त्रिकस्थान गतौ (तदा) मूकतां कुरुतः, एवं पितृमातृगृहेश्वरः ताभ्यां (गुरुवाग्भवनाधीशाभ्यां) युतस्त्रिकस्थाने (गतस्तदा) तेषां मूकत्वं आदिशेत, जातकज्ञैः विशेषतः बलाबलविवेकेन (फलम्) आदिशेत् ॥ ८-९ ॥

भा०—यदि बृहस्पति और पाँचवें घर का स्वामी जन्मलग्न से त्रिक (६, ८, १२) स्थान में बैठा हो तो मनुष्य को गूँगा बनाते हैं, इसी तरह बृहस्पति से और पिता स्थान (दसवाँ घर) से पंचमेश त्रिक स्थानमें बैठे हों तो उसका पिता गूँगा होता है और बृहस्पति तथा मातागृह (चौथे घर) से पंचमेश यदि त्रिक स्थान में बैठे हों तो उसकी माता गूँगी होती है, इसी प्रकार पुत्र तथा स्त्री इत्यादिकों का विचार करना चाहिये जातक शास्त्र के जानने वालों को प्रायः ग्रहों के बल तथा निर्बल का विचार कर फल कहना चाहिये, अच्छा अथवा खराब फल करने वाले ग्रह बलवान् हों तो पूर्ण फल दुर्बल हों तो साधारण फल करते हैं ॥८-९॥

धनाधिपो माननवायभावे
बली यदा तिष्ठति जन्मकाले ।
रमा विहारालयवासिनी वा
निजोच्चमित्रालयगो जनानाम् ॥१०॥

अन्वयः—जन्मकाले बली धनाधिपः माननवायभावे यदि तिष्टति वा निजोच्चमित्रालयगः (तदा) जनानां विहारालयवासिनी रमा (भवति) ॥ १० ॥

भा०—जिसके जन्मकाल में बलवान् होकर दूसरे घर का स्वामी दसवें, नवें अथवा ग्यारहवें घर में बैठा हो अथवा अपने उच्च स्थान, मित्र गृह में बैठा हो तो उसके विहार करने वाले घर में श्रीलक्ष्मी निवास करती हैं अर्थात् वह मनुष्य अत्यन्त धनाढ्य होता है ॥ १० ॥

अथ तृतीयभावविचारः—

सहजे सहजाधीशे षडादित्रयगेऽपि वा ।
सहजेऽपि विशेषेण भ्रातुः सौख्यं न जायते ॥११॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—सहजाधीशे सहजे वा षडादित्रयगेऽपि (तदा) सहजेऽपि विशेषेण भ्रातुः सौख्यं न जायते ॥ ११ ॥

भा०—तीसरे घर का स्वामी तीसरे घर में अथवा छठें, सातवें, आठवें घर में बैठा हो तो भाइयों के रहते हुए भी उस मनुष्य को विशेष भ्रातृ सुख नहीं मिलता, अर्थात् विरोध रहा करता है ॥ ११ ॥

सहोत्थभावेशकुजौ सपापौ
पापालये वा भवतो जनस्य ।
उत्पाद्य सद्यो निहतः सहोत्था-
नितीरितं जातकतत्त्वविज्ञैः ॥१२॥

अन्वयः—(यस्य सहोत्थभावेशकुजौ सपापौ वा पापालये भवतः (तदा) जनस्य उत्पाद्य सहोत्थान् सद्यः निहतः इति जातकतत्त्वविज्ञैः इरितम् ॥ १२ ॥

भा०—जिसके जन्म समय में तीसरे घर का स्वामी और मंगल पाप ग्रहों के साथ हों अथवा पाप ग्रहों के राशि में बैठे हों तो उस मनुष्य के भ्राता पैदा ही होकर शीघ्र मर जाते हैं ऐसा जातक शास्त्रज्ञों ने कहा है ॥ १२ ॥

स्त्रीखेटः सहजाधीशः शुक्रो वाथ निशाकरः ।
तत्रगो भगिनीं दत्ते भ्रातरं पुरुषग्रहः ॥१३॥

अन्वयः—सहजाधीशः स्त्रीखेटः वा शुक्रः अथ निशाकरः तत्रगः (तदा) भगिनीं दत्ते (यदि) पुरुषग्रहः सहजाधीशः (तथा पुरुष ग्रह-स्तत्र गस्तदा) भ्रातरं दत्ते ॥ १३ ॥

भा०—यदि तीसरे घर का स्वामी स्त्री ग्रह हो अथवा शुक्र वा चन्द्रमा तीसरे घर में बैठा हो तो उस बालक को अधिक बहिनें देते हैं, अथवा यदि तीसरे घर का स्वामी पुरुष ग्रह हों और पुरुषग्रह तीसरे घर में बैठे हों तो विशेष भाई देते हैं ॥ १३ ॥

अथ चतुर्थभावविचारः— 4

सुखपतिः सुखगस्तनुनाथयुग्-
जनयति प्रवरालयशङ्गिनाम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्रिकगतो विपरीतमिहादिभिः
सुखजनुः पतिरेव तथा बुधैः ॥ १४ ॥

अन्वयः—(यदा) सुखपतिः तनुनाथयुक् सुखगः (तदा) अङ्गिनां प्रवरालयं जनयति, (यदा) त्रिकगतः (तदा विपरीतं तथा सुखजनुः पतिरेव-इहादिभिः बुधैः (कथिम्) ॥ १४ ॥

भा०—यदि चौथे घर का स्वामी लग्नेश के साथ २ चौथे घर में बैठा हो तो मनुष्यों को बहुत बड़े २ महल मिलते हैं, यदि उक्त दोनों ग्रह त्रिक (६, ८, १२) घर में बैठे हों तो उत्तम रमणीय पूर्वजों का बनवाया हुआ भी गृह बिक जाता है ऐसा चौथे और लग्न के स्वामी से प्राचीनाचार्यों ने फल कह रखा है ॥ १४ ॥

सुखाधीशे जीवे सुखनिवहचिन्ता भृगुसुते
विभूषायोषाङ्गप्रवरतुरगाणामपि बुधे ।
अगौ मन्दे नीचोद्भवसुखमतेरेव दिनपे
पितुश्चन्द्रे मातुः क्षितिनिकरचिन्ता क्षितिसुते ॥१५॥

अन्वयः—जीवे सुखाधीशे (तदा) सुखनिवहचिन्ता भृगुसुते बुधेपि (सुखाधीशे तदा) विभूषायोषाङ्गप्रवरतुरगाणां (चिन्ता) अगौ मन्दे (तदा) नीचोद्भवसुखमतेरेव दिनपे पितुः, चन्द्रे मातुः (तथा यदि) क्षितिसुते (सुखाधीशे तदा) क्षितिनिकर चिन्ता (भवति) ॥ १५ ॥

भा०—जिसके जन्मकाल में वृहस्पति चौथे घर का स्वामी हो तो वह मनुष्य अपने सुखके लिये विशेष चिन्ता करता है अर्थात् अत्यधिक सुख मिलने पर भी अधिक सुखके लिये चिंता करता है शुक्र और बुध चतुर्थेश हों तो भूषण, स्त्री घर इत्यादि सवारियों का सुख होता हुआ भी अधिक के लिये चिंता करता है। राहु अथवा शनि चतुर्थेश हों तो नीच मनुष्यों से विशेष सुख की चिता करता है सूर्य चतुर्थेश हो तो पिताके सुख का, चंद्रमा चतुर्थेश हो तो माता के सुख का और यदि मङ्गल चतुर्थेश हो तो विशेष भूमि लाभ होने की चिंता करता है ॥ १५ ॥

त्रिकोणे वाहनाधीशे केन्द्रे च बलसंयुते
निजोच्चादिपदे नूनं वाहनं नूतनं भवेत् ॥ १६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—(यदा) बलसंयुते (अर्थात्) निजोच्चादिपदे वाहनाधीशे त्रिकोणे, केन्द्र (गते तदा) नूतनं वाहनं नूनं भवेत् ॥ १६ ॥

भा०—यदि बलवान् अर्थात् अपने उच्च स्थान अपने गृह अथवा अपने षड्वर्गादि स्थानों में होकर चतुर्थ स्थान का स्वामी जन्मलग्न से पाँचवें, नवें अथवा केंद्र (१, ४, ७, १०) स्थान में बैठा हो तो उस मनुष्य को नये नये वाहनों का सुख अवश्य होता है ॥ १६ ॥

अथ पञ्चमभावविचारः— ५

लग्नाधीशे कुजक्षेत्रे पुत्रभावपतावरौ ।
म्रियते प्रथमापत्यं ततोऽपि न सुतोद्गमः ॥१७॥

अन्वयः—(यदा) लग्नाधीशे कुजक्षेत्रे (तथा) पुत्रभावपतौ अरौ (तदा) प्रथमापत्यं म्रियते ततोऽपि सुतोद्गमः न (भवेत्) ॥ १७ ॥

भा०—अब पञ्चमभाव विचार करते हुए कहते हैं—कि यदि तनु भाव का स्वामी मङ्गल के घर [१,८] में बैठा हो और पाँचवें घर का स्वामी छठें स्थान में बैठा हो तो उस मनुष्य को एक संतान होकर मर जाने के बाद फिर संतानोत्पत्ति नहीं होती है ॥ १७ ॥

षडादित्रयगे नीचे पुत्रेशे पापसंयुते ।
काकवन्ध्यापतिस्तत्र केतुचन्द्रसुतौ यदा ॥ १८ ॥

अन्वयः—(यदा) पापसंयुते पुत्रेशे षडादित्रयगे (वा) नीचे (गते तथा) तत्र केतुचन्द्रसुतौ (तदा) काकवन्ध्या पतिः (भवति) ॥ १८ ॥

भा०—जिसके जन्मसमय में पापग्रहों के साथ २ पांचवें घर का स्वामी छठें, आठवें बारहवें घर में बैठा हो अथवा पञ्चमेश नीचादि स्थान में बैठा हो और केतु, बुध पांचवें घर में बैठे हों तो वह मनुष्य काक वन्ध्या का पति होता है अर्थात् उसके स्त्री के गर्भ से सिर्फ एक ही संतान पैदा होती है ॥ १८ ॥

तदीशो नीचगो यत्र पुत्रभां न पश्यति ।
तत्रैव बुधमन्दौ वा काकवन्ध्यापतिर्भवेत् ॥ १९ ॥

अन्वयः—यत्र तदीशो नीचगः वा पुत्रभावं न पश्यति (तथा तत्रैव बुधमन्दौ (गतौ तदा) काकवन्ध्या पतिर्भवेत् ॥ १९ ॥

भा०—जिसके पांचवें घरका स्वामी अपने नीच स्थान में बैठा हो अथवा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कहीं भी बैठकर अपने (पांचवें) घर को पूर्ण दृष्टि से न देखता हो और पांचवें घर में बुध, शनैश्चर बैठे हों तो वह मनुष्य काकवन्ध्या का पति होता है ॥१९॥

धर्माधीशोऽङ्गगो नीचे शुतेशो यदि जन्मनि ।
केतुज्ञौ पञ्चमे स्यातां पुत्रं कष्टाद्विनिर्दिशेत् ॥ २० ॥

अन्वयः—जन्मनि यदि धर्माधीशोऽङ्गगः, सुतेशः नीचे (तथा) केतुज्ञौ पञ्चमे स्यातां तदा) कष्टात् पुत्रं विनिर्दिशेत् ॥ २० ॥

भा०—जन्मकाल में यदि नवमेश लग्न में बैठा हो, पञ्चमेश नीच स्थान में बैठा हो और केतु बुध पांचवें घरमें बैठे हों तो अत्यन्त कष्ट (अनुष्ठान दानादि) से पुत्र पैदा होता है ऐसा कहना चाहिये ॥ २० ॥

पञ्चमाधिपतिः केन्द्रे त्रिकोणे वा शुभैर्युतः ।
तदा पुत्रसुखं सद्यो विलोमेन विलम्बतः ॥ २१ ॥

अन्वयः- (यदा) शुभैर्युतः पञ्चमाधिपतिः केन्द्रे त्रिकोण वा (गः तदा सद्यः पुत्रसुखं, विलोमेन विलम्बत; (भवति) ॥ २१ ॥

भा०—यदि शुभ ग्रहो से युक्त पांचवें घरका स्वामी केन्द्र (१, ४, ७, १०) स्थान अथवा पांचवें, नवें घर में बैठा हों तो उस मनुष्यको शीघ्र पुत्र सुख होता है यदि पञ्चमेश त्रिक (६, ८, १२) स्थान में बैठा हो तो बिलम्बसे पुत्र-सुख होता है ॥ २१ ॥

सन्तानभवनाधीशो जन्मलग्नाधिपस्तथा ।
नरराशौ तदा पुत्रः स्त्रीराशौ कन्यका भवेत् ॥ २२ ॥

अन्वयः-(यदा) सन्तानभवनाधीशः, तथा जन्मलग्नाधिपः नरराशौ (गस्तथा विषम नवांशगः) तदा पुत्रः भवेत् यदा) स्त्री राशौ (गस्तदा) कन्याका भवेत् ॥ २२ ॥

भा०—यदि पांचवें घरका स्वामी और जन्मलग्न का स्वामी विषम राशि और विषम राशि के नवांश (१, ३, ५ इत्यादि) में बैठे हों तो उस मनुष्यको पुत्र पैदा होता है, यदि समराशि या समराशि के नवांश में उक्त दोनों ग्रह बैठे हों तो कन्या पैदा होती हैं ॥ २२ ॥ पञ्चमेश स्त्री ग्रह भए कन्या धेरै हुन्छ

वि. १३५७८, ९९, ९
स. २४६८, ९०, ९२.

अथ शत्रुभावविचारः— ६

रोगेशो लग्नगो यस्य निधनस्थोऽपि जन्मनि
व्रणोदयस्तु सर्वाङ्ग सपापो न व्रणं दिशेत् ॥ २३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—यस्य जन्मनि रोगेशः लग्नग निधनस्थोऽपि (वा तस्य) सर्वांगे व्रणोदयः, तु सपापः (तदा) न व्रणां दिशेत् ॥ २३ ॥

भा०--जिसके जन्मकाल में छठें घरका स्वामी लग्न अथवा आठवें घर में बैठा हो तो उस मनुष्यके सब अंगों में फुंसी फोड़े होते हैं, यदि षष्ठेश पाप ग्रहों के साथ हो तो व्रणादि नहीं होने देता है ॥ २३ ॥

एवं तातादिभावेशास्तत्तत्कारकसंयुताः
व्रणाधिपयुताश्चापि षडष्टद्वित्रयभावगाः ॥ २४ ॥
तेषामपि व्रणं वाच्यं जातकज्ञैः सुकोविदैः ।
कारकस्य दशाकाले व्रणमागन्तुकं दिशेत् ॥ २५ ॥

अन्वयः-एवं तातादि भवेशः तत्तत्कारकसंयुताः व्रणाधिपयुताश्चापि षडादित्रयभावगाः (तदा) तेषामपि व्रणं जातकज्ञैः सुकोविदैः वाच्यम्, कारकस्य दशाकले व्रणमागन्तुकं दिशेत् ॥ २४-२५ ॥

भा०--इसी प्रकार पिता, माता और भ्राता इत्यादि भावोंके स्वामी उक्त भावोंके कारकके साथ और उस उस भावोंसे षष्ठेशके साथ (तीनों ग्रह) छठें आठवें तथा बारहवें घरमें बैठें हों तो उन उन मनुष्यों को फुन्सी फोड़ा होता है ऐसा जातकशास्त्र के जाननेवाले विद्वानों से कहा गया है। कारक ग्रहकी दशा और षष्ठेशका अन्तर अथवा स्थानेश, कारकेश और षष्ठेशके दशान्तर्दशा में फुंसी फोड़े, विस्फोटकादि व्रण होते हैं। जैसे भ्राता के विचारमें तीसरे स्थान का स्वामी, तीसरे घरका कारक ग्रह (मंगल) और तीसरे घरसे छठवां (लग्न से आठवां) घरका स्वामी, ये तीनों ग्रह त्रिक स्थान में बैठे हों तो इन ग्रहोंके दशान्तर्दशा में भ्राता को व्रण विस्फोटकादि भय कहना चाहिये ॥ २४-२५ ॥

शिरोदेशे भानुर्मुखपरिसरे शीतगुरलं
धरासूनुः कण्ठे जनयति बुधो नाभिनिकटे ।
गुरुर्नासामध्ये पदनयनयोरेव भृगुजः
शनी राहुः केतुर्व्रणमुदरभागे जनिमताम् ॥ २६ ॥

अन्वयः-जनिमतां (पूर्वोक्तयोगकारकः) भानुः शिरोदेशे, शीतगुः मुखपरिसरे धरासूनुः कण्ठे, बुधः नाभिनिकटे, गुरु नासामध्ये, भृगुजः पदनयनयोः (तथा शनी राहुःकेतुः उदरभागे अलं व्रणं जनयति ॥ २६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०-जिस मनुष्य के जन्मकाल में षष्ठेश अथवा उक्त योग कारक ग्रह हों सूर्य तो शिर में चन्द्रमा मुख और गाल के ऊपर, मङ्गल कण्ठ में, बुध नाभि के पास में, बृहस्पति नाक के ऊपर, शुक्र पैर तथा नेत्रोंमें और शनि राहु केतु योग-कारक हों तो उदर में फुन्सी फोड़ा इत्यादि करते हैं ॥ २६ ॥

लग्नेशो यदि भौमभे बुधयुतो रोगं मुखे जन्मिनां
रोगाङ्गाधिपती यदा कुजबुधौ चन्द्रेण वा राहुणा ।
मन्देनापि युतौ प्रयच्छतं इति प्रायोऽङ्गगोरात्रिपो
युक्तो वा तमसा सितं च शनिना कुष्ठं तदा श्यामलम् ॥ २७ ॥

अन्वयः-यदि जन्मिनां बुधयुतः लग्नेशः भौमभे (तदा) मुखे रोगं, यदा रोगङ्गाधिपती: कुजबुधौ, चन्द्रेण राहुणा वा मन्देनापि युतौ (तदा कुष्ठादि) रोगं प्रयच्छतः प्रायः तमसा युक्तः रात्रिपः अगंगः तदा सितं कुष्टं (यदि) शनिना युक्तः अंगगः तदा श्यामल कुष्ठमिति (ददति) ॥ २७ ॥

भा०—यदि जन्मकाल में बुधके साथ २ लग्नेश मेष अथवा वृश्चिक राशि में बैठा हो तो मनुष्यों के मुखमें रोग होता है, यदि षष्ठेश तथा लग्नेश मंगल बुध हो और ये दोनों चन्द्रमा, राहु अथवा शनि के साथ २ हों तो कुष्ठादि रोग देते हैं, प्रायः राहु के साथ चन्द्रमा तनु भाव में बैठा हो तो श्वेत कुष्ठ करता है, शनि के साथ लग्नगदत हो तो श्याम (काला) रङ्ग का कुष्ठ करता है ॥ २७ ॥

अथ सप्तमभावविचारः—

विना स्वर्क्ष कलत्रेशस्त्रिकस्थानगतो यदि ।
रोगिणीं तरुणीं दत्ते तथा तुङ्गपदं विना ॥ २८ ॥

अन्वयः—यदि कलत्रेशः विनास्वर्क्षं तथा तुङ्गपदं विना त्रिकस्थानं गतः (तदा) रोगिणीं तरुणी दत्ते ॥ २८ ॥

भा०—अब सप्तम भावका फल कहते हैं--यदि सातवें घर का स्वामी अपने राशि अथवा उच्च नवांशादि को छोड़कर छठें, आठवें अथवा बारहवें घर में बैठा हो तो उस मनुष्य को रोगी स्त्री देता है ॥ २८ ॥

जायास्थानगते शुक्रे कामी भवति मानवः ।
पापभे पापसंयुक्ते कवौ नारीसुखोज्झितः ॥ २९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—(यदा) शुक्रे जायास्थानगते (तदा) मानवः कामी भवति, कवौ पापभे पापसंयुक्ते (तदा) नारी सुखोज्झितः भवति ॥ २९॥

भा०—यदि शुक्र सातवें घरमें बैठा हो तो मनुष्य कामी होता है, यदि शुक्र पापग्रहके राशिमें अथवा पापग्रह के साथ बैठा हो तो वह पुरुष स्त्रियों के सुखसे वञ्चित होता है ॥ २९ ॥

चतुर्थे महिलाधीशे लग्ने लग्नाधिपे यदा ।
कलत्रे वा कुटुम्बे वा व्यभिचारी नरो भवेत् ॥ ३० ॥

अन्वयः—यदा महिलाधीशे चतुर्थे, लग्नाधिपे लग्ने वा कलत्रे वा कुटुम्बे (गते तदा) नरः व्यभिचारी भवेत् ॥ ३० ॥

भा०—यदि सातवें घरका स्वामी चौथे घरमें बैठा हो और लग्नका स्वामी लग्न, सातवें अथवा दूसरे घर में बैठा हो तो वह मनुष्य व्यभिचारी (किसी भी कुलके स्त्रियों के साथ भोग करनेवाला) होता है ॥ ३० ॥

यावन्तो निधने खेटा निजस्वामिसमीक्षिताः ।
तावन्तोऽपि विवाहाः स्युः प्राणिनां कथिता बुधैः ॥ ३१ ॥

अन्वयः—निजस्वामी समीक्षिता यावन्तः खेटाः निधने (स्थिताः) तावन्तोऽपि विवाहाः प्राणिनां स्युः (इति) बुधैः कथिताः ॥ ३१ ॥

भा०—अष्टमेश से देखे जातेहुए जितने ग्रह आठवें घर में बैठे हों उतने ही संख्यक विवाह उस मनुष्य का होता है ऐसा पण्डितों ने कहा है ॥ ३१ ॥

जायाधीशे निजक्षेत्रे निजोच्चे कोणकंटके ।
शुभग्रहैर्युते दृष्टे विवाहः सत्वरं भवेत् ॥ ३२ ॥

अन्वयः—शुभग्रहैर्युते दृष्टे जायाधीशे निजक्षेत्रे (वा) निजोच्चे कोणकण्टके (तदा) सत्वरं विवाहः भवेत् ॥ ३२ ॥

भा०—शुभ ग्रहोंसे युक्त अथवा देखा जाता हुआ सातवें घर का स्वामी अपने राशि अथवा अपने उच्च स्थान का होकर कोण अथवा केन्द्र (५, ९, १, ४, ७, १०) स्थान में बैठा हो तो शीघ्र (बचपन ही में) उस पुरुष का विवाह हो जाता है ॥ ३२ ॥

अथ अष्टमभावविचारः—

अष्टमाधिपतिः पापैर्युतो लग्नेश्वरोऽपि चेत् ।
करोत्यल्पायुषं जातं शुभेक्षणविवर्जितः ॥ ३३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः--शुभेक्षणविवर्जितः पापैयुतः अष्टमाधिपतिः लग्नेश्वरोऽपि चेत् (तदा) जातं अल्पायुषं करोति ॥ ३३ ॥

भा०-शुभग्रहों की दृष्टि न हो और पाप ग्रहों से युक्त हों तो ऐसे अष्टमेश और लग्नेश मनुष्यों को अल्पायु करते हैं ॥ ३३ ॥

तमः शनिभ्यां निधनाधिनाथः
पापैर्युतो हीनबलोऽस्तगो वा।
अल्पायुषं जातकमेवसद्यः
करोति नैवोच्चनिजर्क्षगश्चेत् ॥ ३४ ॥

अन्वयः—चेत् निधनाधिनाथः नैवोच्चनिजर्क्षगः तमः शनिभ्यां युतः वा पापैर्युतः वा हीनबलोऽस्तगः (तदा) जातकं सद्यः एव अल्पायुषं करोति ॥ ३४ ॥

भा०--यदि आठवें घर का स्वामी अपने उच्च तथा अपने राशिका न होकर राहु और शनिके साथ हो अथवा किसी भी पापग्रह के साथ हो अथवा बल-हीन हो अस्त हो तो बालक को शीघ्र अल्पायु (बालमृत्यु) करता है ॥ ३४ ॥

अष्टमस्थे रवौ वह्नेश्चन्द्रे तु जलयोगतः।
करवालात्कुजे ज्ञेयं मरणं ज्वरतो बुधे ॥ ३५ ॥
गुरौ त्रिदोषतः शुक्रे क्षुधया तृषया शनौ
चरस्थिरद्विः स्वभावैः परदेशे गृहे पथि ॥ ३६ ॥

अन्वयः—रवौ अष्टमस्थे वन्हे, तु चन्द्रेजलयोगतः, कुजे करवालात्, बुधे ज्वरतः, गुरौ त्रिदोषतः, शुक्र क्षुधया, शनौ तृषया, मरणं ज्ञेयम्, (तथैव) चरस्थिरद्विस्वभावैः परदेशे, गृहे, (तथा) पथि मरणं ज्ञेयम् ॥ ३५-३६ ॥

भा०—मनुष्यों के जन्मकाल में सूर्य आठवें घर में बैठा हो अथवा अष्टमेश हो तो अग्नि से जल कर मृत्यु होती है, चन्द्रमा अष्टमेश हो तो जल में डूबकर मङ्गल हो तो तलवार इत्यादि शस्त्र से, बुध हो तो ज्वर से, बृहस्पति हो तो त्रिदोष (वात, पित्त, कफ) विकार से, शुक्र में अनशन वा मन्दाग्नि से, शनि में प्यास से मरण जानना चाहिये, उसी प्रकार आठवें घर में चरराशि और चरनवांश हो तो परदेश में, स्थिरराशि स्थिर नवांश हो तो अपने घर में, द्विःस्वभाव राशि द्विःस्वभाव नवांश हो तो रास्ते में मृत्यु कहनी चाहिये ॥३५-३६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

क्रेन्द्रे कोणेऽष्टमाधीशे तुङ्गादिपदगे तदा।
दीर्घायुरुदितं पुर्वैर्व्यत्यये हीनमङ्गिनाम् ॥ ३७॥

अन्वयः—(यदा) अष्टमाधीशे तुङ्गादिपदगे केन्द्रे कोणे (गते) तदा अङ्गिनां दीर्घायुः, व्यत्यये हीनं पूर्वैः-उदितम् ॥ ३७॥

भा०—यदि आठवें घरका स्वामी अपने घर अथवा उच्चादि शुभ स्थानमें होकर केन्द्र कोण के (१, ४, ७, १०, ५ ९) किसी घर में बैठा हो तो मनुष्यों को दीर्घायु और नीच, शत्रु घर इत्यादि निर्बल होकर केन्द्र कोण में बैठा हो तो अल्पायु पूर्वाचार्यों ने कहा है ॥ ३७॥

अथ नवमभावविचारः—

लग्नादिन्दोर्नवमभवनं भाग्यमार्यैः प्रदिष्टं
भाग्यं तस्मात्प्रथममुतः संविचिन्त्यं प्रयत्नात्।
युक्तं दृष्टं जननसमये स्वामिना सौम्यखेटै-
र्जन्तोर्भाग्यं प्रसरति विधोरेव शौक्ली कलेव ॥ ३८॥

अन्वयः—जननसमये लग्नादिन्दोर्नवमभवन भाग्यं आर्यैः प्रदिष्टं तस्मात्प्रथममसुतः प्रयत्नात् भाग्यं संविसिन्त्यम्, (यदा भाग्यस्थानः) स्वामिना सौम्यखेटैः (च) युक्तं दृष्टं (तदा) विधोरेव शौक्ली कलेव जन्तोः भाग्यं प्रसरति ॥ ३८॥

भा०—जन्म समय में लग्न और चन्द्रमा से नवम घर को भाग्य (प्रारब्ध; ऐश्वर्य) स्थान श्रेष्ठों ने कहा है, इसलिए सबसे पहले इस स्थान से यत्नपूर्वक (परिश्रम से) भाग्योदय का विचार करना चाहिये, यदि नवम घर अपने स्वामी और शुभ ग्रहों से युक्त दृष्ट हो तो चन्द्रमाके शुक्लपक्ष के काल की तरह मनुष्यों का भाग्य बढ़ता है ॥ ३८॥

सहोत्थपुत्राङ्गतो ग्रहश्चेद्-
भाग्यं प्रपश्येद्यदि वा सवीर्यः।
हिरण्यमाली खलु भाग्यशाली
प्रसूतिकाले यदि यस्य जन्तोः ॥ ३९॥

अन्वयः—यस्य प्रसूतिकाले यदि सहोत्थपुत्राङ्गगतः ग्रहः सवीर्यः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि वा भाग्यं प्रपश्येत् (तदा) जन्तोः हिरण्यमाली खलु भाग्यशाली भवेत् ॥३९॥

भा०—जिसके जन्मकाल में यदि तीसरे, पांचवें और लग्न में बैठे हुए ग्रह बलवान हों अथवा उक्त स्थान में बैठे हुए शुभ ग्रह नवम घर को पूर्णदृष्टि से देखते हों तो वह मनुष्य सुवर्ण की माला [आभूषण] पहनने वाला अत्यन्त भाग्यवान् होता है ॥३९॥

निजोच्चभे पुण्यगृहे नभोगो
बलीर्यदा तिष्ठति जन्मकाले ।
स पुण्यशाली नवरत्नमाली
धराधिपो राजकुलप्रसूतः ॥४०॥

अन्वयः—यदा जन्मकाले निजोच्चभे पुण्यगृहे बलीनभोगः तिष्ठति स पुण्यशाली, नवरत्नमाली (स्याद्यदि) राजकुलप्रसूतः (तदा) धराधिपः (स्यात्) ॥४०॥

भा०—जिसके जन्मकाल में अपने उच्च स्थानमें होकर नवम स्थानमें बैठा हुआ ग्रह बलवान हो तो वह मनुष्य अपने धर्म कर्म से युक्त रहकर नित्य नये नये रत्नों की माला पहनने वाला [अति धनाढ्य] होता है, यदि युक्त योग में राजकुमार पैदा हो तो अवश्य राज्यसिंहासन पर बैठते [राजा होते] हैं ॥४०॥

जीवज्ञशुक्रा नवमे बलिष्ठाः
सुतेशदृष्टा यदि जन्मकाले ।
स पुण्यकर्त्ता नृपतेरमात्यो
नृपालजातो नरपालवर्य्यः ॥४१॥ राजा

अन्वयः—यदि जन्मकाले बलिष्ठाः जीवज्ञशुक्राः नवमे (तदा) स पुण्यकर्त्ता नृपतेरमात्यः (यदि) नृपालजातः (तदा) नरपालवर्य्यः स्यात् ॥४१॥

भा०—यदि जन्मकाल में बलवान वृहस्पति, बुध और शुक्र नवें घर में बैठे हों तो वह मनुष्य तीर्थ, व्रत, धर्म करने वाला और राजा का मन्त्री होता है यदि उक्त योग में राज्यकुल में पैदा हो तो प्रतापी राजा होता है ॥४१॥

भाग्यभावाधिपो नीचे रविलुप्तकरे सति ।
अरिगेहगतो वापि भाग्यहीनो नरो भवेत् ॥४२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—भाग्यभावाधिपः नीचे वा रविलुप्तकरे सति अथवा अरिगेहगतोऽपि नरः भाग्यहीनः भवेत् ॥४२॥

भा०—भाग्यस्थान (नवम घर) का स्वामी नीच स्थान में हो, अस्त हो अथवा छठें घर में बैठा हो तो वह मनुष्य दरिद्र होता है ॥४२॥

अथ दशमभावविचारः—

कर्मभावाधिपो नीचे षडादित्रयगोऽपि चेत् ।
करोति कर्मवैकल्यं स्वोच्चस्वर्क्षपदं विना ॥४३॥

अन्वयः—स्वोच्चस्वर्क्षपदं विना कर्मभावाधिपः नीचे (तथा) षडादित्रयगोऽपि चेत् (तदा) कर्मवैकल्यं करोति ॥४३॥

भा०—यदि अपने उच्च तथा अपने घर को छोड़कर दशवें घर का स्वामी नीच राशि में बैठा हो अथवा छठें, आठवें, बारहवें घरमें बैठा हो तो कर्मभाव-जन्य सब फल नष्ट कर डालता है ॥४३॥

कर्माधिपे केन्द्रनवात्मजर्क्षे
बुधेज्यदृष्टे सबले नराणाम् ।
तुरङ्गमातङ्गनवाम्बराणि
भवन्ति नानाधनसंयुतानि ॥४४॥

अन्वयः—(यदा) बुधेज्यदृष्टे सबले कर्माधिपे केन्द्रनवात्मजर्क्षे (तदा) नराणां नानाधनसंयुतानि तुरंगमातंगनवाम्बराणि भवन्ति ॥४४॥

भा०—यदि बुध और बृहस्पति से देखा जाता हुआ दशमेश केन्द्र (१, ४, ७, १०) स्थान अथवा नवें, पांचवें घर में बैठा हो तो मनुष्यों को रत्नादि अनेकों धन होते हुए भी घोड़े, हाथी, गृह और नये-नये वस्त्रों का सुख यथेच्छ मिलता है ॥४४॥

कर्मपः केन्द्रकोणस्थो ज्योतिष्टोमादियज्ञकृत् ।
कूपायतनकर्त्ता च देवतातिथिपूजकः ॥४५॥

अन्वयः—(यदा) कर्मपः केन्द्रकोणस्थः (तदा नरः) ज्योतिष्टोमादि-यज्ञकृत्, कूपायतनकर्त्ता (तथा) देवतातिथिपूजकश्च (स्यात्) ॥४५॥

भा०—यदि दशमेश केन्द्र, कोण (१, ४, ७, १०, ५, ९) स्थान बैठा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हो तो मनुष्य ज्योतिष्टोम इत्यादि यज्ञ करने वाला, कूप, वावली, तालाबइत्यादि बनवाने वाला और देवता, अतिथि का पूजा सत्कार करनेवाला होता है॥४५॥

लग्नादिन्दोर्दशमभवने जन्मकाले नराणा-
मादित्याद्यैः क्रमत उदिता जीविका खेचरेन्द्रैः।
तातान्मातुर्निजरिपुकुलान्मित्रपक्षात्सहोत्थात्
पत्न्याः पुत्रादपि बुधवरैर्जातकज्ञैर्विशेषात् ॥४६॥

अन्वयः—जन्मकाले लग्नादिन्दोः दशमभवने आदित्याद्यैः खेचरेन्द्रैः (तदा) नराणां क्रमतः तातान्मातुर्निजरिपुकुलान्मित्रपक्षात्सहोत्थात् पत्न्याः पुत्रादपि जीविका विशेषात् जातकज्ञैः बुधवरैः उदिताः॥४६॥

भा०—जन्मकाल में लग्न और चन्द्रमा से दशवें घर में जो ग्रह बैठा हो दोनों से दसवें घरमें दो या दो से अधिक ग्रह बैठे हों तो उनमें जो सबसे अधिक बलवान् हो, यदि दोनों से दशम में एक भी ग्रह न हो तो उन दोनों से दशमेश में जो बलवान् हो उससे मनुष्यों की जीविका क्रम से अर्थात्-सूर्य दशवें घर में बैठा हो या दशमेश हो तो पिता से, चन्द्रमा हो तो माता या मातुल कुल से मंगल हो तो शत्रु कुल से, बुध हो तो मित्र सम्बन्ध से, बृहस्पति हो तो भ्रातृ-पक्ष से, शुक्र हो तो स्त्री से, और शनि दशवें घर में बैठा हो या दशमेश हो तो पुत्र से जीविका विशेषकर जातकशास्त्र के जाननेवाले पंडितों ने कहा है॥४६॥

रविशीतकरांगकर्मपानां शुद्ध जीविका
नरवृत्तिः कथिता लवेशवृत्त्या।
कनकोर्णतृणौषधैर्दिनेशे-
कृषिदाराम्बुसमाश्रयाच्च चन्द्रे ॥४७॥

अन्वयः—रविशीतकरांगकर्मपानां लवेशवृत्त्या नरवृत्तिः कथिता, दिनेशे कनकोर्णतृणौषधैः, चन्द्रे कृषिदाराम्बुसमाश्रयाच्च ॥४७॥

भा०—अब अन्य प्रकार से मनुष्यों की जीविका बताते हैं—सूर्य, चन्द्रमा, लग्नेश और दसवें घर के स्वामी इनमें जो बलवान हो वह जिस ग्रह के नवांश में हो उसके अनुकूल जीविका होती है। जैसे सूर्य जीविका दाता हो तो सोना, ऊन, तृणघासादि और औषध से लाभ करता है, चन्द्रमा खेती स्त्री सम्बन्ध, जल सम्बन्ध (पूल वगैरह के ठीकेदारी) से लाभ देता है॥४७॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ साहसवह्नि धातुशस्त्रैः
क्षितिजे काव्यकलापतो ज्ञे ।
लवणद्विजकाञ्चनेभदेवै-
र्मणिरौप्यचयैः क्रमाच्च गुर्वोः ॥४८॥

अन्वयः—अथ क्षितिजे साहसवन्हिधातुशस्त्रैः, ज्ञे काव्यकलापतः, गुर्वोः लवणद्विजकाञ्चनेभदेवैर्मणिरौप्यैः क्रमाच्च ॥४८॥

भा०—अब यदि मंगल जीविका दाता हो तो हर एक काम साहस करके, अग्नि सम्बन्ध (अग्न्याधान अथवा ईंटा वगैरः के ठीकेदारी) से, रसायन औषध इत्यादि से और शस्त्र (युद्ध) से, बुध हो तो साहित्य शास्त्र लिखने पढ़ने से और कला कौशलादि से, बृहस्पति हो तो लवण, दाँत के बनाने इत्यादि से, सोना हाथी के व्यापार से, देवता के सम्बन्ध से मणि जवाहरात चाँदी के व्यापार से लाभ (जीविका जन्य सुख) होता है ॥४८॥

रविजे श्रमभारनीचतः स्या-
दिह कर्मेशभवांशनाथवृत्तिः ।
हितवैरिनिजर्क्ष तुङ्गसंस्थै-
र्हितवैरिस्ववशाद्धनाप्तिरुच्चैः ॥४९॥

अन्वयः—रविजे श्रमभारनीचतः स्यात् इह कर्मेशभवांशनाथवृत्तिः हितवैरिनिजर्क्षतुङ्गसंस्थैः हितवैरिस्ववशात् धनाप्ति उच्चैः(उत्तम्)॥४९॥

भा०-यदि शनि जीविका दाता हो तो अति परिश्रम करने से, भार ढोने से, नीच कर्म (मजदूरी इत्यादि) से जीवन व्यतीत होता है, यहाँ पर दशमेश जिस नवांश में हो उसके जो स्वामी हों उस जीविका से जीवन व्यतीत होता है; वह ग्रह अपने मित्र की राशि में हो तो मित्र सम्बन्ध से, शत्रु की राशि में हो, तो वह शत्रु सम्बन्ध (शत्रु को जीतकर उसके जमीन जायदाद) से, और अपने घर का हो तो स्वार्जित धन से आजीविका श्रेष्ठ आचार्यों ने कह रखा है ॥४९॥

अथ लाभभावविचारः—

लाभेशो यदि केन्द्रस्थो लाभाधिक्यं प्रजायते ।
षडादित्रयमे नीचे लाभबाधा नृणां सदा ॥५०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—यदि लाभेशः केन्द्रस्थः (तदा) नृणां लाभाधिक्यं, यदि ये षडादित्रयगे (वा) नीचे (तदा) सदा लाभबाधा प्रजायते ॥५०॥

भा०—यदि ग्यारहवें घर का स्वामी केन्द्र (१,४,७,१०) स्थान में बैठा हो तो मनुष्यों को विशेष लाभ होता है, यदि लाभेश छठें, आठवें, ग्यारहवें अथवा अपने नीच स्थानों में बैठा हो तो कभी भी लाभ नहीं होता है ॥५०॥

आदित्येन युतेक्षिते नृपकुलाल्लाभालये चौरतो
लाभो नित्यमथेन्दुना गजजलप्रोद्भूतवामाजनैः ।
भूपुत्रेण विचित्रयानमणिभूस्वर्णप्रवालादिभि-
र्जन्तोश्चन्द्रसुतेन शिल्पलिखनव्यापारयोगैरलम् ॥५१॥

अन्वयः—(यदि) लाभालये आदित्येन युतेक्षिते (तदा) जन्तोः नृपकुलात् (वा) चौरतः नित्यलाभः अथ–इन्दुना युतेक्षिते गजजल-प्रोद्भूतवामाजनैः, भूपुत्रेण विचित्रयानमणिभूस्वर्णप्रवालादिभिः, चन्द्रसुतेन शिल्पलिखनव्यापारयोगैः–अलम् ॥५१॥

भा०—यदि लाभ स्थानो में सूर्य बैठा हो या पूर्ण दृष्टि से देखता हो तो मनुष्य को राज्यकुलसे अथवा चोर सम्बन्ध से सर्वदा लाभ होता है, यदि चंद्रमा से देखा जाता हुआ हो अथवा युक्त हो तो हाथी के व्यापार से और नौका, घाट, पुल इत्यादि के ठीकेदारी से अथवा स्त्रियों के संबंध से सदा लाभ होता है, यदि मंगल उक्त योगकारक हो तो तरह २ के सवारियों के व्यापार से, मणि सुवर्ण मूँगा इत्यादिके व्यापारसे लाभहोता है, बुध योगकारक हो तो (शिल्प कारीगरी) से लिखने पढ़ने से और व्यापार करने से सदा लाभ होता है ॥५१॥

जीवेनापि नरेशयज्ञगजभूज्ञानक्रियाभिः सिते-
नालं वारवधूगमागमगुणव्याख्यानमुक्ताफलैः ।
मन्देनापि गजव्रजव्यसनभू नीलेन्द्रलोहव्रजै-
रित्थंतत्र बहुग्रहैरभिहितो नानार्थलाभो बुधैः ॥५२॥

अन्वयः—जीवेनापि नरेशयज्ञगजभूज्ञानक्रियाभिः, सिते वारवधू-गमागमगुणव्याख्यानमुक्ताफलैः अलं, मन्देनापि गजव्रजव्यसनभूनीले-न्द्रलोहव्रजैः–इत्थं तत्र (लाभस्थाने) बहुग्रहैः (युतक्षितैस्तदा) नानार्थलाभः बुधैः–अभिहितः (कथितः) ॥५२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—यदि ग्यारहवें घरमें बृहस्पति बैठा हो या पूर्ण दृष्टि से देखता हो तो मनुष्योंको राजाके यज्ञादि करानेसे, हाथों के व्यापारसे जमींदारीसे और ज्ञान उपदेश करने से लाभ होता है। शुक्र उक्त योगकारक हो तो वेश्याओं के साथ भोगविलास करने से, अनेक प्रकार गुणों के व्याख्यान देने से और मोतियों के व्यापार करने से लाभ होता है। शनि उक्त योगकारक हो तो हाथियों के समूह व्यापार से खेल तमाशे से, गृहस्थी से, नीलमणि लोहा इत्यादि के व्यापार से लाभ होता है। इस प्रकार यदि लाभभवन में बहुत ग्रह बैठे हों या बहुत ग्रह देखते हों तो अनेक प्रकार से बहुत विशेष लाभ पण्डितों ने बताया है ।।५२।।

अथ व्ययभावविचारः-

शुभग्रहाः प्रयच्छन्ति व्ययस्था विपुलं धनम् ।
विपरीतं खला जन्तोर्जन्मकाले विशेषतः ।।५३।।

अन्वयः—(यदि) जन्मकाले शुभग्रहाः व्ययस्थाः (तदा) जन्तोः विपुलं धनं प्रयच्छन्ति (यदा) खलाः व्ययस्थाः (तदा) विशेषतः विपरीतं (नेष्टफलं प्रयच्छन्ति) ।।५३।।

भा०—जिसके जन्मकाल में शुभग्रह बारहवें घरमें बैठे हों तो उस मनुष्यको विशेष धन देते हैं, यदि पापग्रह बैठे हों तो विशेषकर अनिष्टफल (निर्धन बना) देते हैं ।।५३।।

क्षीणेन्दुरन्त्यगो यस्य रविणा सहितो यदि ।
तस्य वित्तं हरेद्राजा कुजेनापि युतेक्षितेः ।।५४।।

अन्वयः—यस्य रविणा सहितः यदि क्षीणेन्दुः अन्त्यगः तथा) कुजेन युतेक्षितेः अपिः (इन्दुस्तदा) तस्य वित्तं राजा हरेत् ।।५४।।

भा०—जिसके जन्मकालमें सूर्य के साथ २ यदि क्षीणचन्द्रमा बारहवें घरमें बैठा हो अथवा क्षीण चन्द्रमा मंगल से युत दृष्ट बारहवें घरमें बैठा हो तो उस मनुष्य का धन राजा छीन (लूट) लेता है।।५४।।

इति श्रीभावकुतूहले उत्साहवर्धिनी सान्वय भाषाटीकायां भावफलविचारः पंचदशोऽध्यायः ।। १५ ।।

—।०।—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

षोडशोऽध्यायः

अथ दशानयनप्रकारः—

सूर्यादिग्रहाणां विंशोत्तरीया दशा

रसा आशाः शैला वसुविधुमिता भूपतिमिता

नवेलाः शैलेला नगपरिमिता विंशतिमिताः।

रवाविन्दावारे तमसि च गुरौ भानुतनये

बुधे केतौ शुक्रे क्रमत उदिताः पाकशरदः ॥ १ ॥

अन्वयः--रवौ रसाः, इन्दौ आशा, आरे शैला, तमसि वसुविधु-मिताः, गुरौ भूपतिमिता, भानुतनये नवेलाः, बुधे शैलेलाः, केतौ नग-परिमिता, शुक्रे विंशतिमिताः (एवं क्रमतः पाकशरदः-उदिताः ॥ १ ॥

भा०—अब दशा विचारते हुए कहते हैं—कि सूर्यकी महादशा ६ वर्ष चन्द्रमाकी १० वर्ष, मंगल ७ वर्ष, राहु १८ वर्ष, बृहस्पति १६ वर्ष, शनि १९ वर्ष, बुध १७ वर्ष केतु ७ वर्ष, और शुक्र की महादशा २० वर्ष कही गयी है ॥ १ ॥

अथ विंशोत्तरमोहादशाज्ञानार्थं चक्रमिदम्--

सूर्य दशावर्ष ६	चन्द्रदशावर्ष १०	भौमदशावर्ष ७	राहुदशावर्ष १८	गुरुदशावर्ष १६
कृत्ति.उ.फ. उ.ष.	रो.हस्त श्र.	मृ. च. ध.	आर्द्रा.स्वा.श.	पुन.वि.पू.भा.
ग्रहा वर्ष	शनिदशावर्ष १९	बुधदशावर्ष १७	केतुदशावर्ष ७	शुक्रदशावर्ष २०
नक्षत्र	पुष्य अनु.उ.भा.	आश्ले.ज्ये रेवती	मघा. आश्वि. मूल	पू.षा.पू.फा. भर.

कृत्तिकादिस्त्रीरावृत्त्या दशा विंशोत्तरी मता।

अष्टोत्तरी न संग्राह्या मारकार्थं विचक्षणैः ॥ २ ॥

अन्वयः--कृत्तिकादिः त्रिरावृत्या विंशोत्तरी दशा मता, मारकार्थं अष्टोत्तरी दशा विचक्षणैः न संग्राह्याः ॥ २॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०-कृतिका से तीन आवृत्ति नक्षत्र गणना करने से सूर्य, चन्द्रमा, भौम इत्यादि ग्रह दशाविपति होते हैं, जैसे कृतिका नक्षत्र में जन्म हो तो सूर्य दशा रोहिणी में चन्द्रमा इत्यादि, पुनः (२ री आवृत्ति) उत्तराफाल्गुनी में जन्म हो तो सूर्य हस्त में चंद्रमा, चित्रा में भौम इत्यादि; पुन (३ री आ०) उत्तराषाढ़ में जन्म हो तो सूर्य दशा, श्रवण में चंद्रमा, धनिष्ठा में भौम, शतभिष में राहु पूर्वाभाद्रपद में बृहस्पति इत्यादि ॥ २ ॥

अथ दशाभुक्तभोग्यानयनम्—

गतर्क्ष नाडीनिहता दशाब्दै-
र्भभोगनाड्या विहृता फलं यत् ।
वर्षादिकं भुक्तमिह प्रवीणै-
र्भोग्यंदशाब्दान्तरितं निरुक्तम् ॥ ३ ॥

अन्वयः—गतर्क्षनाडी दशाब्दैः निहताः भभोगनाड्या विहृता वर्षादिकं यत फलं भुक्तं इह दशाब्दान्तरितं (तदा) भोग्यं प्रवीणैः निरुक्तम् ॥ ३ ॥

भा०—भयात् घटी-पल को पलात्मक बनाकर जिस ग्रह के दशा में जन्म हो उसके दशामान से गुणा कर भभोग घटी पलको पलात्मक (भाजक) बना कर उसमें भाग देवे जो लब्धि हो वह वर्ष, शेष को १२ से गुणा कर भाजक से भाग दे जो लब्धि हो वह मास, पुनः शेष को ३० से गुणा कर भाजक से भाग देवे जो लब्धि हो वह दिन, पुनः शेष को ६० से गुणा कर भाजक से भाग देवे जो जो लब्धि हो वह घटी, पुनः शेष को ६० से गुणा कर भाजक से भाग देवे जो लब्धि हो वह पल होता है, यह वर्ष, मास, दिन, घटी और पल भुक्त होते हैं, इसकी दशा मानमें घटा देवे तो भोग्य वर्ष मासादिक हो जाता है, ऐसा पण्डितोंने कहा है ॥ ३ ॥

दशा दशाहता कार्या विहृता परमायुषा ।
अन्तर्दशाक्रमादेवं विदशाप्यनुपाततः ॥ ४ ॥

अन्वयः--दशा दशाहता कार्या परमायुषा (१२०) विहृता क्रमात् अन्तर्दशा एवं अनुपाततः विदशाऽपि भवति ॥ ४ ॥

भा०—अब अन्तर्दशा बनाने का प्रकार कहते हैं—जिस ग्रह के दशा में अंतर निकालना हो उसके दशा वर्ष को अंतर निकालने वाले ग्रह के दशा सर्व-मान से गुणा कर १२० का भाग दे लब्धि वर्ष शेषको १२ से गुणा कर १२० का

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भाग दे लब्धि मास पुनः शेष को ३० से गुणा कर १२० से भाग दे लब्धि दिन पुनः शेष क्रिया करने से घटी पल होता है।

उदाहरण—

सूर्य की दशा में चन्द्रमा का अन्तर निकालना है अतः सूर्य दशावर्ष (६) को चन्द्र दशावर्ष (१०) से गुणा (६×१०=६०) किया, इसमें १२० का भाग दिया लब्धि ० वर्ष, शेष ६० को १२ से गुणा (६०×१२=७२०) किया, इसमें १२० का भाग दिया लब्धि ६ मास हुआ, शेष०, अतः सूर्य के दशा में चन्द्रमा का अन्तर वर्षादि० ।६।०, इस प्रकार सब ग्रहों का अन्तर निकलना चाहिये।

अब प्रत्यन्तर निकालने का क्रम बताते हैं जिस ग्रह के अन्तर में प्रत्यन्तर निकालना हो तो उसके अन्तर वर्षादिको प्रत्यन्तर निकालने वाले ग्रह के दशा से गुणा कर १२० का भाग दे जो लब्धि हो वह मास, शेष को ३० से गुणा कर भाजक से भाग दे जो लब्धि हो वह दिन, पुनः शेष को ६० से गुणाकर १२० का भाग दे जो लब्धि हो वह घटी, पुनः शेष को ६० से गुणाकर १२० का भाग दे जो लब्धि हो वह पल हो जाता है।

उदाहरण--

सूर्य की दशामें भौमका अन्तर ४ मास ६ दिन है, इसमें सूर्य का प्रत्यन्तर निकालना है अतः ४ मा० ६ दि० को सूर्यके दशावर्ष (६) से गुणा (४।६× ६=२५।६) किया इसमें १२० का भाग दिया तो० मास ६ दिन १८ घटी सूर्य का प्रत्यंतर हुआ, इसी प्रकार सब ग्रहों का प्रत्यंतर निकालना चाहिये; सूक्ष्म दशा और प्राण दशा भी निकालने का यही क्रम है॥ ४॥

अथ दशाफलानि।

तत्रादौ सूर्यस्य--

उद्वेगिता हृदि ततो परितो लताव-
द्दायादवाद उत वित्तवियोगयोगाः।
चिन्ता भयं नरपतेरपि पाककाले
रोगागमो भवति भानुदशाप्रवेशे॥ ५॥

अन्वयः--भानुदशा प्रवेशे पाककाले नरपतेरपि परितः लतावत् हृदि उद्वेगिताः ततः दायादवादः उत वित्तवियोगाः, चिन्ता भयं (तथा) रोगागमः भवति॥ ५॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—सूर्यकी दशा प्रवेश से दशा काल तक मनुष्य राजा भी हो तो उसको चारो तरफ से लता की तरह हृदय में उद्वेग होता है, परिवारों में कलह, धन का नाश और आगम, चिन्ता और भय अनेक प्रकार का रोग होता है ॥५॥

अथ चन्द्रदशाफलम्—

सदा पाके राकेशितुरधिकृतिर्भूपतिकृता
सतां सङ्गो रङ्गोत्सवकृतिप्रीतिरतुला ।
अलङ्कारागारोरिपुकुलमलङ्कारजसुखं
कलावत्यारत्यागम इभरथारामरमणम् ॥ ६ ॥

अन्वयः—राकेशितुः पाके सदा भूपतिकृता अधिकृतिः सतां सङ्ग रङ्गोत्सवकृतिप्रीतिरतुला, अलङ्कारागारः रिपुकुलमलंङ्कारजसुखं कलावत्यारत्या गमः (तथा) इभरथारामरमणम् ॥ ६ ॥

भा०—चन्द्रमाकी दशामें मनुष्य सर्वदा राजासे अधिकार पाता है। सज्जनोंका साथ होता है, नाच तमाशा और उत्सव इत्यादि कराता हुआ उसमें अत्यन्त प्रेम रखता है, अनेक रङ्गोंसे सुसज्जित महल मे निवास करता हुआ वस्त्र भूषणोंसे अलङ्कृत रहता है, शत्रुओं को दबाकर अत्यन्त प्रसन्न होता है, अति सुन्दरी षोड़शवार्षिका रमणी के साथ रमण करता है, और हाथी, रथ, उपवन (पुष्पवाटिकाओं) का सुख मिलता है ॥ ६ ॥

अथ भौमदशाफलम्—

अनलगरलभीतिः शस्त्रघातो नराणा-
मरिगणनृपचौरव्यालशङ्काकुलत्वम् ।
क्षितिसुतपरिपाके कामिनीपुत्रकष्टं
भवति वमनमाधिव्याधिरर्थक्षतिश्च ॥ ७ ॥

अन्वयः—क्षितिसुतपरिपाके नराणां अनलगरलभीतिः शस्त्रघातः अरिगणनृपचौरव्यालशङ्काकुलत्वं, कामितीपुत्रकष्टं, वमनं, [तथा] आधिः, व्याधिः, अर्थक्षतिश्च भवति ॥ ७ ॥

भा०—मङ्गलकी दशामें मनुष्योंको अग्नि और विषसे भय होता है, शास्त्रसे क्षति होती है, शत्रुगण सर्प और सर्पसे भय होता है, स्त्री और पुत्रको कष्ट होता है, वमन (उल्टी) होती है, ज्वारादिकष्ट और मानसिक सन्ताप विशेष होता है, और धनका नाश भी होता है ॥ ७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ राहुदशाफलम्

राकेशारातिपाके नृपकुलवशतो द्रव्यनाशो विनाशो
मानस्यातीवरोगागमनमपि नृणां तातकष्टं विशेषात् ।
कान्तापत्याकुलत्वं हितजनखलताऽरातिरायाति सद्म-
व्यामोहागारमन्तः परित उत ततस्तुङ्गताताङ्कता वा ॥८॥

अन्वयः—राकेशारातिपाके नृणां नृपकुलवशतः द्रव्यनाश, मानस्य विनाश, अतीवरोगागमनम् अपि विशेषात् तातकष्टं, कान्तापत्याकुलत्वं हितजनखलतोऽरातिः सद्म आयाति, उत परितः व्यामोहागारमन्तः, ततः तुङ्गताताङ्कता वा भवति) ॥ ८ ॥

भा०—राहुकी दशामें मनुष्योंको राजाकी कुदृष्टिसे धननाश और प्रतिष्ठा नाश होती है, रोग बहुत बढ़ता है, विशेष पिताको कष्ट होता है, स्त्री और सन्तानों से कष्ट मिलता है, अपने मित्रगणों करके प्रेरणा किये हुए शत्रु गृहपर आकर आक्रमण करते हैं, चारों तरफसे आपत्तियों को देखकर अन्तःकरण में घबड़ाहट होता है, और उच्च पदको पाकर नीचा देखना पड़ता है ॥८॥

अथ गुरुदशाफलम्

उर्वी गुर्वी समायात्यवनिपतिकुलान्नायकत्वं जनानां
कान्तादन्ताबलाग्रागम इह कमलालङ्कृता वासशीला ।
मैत्री सद्भिर्महद्भिर्गुरुजनगरिमा कालिमारातिकास्ये
हृद्या विद्यानवद्या भवति च वचसामीशितुः पाककाले ॥९॥

अन्वय—वचसामिशितुः पाककाले जनानां अवनिपति कुलात् गुर्वी-उर्वी (तथा) नायकत्वं समायाति, कान्तादन्ताबलाग्रागमः, इह कमला-लङ्कृता वासशाला, सद्भिः मैत्री, महद्भिर्गुरुजनगरिमा, आरातिकास्ये-कालिमा (तथा) हृद्या विद्यानवद्या च भवति ॥ ९ ॥

भा०—बृहस्पतिकी दशामें मनुष्योंको राजासे उत्तम भूमि और बहुत बड़ा पद सुशीला स्त्रीका सुख और सवारीके लिये हाथियोंका सुख और लक्ष्मीसे युक्त उत्तम घर निवास करने के लिये मिलता है, सज्जनोंकी मैत्री और बहुत बड़े-बड़े आदमियोंसे प्रतिष्ठा भी होती है, शत्रुओं को दबाकर उन सबोंके मुंह पर स्याही पोती जाती है और नित्य नूतन सुख देने वाली विद्या भी आ जाती है ॥ ९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ शनिदशाफलम्—

मिथ्यावादेन तापोऽरिजनकृतातङ्कता रङ्कता वा
कृत्या गुप्ता प्रतप्ता मतिरपि कुजनैरर्थनाशो जनानाम् ।
कान्तापत्यादिरोगो जनककनकगोवाजिदन्तावलानां
विच्छेदो मित्रभेदो दिनपसुतदशायामनर्थो विशेषात् ॥१०॥

अन्वयः—दिनपसुतदशायां जनानां मिथ्यावादेन तापः, अरिजनकृत आतङ्कता रङ्कता वा, गुप्ताकृत्यामतिरपि प्रतप्ता, कुजनैः अर्थनाशः, कान्तापत्यादिरोग, जनककनकगोवाजिदन्ता वलानां विच्छेदः मित्रभेदः (तथा) विशेषात् अनर्थः (स्यात्) ॥१०॥

भा०—शनिकी दशामें मनुष्यों को झूठा कलङ्कसे कष्ट होता है, शत्रुओं करके व्याकुल अथवा मुकदमेबाजी से दरिद्र हो जाता है उसके ऊपर कुप्रयोग होने से बुद्धि भी डांवाडोल हो जाती है, दुष्टजनोंके संसर्ग से धन नाशहो जाता है, स्त्री और सन्तान रोगी हो जाते हैं, अपना पालन करनेवाला (पिता इत्या०), सुवर्ण, गौ, घोड़े और हाथियों के झुण्ड ये सब नष्ट हो जाते हैं, मित्र गणोंसे वैमनस्य हो जाता है और बहुत बड़े-बड़े अनर्थ आ पहुँचते हैं ॥१०॥

अथ बुधदशाफलम्—

दिव्याहारविहारयानजनतापत्यार्थमानाम्बर-
श्रेणीग्रामनवालयेन्दुवदनालाभं विशेषादिह ।
सद्भिः सङ्गमनङ्गमङ्गमतुलं प्रोत्तुङ्गमतङ्गजं
सौख्यं सन्तनुते दशा सुतयशोवृद्धिं च सिद्धिं विदः ॥११॥

अन्वयः—विदः दशा दिव्याहारविहारयानजनतापत्यार्थमानाम्बर-श्रेणीग्रामनवालयेन्दुवदनालाभं विशेषादिह सद्भिः सङ्ग' अनङ्गमङ्गमतुलं, प्रोतुङ्गमातङ्गजं सौख्यं (तथा) सुतयशः वृद्धिं सिद्धिं च संतनुते ॥११॥

भा०—बुधकी दशा मनुष्यों को उत्तम भोजन, विहार, सवारी, सन्तान, धन, प्रतिष्ठा, वस्त्र, भूमि, नूतन गृह और चन्द्रवदनी कामिनी का सुख विशेष रूप से देती है। सज्जनों के साथ की वृद्धि, कामदेव की वृद्धि, ऊँचे २ हाथियों की सवारी के सुख की वृद्धि और सुत यश वृद्धि होती है और उक्त वस्तुओं की सिद्धि भी होती है ॥११॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

— अथ केतुदशाफलम् —

मनस्तापं तापं निजजनविवादं खलकृतं
सदाचन्द्रारातेरुदरभवरोगं वितनुते ।
दशापुंसामारादनुगतिमपायं निजमतेः
कृशत्वं वित्तानामवनिपतिकोपेन परितः ॥१२॥

अन्वयः—चन्द्रारातेः दशा पुंसां सदा मनस्तापं तापं, निजजनविवादं खलकृतं (तथा) उदरभवरोगं वितनुते आरात् अनुगतिं निजमतेः (धनं) अपायं (तथा) अवनिपतिकोपेन परितः वित्तानां कृशत्वं जातम् ॥ १२ ॥

भा०—केतु की दशा मनुष्यों को सर्वदा चित्त में विकार पैदा करती और ज्वरजन्य कष्ट देती है, स्वजनों में कलह अन्य दुष्ट मनुष्यों के झगड़ा लगाने से हो जाता है, पेट में दर्द होता है, शत्रुओं के विवाद से चारों तरफ उलटा सीधा आना जाना लगा रहता है, अपने ही बेवकूफी से अपना धन नाश होता है और चारों तरफ से आते हुए धन राजा के क्रोध से नष्ट होने लगते हैं ॥ १२ ॥

अथ शुक्रदशाफलम् —

तुल्यत्वं धरणीधवेन महता मित्राज्जयो जन्मिनाम्
मारोल्लासविकास एव कमलालावण्ययुक्तं गृहम् ।
दिव्यारामसुधामसामबहुला व्याख्यानगानध्वनिः
प्रज्ञासौख्यमतीव पाकसमये शाला विशाला कवेः ॥१३॥

अन्वय—कवेः पाकसमये जन्मिनां महता धरणीधवेन तुल्यत्वं, मित्राज्जयः मारोल्लासविकास एव, गृहं कमलालावण्ययुक्तं दिव्यारामसुधामसामबहुला व्याख्यानगानध्वनिः प्रज्ञा (तथा) शाला विशाला अतीव सौख्यं (स्यात् ॥ १३ ॥

भा०—शुक्र की दशा में मनुष्यों को बड़े-बड़े राजाओं के समान सुख मिलता है मित्र गणों से विशेष प्रतिष्ठा मिलती है, अनेक उत्सवादि और नवयुवती स्त्रियों का सुख मिलता है, घर में लक्ष्मी तुल्य सुख देने वाली स्त्री विराजती है, सुन्दर-सुन्दर बगीचे और महलें बनवाने लगते हैं और इनका सुख भी मिलता है, सुन्दर कथा और गाना बजाना में चित्त लगता है, सद्बुद्धि परिवार और गृह का अत्यन्त सुख मिलता है ॥ १३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ उच्चस्थग्रहदशाफलम्—

निजोच्चगामिनो यदा तदा यशोलता
नवाम्बरादिभूषणैः सुखं वराङ्गनागमः ।
उपेन्द्रतुल्यता मता गजेन्द्रवाजिराजिका
रथोवृषाश्च वैरिणः कृशा वशा दशा भवेत् ॥१४॥

अन्वयः—यदा निजोच्चंगामिनं, दशाभवेत्तदा (नराणां) यशोलता, नवाम्बराणि भूषणैः सुखं, वराङ्गनागमः उपेन्द्रतुल्यतामता गजेन्द्रवाजिराजिका रथ वृषाश्च (आगमः) वैरिणः वशा कृशा दशा भवेत् ॥१४॥

भा०—यदि उच्च स्थान में बैठे हुये ग्रह हों तो उनकी दशा में मनुष्यों का यशालता की तरह बहुत दूर तक फैलता है, नूतन वस्त्र और आभूषणों का सुख मिलता है। सुन्दर हाथी, घोड़े, रथ और गाय, बैल इत्यादि चतुष्पदों का आगम तथा उनके द्वारा अनेक सुख मिलता है। शत्रुगण पराजित हो वशीभूत होकर दुर्बल अवस्था को प्राप्त हो जाते हैं ॥ १४ ॥

अथ स्वक्षेत्रगतदशाफलम्—

दशा निजागारगतस्य यस्य
नवाम्बरागार विहारसौख्यम् ।
नवीनयोषा बहुभूमिभूषा
यशो विशेषादरिवर्गहानिः ॥१५॥

अन्वयः - यस्य (नरस्य) निजागारगतस्य (ग्रहस्य) दशा (भवेत्तस्य) नवाम्बरागारविहारसौख्यम् , नवीनयोषा बहुभूमिभूषा विशेषात् यशः (तथा) अरिवर्ग हानिः (भवेत्) ॥१५॥

भा०—जिस मनुष्य को अपने घर में बैठे हुए ग्रह की दशा आती है उस समय नूतन वस्त्र और अति रमणीय विहार करने योग्य गृह मिल जाता है, अति सुन्दरी प्रौढ़ा रमणीका सुख मिलता है, सुयश दूर तक फैलता है और शत्रु वर्गों का विशेष नुकसान होता है ॥ १५ ॥

अथ मित्रक्षेत्रगतदशाफलम्—

कलत्रपुत्रैरपि मित्रपत्रै-
रतीव सौख्यं हितराशिगस्य ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दशाविपाके वसनं नृपाला-
द्विशेषतो मानविवर्द्धनं स्यात् ॥१६॥

अन्वयः—हितराशिगस्य दशाविपाके कलत्रपुत्रैः मित्रपुत्रैरपि अतीव सौख्यं नृपालाद्विशेषतः वसनं (तथा) मानविवर्द्धनं स्यात् ॥१६॥

भा०--अपने मित्र के घर में बैठे हुए ग्रहों की दशा में मनुष्यों को अपने स्त्री-पुत्र का सुख, मित्र परिवार का सुख अधिकतर मिलता है। राजा से वस्त्रभूषण अधिक मिलते हैं और प्रतिष्ठा की विशेष वृद्धि होती है ॥१६॥

शत्रुराशिस्थग्रहदशाफलम्-

मनोजवेगो रिपुवर्गभीतिः
कृशत्वमर्थक्षतिराप्तिबाधा ।
दशा यदारातिगृहस्थितस्य
तदा नरस्य प्रकृतिश्चला स्यात् ॥१७॥

अन्वयः--अरातिगृहस्थितस्य यदा दशा तदा नरस्य मनोजवेगः रिपुवर्गभीतिः, कृशत्वम् अर्थक्षतिः आप्तिबाधा (तथा) प्रकृतिश्चला स्यात् ॥ १७ ॥

भा०--शत्रु गृह में बैठे हुए ग्रहों की दशा जब आती है तो मनुष्यों का चित्त डावाँडोल, शत्रुवर्गों से भय, शरीर दुर्बल, धन नष्ट, आमदनी में रुकावट और प्रकृति चलायमान हो जाने का भय हो जाता है ॥१७॥

षष्ठेशदशाफलम् —

रोगाधीशदशाऽबला जनकलिं रोगागमं जन्मिना-
माधिव्याधिमरिव्रजव्रणगणातङ्कं कलङ्कं खलात् ।
मानध्वंसमतिक्षयं कलयति ज्ञानार्थनाशं तथा
चित्तव्याकुलता च पापवशतो धातुक्षयं प्रायशः ॥१८॥

अन्वयः—अबलारोगाधीशदशा जन्मिनां जनकलिं, रोगागमं, आधि-व्याधिं, अरिव्रजव्रणगणातङ्कं, खलात्कलङ्कं मानध्वंसमतिक्षयं ज्ञानार्थनाशं तथा च चित्तव्याकुलता, प्रायशः पापवशतः धातुक्षयं कलयति ॥ १८ ॥

भा०--बलहीन षष्ठेश ग्रह की दशा मनुष्यों को आपस में कलह, रोग की वृद्धि, मानसी चिन्ता और आधिभौतिक कष्ट, शत्रुगणों से और फुंसी फोड़ा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्य कष्टों से आतङ्क, दुष्टजनों से अपवाद, बहुत बड़ा अपमान, बुद्धि और धन का नाश, चित्त में घबड़ाहट और अत्युन्त कामातुर करके धातु क्षीण कर देती है ॥१८॥

अथाष्टमेशदशाफलम्—

निधनभावपतेरवनीपते-
रतिभयं गदजालभयं दशा।
कलयति स्वजनस्य विनाशनं
निधनतामपि वा भविनामिह ॥१९॥

अन्वयः—निधन भावपतेः दशा भविनां अवनिपतेः अतिभयं, गद-जालभयं, स्वजनस्य विनाशनं, निधनतामपि वा इह कलयति ॥१९॥

भा०—अष्टमेश ग्रह की दशा मनुष्यों को राजासे अतिभय, अनेक रोगों से भय, आत्मीय गणों की मृत्यु और अपने को भी मृत्यु तुल्य कष्ट अथवा मृत्यु देती है ॥१९॥

अथ व्ययेशदशाफलम्—

वित्तक्षतिरवनीशादाधिव्याधिर्व्ययेशपरिपाके।
कष्टं मृत्युसमानं भवति कुयानं कुसंगसंयोगः ॥२०॥

अन्वयः—व्ययेश परिपाके अवनीशात् वित्तक्षतिः, आधिव्याधिः, मृत्युसमानं कष्टं, कुयानं (तथा) कुसङ्गसंयोगः भवति ॥२०॥

भा०—बारहवें घरके स्वामी की दशा में मनुष्यों का राजा से धन नष्ट, शरीर और चित्त को अति कष्ट, मृत्यु तुल्य कष्ट, खराब सवारी और दुष्ट जनों का साथ होता है ॥२०॥

अथ सप्तमेशदशाफलम्—

जायापतिपरिपाके रोगज्वाला हृदि स्थिता भवति।
रिपुजन जनिता बाधा वित्तविनाशो नरेशभीतिश्च ॥२१॥

अन्वयः—जायापतिपरिपाके रोगज्वाला हृदिस्थिता, रिपुजनजनिता बाधा, वित्तविनाशः, नरेशभीतिश्च भवति ॥२१॥

भा०—सातवे घर के स्वामी की दशा में रोग रूपी अग्निकी ज्वाला हृदय में दाह पहुँचाती है, शत्रुजनों से कष्ट, धन का नाश और राज्यकुल से बंधन इत्यादि का भय होता है ॥२१॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अस्तंगतग्रहदशाफलम्—

दशाधीशे वास्तंगतवति विरोधे बलवता
सदा रोगागारं हृदयकुहरे वाथ जठरे।
अरेराधिव्याधिव्यसनमुत मानक्षतिरथो
विरामो वित्तानामवनिपतिकोपेन भविनाम् ॥२२॥

अन्वयः—दशाधीशे अस्तं गतवति, तदा भविनां बलवता विरोधे वा सदा रोगागारं हृदयकुहरे वा जठरे, अथ अरेः आधि व्याधि व्यसनं उत मानक्षतिः, अथ अवनिपतिकोपेन वित्तानां विरामः (भवति) ॥२२॥

भा०—दशा का स्वामी अस्त हो तो उस समय में मनुष्यों को बलवान् शत्रु से मुकाबला करना पड़ता है, अथवा सर्वदा रोग अड्डा बना कर हृदय या उदर को सताता है और शत्रुओं के भय से मानसी चिन्ता तथा शरीर में कष्ट हुआ करता है, अपमान होता है और राजा के क्रोध से सम्पत्ति नाश हो जाती है ॥२२॥

चन्द्रबलानुसारेणग्रहदशाफलम्—

दशाप्रवेशे सबलः शशाङ्को
दशाफलं शस्तमतीवजन्तोः।
अतोऽन्यथा चेद्विपरीतमार्य्यै-
रुदीरितं चन्द्रबलानुमानात् ॥२३॥

अन्वयः—दशाप्रवेशे सबलः शशांकः (तदा) जन्तोः दशाफलं अतीव शस्तं, चेद्विपरीतं अतोऽन्यथा (इति) चन्द्रबलानुमानात् आर्य्यैः उदीरितम् ॥२३॥

भा०—दशा प्रवेशकाल में जन्म राशि में चन्द्रमा बलवान् हो तो मनुष्यों का दशाफल अत्यन्त शुभदायक होता है, यदि दशा प्रवेश काल में चन्द्रमा लग्न से चौथे, आठवें बारहवें और नीच इत्यादि स्थान में बैठा हो तो दशा फल नष्ट होता है ऐसा चन्द्र बल के अनुमान से ऋषियों ने फलादेश कहा है ॥ २३ ॥

बलानुकूलदशाफलम्—

बलवन्तो दशाधीशा दिशन्ति सकलं फलम्।
निर्बला नैव कुर्वन्ति मध्यं मध्यबला नृणाम् ॥२४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—दशाधीशाः बलवन्तः (तदा) नृणां सकलं फलं (दिशन्ति) निर्बला नैव दिशन्ति (तथा) मध्यबला मध्यं कुर्वन्ति ॥२४॥

भा०—दशा का स्वामी यदि बलवान् हो तो मनुष्यों को सब प्रकार शुभ फल देता है निर्बल हो तो शुभ फल नहीं देता, यदि मध्यम बली हो तो मध्यम फल करता है ॥ २४ ॥

संक्षेपतो भावाधीशानां फलानि—

लग्नेशस्य दशाफलं बहुधनं वित्तेशितुः पञ्चतां
कष्टं वेति सहोदरालयपतेः पापं फलं प्रायशः ।
तुर्यस्वामिन आलयं किल सुताधीशस्य विद्यासुखं
रोगागारपतेररातिजभयं जायापतेः शोकताम् ॥२५॥

अन्वयः—लग्नेशस्य दशा फलं बहुधनं वित्तेशितुः पञ्चतां कष्टवेति, सहोदरालयपतेः प्रायशः पापं फलम्, तुर्यस्वामिनः आलयं (सुख), सुताधीशस्य किल विद्यासुखं, रोगागारपतेः अरातिजभयं, जायापतेः शोकतां (जातम्) ।२५॥

भा०—अब संक्षेप से बारह भावों के स्वामियों का फल बताते हैं-लग्नेश[1] की दशा में मनुष्यों को विशेष धन मिलता है, द्वितीयेश[2] की दशा मृत्यु अथवा मृत्यु तुल्य कष्ट देती है, तृतीयेश[3] की दशा अत्यन्त अनिष्ट फल देती है, चतुर्थेश[4] की दशा में गृहादि सुख विशेष मिलता है, पञ्चमेश[5] की दशा में स्वच्छ बुद्धि होती है और विद्या सुख मिलता है, षष्ठेश[6] की दशा में शत्रुभय और रोगभय होता है और सप्तमेश[7] की दशा में शोक होता है ॥ २५ ॥

मृत्युं मृत्युपतेः करोति नियतं धर्मेशितुः सुक्रियां
वित्तं राज्यपतेर्नृपाश्रयमथ लाभं हि लाभेशितुः ।
रोगं द्रव्यविनाशनं च बहुधा कष्टं व्ययेशस्य वै
पूर्वैरङ्गभृतामुदीरितमिदं तन्वादि भावेशजम् ॥२६॥

अन्वयः—मृत्युपतेः नियतं मृत्युं करोति, धर्मेशितुः सुक्रियां, राज्यपतेः वित्तं नृपाश्रयं अथ लाभेशितु हि लाभं, व्ययेशस्य (दशायां) वै रोगं द्रव्यविनाशनं बहुधा कष्ट च-इदं तन्वादि भावेशजं अंगभृतां पूर्वैः-उदीरितम् ॥ २६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भा०—अष्टमेश की दशा मृत्यु अथवा मृत्यु तुल्य कष्ट देती है, नवमेश की दशा धर्मादि सुक्रिया कराती है, दशमेश की दशा राजा से सम्पत्ति अथवा राजा से आश्रय देती है, लाभेश की दशा में निश्चय लाभ होता है, व्ययेश की दशा में रोग, धन नाश और अनेक प्रकार का कष्ट होता है, इस प्रकार लग्नादि बारहों भावों के स्वामियों की दशा का फल मनुष्यों के लिये प्राचीन आचार्यों ने कह रखा है॥ २६॥

भावाधिपो बलयुतो निजगेहगामी
तुङ्गत्रिकोणशुभवर्गगतोपि पूर्णम्।
जन्तोः फलं किल करोति यदारिनीच-
स्थान स्थितोऽशुभफलं विबलो विशेषात् ॥२७॥

अन्वयः—यदा भावाधिपः बलयुतः, निजगेहगामी, तुंगत्रिकोणशुभ वर्गगतोपि जन्तोः किल पूर्ण फलं करोति, यदा अरि नीच स्थानस्थितः विबलः (तदा) विशेषात् अशुभफलं करोति॥ २७॥

भा०—जिस मनुष्य की कुण्डली में जिस भाव का स्वामी बलवान हो अपने घर में बैठा हो उच्च स्थान में बैठा हो जन्म लग्न से पाँचवें घर में बैठा हो, शुभ ग्रह की राशि अथवा नवांश में बैठा हो तो मनुष्यों को निश्चय कर अपने दशा में पूर्ण शुभफल देता है, यदि शत्रु के घर में बैठा हो, अपने नीच स्थान में बैठा हो अथवा बलहीन हो तो अपनी दशान्तर्दशा में विशेषकर अशुभ फल करता है॥ २७॥

इति भावकुतूहले उत्साहवर्द्धिनी साऩ्वयभाषाटीकायां दशा-
फलाध्यायः॥ १६॥

———

सप्तदशोऽध्यायः

अथ ग्रहाणां गर्वितादिभावाध्यायः—

कोणे तुङ्गगृहे गतो निगदितः खेटस्तदा गर्वितो
मित्रर्क्षे गुरुसंयुतोऽपि मुदितो मित्रेण युक्तेक्षितः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पुत्रस्थानगतोऽशुभौमरविजार्कैः संयुतो लज्जितः
पापारिग्रहवीक्षितो हि रविणा संक्षोभितः कीर्त्तितः ॥ १ ॥

अन्वयः – (यदा) खेटः कोणे तुंगगृहे गतस्तदा गर्वितः, मित्रर्क्षे गुरुसंयुतः अपि मित्रेण युक्तेक्षितः मुदितः, पुत्रस्थान गतः (वा) अगु-भौमरविजार्कैः संयुतः लज्जितः पापारिग्रहवीक्षितः (वा) रविणा वीक्षितः (तदा) संक्षोभित कीर्तितः ॥ १ ॥

भा०—अत्र ग्रहोंकी गर्वितादि अवस्था कहते हैं- जो ग्रह अपने मूल त्रिकोण अथवा उच्च स्थान में बैठा हो वह गर्वित/अपने मित्र के घर में बैठा हो अथवा बृहस्पति के साथ हो अथवा अपने मित्र ग्रह से युक्त वा देखा जाता हो तो मुदित/जन्मलग्न से पांचवें घरमें बैठा हो अथवा राहु, मङ्गल और शनि के साथ बैठा हो तो लज्जित/पापग्रह शत्रुग्रह अथवा सूर्य से देखा जाता हो तो क्षोभित कहा जाता है ॥ १ ॥

यो मन्दारियुतेक्षितोऽरिभगतः खेटः क्षुधापीडितो
यः पापारियुतेक्षितो न च शुभैर्दृष्टस्तृषार्तोऽम्बुभे ।
गर्वाढ्यो मुदितोऽथ लज्जित इति प्रक्षोभितः कीर्तितो
विद्भिः संक्षुभितस्तृषार्त इह षड्भावाः ग्रहाणाममी ॥२॥

अन्वयः—यः खेटः मन्दारियुतेक्षितः अरिभगतः क्षुधापीडितः, यः पापारियुतेक्षितः अम्वुभे गतः (तथा) न च शुभैर्दृष्टः तृषार्त्तः, अथ गर्वाढ्यः, मुदितः, लज्जितः प्रक्षोभितः, संक्षुधित, तृषार्त्तः इति ग्रहाणां अमी षड्भावाः विद्भि कीर्तितः ॥ २ ॥

भा०—जो ग्रह शनि अथवा अपने शत्रुग्रह से युत अथवा दृष्ट होकर अपने शत्रुके घरमें बैठा हो वह क्षुधा पीड़ित/जो पापग्रह अथवा अपने शत्रुग्रह से युत दृष्ट होकर चौथे घरमें बैठा हो और उसके ऊपर किसी भी शुभग्रह की दृष्टि न हो तो वह तृषार्त्त कहलाता है/ इस प्रकार गर्वित, मुदित, लज्जित, क्षोभित क्षुधित और तृषार्त्त ये ग्रहों के छः भाव विद्वानोंने कहा है ॥ २ ॥

गर्विताद्विभावफलम्—

क्षुधितः क्षोभितो वापि यत्र तिष्ठति तं बलात् ।
विनाशयति पुष्णाति मुदितो गर्वितो ग्रहः ॥ ३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वय—यत्र क्षुधितः क्षोभितः ग्रहः तं बलात् विनाशयति, मुदितः गर्वितः ग्रहः पुष्णाति ॥ ३ ॥

भा०—जिस भाव में क्षुभित अथवा क्षोभित अवस्थागत ग्रह बैठा हो उसको अवश्य नाश कर डालता है, मुदित तथा गर्वित अवस्था वाला ग्रह जिस भाव में बैठा हो उसकी वृद्धि करता है ॥ ३ ॥

कर्मभावगतो यस्य लज्जितस्तृषितोऽथवा।
क्षोभितः क्षुधितो वापि स दरिद्रो नरो भवेत् ॥ ४ ॥

अन्वयः – यस्य कर्मभावगतः लज्जितः अथवा तृषितः, क्षोभितः, क्षुधितः वापि (ग्रहः) स नरः दरिद्रः भवेत् ॥ ४ ॥

भा०—जिसके जन्म लग्नसे दशवें घरमें लज्जित, तृषित, क्षोभित अथवा क्षुधित अवस्थागत ग्रह बैठा हो तो वह मनुष्य दरिद्र होता है ॥ ४ ॥

लज्जितः पुत्रभावस्थः पुत्रनाशकरो मतः।
क्षोभितस्तृषितो यस्य सप्तमे स्त्री न जीवति ॥ ५ ॥

अन्वयः—यस्य पुत्रभावस्थः लज्जितः (ग्रहस्तस्य) पुत्रनाशकरोमतः, सप्तमे क्षोभितः (वा) तृषितः (ग्रहस्तस्य) स्त्री न जीवति ॥ ५ ॥

भा०—जिस मनुष्य के पांचवें घर में लज्जित ग्रह बैठा हो तो उसके पुत्रों को नाश कर डालता है जिसके सातवें घरमें क्षोभित अथवा तृषित अवस्था गत ग्रह बैठा हो तो उसके स्त्रीका नाश कर देता है ॥ ५ ॥

गर्वितदशाफलम्—

नवालयारामसुखं नृपत्वं कलापटुत्वं विदधाति पुंसाम्।
मदार्थलाभं व्यवहारवृद्धिं दशा विशेषादिह गर्वितस्य ॥ ६ ॥

अन्वयः—गर्वितस्य (ग्रहस्य) दशा पुंसां नवालयारामसुखं, नृपत्वं, कलापटुत्वं मदार्थलाभं (तथा) विशेषात् व्यवहारवृद्धिं इह विदधाति ॥ ६ ॥

भा०—गर्वित ग्रहकी दशा में मनुष्यों को नूतन घर का सुख, राजाके समान सुख अनेक कलाओंमें चतुरता, जबरदस्ती दूसरे के धनका लाभ और विशेषकर व्यापार से धन लाभ होता है ॥ ६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मुदितग्रहदशाफलम्—

भवति मुदितपाके वासशाला विशाला
विमलवसनभूषाभूमियोषासुसौख्यम् ।
स्वजनजनविलासो भूमिपागारवासो
रिपुनिवहविनाशो बुद्धिविद्याविकासः ॥ ७ ॥

अन्वयः—मुदित (ग्रह) पाके विशाला वासशाला, विमलवसनभूषाभूमियोषासुसौख्यम् स्वजनजनविलासः, भूमिपागारवासः, रिपुनिवहविनाशः (तथा बुद्धिविद्याविकासः भवति ॥ ७ ॥

भा०—मुदित ग्रहकी दशा में अत्यन्त रमणीय सुसज्जित गृह रहने के लिये मिलता है, सुन्दर वस्त्र, आभूषण, पृथ्वी और नवयुवतीका सुख यथेच्छ मिलता है, अपने परिवारों से तथा सेवकों से आनन्द तथा राजा के दरबार में स्थान मिलता है, शत्रुओंका नाश होता है और बुद्धि विद्याका आदर भी होता है ॥७॥

लज्जितग्रहदशाफलम्—

दिशति लज्जितखेटदशावशात्
रतिविराममतीवमतिक्षयम् ।
सुतगदागमनं गमनं वृथा
कलिकथाभिरुचिं न रुचिं शुभे ॥ ८ ॥

अन्वयः लज्जितखेटदशावशात् रतिविरामं अतीव मतिक्षयम्, सुतगदागमनं, वृथा गमनं कलिकथाऽभिरुचिं (तथा) शुभे रुचिं न दिशति ॥ ८ ॥

भा०—लज्जित ग्रहकी दशा स्त्रीसे वियोग, बुद्धिमें अत्यन्त भ्रम, पुत्रको कष्ट व्यर्थ भ्रमण, लड़ाई झगड़े में प्रेम और धर्मादिकार्यों में अरुचि कराती है ॥८॥

क्षोभितग्रहदशाफलम्—

संक्षोभितस्यापि दशा विशेषा-
द्दरिद्रजातं कुमतिं च कष्टम् ।
करोति वित्तक्षयमंघ्रिबाधां
धनाप्तिबाधामवनीशकोपात् ॥ ९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वयः—संक्षोभितस्यापि दशा विशेषात् दरिद्रजातं, कुमतिं, च कष्टम्, वित्तक्षयं, अंघ्रिबाधां (तथा) अवनीशकोपात् धनाप्तिबाधां करोति ॥ ९ ॥

भा०—क्षोभित ग्रह की दशा विशेषकर दरिद्रता, बुद्धिहीन, अनेक तरह कष्ट, धन नाश, पैरमें पीड़ा और राजाके क्रोधसे लाभमें बाधा कर देती है॥९॥

क्षुधितग्रहदशाफलम्—

क्षुधितखगदशायां शोकमोहादितापः
परिजनपरितापादाधिभीत्या कृशत्वम् ।
कलिरपि रिपुलोकैरर्थबाधा नराणा-
मखिलबलनिरोधो बुद्धिरोधो विशेषात् ॥ १० ॥

अन्वयः—क्षुधितखगदशायां नराणां शोकमोहादितापः, परिजन परितापादाधिभीत्या कृशत्वम्, रिपुलोकैरर्थबाधा कलिरपि, अखिलबल निरोधः विशेषात् बुद्धिरोधः (भवति) ॥ १० ॥

भा०—क्षुधित ग्रहकी दशामें मनुष्यों को शोक मोह इत्यादि, अनेक संताप परिवारोंके कलहसे शरीर में कष्ट तथा मानसिक कष्ट होता हुआ शरीर दुर्बल, शत्रुओंके वैमनस्यसे लाभमें रुकावट और प्रपंच, अत्यन्त बढ़ा हुआ दलका निरोध और विशेषकर बुद्धिमें भ्रम हो जाता है ॥१०॥

तृषितग्रहदशाफलम्—

तृषितखगदशायामंगिनामंगमध्ये
भवति गदविकारो दुष्टकार्याधिकारः ।
निजजनपरिवादादर्थहानिः कृशत्वं
खलकृतपरितापो मानहानिः सदैव ॥ ११ ॥

अन्वयः—तृषितखगदशायां अङ्गिनां अङ्गमध्ये गदविकारः, दुष्ट कार्याधिकारः निजजनपरिवादादर्थहानिः, कृशत्वं, खलकृतपरितापः (तथा) सदैव मानहानिः भवति ॥११॥

भा०—तृषित ग्रह की दशा में स्त्रीके शरीरमें रोगविकार, नीच कर्मों का अधिकार, अपने परिवारमें कलह होनेसे धन नाश, शरीर दुर्बल, नीच मनुष्यों के साथ विवाद होने से मानसिक कष्ट और दशापर्यन्त मान (इज्जत) नष्ट होता है ॥ ११ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ग्रन्थकर्तृप्रशंसा—

आसीच्छ्रीकरुणाकरो बुधवरो वेदाङ्गविद्याकर-
स्तत्सूनुः क्षितिपालवन्दितपदः श्रीशंभुनाथः कृती ।
विज्ञव्रातकृतादरो गणितविज्ज्योतिर्विदां प्रीतये
चक्रे भावकुतूहलं लघुतरं श्रीजीवनाथः सुधीः ॥१२॥

अन्वयः—(श्रीमिथिलाप्रान्ते) वेदाङ्गविद्याकरः बुधवरः श्रीकरुणाकरः आसीत्, तत्सूनुः क्षितिपालवन्दितपदः विज्ञव्रातकृतादरः गणितविद् श्रीशम्भुनाथः कृतोः आसीत्, तत्सूनुः श्रीजीवनाथः सुधीः ज्योतिर्विदां प्रीतये लघुतरं भावकुतूहलं चक्रे ॥१२॥

भा०—श्रीमिथिला देशमें वेद और वेदान्त के अद्वितीय विद्वान् श्रीकरुणाकर नामक एक पण्डित हुए उनके पुत्र राजाओं से पूजित विद्वानों में उच्च आसन पानेवाले गणितशास्त्र में बृहस्पति के समान श्रीशम्भुनाथ पण्डित हुए, उनके पुत्र (विद्वद्वर वन्दितपद) श्रीजीवनाथ शर्मा ज्योतिष शास्त्रज्ञों के प्रसन्नार्थ अत्यन्त (अर्थ गौरव) भावकुतूहल नामक ग्रन्थ की रचना किये ॥१२॥

इति श्रीमन्मैथिल शंभुनाथगणकात्मजजीवनाथविरचिते भावकुतूहले ग्रहाणां गर्विताादिदशाफलकथनं सप्तदशोऽध्यायः ॥१७॥

—०—

टीकाकर्तृवंशप्रशंसा—

योग्ये श्री बलियासुदेशनिकटे श्री केवराख्ये वरे
ग्रामे श्रेष्ठतरः श्रुतिस्मृतिलसत्कार्ये परं सम्मतः ।
श्रीमद्भागवतं पुराणविमलं यः सप्तकृत्वो बुधः
सप्ताहं व्यतनोद्विभुः सुकृतिधीः श्रीरामसंजीवनः ॥१॥
पुत्रस्तस्यैवजातः परमशुभमतिः धार्मिकः कृष्णतुल्यो
गोपालान्तः सुमिश्रः शिवपदसहितस्तस्य पुत्रोवरिष्ठः ।
विद्वान् रामावतारो रघुकुलतिलकस्यैव मूर्तिः पराक्रिम्
पुत्रस्तस्यैव जातो हरिपदकृपया ज्यौतिषाचार्य्यवर्य्यः ॥२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रामोत्साहो बुधो योग्यः त्रिस्कन्धे निपुणो परः।
भावे कुतूहलं कुर्वन् श्रीमद्भावकुतूहलम्॥ ३॥
व्याख्यां चकार भाषायां तस्य लोकसुखाय वै।
सोऽयं ग्रंथः परं श्रेष्ठः तनोतु बुधमानसे॥४॥

अन्वयः- योग्ये श्रीबलियासुदेशनिकटे श्रीकेवराख्ये वरे ग्रामे श्रेष्ठतरः श्रुतिस्मृतिलसत्कार्ये परं सम्मतः सुकृतिधी विभु यः श्रीरामसंजीवन (रामजीयावनं मिश्रः) बुधः श्रीमद्भागवतं पुराणविमलं सप्ताहं सप्तकृत्वा व्यतनोत्, तस्यैव पुत्रः परमशुभमतिः धार्मिकः कृष्णतुल्यः शिवपदसहितः गोपालन्तः सुमिश्र शिवगोपालमिश्र इत्यर्थः) जातः, तस्य पुत्रो वरिष्ठः विद्वान् रामावतारः सुमिश्रः रघुकुलतिलकस्यैवमूर्तिः पराक्रिम् (जातः) तस्यैव पुत्रः हरिपदकृपया ज्यौतिषाचार्यः योग्यः बुधः रामोत्साहः त्रिस्कन्धे (ज्यौतिषशास्त्रे) परं निपुणःभावे कुतूहलं कुर्वन् श्रीमद्भावकुतूहलं लोकसुखाय तस्य वै व्याख्यां चकार।१-२-३-४।

भा०—भूमण्डल में प्रसिद्ध मंडल (जिला) बलिया के समीप केवरा ग्राम विख्यात है जिसमें श्रौत स्मार्त कर्मों (कर्मकाण्डों) में अद्वितीय विद्वान् सत्कर्मनिष्ठ स्वपरिवारपालक पं० श्रीरामजीयावन मिश्र हुए जिन्होंने श्रीमद्भागवत पुराणपरायण सात बार सुनकर अनेकों यज्ञ किया, तिनके सुपुत्र अपने कुलकमल में सूर्यके समान प्रकाश करनेवाले शिव तथा कृष्ण तुल्य लोकोपकार (कल्याण) करनेवाले पं० श्रीशिवगोपाल मिश्र हुये, तिनके पुत्र परम धर्मिष्ठ सत्यसिन्धु, दयासागर (रघुकुल तिलक) श्रीरामचन्द्र के समान अपने कुल में धर्म प्रकाश करनेवाले पं० श्रीरामावतार मिश्र हुए, तिनके ज्येष्ठ पुत्र ज्योतिषाचार्य पं० श्रीरामोत्साहमिश्र भगवत् की असीम कृपासे तन्वादि बारहों भावों के फल कहनेमें अत्यन्त चमत्कार (आश्चर्य) रूप इत्यादि अनेक जातक लक्षणों से सम्पन्न 'भाव कुतूहल' नामक ग्रन्थ का अन्वय तथा सरल हिन्दी भाषा बनाया। इससे विद्वद्वृन्द तथा छात्रगणों का कुछ भी उपकार हुआ तो अपना सुपरिश्रम सफल समझकर अन्य ग्रन्थोंके कठिन स्थलको सरल करनेका साहस करूँगा॥१-२-३-४॥

* शुभम् *

समाप्तोऽयं ग्रन्थः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हमारे यहाँ से नीचे लिखो पुस्तकें अवश्य मँगाकर लाभ उठावें।

मानसागरी भा० टी०	२५-००
ताजिक नीलकंठी	१५-००
मुहूर्तचिन्तामणि	१०-००
वृहज्जातक	२०-००
भाव कुतूहल	१२-००
घनिष्ठा पंचक शांति भा० टी०	४-००
भर्तृहरि नीति शृङ्गार शतक	४-००
चाणक्य नीति दर्पण	४-००
हितोपदेश मित्र लाभ	४-००
किरात अर्जुनीयम् १-२ सर्ग	४-००
स्वप्न विज्ञान	१-५०
अनन्त व्रतकथा	१-००
पार्वण श्राद्ध पद्धति	१-००
रघुवंश महाकाव्य ६-७ सर्ग	६-००
दुर्गा सप्तशती भा० टी०	८-००
दुर्गा सप्तशती मूल बड़ा अक्षर	८-००
दुर्गा सप्तशती मूल ३२ पेजी गुटका	८-००
दुर्गा कवच मूल	५-००
काली कवच	०-१०
आदित्य हृदय स्तोत्र मूल	०-३०
शीतलाष्टक	०-३०
अन्नपूर्णा स्तोत्र	०-३०
विन्ध्यवासिनी पुष्पांजलि	१-५०
सत्यनारायण व्रत कथा ५ अध्यायी	१-००
सत्यनारायण व्रतकथा ७ अध्यायी	१-५०

हर प्रकार की पुस्तकों के मिलने का एक मात्र स्थान।—

ठाकुर प्रसाद एण्ड सन्स बुक्सेलर

राजादरवाजा, वाराणसी।

मुद्रित—विजय प्रेस, वाराणसी।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ज्यो [illegible] मल्ले
ज्यू [illegible] का
पुस्त [illegible] ाका
लागि [illegible] ।
श्री [illegible] ल्ल

ज्यो [illegible]
ज्यूको [illegible]
पुस्तक [illegible]
लागि प्रदान [illegible] छ।
श्रीमती [illegible] मल्ल

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

C B Bhandri

Pulachok

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पृष्ठ = १७०
पृष्ठ = २१८.

Krishna Bha. Shre

२ चन्द्रमा = उपवेशन
८ मंगल = आगम
[illegible] = निद्रा
लग्न = आगम.
९ बृहस्पति = भोजन.
० राहु = निद्रा.

33065 सा. राजेन्द्र

480962 वासुदेव

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu